|---|---|---|
| 9.3 | Medium of examination for recruitment to posts and service under the Central Govt.- Clarification while advertising vacancies | 125 |


## CHAPTER 10

**Creation of posts for the work relating to Official Language –Criteria for minimum number of posts, work standard , duties of officers, ratio of Hindi Typists/Stenographers**


| | | |
|---|---|---|
| 10.1 | Provision of posts for Official Language work while setting up new offices | 126 |
| 10.2 | Creation of minimum number of Hindi posts for implementation of Official Language Policy | 126 |
| 10.2.1 | Problem in recruitment to the post of Junior Hindi Translator in various Subordinate Offices. | 129 |
| 10.2.2 | Filling the vacant post of Junior Translator on alternative basis. | 129 |
| 10.2.3 | Regarding uniformity in the designation and pay scale of the cadre of Official Language | 130 |
| 10.2.4 | Uniformity in designation and pay scale of the posts of Official Language | 130 |
| 10.2.5 | Re-determining the criteria of minimum Hindi posts in respect of Autonomous bodies for compliance / implementation of the Official Language Policy of the Central Government. | 130 |
| 10.3 | Norms of translation work | 131 |
| 10.4 | Duties of Hindi translators | 132 |
| 10.5 | Duties of Hindi Officers and to entrust them only the prescribed work | 132 |
| 10.6 | Norms pertaining to the quantum of work of Hindi typist and comparers | 133 |
| 10.7 | Utilisation of service of Hindi typists and Hindi stenographers | 133 |
| 10.8 | Responsibility to do work of Hindi typing/stenography by the employees trained in Hindi typing/Hindi stenography | 133 |
| 10.9 | To introduce condition to the effect that the possession of the knowledge of a regional language would be a desirable qualification in the recruitment rules pertaining to the posts of Hindi Translators | 134 |
| 10.10 | Minimum qualification regarding language for Translators. | 134 |
| 10.11 | Facilities for Senior Hindi Officers/Hindi Officers | 134 |
| 10.12 | Ratio of Devanagari typewriters (ordinary, pin point, bulletin, portable and electric) Hindi typists and Hindi stenographers (as compared to the total number) | 136 |
| 10.13 | Arranging typists in Hindi Cells of Central Govt. Offices | 136 |
| 10.14 | Implementation of the Govt.'s decision taken on the recommendation made by the Committee of Parliament on Official Language in its Report (Part II)- Regarding | 136 |
| 10.14.1 | Implementation of the Govt.'s decision taken on the recommendation made by the Committee of Parliament on Official Language in its Report (Part II)- | 136 |

9.3 केंद्रीय सरकार की सेवाओं में या पदों पर भर्ती के लिए ली जाने वाली परीक्षाओं का माध्यम - 125

## अध्याय 10 -

## राजभाषा संबंधी कार्य के लिए पदों का सृजन, न्यूनतम पदों का मानदंड, कार्य के मानक, अधिकारियों के कार्य तथा हिंदी टंककों/आशुलिपिकों का अनुपात


| | | |
|---|---|---|
| 10.1 | नया कार्यालय खोलते समय राजभाषा कार्य संबंधी पदों का प्रावधान | 126 |
| 10.2 | राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए न्यूनतम हिंदी पदों का सृजन | 126 |
| 10.2.1 | विभिन्न अधीनस्थ कार्यालयों में कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के पद पर भर्ती में समस्या। | 129 |
| 10.2.2 | कनिष्ठ अनुवादक के रिक्त पद को वैकल्पिक आधार पर भरना | 129 |
| 10.2.3 | राजभाषा संवर्ग के पदनाम तथा वेतनमान समान करने के संबंध में | 130 |
| 10.2.4 | राजभाषा के पदों के पदनाम व वेतनमान में समानता | 130 |
| 10.2.5 | केंद्रीय सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन /कार्यान्वयन के लिए न्यूनतम हिंदी पदों के मानक स्वायत्त निकायों के संबंध में पुन: निर्धारित करना। | 130 |
| 10.3 | अनुवाद कार्य के मानक | 131 |
| 10.4 | हिंदी अनुवादकों के कर्तव्य | 132 |
| 10.5 | हिंदी अधिकारियों के कर्तव्य तथा उनसे निर्धारित कार्य ही लिया जाना | 132 |
| 10.6 | हिंदी टाइपिस्टों तथा मिलानकर्ताओं के कार्य की मात्रा के मानक | 133 |
| 10.7 | हिंदी टाइपिस्टों और हिंदी आशुलिपिकों की सेवाओं का प्रयोग | 133 |
| 10.8 | हिंदी टाइपिंग/आशुलिपि में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा हिंदी टाइपिंग/आशुलिपि में काम करने की जिम्मेदारी | 133 |
| 10.9 | हिंदी अनुवादकों के पदों के भर्ती नियमों में एक क्षेत्रीय भाषा के ज्ञान को वांछनीय अर्हता के रूप में रखना | 134 |
| 10.10 | अनुवादकों के लिए भाषा संबंधी न्यूनतम योग्यता | 134 |
| 10.11 | वरिष्ठ अधिकारियों/हिंदी अधिकारियों को सुविधाएं | 134 |
| 10.12 | देवनागरी टाइपराइटरों, (साधारण, पिनपाईट, बुलेटिन, पोर्टेबल तथा बिजली चलित) हिंदी टंककों और हिंदी आशुलिपिकों का अनुपात (कुल की तुलना में) | 136 |
| 10.13 | केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में हिंदी कक्षों के लिए टाइपिस्ट उपलब्ध कराना | 136 |
| 10.14 | संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट (भाग-2) में की गई सिफारिशों पर सरकार के निर्णय को क्रियान्वित करने के संबंध में | 136 |
| 10.14.1 | संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट (खण्ड-2) में की गई सिफ़ारिशों पर सरकार के निर्णय को क्रियान्वित करने के संबंध में | 136 |

| | | |
|---|---|---|
| 10.15 | Refixation of proportion of Devanagari typewriters/Hindi typists/Hindi stenographers and consolidation of orders issued so far in this regard | 137 |
| 10.16 | Presidential order on the recommendation of the Parliamentary Committee on Official Language regarding Hindi Training | 138 |
| 10.17 | Regarding granting Modified Assured Career Progression Scheme (MACPS) to the officers of Central Secretariat Official Language Service Cadre. | 139 |
| 10.17.1 | Providing financial benefits under the ACP/MACP scheme to the officers of the Central Secretariat Official Language Service Cadre | 140 |
| 10.18 | Regarding the relieving of the officers/employees of the Central Secretariat Official Language Service Cadre after their resignation. | 140 |
| 10.19 | With regard to providing uniformity in the designations and pay scales of various posts related to the Official Language outside the Central Secretariat Official Language Service Cadre. | 140 |
| 10.20 | With reference to the application for transfer deputation/direct recruitment of officers/personnel of Central Secretariat Official Language Service Cadre. | 141 |
| 10.21 | Opportunities for promotion on the posts of the OL cadre | 141 |
| 10.22 | The opportunities for promotion to the officers/employees working on Hindi posts in the subordinate offices/ undertakings under the control of various Ministries/Deptts. of Govt. of India-steps/measures regarding. | 141 |
| 10.23 | Forming cadre for the post relating to the Official Language in the Departments/Offices/ Organizations and Corporations—regarding. | 142 |
| 10.24 | Forwarding of applications of the personnel belonging to Central Secretariat Official Language Service for ex-cadre posts—instructions regarding. | 142 |
| 10.25 | Minimum Hindi Posts in Ministries/Departments/Offices. | 142 |
| 10.26 | Provision of Rajbhasha Cadre in Subordinate/Attached offices/Undertakings/ establishments for promotion. | 142 |


**CHAPTER 11**
**Magazines & Journals**


| | | |
|---|---|---|
| 11.1 | Publication of Government Magazines and Journals in Hindi. | 144 |
| 11.2 | Publication of Statistical pocket books bilingually (Diglot) | 144 |
| 11.3 | Use of standard alphabets and spellings in newspapers and magazines published in Hindi | 144 |
| 11.4 | Providing adequate staff for Journals in Hindi and other Indian Languages and granting them pay-scales similar to those admissible to staff engaged for Journals in English Department of Official Language | 145 |

| | | |
|---|---|---|
| 10.15 | देवनागरी टाइपराइटरों/हिंदी टाइपिस्टों/ हिंदी आशुलिपिकों के अनुपात का पुन: निर्धारण तथा इस संबंध में अब तक जारी आदेशों को समेकित करना | 137 |
| 10.16 | हिंदी में प्रशिक्षण के लिए संसदीय राजभाषा समिति की संस्तुति पर आदेश | 138 |
| 10.17 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों को मोडिफाइड एस्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम (एमएसीपीएस) देने के संबंध में। | 139 |
| 10.17.1 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों को ए.सी.पी./एमएसीपी स्कीम के तहत वित्तीय लाभ प्रदान करना। | 140 |
| 10.18 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा दिए गए त्यागपत्र के तहत उन्हें कार्यमुक्त किए जाने के संबंध में । | 140 |
| 10.19 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के बाहर के राजभाषा संबंधित विभिन्न पदों के पदनामों तथा वेतनमानों में एकरूपता प्रदान करने के संबध में। | 140 |
| 10.20 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कार्मिकों के स्थानांतरण प्रतिनियुक्त /सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र के संदर्भ में। | 141 |
| 10.21 | राजभाषा संबंधी पदों पर पदोन्नति के अवसर | 141 |
| 10.22 | भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालयों व उपक्रमों में हिंदी पदों पर कार्यरत कर्मचारियों/ अधिकारियों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास/उपाय करना। | 141 |
| 10.23 | विभागों/कार्यालयों/संगठनों तथा निगमों में राजभाषा संबंधी पदों का संवर्गीकरण करने के संबंध में। | 142 |
| 10.24 | केंद्रीय सचिवालय, राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों के सवंर्ग बाह्य पदों हेतु आवेदन पत्र अग्रेषित करने के संबंध में। | 142 |
| 10.25 | मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के न्यूनतम हिंदी पद | 142 |
| 10.26 | अधीनस्थ संबद्ध उपक्रमों/प्रतिष्ठानों में पदोन्नति के लिए राजभाषा संवर्ग की व्यवस्था। | 142 |

## अध्याय 11
## पत्र-पत्रिकाएँ

| | | |
|---|---|---|
| 11.1 | सरकारी पत्र-पत्रिकाओं का हिंदी में प्रकाशन | 144 |
| 11.2 | सांख्यिकीय जेबी पुस्तकों का द्विभाषिक (डिगलाट) रूप में प्रकाशन | 144 |
| 11.3 | हिंदी में प्रकाशित की जाने वाली पत्र-पत्रिकाओं में मानक वर्णमाला और वर्तनी का प्रयोग | 144 |
| 11.4 | हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं की पत्र-पत्रिकाओं के लिए समुचित स्टाफ उपलब्ध कराना और अंग्रेजी पत्रिकाओं के समान वेतनमान देना | 145 |

11.5 Materials for quarterly magazine and monthly bulletin published by the Department of Official Language 145

11.6 Making magazines and journals brought out in Hindi more useful and effective. 145

11.7 Scientific and Technical periodicals and magazines published in Hindi. 145

11.8 Suggestions for improving the quality and maintaining high standard of Official Language In-House magazines. 146

11.9 Honorarium for the articles published in Rajbhasha Bharti, the magazine of the Department of the Official Language. 146

11.10 Publication of In-House magazines in the form of e-magazine. 146

**CHAPTER 12**

**Purchase of literature. Hindi books relating to Official Language and price fixation of Hindi publications**

12.1 Arrangement for Hindi reference literature and books in libraries 148

12.2 Arrangement for the reference literature and dictionaries 148

12.2.1 Purchase of latest dictionaries 149

12.2.2 Purchase of Dictionaries, Glossaries and reference literature 149

12.3 Price Fixation of Hindi Publications 149

12.4 Purchase of Hindi hooks in the libraries of Central Govt . Offices. 150

12.5 Purchase of books in other Indian Languages along with Hindi books- Clarification Reg. 150

**CHAPTER 13**

**Hindi/Indian names of organizations/offices/posts, etc**

13.1 Naming of Government offices/organizations/institutions in Hindi in Indian form….. 151

13.1.1 Naming of Central Government owned companies in Hindi. 151

13.1.2 Naming of new Government buildings & their complexes. Government programmes and projects etc. in Hindi or in Indian Languages 151

13.2 Procedure of writing Hindi names of Central Government offices and designations of officers in Hindi 151

13.3 Registration of telegraphic addresses of Central Government offices in Hindi 152

**CHAPTER 14**

**Miscellaneous subjects-Hindi day/week, Hindi workshops**

14.1 Organizing Hindi day/week. 153

14.1.2 Organizing of Hindi fortnight 154

14.2 Organizing of Hindi workshops 154

| | | |
|---|---|---|
| 11.5 | राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका और मासिक बुलेटिन के लिए सामग्री | 145 |
| 11.6 | हिंदी में प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं को और अधिक उपयोगी और प्रभावशाली बनाना | 145 |
| 11.7 | हिंदी में प्रकाशित वैज्ञानिक और तकनीकी पत्र-पत्रिकाएँ | 145 |
| 11.8 | राजभाषा गृह पत्रिकाओं की गुणवत्ता में उच्च स्तर को बनाने के लिए सुझाव | 146 |
| 11.9 | राजभाषा विभाग की पत्रिका राजभाषा भारती में प्रकाशित लेखों के लिए मानदेय | 146 |
| 11.10 | गृह पत्रिकाओं का ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशन। | 146 |


**अध्याय 12**

**राजभाषा संबंधी साहित्य, हिंदी पुस्तकों की खरीद और हिंदी प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण**


| | | |
|---|---|---|
| 12.1 | पुस्तकालयों में हिंदी संदर्भ साहित्य और पुस्तकें उपलब्ध कराना | 148 |
| 12.2 | संदर्भ साहित्य और शब्दकोशों की व्यवस्था | 148 |
| 12.2.1 | शब्दकोशों की खरीद | 149 |
| 12.2.2 | शब्दकोश, शब्दावली, सहायक तथा संदर्भ साहित्य और अन्य हिंदी पुस्तकों की खरीद | 149 |
| 12.3 | हिंदी प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण | 149 |
| 12.4 | सरकारी कार्यालयों के पुस्तकालयों में हिंदी पुस्तकों की खरीद | 150 |
| 12.5 | सरकारी कार्यालयों के पुस्तकालयों में हिंदी पुस्तकों के साथ अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकें खरीदने के संबंध में स्पष्टीकरण | 150 |


**अध्याय 13**

**संगठनों/कार्यालयों/पदों आदि के हिंदी/भारतीय नाम**


| | | |
|---|---|---|
| 13.1 | सरकारी कार्यालयों/सगठनों/संस्थाओं का हिंदी में भारतीय रूप में नामकरण | 151 |
| 13.1.1 | केंद्रीय सरकार की कंपनियों का हिंदी में नामकरण | 151 |
| 13.1.2 | नए सरकारी भवनों, उनके परिसरों, सरकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं आदि का हिंदी या भारतीय भाषाओं में नामकरण | 151 |
| 13.2 | केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/अधिकारियों के हिंदी पदनाम लिखने और पद्धति | 151 |
| 13.3 | कार्यालयों के तार-पत्रों का हिंदी में पंजीयन | 152 |


**अध्याय 14**

**विविध विषय - हिंदी दिवस/सप्ताह**


| | | |
|---|---|---|
| 14.1 | हिंदी दिवस/सप्ताह का आयोजन | 153 |
| 14.1.2 | हिंदी पखवाड़ा का आयोजन | 154 |
| 14.2 | हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन | 154 |
| 14.2.1 | केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अधिकारियों तथा कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के | 156 |

| | | |
|---|---|---|
| 14.2.1 | Organisation of Hindi Language Workshops for capacity-building of officers and officials by CHTI – increase in the amount of remuneration per session. | 156 |
| 14.2.2 | Organizing Hindi workshops: Clarification regarding honorarium | 156 |
| 14.3 | Extension of facility of various training programmes to officer of the Central Secretariat Official Language Service | 156 |
| 14.4 | Working in Hindi by the officers who are deputed to the Central Govt. offices from region 'A | 157 |
| 14.5 | Assistance by member of Central Secretariat Official Language Service to other officers/officials in their work in Rajbhasha Hindi | 157 |
| 14.6 | Making the use of Official Language Hindi compulsory by Government of India in Social Media | 158 |
| 14.7 | Regarding complaints received in the grievance cell of the Department of Official Language. | 158 |
| 14.8 | Public Grievances Published in Newspaper Columns- Need to take prompt action | 159 |
| 14.9 | Violation of Official Language Rules | 159 |
| 14.10 | Regarding advertisement in newspapers | 159 |
| 14.11 | On-line demand and distribution of Official Language publicity material. | 160 |
| 14.12 | Entries in Annual Confidential Report of the officers of the Central Secretariat Official Language Service Cadre— regarding their knowledge of modern electronic equipment | 160 |
| 14.13 | Mention in the Annual Confidential Reports of officers/staff about the commendable work done by them in Hindi- clarification regarding | 161 |
| 14.14 | Prescribing requirement of possession of knowledge of Hindi during the period of probation-Implementation of the recommendation of the Committee of Parliament on Official Language. | 161 |
| 14.15 | Regarding giving Indian names to all the companies/bodies/undertakings etc. and thereafter to get them | 162 |
| 14.16 | Providing Hindi Prabodh, Praveen Pragya and also Hindi Typewriting and Stenography text books free of cost to the employees of PSUs/Banks/Autonomous Organisations/Corporations etc. owned or controlled by the Government of India. | 163 |

**Appendix**

| | | |
|---|---|---|
| Appendix 1 | Constitutional provisions regarding Official Language | 164 |
| Appendix II | Presidential Order. 1952. 1955 and 1960 | 169 |
| Appendix III | The Official Languages Act. 1963 as amended. 1967. | 177 |
| Appendix IV | The Official Language Resolution, 1968 | 181 |
| Appendix V | The Official Language (use for official purposes of the Union) Rule, 1976 (as amended in 1987). | 183 |

| | | |
|---|---|---|
| | लिए हिंदी भाषा कार्यशालाओं का आयोजन- प्रति सत्र पारिश्रमिक की राशि में वृद्धि। | |
| 14.2.2 | हिंदी कार्यशालाओं का आय़ोजन: मानदेय के संबंध में स्पष्टीकरण। | 156 |
| 14.3 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के अधिकारियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ दिलाना | 156 |
| 14.4 | "क" क्षेत्र से केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों द्वारा हिंदी में कार्य किया जाना | 157 |
| 14.5 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के सदस्यों द्वारा अपने कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने में सहयोग देना | 157 |
| 14.6 | भारत सरकार द्वारा सोशल मीडिया में प्रयोग में राजभाषा हिंदी का प्रयोग अनिवार्य किया जाना | 158 |
| 14.7 | राजभाषा विभाग के शिकायत कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में | 158 |
| 14.8 | समाचार पत्रों के कॉलम में प्रकाशित लोक शिकायत में शीघ्र कार्यवाही करने की आवश्यकता | 159 |
| 14.9 | राजभाषा नियमों का उल्लंघन | 159 |
| 14.10 | समाचार पत्रों में विज्ञापन दिए जाने के संबंध में | 159 |
| 14.11 | राजभाषा प्रचार सामग्री की ऑनलाइन मांग एवं वितरण | 160 |
| 14.12 | केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के एसी-आर में आधुनिक इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्ञान के संबंध में प्रविष्टि | 160 |
| 14.13 | अधिकारियों/कर्मचारियों को वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों में हिंदी में किए जाने वाले सराहनीय कार्य का उल्लेख करने के संबंध में स्पष्टीकरण। | 161 |
| 14.14 | परीवीक्षा अवधि के दौरान हिंदी का ज्ञान प्राप्त करने संबंधी जरूरत का निर्धारण-संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिश का कार्यान्वयन। | 161 |
| 14.15 | सभी कंपनियों/निकाय/ उपक्रमों आदि के भारतीय नाम रखना और पंजीकृत कराना | 162 |
| 14.16 | भारत सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके नियंत्रणाधीन सरकारी उपक्रमों/बैंकों/स्वायत्त संगठनों/निगमों आदि के कर्मचारियों को हिंदी प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ और हिंदी टंकण एवं आशुलिपि की पाठ्यपुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध कराना। | 163 |


**परिशिष्ट**


| | |
|---|---|
| परिशिष्ट 1 | राजभाषा संबंधी संवैधानिक उपबंध |
| परिशिष्ट II | हिंदी के प्रयोग के बारे में राष्ट्रपति के आदेश |
| परिशिष्ट III | राजभाषा अधिनियम, 1963 (यथासंशोधित, 1967) (1963 का अधिनियम संख्यांक) |
| परिशिष्ट IV | राजभाषा संकल्प, 1968 |
| परिशिष्ट V | राजभाषा नियम (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग), 1976 (यथा संशोधित, 1987) |

# CHAPTER 1
# CONSTITUTIONAL AND LEGAL PROVISIONS REGARDING THE OFFICIAL LANGUAGE

**GENERAL** - Hindi in Devanagri script is the Official Language of the Union. But English language, in addition to Hindi Language, may also be used for official purposes of the Union (Article 343 (i) of the Constitution and Section 3 of the Official Languages Act).

**1.1 Languages to be used in Parliament**

Subject to the provisions of article 348 of the Constitution, business in Parliament may be transacted in Hindi or in English, provided that the Chairman of the Council of States (Rajya Sabha) or the Speaker of the House of People (Lok Sabha) or the person acting as such, as the case may be, permits any member to address the House in his mother tongue.

**1.2** The purposes for which Hindi alone is to be used, the purposes for which both Hindi and English languages are to be used, the purposes for which English alone is to be used, have been specified in the Official Languages Act. 1963, the Official Language Rules 1976 and the directions issued under them from time to time by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs.

**1.3 Communication in State Govt. Offices, persons etc. other than to Central Govt. Offices.**

Communications from the Central Government offices located in Region A. and B to any office of a State or Union Territory in Region A or to any office (not being a Central Government Office) or person in such State or Union Territory should be sent in Hindi, save in exceptional circumstances and if any communication is issued to any of them in English, it should be accompanied by a Hindi translation thereof.

[Official Language Rules 3(1) & 3(4)]

**1.4** Communications from a Central Govt. office situated in Region A and Region B to an office of a State or Union Territory in Region 'B' or to any office (not being a Central Govt. office) in such State or Union Territory should ordinarily be sent in Hindi and, if any communication is issued to any of them in English, it should be accompanied by a Hindi translation thereof.

[Official Language Rules 3(2) & 3(4)]

**1.5** Communications from a Central Government Office in Region 'C' to an office of State or Union Territory of Region 'A' or Region 'B' or to any office (not being a Central Government Office) or any person in such State may be either Hindi or in English. Up to what proportion Hindi is to be used in such communications, is decided by the Deptt of Official Language every year in its Annual Programme.

[Rule 3(4)]

**1.6** Communications from a Central Government Office to a State or Union Territory in Region 'C' or to any office not being a Central Government Office or person in such State should be sent in English.

[Rule 3(3)]

**1.7 Communications between Central Government Offices**

Communications between one Ministry or Department of the Central Government and another may be in Hindi or in English.

[Rule 4(a)]

**1.8** Communications between the Central Government Offices situated in Region 'A', except for the Ministries or Departments of the Central Government, should be sent in Hindi.

[Rule 4(c)]

# अध्याय 1
# राजभाषा संबंधी संवैधानिक तथा विधिक उपबंध

**सामान्य -** संघ की राजभाषा देवनागरी लिपि में हिंदी है। परन्तु हिंदी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा का प्रयोग भी सरकारी कामकाज में किया जा सकता है। [संविधान अनुच्छेद 343 (1) तथा राजभाषा अधिनियम की धारा 3]

**1.1 संसद में प्रयुक्त होने वाली भाषा**

संविधान के अनुच्छेद 348 के उपबंधों के अधीन रहते हुए संसद में कार्य हिंदी में या अंग्रेजी में किया जा सकता है। परन्तु राज्य सभा का सभापति या लोकसभा का अध्यक्ष अथवा ऐसे रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति सदन के किसी सदस्य को अपनी मातृभाषा में सदन को संबोधित करने की अनुमति दे सकता है।

**1.2** किन प्रयोजनों के लिए केवल हिंदी का प्रयोग किया जाना है, किनके लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग आवश्यक है, किनके लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाना है और किन कार्यों के लिए हिंदी या अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग किया जा सकता है यह राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976 और उनके अन्तर्गत समय-समय पर राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय की ओर से जारी किए गए निदेशों द्वारा निर्धारित किया गया है।

**1.3 राज्य सरकारों, केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को छोड़कर दूसरे कार्यालयों या व्यक्तियों से पत्र व्यवहार**

केंद्रीय सरकार के क्षेत्र "क" क्षेत्र "ख" में स्थित कार्यालयों से क्षेत्र "क" में किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय को या ऐसे राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में केंद्रीय सरकार के कार्यालय को छोड़कर किसी अन्य कार्यालय या व्यक्ति को पत्र आदि असाधारण दशा को छोड़कर, हिंदी में भेजे जाएं। यदि उनमें से किसी को कोई पत्र आदि अंग्रेजी में भेजा जाता है तो उसके साथ उसका हिंदी अनुवाद भी भेजा जाए।

[राजभाषा नियम 3( 1) व 3(4)]

**1.4** केंद्रीय सरकार के क्षेत्र "क" क्षेत्र "ख" में स्थित कार्यालयों से क्षेत्र "ख" में किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय को या ऐसे राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालय को छोड़कर किसी अन्य कार्यालय या व्यक्ति को पत्र आदि को आम तौर पर हिंदी में भेजा जाए। यदि उनमें से किसी को पत्र आदि अंग्रेजी में भेजे जाते हैं तो उनके साथ उनका हिंदी अनुवाद भी भेजा जाए।

[राजभाषा नियम 3( 2) व 3(4)]

**1.5** क्षेत्र "ग" में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालय से क्षेत्र "क" या क्षेत्र "ख" में स्थित किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय को या केंद्रीय सरकार कार्यालय के क्षेत्र को छोड़कर ऐसे राज्य में स्थित किसी अन्य कार्यालय या व्यक्ति को पत्र आदि हिंदी या अंग्रेजी में भेजे जा सकते हैं। राजभाषा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित किया जाता है कि इस पत्र आदि में हिंदी का प्रयोग किस अनुपात से किया जाए।

[नियम 3(4)]

**1.6** केंद्रीय सरकार के किसी भी कार्यालय से क्षेत्र "ग" में किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र को या ऐसे राज्य में केंद्रीय सरकार के कार्यालय को छोड़कर किसी अन्य कार्यालय या व्यक्ति को पत्र आदि अंग्रेजी में भेजे जाएं।

[नियम 3(3)]

**1.7 केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच पत्र व्यवहार**

केंद्रीय सरकार के किसी एक मंत्रालय या विभाग और किसी दूसरे मंत्रालय या विभाग के बीच पत्र आदि हिंदी या अंग्रेजी में हो सकते हैं।

[नियम 4(क)]

**1.8** केंद्रीय सरकार के मंत्रालय या विभाग को छोड़कर क्षेत्र "क" में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच पत्र आदि हिंदी में भेजे जाएं।

[नियम 4(ग)]

**1.9** Communications between the attached and subordinate offices situated in Region 'A' and any Ministry or Department of the Central Government are to be in Hindi in such proportion as may be determined by the Department of Official Language in its Annual Programme.

[Rule 4(b)]

**1.10** Communications between the Central Government Offices situated in Region 'B' and Region 'C' and the Central Government Offices situated in Region 'A' may be in Hindi or in English. The proportion to which these communications are to be sent in Hindi is determined by the Department of O.L. in its Annual Programme.

[Rule 4 (d) and (e)]

**1.11** There is no need to send a translation in other language of a communication addressed to a Central Government Office situated in Region 'A' or Region 'B'. Its translation in other language shall be done at the receiving end.

[Proviso 1 to Rule 4]

**1.12** If a communication is sent to any office of the Central Govt situated in Region 'C' in Hindi and the Office in Region 'C' is notified under Rule 10 (4) of Official Language Rules, there is no need to send the English Translation of it. If a communication is sent to other Central Government Office situated in Region 'C', then its English translation is to be sent along with it.

[Proviso 2 to Rule 4]

**1.13 Replies to Communications received in Hindi**

Replies to communications received in Hindi, whether they are received from any region or from any State Government individual or from Central Government Office, should be sent in Hindi.

[Rule 5]

1.14 **Replies to applications, representations etc.**

An official may submit an application, appeal or representation in Hindi or in English. If any official makes his application, appeal or representation in Hindi or appends his signature on it in Hindi, it must be replied to in Hindi only.

[Rule 7]

1.15 **Orders or notices relating to service matters**

Where an employee desires any order or notice relating to service matters (including disciplinary proceedings) required to be served on him to be in Hindi or as the case may be, in English, it shall be given to him in that language without any undue delay.

[Rule 7(3)]

1.16 **Documents and manuals etc., which are to be bilingual**

The following documents are to be issued in both Hindi and English:-

(1) Resolutions, General Orders, Rules, Notifications, Administrative or other Reports or Press Communiqués.
(2) Administrative and other Reports and the Official Papers to be laid before a House or the Houses of the Parliament.
(3) Contracts and Agreements executed and Licences, Permits, Notices and Tender Forms issued.

[Section 3(3) of Act]

**1.17** (a) All manuals, codes and other Procedural Literature should be printed or cyclostyled or published in Hindi and in English in Diglot form.

(b) The forms and headings of registers used in any Central Government Office should be both in Hindi and English.

(c) All name plates, signboards, letterheads and inscriptions on envelopes and other stationary items should be written, printed or inscribed both in Hindi and English:

**1.9** केंद्रीय सरकार के किसी मंत्रालय या विभाग और क्षेत्र "क" में स्थित संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों के बीच पत्र आदि हिंदी में उस अनुपात से भेजे जाने है, जो राजभाषा विभाग प्रत्येक वर्ष वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित करता है।

[नियम 4 (ख)]

**1.10** क्षेत्र "ख" और क्षेत्र "ग" में स्थित कार्यालयों का आपस में और क्षेत्र "क" में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के साथ पत्र व्यवहार हिंदी या अंग्रेजी में हो सकता है। यह पत्र व्यवहार किस अनुपात में हिंदी में किया जाए, यह राजभाषा विभाग द्वारा हर वर्ष जारी किए गए वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित किया जाता है।

[नियम 4 (घ) व (ङ)]

**1.11** क्षेत्र "क" या क्षेत्र "ख" में स्थित किसी केंद्रीय सरकार के कार्यालय को संबोधित पत्र आदि का दूसरी भाषा में अनुवाद भेजने की आवश्यकता नहीं। इसका दूसरी भाषा में अनुवाद, पत्र आदि प्राप्त करने के स्थान पर किया जाएगा।

[नियम 4 का परन्तुक (1)]

**1.12** क्षेत्र "ग" में स्थित केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय को यदि कोई पत्र हिंदी में भेजा जाता है और "ग" क्षेत्र में स्थित वह कार्यालय राजभाषा नियम 10 (4) के अधीन अधिसूचित है तब उसे अंग्रेजी में अनुवाद भेजने की आवश्यकता नहीं। क्षेत्र "ग" में स्थित केंद्रीय सरकार के दूसरे कार्यालयों को यदि पत्र हिंदी में भेजा जाता है तो उसका अंग्रेजी भाषा में अनुवाद उसके साथ भेजा जाए

[नियम 4 परन्तुक 2]

**1.13 हिंदी में प्राप्त पत्रादि का उत्तर**

हिंदी में पत्र आदि का उत्तर केंद्रीय सरकार के कार्यालय से हिंदी में दिया जाए , चाहे वे किसी भी क्षेत्र से प्राप्त हों और किसी भी राज्य सरकार, व्यक्ति या केंद्रीय सरकार के कार्यालय से प्राप्त हों।

[नियम 5]

**1.14 आवेदन, अभ्यावेदन आदि का उत्तर**

कोई कर्मचारी आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी या अंग्रेजी में कर सकता है। यदि कोई कर्मचारी अपना आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी में करता है या उस पर हिंदी में हस्ताक्षर करता है तो उसका उत्तर हिंदी में दिया जाए।

[नियम 7]

**1.15 सेवा संबंधी आदेश या सूचना**

यदि कोई कर्मचारी यह चाहता है कि सेवा संबंधी विषयों (जिनके अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही भी हैं) से संबंधित कोई आदेश या सूचना, जिसको कर्मचारी पर तामील किया जाना अपेक्षित है, हिंदी या अंग्रेजी में होना चाहिए तो वह उसे अविलम्ब उसी भाषा में दिया जाए।

[नियम 7 (3)]

**1.16 दस्तावेज मैनुअल आदि जो द्विभाषी होने चाहिए**

निम्नलिखित दस्तावेज आदि हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए जाएं :-

(1) संकल्प, साधारण आदेश, नियम, अधिसूचनाएं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन या प्रेस विज्ञप्ति।

(2) संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे गए प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदन और राजकीय कागज पत्र।

(3) संविदाओं और करारों का निष्पादन लाइसेंस, परमिट और टेंडर के लिए नोटिस और प्ररूप।

[अधिनियम धारा 3 (3)]

**1.17** (क) सभी मैनुअल संहिता और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में मुद्रित या साइक्लोस्टाइल या प्रकाशित किया जाए।

(ख) केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले रजिस्टरों के प्ररूप और शीर्षक हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में हो।

(ग) केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग के लिए सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट, पत्र शीर्ष और लिफाफों पर उत्कीर्ण लेख तथा लेखन सामग्री की अन्य मदें हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में लिखी, मुद्रित या उत्कीर्ण की जाएं।

Provided that the Central Government may, if considered necessary to do so, by a general or special order exempt any Central Government Office from all or any of the provisions of this rule.

[Rule 11]

Any proposal for exemptions under this rule may be sent to the Department of Official Language with full justifications.

**1.18 (a) Working knowledge**

An Employee shall be deemed to have acquired working knowledge of Hindi, if he has passed:-

(1) The matriculation or an equivalent or higher examination with Hindi as one of the subjects: or
(2) The *Pragya* examination conducted under the Hindi Teaching Scheme of the Central Govt. or when so specified by that Govt. in respect of any particular category of posts, any lower examination under that scheme: or
(3) Any other Examination specified in that behalf by the Central Govt; or
(4) If he declares himself to have acquired such knowledge in the form annexed to these rules.

[Rule 10]

**1.18 (b) Proficiency**

An employee shall be deemed to possess proficiency in Hindi, if he has passed:—

(1) The Matriculation or any equivalent or higher examination with Hindi as the medium of examination: or
(2) He has taken Hindi as an elective subject in the degree or any other examination equivalent to or higher than the degree examination: or
(3) He declares himself to have acquired proficiency in Hindi in the form annexed to these rules.

[Rule 9]

**1.18(c) Noting etc. in offices**

The Central Government may, by an order, specify such Central Government Offices, wherein eighty percent of the staff have acquired working knowledge of Hindi and which have been notified under the Official Language Rule 10(4), where Hindi alone shall be used for noting, drafting and for such other official purposes, as may be specified in the order, by employees who possess proficiency in Hindi.

[Rules 8(4), 10(2) & 10(4)]

**1.19** Except for those mentioned above, an employee may record a note or minute on a file in Hindi or in English without being himself required to furnish a translation thereof in the other language.

[Rule 8 (1)]

**1.20 Demand of English version by an employee**

No Central Government employee possessing working knowledge of Hindi may ask for an English translation of any document in Hindi, except in the case of documents being of legal or technical nature. If any question arises as to whether a particular document is of a legal or technical nature, it shall be decided by the Head of Department of the office.

[Rule 8(2) and (3)]

**1.21 Responsibility for compliance**

It is the responsibility of the person signing such documents as mentioned in Para 1.16 above to ensure that such documents are made, executed or issued both in Hindi and in English.

[Rule 6]

यदि केंद्रीय सरकार ऐसा करना आवश्यक समझती है तो वह साधारण या विशेष आदेश द्वारा केंद्रीय सरकार के किसी कार्यालय को इस नियम के सभी या किन्हीं उपबंधों से छूट दे सकती है।

[नियम 11]

इस परन्तुक के अधीन छूट के लिए कोई प्रस्ताव उसका पूरा औचित्य दिखाते हुए राजभाषा विभाग को भेजा जाए।

**1.18 (क) कार्यसाधक ज्ञान**

यह समझा जाएगा कि किसी कर्मचारी को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है, यदि उसने:-

(1) मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या ऊँची परीक्षा हिंदी विषय के साथ उत्तीर्ण कर ली है या

(2) केंद्रीय सरकार के हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है या यदि केंद्रीय सरकार द्वारा किसी विशिष्ट पद के संबंध में उस योजना के अन्तर्गत कोई निम्नतर परीक्षा विनिर्दिष्ट है तो यह परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है या

(3) केंद्रीय सरकार द्वारा इस बारे में विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, या

(4) वह राजभाषा नियम के संलग्न प्ररूप में यह घोषणा करता है कि उसने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

[नियम10]

**1.18 (ख) प्रवीणता**

किसी कर्मचारी के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर ली है, यदि उसने:-

(1) मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे ऊंची कोई परीक्षा हिंदी के माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है या

(2) स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा के बराबर या उससे ऊंची किसी परीक्षा में हिंदी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया था, या

(3) वह राजभाषा नियम में संलग्न प्ररूप में यह घोषणा करता है कि उसे हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है।

[नियम 9]

**1.18 (ग) कार्यालयों में टिप्पण आदि**

केंद्रीय सरकार ऐसे कार्यालयों को जिनमें कार्य करने वाले कर्मचारियों में से 80 प्रतिशत ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है और जो राजभाषा नियम 10(4) के अधीन अधिसूचित किए जा चुके हैं, विनिर्दिष्ट कर सकती है कि उनमें ऐसे कर्मचारियों द्वारा 'जिन्हें हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है, टिप्पण, प्रारूपण और ऐसे अन्य शासकीय प्रयोजनों के लिए, जो आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाएं केवल हिंदी का प्रयोग किया जाएगा।

[नियम 8(4), 10(2) और 10(4)]

**1.19** उपर्युक्त को छोड़कर कोई कर्मचारी किसी फाइल पर टिप्पणी या कार्यवृत्त हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकता है और उससे यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि वह उसका अनुवाद दूसरी भाषा में प्रस्तुत करे।

[नियम 8(1)]

**1.20 कर्मचारी द्वारा अंग्रेजी अनुवाद की मांग**

केंद्रीय सरकार का कोई भी कर्मचारी जो हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखता है, हिंदी में किसी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की मांग तभी कर सकता है जब वह दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति के हों, अन्यथा नहीं। यदि यह प्रश्न उठता है कि कोई दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का है या नहीं, तो विभाग या कार्यालय का प्रधान उसका निर्णय करेगा।

[नियम 8(2) और (3)]

**1.21 अनुपालन का उत्तरदायित्व**

पैरा 1.16 में दिए गए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का यह उत्तरदायित्व है कि वह यह सुनिश्चित कर ले कि वह दस्तावेज हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही में तैयार, निष्पादित या जारी किया गया है।

[नियम 6]

**1.22** It is the responsibility of the Administrative Head of each Central Government office to ensure that the provisions of the Official Languages Act, 1963; and the Official Language Rules, 1976 are properly complied with and to devise suitable and effective check points for this purpose.

[Rule 12(1)]

**1.23** Directions are issued from time to time by the Central Government (Deptt of OL) to its employees and offices for full compliance of the provisions of the O.L. Act and the O.L. Rules. It is also the responsibility of the Administrative Head of the office to ensure that these directions are complied with.

[Rule 12 (1), and (2)]

**1.24 Numerals**

The international form of Indian numerals (1,2,3,4,5,6,7,8,9,0) should be used for the official purposes of the union.

[Article 343(1) of the Constitution]

**1.25** The President may authorize the use of the Devanagri form of numbers (1,2,3,4,5,6,7,8,9,0) , in addition to the international form of Indian numerals, for any of the official purposes of the union. Under this, use of Devanagri form of numerals along with their international form is allowed in warrants of appointment of the Governors of States, Judges of the Supreme Court and Judges of the High Courts.

[Article 343(2) of the Constitution and the Ministry of Law
Notification No S.R.O.938-A dated 27th May 1952]

**1.26** Except as specified in Para 1.25 above, wherever numerals are required to be used in Official work, only the international form of Indian numerals should be used.

[Ministry of Home Affairs, Department of Official Language OM No I/14034/03/82-O.L. (A-1), dated 6.9.1982]

**1.27 Transaction of business in Parliament**

Hindi or English may be used for transaction of business in the Parliament.

[Article 120 of the Constitution and the Act 3 (1b)]

**1.28** (1) Both Hindi and English languages are to be invariably used for the administrative and other reports and the official papers to be laid before a House or Houses of the Parliament.

[Act 3(3) (ii)]

(2) Under the above provision, the written statements given by the ministers in any Houses, in reply to the call attention motion, adjournment motion and their suo moto statements etc., should be circulated in the House in diglot form only.

[Home Minister's D.O. letter No. 12021/3/87
O.L. (B-1), dated 18th December, 1987]

**1.29 Authoritative Texts of a Bill, Act etc.**

(1) The English text of all bills to be introduced or amendments thereto, to be moved in either Houses of the Parliament.

(2) Of all Acts passed by Parliament and of all ordinances promulgated by the President and,

(3) Of all orders, rules, regulations and bye-laws issued under the Constitution or under any law, are deemed to be their authoritative text.

[Article 348 (1B) of
The Constitution of India]

**1.30 Authoritative Hindi Texts of Central Acts, etc.**

The authoritative text published under the authority of the President in the Official Gazette-

(a) of any Central Act or any ordinance promulgated by the President; or

**1.22** केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का यह उत्तरदायित्व है कि वह यह सुनिश्चित करे कि राजभाषा अधिनियम और राजभाषा नियम के उपबंधों का समुचित रूप से अनुपालन हो रहा है और इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त और प्रभावकारी जांच के उपाय करें।

[नियम 12 (1)]

**1.23** केंद्रीय सरकार (राजभाषा विभाग) द्वारा राजभाषा अधिनियम और राजभाषा नियम के उपबंधों के पूरी तरह अनुपालन के लिए अपने कर्मचारियों और कार्यालयों को समय-समय पर आवश्यक निदेश जारी किए जाते हैं। कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का यह भी उत्तरदायित्व है कि वह इन निदेशों का पालन सुनिश्चित करें।

[नियम 12 (1) और (2)]

**1.24 अंक**

संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए भारतीय अंकों का अन्तरराष्ट्रीय रूप (1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 0) प्रयोग में लाया जाए।

[संविधान का अनुच्छेद 343(1)]

**1.25** राष्ट्रपति, संघ के शासकीय प्रयोजनों में से किसी प्रयोजन के लिए भारतीय अंकों के अन्तरराष्ट्रीय रूप के अतिरिक्त देवनागरी रूप (१, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९,0) का प्रयोग प्राधिकृत कर सकते हैं। इसके अधीन राज्यों के राज्यपालों', उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति के अधिपत्रों के लिए भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप के अतिरिक्त अंकों के देवनागरी स्वरूप का प्रयोग करने की अनुमति दी गई है।

[संविधान का अनुच्छेद 343 (2) और विधि मंत्रालय की अधिसूचना सं.
एस. आर. ओ. 938 ए. दिनांक 27 मई 1952]

**1.26** उपर्युक्त पैरा 1.25 को छोड़कर केंद्रीय सरकार के कामकाज में जहां कहीं भी अंकों का प्रयोग करना हो वहां केवल भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप का ही प्रयोग किया जाए।

[गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग का.ज्ञा.सं. 1/14034/382-
रा.भा.(क-1) दिनांक 6-9-1982]

**1.27 संसद में कार्य**

संसद में कार्य के लिए हिंदी या अंग्रेजी कोई भी भाषा प्रयोग में लाई जा सकती है।

[संविधान अनुच्छेद 120 और अधिनियम 3(1ख)]

**1.28** (1) संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे गए प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदन और राजकीय कागज पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होने अनिवार्य हैं।

[अधिनियम 3( 3 ) ii]

(2) उपर्युक्त प्रावधान के अंतर्गत मंत्रियों द्वारा लिखित वक्तव्य जैसे कि ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के उत्तर में, स्थगन प्रस्ताव के उत्तर में अपने आप दिए जाने वाले वक्तव्य आदि सदन में द्विभाषी रूप में ही परिचालित किए जाएं।

[गृह मंत्री का अ.शा. पत्र सं. 12021/3/87-रा.भा.(ख-1)
दिनांक 18 दिसंबर, 1987]

**1.29 विधेयक, अधिनियम आदि का प्राधिकृत पाठ**

(1) संसद के प्रत्येक सदन में पुरःस्थापित किए जाने वाले किसी विधेयक या प्रस्तावित किए जाने वाले किसी संशोधन का,

(2) संसद द्वारा पारित किसी अधिनियम और राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किसी अध्यादेश का, और

(3) संविधान या किसी विधि के अधीन जारी किए गए किसी आदेश, नियम, विनियम और उपविधि का प्राधिकृत पाठ अंग्रेजी भाषा में माना जाता है।

[संविधान अनुच्छेद 348(1ख)]

**1.30 केंद्रीय अधिनियम आदि का प्राधिकृत हिंदी पाठ**

शासकीय राज-पत्र में राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित प्राधिकृत पाठ-

(क) किसी केंद्रीय अधिनियम का या राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित किसी अध्यादेश का अथवा

(b) of any order rule, regulation or bye-law issued under the Constitution or under any Central Act, to be the authoritative text thereof in Hindi;

[Act article 5(1)]

(c) The Hindi translation of the authoritative English text of all bills and amendments thereto introduced or moved in any House of the Parliament is authorized by the Minister concerned in the case of official bills or amendments thereto proposed by the Government and under the signature of an authorized officer of Rajya Sabha / Lok Sabha Secretariat in the case of Bills or Amendments thereto introduced or moved by a private member.

[Act 5 (2) and O.L. Notification No. 11011/2/72- O.L (A.1), dated 1st January, 1976]

**1.31 Authoritative Hindi texts of State Acts & Ordinances**

Where the Legislature of a State has prescribed any language other than Hindi for use in Acts passe by the Legislature of the State or in Ordinance promulgated by the Governor of the State, a translation thereof in the Hindi Language published under the authority of the Governor of the State in the Official Gazette of that State is deemed to be the authoritative text thereof in the Hindi language.

[Section 6 of the Act]

**1.32 Language to be used in the Supreme Court/ High Courts**

All proceedings in the Supreme Court and in every High Court are required to be in the English language:

[Constitution Article 348(1) (a)]

Provided that the Governor of a State may, with the prior consent of the President, authorize the use of the Hindi language, or any other language used for the official purposes of the State, in the proceedings excluding judgment, decree or order passed by the High Court having its principal seat in that State.

[Article 348(2) of the Constitution]

Under this provision, the use of the Hindi language has been authorized in the High Courts of Allahabad, Jabalpur, Patna and Jodhpur situated in Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Bihar and Rajasthan respectively.

**1.33** (1) The Governor of a State may, with the prior consent of the President, authorise the use of Hindi or the Official Language of the State, in addition to the English language for the purposes of any judgment, decree or order passed or made by the High Court of that State but it shall be accompanied by a translation of the same in the English language issued under the authority of the High Court.

[Section 7 of the Act]

Under this provision, the use of the Hindi language for any judgment, decree or order has been authorized in the High Courts of Allahabad, Jabalpur, Patna and Jodhpur situated in Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Bihar and Rajasthan respectively.

(2) Judgments, decrees or orders passed or made in Hindi by these High Courts are to be treated as authoritative and authentic. The requirement that such judgment be accompanied by a translation in the English language under the authority of the High Court is an additional statutory requirement. The same, therefore, does not take away the authentic or authoritative character of the judgment delivered in Hindi.

(Deptt. of OL OM No. 1/21011/12/76-0L (A-1 dated 6-4-1974)

(ख) संविधान के अधीन या किसी केंद्रीय अधिनियम के अधीन निकाले गए किसी आदेश, नियम, विनियम या किसी उपविधि का शासकीय राजपत्र में राष्ट्रपति के प्राधिकार से प्रकाशित हिंदी में अनुवाद, उसका हिंदी में प्राधिकृत पाठ माना जाता है।

[अधिनियम धारा 5 (1)]

(ग) संसद के किसी भी सदन में पुरःस्थापित किए जाने वाले विधेयकों, संशोधनों के अंग्रेजी भाषा में प्राधिकृत पाठ का हिंदी में अनुवाद, सरकारी विधेयक या किसी विधेयक के संबंध में सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधन होने पर संबंधित मंत्री द्वारा और प्राइवेट सदस्य के विधेयक या प्राइवेट सदस्य द्वारा प्रस्तावित संशोधन होने पर राज्य सभा / लोक सभा के सचिवालय के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षरों से प्राधिकृत किया जाता है।

[अधिनियम 5(2) तथा राजभाषा अधिसूचना सं. 11011/2/72-
रा.भा.(क-1) दिनांक 1 जनवरी, 1976]

**1.31 राज्यों के अधिनियमों, अध्यादेशों के प्राधिकृत हिंदी पाठ**

जहां किसी राज्य के विधान मंडल ने उस राज्य के विधान मंडल द्वारा पारित अधिनियमों में अथवा उस राज्य के राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों में प्रयोग के लिए हिंदी से भिन्न कोई भाषा निर्धारित की है, वहां उस राज्य के राज्यपाल के प्राधिकार से उस राज्य के शासकीय राजपत्र में उस अधिनियम या अध्यादेश का हिंदी में प्रकाशित अनुवाद हिंदी भाषा में उसका प्राधिकृत पाठ समझा जाता है।

[अधिनियम धारा 6]

**1.32 उच्चतम / उच्च न्यायालय की भाषा**

उच्चतम न्यायालय और प्रत्येक उच्च न्यायालय में सभी कार्यवाहियाँ अंग्रेजी भाषा में की जानी अपेक्षित हैं:

[संविधान अनुच्छेद 348(1)(क)]

परन्तु, किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, उस उच्च न्यायालय जिसका मुख्य स्थान उस राज्य में है, की कार्यवाहियों में (उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय, डिक्री, या आदेश को छोड़कर), हिंदी भाषा का या उस राज्य के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग में आने वाली किसी अन्य भाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकता है।

[संविधान अनुच्छेद 348 (2)]

इस प्रावधान के अधीन उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान में स्थित इलाहाबाद, जबलपुर, पटना और जोधपुर उच्च न्यायालयों में हिंदी का प्रयोग प्राधिकृत किया गया है।

**1.33** (1) किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से, अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त, हिंदी या उस राज्य की राजभाषा का प्रयोग उस राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा पारित या दिए गए किसी निर्णय, डिक्री या आदेश के प्रयोजन के लिए भी प्राधिकृत कर सकता है, पर ऐसी स्थिति में उसके साथ-साथ उच्च न्यायालय के अधिकार से निकाला गया अंग्रेजी भाषा में उसका अनुवाद भी साथ लगाया जाएगा।

[अधिनियम धारा 7]

इस प्रावधान के अधीन उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार और राजस्थान में स्थित इलाहाबाद, जबलपुर, पटना और जोधपुर उच्च न्यायालय में निर्णय, डिक्री या आदेश के लिए हिंदी का प्रयोग प्राधिकृत किया गया है।

(2) इन उच्च न्यायालयों द्वारा हिंदी में दिए गए निर्णय, डिक्री या आदेश को प्राधिकृत और अधिप्रमाणित माना जाएगा। यह अपेक्षा कि ऐसे निर्णयों के साथ उच्च न्यायालय के प्राधिकार से निकाले गए अंग्रेजी भाषा में अनुवाद सम्मिलित किया जाए, एक अतिरिक्त सांविधिक अपेक्षा है, इससे हिंदी में दिए गए निर्णय का अधिप्रमाणित या प्राधिकृत स्वरूप समाप्त नहीं होता।

[राजभाषा विभाग का.ज्ञा. सं. 1 /21011/12/76-रा.भा.(क-1), दिनांक 6-4-1976]

**1.34** Under section 4 of the Official Languages Act, a Committee on Official Language has been constituted. The Committee has Thirty members of whom Twenty members are from the House of the People (Lok Sabha) and Ten members from the Council of States (Rajya Sabha) elected by the members of the House of the People (Lok Sabha) and the members of the Council of States (Rajya Sabha) respectively, in accordance with the system of proportional representation by means of the single transferable vote. It is the duty of the Committee to review the progress made in the use of Hindi for the Official purposes of the Union and submit a report to the President making recommendation thereon. The President shall cause the report to be laid before each House of Parliament and have it sent to all State Governments. The President may, after consideration of the report and the views, if any, expressed by the State Governments thereon issue directions in accordance with the whole or any part of the report. The directions so issued shall not be inconsistent with the provisions of Section 3 of the Official Languages Act.

[Section 4 of the Act]

**1.35 Spread and Development of Hindi**

It is the duty of the Central Government to promote the spread of the Hindi language, to develop it so that it may serve as a medium of expression for all the elements of the composite culture of India and to secure its enrichment by assimilating without interfering with its forms, style and expressions used in Hindustani and in other languages specified in eighth schedule and by drawing, wherever necessary or desirable, its vocabulary, primarily on Sanskrit and secondarily on other languages. The responsibility for the compliance of this provision is mainly of the Dept. of Education of the Central Government.

[Art 351 of the Constitution]

**1.36 Definition of Central Government Office**

Under rule 2(b) of the Official Language Rules, the following offices have been treated as Central Government Offices:-

(1) Any Ministry or Department or Office of the Central Government:

(2) Office of any Commission, Committee or Tribunal constituted by the Central Government

(3) Any office of the Corporation or Company owned or controlled by the Central Government.

Therefore, the Official Languages Act; and the Official Language Rules also apply to Public Sector Undertakings and Reserve Bank of India and all other Nationalized Banks including National Bank for Agriculture and Rural Development, Industrial Development Bank of India in the same way as they apply to the Offices of the Central Government.The Official Language Policy of the Union applies to them also.

[Deptt of OL OM. No. 1/14013/35/85-OL (A-1)dated 6-8-1985

[OM No. 12027/77/86-OL(B-2), dated 6-8-1987]

**1.37 Implementation of the Official Language Policy in the Union Territories**

(1) Similar arrangement should be made to implement the Official Language Policy of the Central Govt. in the Union Territories of Delhi and Andaman & Nicobar Islands as has been made for the Ministries/Departments as well as other offices of the Central Govt.

[F. No.1/14034/12/88-OL (A.1) dated 47-1989]

(2) Similar arrangement should be made to implement the Official Language policy of the Central Govt. in the administrations of Dadra and Nagar Haveli Lakshadweep and Daman & Diu as has been made for the Ministries/Deptts. as well as other offices of the Central Govt.

[F. No.20034/80/91-OL (R&A) dated 16-10-1991]

**1.34** राजभाषा अधिनियम की धारा 4 के अधीन संसदीय राजभाषा समिति गठित की गई है। इस समिति में 30 सदस्य हैं, जिसमें से 20 लोक सभा के तथा 10 राज्य सभा के सदस्य हैं, जो क्रमश: लोक सभा के सदस्य तथा राज्य सभा के सदस्यों द्वारा अनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित किए गए हैं। इस समिति का कर्तव्य है कि वह संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन करे और उस पर सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को प्रतिवेदन करे। राष्ट्रपति उस प्रतिवेदन को संसद के हर सदन के समक्ष रखवाएंगे और सभी राज्य सरकारों को भिजवाएंगे। राष्ट्रपति इस प्रतिवेदन पर और उस पर राज्य सरकारों ने यदि कोई मत व्यक्त किए हों तो उन पर विचार करने के पश्चात उस प्रतिवेदन के या उसके किसी भाग के अनुसार निदेश निकाल सकेंगे, पर इस प्रकार निकाले गए निदेश राजभाषा अधिनियम की धारा 3 के उपबंधों से असंगत नहीं होंगे।

[अधिनियम धारा 4]

### 1.35 हिंदी का प्रसार और विकास

केंद्रीय सरकार का यह कर्तव्य है कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए, और उसका विकास करे ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और हिंदी भाषा की प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिन्दुस्तानी के और संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं के प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को उसमें मिलाते हुए और जहां आवश्यक या वांछनीय हो उसके शब्द भंडार के लिए मुख्यतः संस्कृत से और गौणतः अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे। इस प्रावधान के अनुपालन की जिम्मेवारी मुख्यतः केंद्रीय सरकार के शिक्षा विभाग की है।

[संविधान अनुच्छेद 351]

### 1.36 केंद्रीय सरकार के कार्यालयों की परिभाषा

राजभाषा नियम 2(ख) के अनुसार केंद्रीय सरकार के कार्यालय के अन्तर्गत निम्नलिखित भी शामिल हैं:-

(1) केंद्रीय सरकार का कोई मंत्रालय या विभाग या कार्यालयः

(2) केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किसी आयोग, समिति या अधिकरण का कोई कार्यालय और

(3) केंद्रीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के अधीन किसी निगम या कंपनी का कोई कार्यालय।

इसलिए राजभाषा अधिनियम तथा राजभाषा नियम सरकारी उपक्रमों और भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीय बैंक और ग्रामीण विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक सहित सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों पर उसी तरह लागू होते हैं जिस प्रकार केंद्रीय सरकार के अन्य कार्यालयों पर लागू होते है। संघ की राजभाषा नीति उन पर भी लागू होती है।

[राजभाषा विभाग का कार्यालय ज्ञापन सं. 1/14013/35/85-रा.भा.(क-1) दिनांक 6-6-1985]

[का.ज्ञा. सं. 12027/77/86 रा.भा.(ख-2). दिनांक 6-8-1987]

### 1.37 संघ शासित क्षेत्रों में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

(1) संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली और अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में केंद्रीय सरकार की राजभाषा नीति को लागू करने की उसी प्रकार की व्यवस्था की जाए जिस प्रकार केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों / विभागों तथा अन्य कार्यालयों आदि के बारे में की गई है।

[फाइल सं. 1/14034/12/88-रा.भा.(क-1) दिनांक 4-7-1989]

(2) दादरा व नगर हवेली प्रशासन, लक्षद्वीप प्रशासन और दमण व दीव प्रशासन में राजभाषा नीति के अनुपालन की व्यवस्था उसी प्रकार की जाए जिस प्रकार केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों तथा अन्य कार्यालयों आदि के बारे में की गई है।

[फाइल सं. 20034/811/91-1 रा.भा.(अ.वि.) दिनांक 16-10-1991]

# CHAPTER 2
# ORDERS REGARDING THE OFFICIAL LANGUAGE POLICY

**2.1 Definition of General Orders**
All orders, decisions instructions and circulars intended for the departmental use and which are of standing nature and all such orders instructions, letters, memoranda, notices, circulars etc. relating to or intended for a group or groups of Government employees are known as "General Orders under section 3(3) of O.L. Act.

[OM No./14013/2/78-OL)A-1, dated 19-5-1978]

**2.2 Publication of Statutory Rules etc. in the Gazette of India both in Hindi and English**
In pursuance of section 3(3) of the Official Languages Act, 1963, the Hindi version of statutory rules, orders etc. which are required to be laid before the Parliament, is made available by the Official Language Wing, Legislative Department Ministry of Law. The Ministry/Department concerned should prepare two copies of the draft in English version of the document of the type mentioned above and send one copy thereof to the Legislative Department and the other copy to Official Language Wing under the same endorsement date and serial number. The Legislative, Department will finalize English version of the rule, order, notification etc., and return it to the concerned Department as usual after vetting and legal scrutiny. The Official Language Wing will prepare the Hindi version of the rule, order, notification etc. as finalized by the Legislative Department and return it direct to the concerned Department. The Ministry/Department concerned should ensure that both the English and Hindi versions are duly signed and sent on the same date to the press for simultaneous publication in the Gazette.

[OM. No. 2/18/68-OL dated 20-3-1970]

2.3 **Authorized Hindi version of the Central Acts, Rules, Regulations etc.**
The responsibility for preparing the authorized Hindi translation of Central Acts, Rules, Regulations etc. is that of the Official Language Wing of the Ministry of Law (Legislative Department). Sometimes requisitions are made for printing of only three or four copies of the authorized Hindi text. It not only involves a lot of labour, but also results in expenditure to Government. It would, therefore, be appropriate to inform the Official Language Wing of the Legislative Department the number of copies required to be printed, bearing in mind the number of copies of the authorized Hindi version required by the Public and those for official use.

[OM. No. 14011/2/81-OL (A.1), dated 21-11-1981]

2.4 **Preparation of International Agreements and Treaties signed in India both in Hindi and English**
(1) The Hindi translations of the English Tests of Treaties and Agreements should be prepared by the Ministries and Departments and got vetted by the Legal and Treaties Division of the Ministry of External Affairs. Hindi should be used, in addition to English in all the International Treaties and Agreements to be signed in India. However, the following are exempted from being executed in Hindi:-

(a) Treaties and Agreements executed abroad;
(b) Treaties and Agreements of urgent nature when due to shortage of time it may not be possible to prepare Hindi Translation;
(c) Multilateral conventions; and
(d) Treaties and Agreements executed by the Ministry of Defense.

# अध्याय 2
# राजभाषा नीति संबधी आदेश

## 2.1 सामान्य आदेश की परिभाषा

स्थायी प्रकार के सभी आदेश, निर्णय, अनुदेश परिपत्र जो विभागीय प्रयोग के लिए हों तथा ऐसे सभी आदेश, अनुदेश, पत्र, ज्ञापन, नोटिस, परिपत्र आदि जो सरकारी कर्मचारियों के समूह अथवा समूहों के संबंध में या उनके लिए हों, राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के अधीन सामान्य आदेश कहलाते हैं।

[का.ज्ञा.सं. 1/14013/2/78-रा.भा. (क-1), दिनांक 19-5-78]

## 2.2 सांविधिक नियमों आदि का भारत के राजपत्र में हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशन

राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अनुसरण में संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले सांविधिक नियमों, आदेशों आदि का हिंदी रूपान्तर विधि मंत्रालय का विधायी विभाग (राजभाषा खंड) तैयार करता है। संबंधित मंत्रालय/विभाग को चाहिए कि उल्लिखित प्रलेख (दस्तावेज) की दो प्रतियाँ तैयार करके, एक प्रति विधायी विभाग को और दूसरी उसके राजभाषा खंड को उसी पृष्ठांकन और उसी तारीख और क्रम संख्या के अन्तर्गत भेजे। विधायी विभाग नियम, आदेश, अधिसूचना के अंग्रेजी रूप को अंतिम रूप देगा और जांच तथा कानूनी समीक्षा के बाद संबंधित विभाग को लौटाएगा। विधायी विभाग ने नियम, आदेश, अधिसूचना आदि को जिस रूप में अंतिम रूप दिया है, उसका हिंदी रूपांतर राजभाषा खंड द्वारा करके संबंधित विभाग को लौटा दिया जाएगा। संबंधित मंत्रालय/विभाग दोनों रूपों पर विधिवत हस्ताक्षर करके राजपत्र में प्रकाशनार्थ मुद्रणालय को एक साथ एक ही तारीख में भेजना सुनिश्चित करे।

[आदेश सं. 2/18/68-. भा. दि. 200-3-1970]

## 2.3 केंद्रीय अधिनियमों, नियमों, विनियमों आदि का प्राधिकृत हिंदी अनुवाद

केंद्रीय अधिनियमों, नियमों और विनियमों का प्राधिकृत हिंदी अनुवाद विधि मंत्रालय (विधायी विभाग) के राजभाषा खंड द्वारा किया जाता है। कभी-कभी प्राधिकृत हिंदी पाठ की 3 या 4 प्रतियाँ भी छपवाने की मांग की जाती है। परिश्रम तो लगता ही है, खर्च भी होता है। इसलिए प्राधिकृत हिंदी अनुवाद को छपवाए जाने वाली प्रतियों की संख्या की सूचना जनता द्वारा मांगी जाने वाली और कार्यालयों में प्रयोग की जाने वाली संख्या को ध्यान में रख कर ही विधि विभाग के राजभाषा खंड को भेजी जाए।

[का.ज्ञा.सं.1/14011/2/81-रा.भा. (क-1) दि. 21-11-1981]

## 2.4 भारत में हस्ताक्षर किए जाने वाले अन्तरराष्ट्रीय करारों और संधियों का हिंदी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार किया जाना

(1) मंत्रालय/विभाग संधियों और करारों के अंग्रेजी पाठों का अनुवाद तैयार करें और विदेश मंत्रालय के विधि और संधि प्रभाग से जांच कराएं। भारत में हस्ताक्षर की जाने वाली सभी अन्तरराष्ट्रीय संधियों और करारों के लिए अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी का प्रयोग किया जाए किन्तु निम्नलिखित को हिंदी में निष्पादित न करने की छूट है।

(क) विदेशों में की गई संधियां और करार:
(ख) तत्काल प्रकार की संधियां और करार जिनका समयाभाव के कारण हिंदी अनुवाद तैयार करना संभव नहीं:
(ग) बहुपक्षीय अभिसमय: और
(घ) रक्षा मंत्रालय की संधियां और करार।

However, in the case of items (a), (b) and (c) above, Hindi translation will be prepared and kept on record.

(2) Under the Official Languages Act, 1963, Hindi is required to be used, in addition to English, in all the agreements and treaties executed. However, with a view to avoiding any difference about interpretation it may be desirable to consider only one text as authentic. As such in agreements and treaties to be signed with non-English-speaking countries in their own languages, English and Hindi, it may be appropriate to provide that in the case of dispute English text will be considered authentic. In the case of agreements and treaties with English speaking countries, efforts should be made to get both Hindi & English versions signed and treated us authentic. However, in case of other party insisting that English version alone should be treated as authentic, it may be agreed to for the time being.

[OM No 16/21/70 OL., dated 31-12-1970]
[OM No 16/21/70 OL, dated 24-2-1972]

**2.5 Use of Hindi for preparation of Cheques and Drafts in region 'A'**

In the Central Government Offices located in Region 'A' all cheques should, as far as possible, be prepared in Hindi. Nationalized Banks located in Region 'A' should, as far as possible, issue all cheques and drafts meant for Region ‘A' in Hindi.

[OM No. 1/14011/3/79- OL(A-1) dated 7-2-1981

**2.6 Use of Hindi in writing addresses on envelopes and use of Machines for writing addresses and preparing bills etc. in Devanagri**

Addresses on envelopes of communications meant for delivery to local offices and Individuals in Delhi and other Hindi speaking areas may be written in Hindi. Addresses on the Communications meant for delivery to Central Government offices located in the states of Gujarat, Maharashtra and Punjab also may be written in Hindi:

(1) In the offices located in Regions 'A' and 'B', Devanagri embossing machines should be installed with the addressographs as there are many big offices. In region 'C', which have considerable correspondence with offices located in Regions A and B, the provision of bilingual addressograph should be made in these offices also.

(2) Arrangements should be made for training the employees working on these machines in both Hindi and English. The employees working on addressographs should have knowledge of Hindi. The companies, manufacturing the addressograph machines, should be asked to give the necessary training to such employees for working on addressographs in Hindi also.

[Order No. 15/50/62- OL dated 30-7-1962]
[Order No. 6/50/69- OL dated 24-11-1968]
[Order No. 1110/51/72- OL dated 27-6-1973]
[OM No. 12015/9/76- OL(B) dated 16-11-1976]
[OM No. 12024/4/90- OL(B-2) dated 16-5-1990]

2.7 **Publication of the list both in Hindi and English by the Ministries/Departments containing names of their subordinate offices and corporations.**

For the convenience of the issue section to write addresses on envelopes in Hindi, each Ministry/Department may get the list of their subordinate offices/corporations etc. prepared both in English and Hindi and distribute the same to all of their offices One column of the list may contain the names and addresses of offices etc. in English and the other column may have names and addresses of offices in Hindi in Devanagri script. In case Hindi name of any office is not known, the English name of the office may be written in Devanagri script.

किन्तु (क), (ख), (ग) में उल्लिखित कागज का हिंदी अनुवाद अभिलेखों में रखने के लिए करवाया जाएगा।

(2) राजभाषा अधिनियम 1963 के अधीन सब करारों और संधियों में अंग्रेजी के अलावा हिंदी का प्रयोग आवश्यक है। फिर भी निर्वचन के संबंध में कोई मतभेद न हो, इसके लिए केवल मात्र किसी एक पाठ को प्रामाणिक समझना वांछनीय होगा। इसलिए अंग्रेजी से भिन्न भाषा-भाषी देशों के साथ उनकी अपनी भाषा, अंग्रेजी और हिंदी में किए जाने वाले करारों और संधियों में यह व्यवस्था करना उचित होगा कि विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ प्रामाणिक होगा। अंग्रेजी भाषी देशों के साथ किए जाने वाले करार और संधियों में हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का प्रयोग कराने और दोनों पाठों को प्रामाणिक मनवाने के प्रयत्न किए जाएं। हां, यदि दूसरा पक्ष इस बात पर आग्रह करे कि केवल अंग्रेजी के पाठ को प्रामाणिक माना जाए तो उसे फिलहाल स्वीकार कर लिया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 16/21/70 रा.भा. दि. 31-12-1970]
[का.ज्ञा.सं. 16/21/70 रा.भा.दि. 24-2-1972]

**2.5 "क" क्षेत्र में चैक/ड्राफ्ट हिंदी में तैयार किया जाना**

"क" क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों द्वारा सभी चैक यथासंभव हिंदी में तैयार किए जाएं। "क" क्षेत्र में स्थित सरकारी बैंकों द्वारा "क" क्षेत्र के लिए तैयार किए गए चैक और डाफ्ट यथासंभव हिंदी में जारी किए जाएं।

[का.ज्ञा.सं. 1/14011/3/79-रा.भा.(क-1). दि. 7-2-1981]

**2.6 लिफाफों पर पते हिंदी में लिखना और पता लिखाने, बिल बनाने आदि में मशीनों का प्रयोग**

दिल्ली में' स्थानीय कार्यालयों और व्यक्तियों तथा अन्य हिंदी भाषी क्षेत्रों को भेजे जाने वाले पत्रों के लिफाफों पर पते हिंदी में लिखे जाएं। गुजरात, महाराष्ट्र तथा पंजाब राज्यों में स्थित केंद्रीय कार्यालयों को भेजे जाने वाले पत्रों के पते भी हिंदी में लिखे जाएं।

1. "क" तथा "ख" क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में पतालेखी मशीन के साथ देवनागरी एम्बॉसिंग मशीनें 'लगाई जाए और चूंकि "ग" क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में भी कई बड़े-बड़े कार्यालय ऐसे हैं जिनमें काफी पत्र-व्यवहार "क" तथा "ख" क्षेत्रों के कार्यालयों से होता है। अतः "ग" क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में भी द्विभाषी पतालेखी मशीनों का प्रावधान किया जाए।

2. इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाए। पतालेखी मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों को हिंदी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। अतः ऐसे कर्मचारियों को पतालेखी मशीनों पर हिंदी भाषा में काम करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए पतालेखी मशीन कम्पनियों से अनुरोध किया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 15/50/62-रा. भा.. दि. 30-7-1962]
[का.ज्ञा.सं. 6/50/69-रा. भा., दि. 24-11-1969]
[का.ज्ञा.सं. 11015/51/72- रा.भा.(ख), दि. 27-6-1973]
[का.ज्ञा.सं. 12015/9/76-रा.भा.(ख), दि. 16-11-1976]
[का.ज्ञा.सं. 12024/4/90-रा.भा.(ख-2), दि. 16-5-1990]

**2.7 मंत्रालयों/विभागों द्वारा उनके अधीनस्थ कार्यालयों व निगमों की द्विभाषी सूची प्रकाशित करना**

पत्रों के लिफाफों पर पता हिंदी में लिखने में प्रेषण अनुभाग की सुविधा के लिए प्रत्येक मंत्रालय/विभाग अपने अधीन कार्यालयों/निगमों की सूची द्विभाषी रूप में बनवाएं और अपने सभी कार्यालयों में इसे वितरित कर दें। सूची के एक कालम में कार्यालयों आदि के अंग्रेजी में नाम और पता और दूसरे कालम में उनके हिंदी नाम व पता देवनागरी लिपि में रहे। जहां किसी कार्यालय का हिंदी नाम मालूम न हो तो अंग्रेजी नाम ही देवनागरी लिपि में लिखा जा सकता है।

Sometimes, the lists of often used addresses are kept cyclostyled and the same are used by cutting out the relevant portions and pasting them on the envelopes. The addresses concerning Hindi speaking areas and the offices located in Gujarat, Maharashtra and Punjab may be got typed in Hindi and the cyclostyled copies be made available to the issue sections so that they may conveniently paste them on the envelopes.

[OM No. 12015/5/75- OL(B) dated 12-3-1975]

2.8 **Name-plates, rubber stamps, office seals/ letterheads and logos**

(1) All the rubber stamps, Office seals used in all the Ministries/Departments and other offices of the Government of India should be in bilingual form with Hindi letters on the top.

(2) The rubber stamps for designations, names of offices, addresses, which are to be prepared in bilingual form under the existing orders, should have one line in Hindi followed by one line in English or matter may be written in Hindi followed by English in the same line. These instructions are applicable in the case of stamps, which are to be prepared in future.

(3) Where sufficient space is not available for affixing bilingual stamps on bank cheques, rubber stamps in Hindi only may be affixed on the cheques in offices etc. of the Regions 'A' and 'B' and only in Hindi or English in offices of Region 'C'.

(4) The rubber stamps which are prepared in lieu of notes etc. may be got prepared either in bilingual form or in Hindi only in offices etc. of Regions A, and 'B' and in Hindi or English only in offices of Region 'C'.

(5) In preparing rubber stamps, the letters of all the languages should be of the same size.

(6) Name-plates, rubber stamps letter- heads and logos etc. of the offices located in Regions 'A' and 'B' may be prepared in bilingual form.

(7) Name-plates, rubber stamps, letterheads, logos etc. of the offices located in Region C may be prepared in trilingual form.

[OM No. 559/68- OL (A-1), dated 17-10-1968]
[OM No. 1/14013/18/85 - OL (A-1), dated 14-1-1985]
[OM No. 1/14034/1/87 - OL (A-1), dated 30-12-1987]
[OM No 12024/2/92 - O.L.(B-2), dated 21-7-1992]

**2.8.1 Use of languages on hoardings in public places—regarding.**

As per the Official Language Policy of the hoardings made and installed by Public Sector Undertakings/Companies/Organizations of the Government by should also be bilingual or trilingual, as the case may be. Where it is not possible to get all the hoardings made in trilingual form, it may be ensured that the hoardings installed in a particular area/city/suburb etc. should be made in all the two or three languages and the number of hoardings in each language should be the same. The use of English hoardings may be avoided if not required, but these hoardings should necessarily be in the Official Language of the state concerned and in Devnagari Hindi.

2. All the Ministries/Departments etc. of the Central Government are requested to bring the above orders to the notice of all Companies, Undertakings, Nationalized Banks and financial institutions owned by the Central Government for ensuring compliance with these orders. A copy of the instructions issued in this regard may please be forwarded to this department for information.

[O.M. No. 14013/2/96-O.L. (P-1), dated 6.5.1996]

कहीं-कहीं बहुधा काम आने वाले पतों की सूचियां साइक्लोस्टाइल करवा ली जाती हैं और उनके अंश काटकर लिफाफों पर चिपका दिए जाते हैं। ऐसे पते जो हिंदी भाषी क्षेत्रों और गुजरात, महाराष्ट्र व पंजाब में स्थित कार्यालयों से संबंधित हों उनके अंश हिंदी में टाइप कराके साइक्लोस्टाइल कराके प्रेषण अनुभाग को देना सुविधाजनक रहेगा ताकि उन्हें काटकर लिफाफों पर चिपकाया जा सके।

[का.ज्ञा.सं. 12015/5/75/-रा.भा.(ख) दिनांक 12-3-1975. क्रम सं. 25]

**2.8 नाम पट्ट, रबड़ की मोहरें, कार्यालय की मुद्राएं, पत्र शीर्ष और लोगो (प्रतीक)**

(1) भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों तथा अन्य कार्यालयों में प्रयोग में आने वाली सभी रबड़ की मोहरें और कार्यालय की मुद्राएं द्विभाषिक रूप में हिंदी के शब्द ऊपर रखते हुए प्रयोग की जाएं।
(2) पदनाम, कार्यालय का नाम, पता आदि के बारे में जो मोहरें वर्तमान आदेशों के अनुसार द्विभाषी रूप में बनाई जाती हैं, वे इस प्रकार बनाई जाएं कि उनमें एक पंक्ति हिंदी की और फिर एक पंक्ति अंग्रेजी की हो या एक ही पंक्ति में हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में लिखा हो। ये निदेश नई बनाई जाने वाली मोहरों पर लागू किए जाएं।
(3) बैंकों के चैकों पर यदि द्विभाषी मोहरें लगाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध न हो तो "क" और "ख" क्षेत्रों के कार्यालयों आदि में चैकों पर मोहरें केवल हिंदी में और "ग" क्षेत्र के कार्यालयों में केवल हिंदी या अंग्रेजी में लगा दी जाएं।
(4) जो मोहरें टिप्पणी आदि की जगह पर बनाई जाती हैं वे या तो द्विभाषी बनाई जाएं या "क" और "ख" क्षेत्र के कार्यालयों आदि में केवल हिंदी में और "ग" क्षेत्र के कार्यालयों में केवल हिंदी या अंग्रेजी में बनवा ली जाएं।
(5) रबड़ की मोहरें तैयार करते समय सभी भाषाओं के अक्षर समान आकार के होने चाहिए।
(6) 'क' और 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में नाम पट्ट, रबड़ की मोहरें, पत्र शीर्ष, लोगो (प्रतीक) आदि द्विभाषी रूप में बनवाएं जाएं।
(7) 'ग' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में नाम पट्टे, रबड़ की मोहरें, पत्र शीर्ष लोगो (प्रतीक) आदि त्रिभाषी रूप में बनवाएं जाएं।

[का.ज्ञा.सं.. 559/68-रा.भा.(क-1) दिनांक 17-10-1968]
[का ज्ञा. स. 1/14013/18/85- रा.भा.(क-1) दिनांक 14-1-1985]
[का.ज्ञा.सं. 1/14034/1/87-रा.भा.(क-1), दिनांक 30-12-1987]
[का.ज्ञा.सं. 12024/2/92-रा.भा.(ख-2), दिनांक 21-7-1992]

**2.8.1 सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाने वाले "होर्डिंगों" में भाषाओं का प्रयोग**

भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/कंपनियों/ संगठनों, द्वारा मार्केट में अपनी सेवाओं के विस्तारण के लिए बनवाये जाने वाले "होर्डिंग" राजभाषा नीति के अनुसार द्विभाषिक या त्रिभाषिक रूप में, जहां जैसी स्थिति हो, बनवा कर लगवाए जाएं। जहां हर "होर्डिंग" को त्रिभाषी बनवाना संभव न हो तो यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी क्षेत्र/नगर/ उप-नगर इत्यादि में लगाये जाने वाले "होर्डिंग" दोनों या तीनों भाषाओं में बनवा कर लगवाए जाएं और उनकी संख्या समान हो। यदि आवश्यकता न हो तो अंग्रेजी भाषा का होर्डिंग में प्रयोग न किया जाए, परन्तु संबंधित राज्य की राजभाषा और देवनागरी हिंदी में अनिवार्यत: होर्डिंग बनवा कर लगवाए जाएं।

3. केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करवाने के लिए इनको केन्द्र के स्वामित्व में सभी कंपनियों, उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, वित्तीय संस्थाओं आदि के ध्यान में ला दें। इस संबंध में जारी किए गए अनुदेशों की प्रति इस विभाग को सूचनार्थ भेज दें।

[ का.ज्ञा.सं. I/14013/2/96-रा.भा. (नीति-1) दिनांक 6.5.1996 ]

2.9 **Mode of writing names of persons in Devanagri script on name-plates, rubber stamps etc.**

There is only one way of writing the full name on name-plates, rubber stamps etc. in Devanagri. There are, however, different ways of writing the abbreviated name. For instance if the name of a person is Dina Nath Sharma, his abbreviated name can be written in Devanagri script in one of the following ways:-

(1) The initials may be written according to Devanagri alphabet with full vowel sounds before the surname viz. दी.ना. शर्मा

(2) The initials may be written according to Devanagri alphabet but without the vowel surname viz. द.न. शर्मा

(3) The initials may be written according to the Roman alphabet in Devanagri script viz. डी.एन.शर्मा

The writing of one's name solely depends on the discretion of the person concerned. If any person wants to write his name in a particular way, he can't be forced to write it in any other way.

[OM No. 1/14013/3/76 - O.L.(A-1), dated 10-6-1976]

2.10 **Name plates, public notices etc. of organizations established and aided by the Central Govt.**

It will be appropriate that name plates of the organizations established and aided by the Central Govt having their offices located in Hindi-speaking area (eg. Sangeet Natak Academy, Sahitya Academy and National School of Drama etc.) are in both the languages i.e. in English as well as in Hindi and they should issue their public notices bilingually. This will be convenient for the people of those area.

Name-plates, rubber stamps, letterheads, logos etc. of the institution located in the Regions 'A', and 'B' may be prepared in bilingual form.

Name-plates rubber stamps, letterheads, logos etc. of the institutions located in the Region 'C', may be prepared in trilingual form.

[O.M. No. 11020/12/722 - OL (A-1), dated 7-6-1972]
[O.M. No. 12024/2/92 - OL (B-2), dated 21-7-1992]

2.11 **Use of Hindi & English both for signboards used in conferences**

Both Hindi and English languages should be used on signboards etc. at all conferences and meetings organized by various Ministries particularly in Delhi.

[O.M. No.6/52/69-OL dated 29-12-1969]

2.12 **Use of languages on notice boards/name plates to be displayed by the Central Govt. offices located in Non-Hindi speaking areas.**

Name plates/notice boards to be displayed for the information of the public by the Central Government Offices and the Undertakings located in non-Hindi speaking areas should be in Regional Language, Hindi and English and the languages would be in the order mentioned above and the letters of the script of all the languages should be of the same size. Name plates, signboards, letterheads etc. for internal use of the offices should be prepared both in Hindi and English. For the present, status quo may be maintained in Tamil Nadu.

[O.M. No. 1/14013/5/76 -OL (A-1), dated 18-6-1977]
[O.M. No. 1/44013/2/86 -OL (A-1), dated 26-2-1986]

**2.9 नाम पट्टों, रबड़ की मोहरों आदि पर देवनागरी रूप में नाम लिखने की विधि**

देवनागरी के नाम पट्टों, मोहरों आदि पर पूरा नाम तो एक रीति से लिखा जा सकता है, परन्तु संक्षिप्त नाम लिखने के लिए अनेक पद्धतियां प्रचलित हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति का नाम दीनानाथ शर्मा है, तो देवनागरी लिपि में उसका संक्षिप्त नाम नीचे दिये हुए विकल्प में से किसी एक के अनुसार लिखा जा सकता है-

(1) देवनागरी वर्णमाला के अनुसार, मात्राओं का प्रयोग करते हुए, आद्य अक्षर लिख कर जैसे दी. ना. शर्मा |
(2) देवनागरी वर्णमाला के अनुसार, बिना मात्राओं के प्रयोग के आद्य अक्षर लिखकर जैसे द. न. शर्मा।
(3) नाम के आद्य अक्षर रोमन वर्णमाला के अनुसार देवनागरी लिपि में लिखकर जैसे डी. एन. शर्मा।

यह प्रत्येक की अपनी रुचि पर निर्भर करता है कि वह अपना नाम किस प्रकार लिखे। यदि कोई व्यक्ति अपना नाम किसी एक रीति से लिखना चाहता है तो उसे दूसरी रीति से नाम लिखने को बाध्य नहीं किया जा सकता।

[का.ज्ञा.सं. 1/14013/3/76 रा.भा.(क-1), दि. 10-6-1976]

**2.10 केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित और अनुदान प्राप्त संस्थाओं के नाम-पट्ट, आम नोटिस, आदि**

यह उचित होगा कि केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित और अनुदान पाने वाली संस्थाएं, जिनके कार्यालय हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित हैं, उदाहरणार्थ, संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा आदि के हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में नाम पट्ट अंग्रेजी और हिंदी दोनों ही भाषाओं में हों तथा वे अपने आम नोटिस दोनों ही भाषाओं में जारी करें। ऐसा करने से उन क्षेत्रों में रहने वाली जनता को सुविधा होगी।

'क' और 'ख' क्षेत्रों में स्थित संस्थाओं में नाम-पट्ट, रबड़ की मोहरें, पत्र-शीर्ष लोगो (प्रतीक) आदि द्विभाषी रूप में बनवाए जाएं।

'ग' क्षेत्रों में स्थित संस्थाओं में नाम-पट्ट, रबड़ की मोहरें, पत्र-शीर्ष, लोगो (प्रतीक) आदि त्रिभाषी रूप में बनवाए जाएं।

[का.ज्ञा. सं. 11020/12/72-36 रा. भा., दि. 7-6-1972]
[का.ज्ञा. सं. 12024/2/92-रा.भा.(ख-2), दिनांक 21-7-1972]

**2.11 सम्मेलनों में साइन बोर्डो के लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों का प्रयोग**

विभिन्न मंत्रालयों द्वारा आयोजित सभी सम्मेलनों और बैठकों में विशेषकर दिल्ली में, सभी साइन बोर्डों आदि पर दोनों भाषाओं का प्रयोग होना चाहिए।

[का.ज्ञा.सं. 6/52/69-रा.भा.दिनांक 29-12-1969]

**2.12 अहिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय कार्यालयों में बोर्डो, नाम-पट्टों आदि में भाषाओं का प्रयोग**

अहिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय कार्यालयों में जनता की सूचना के लिए लगाए जाने वाले नामों के बोर्डो, नाम-पट्टों तथा उनके द्वारा जनता की सूचना के लिए लगाए जाने वाले नोटिस बोर्डों आदि में क्षेत्रीय भाषा, हिंदी तथा अंग्रेजी का प्रयोग किया जाए जिसका क्रम भी इसी रूप में हो और सभी भाषाओं की लिपियों के अक्षरों का आकार बराबर हो। कार्यालयों के आंतरिक प्रयोग के लिए नाम-पट्ट, सूचना पट्ट, पत्र शीर्ष आदि हिंदी और अंग्रेजी में तैयार किए जाएं। तमिलनाडु में यथास्थिति रखी जाए।

[का. ज्ञा.सं. 1/14013/5/76-रा.भा.(क-1). दिनांक 18-6-1977]
[का. ज्ञा.सं. 1/44013/2/86- रा.भा.(क-1) दिनांक 26-2-1986]

2.12.1 **Use of Languages in notice boards, name plates etc. displayed by offices located in non-Hindi speaking areas and uniformity of Designation therein**

For writing designations, names of offices etc. in the regional languages on notice boards, name plates etc. in the offices located in non-Hindi speaking areas, the designations and the names of offices given in the Consolidated Glossary of Administrative Terms brought out by the Commission for Scientific and Technical Terminology, Ministry of Human Resources Development (Department of Education), Government of India should be used so that there is uniformity in their use.

In case the concerned state Government has decided to give an office or designation a name in regional language, the same name or designation may be used for writing them. The Department Undertaking / Bank have the option to change the same in accordance with the relevant order.

[O.M. No. 11034/13/87-R.A. Unit, dated 4-1-1988]

**2.12.2 Use of languages which have been authorized by the State Governments to be used for official purposes in addition to Hindi and English on boards, sign boards, name-plates and direction signs in states using Hindi as the first language for official purposes.**

The issue of usage of Languages in addition to Hindi and English which are authorized to be used for official purposes on boards, sign boards, name-plates and direction signs in Hindi speaking States, i.e., States situated in Region 'A' (States whose Official Language is Hindi), has been seriously considered keeping in view all relevant aspects.

2. Keeping in view the convenience of the general public residing in these states, and the welfare of large sections of the society, it has been decided that all Central Government offices, Public Sector Banks and undertakings may write/print/paint/engrave information/materials on boards, sign boards, name plates and the Direction Signs, in addition to Hindi and English, in such languages as are authorized by the State Governments for use for official purposes. The size of alphabets in all languages will be the same.

3. The boards, sign boards, name-plates and direction signs shall first have Hindi written/engraved or printed/painted/engraved. The order of the Official Languages of the states, and the English language will be determined by the concerned department or the state government.

4. For non-Hindi speaking states i.e. states located in regions 'B' and 'C', instructions contained in O.M. No. I/14013/5/76-O.L.(Impl.-1) dated 18.06.1977 for Boards, Sign Boards, Name plates and Direction signs, according to which the regional language, Hindi and English are to be used in the same order, will remain the same.

No. 1/14013/07/2010-OL(Policy-1) Date: 7.4.2011

2.13 **Invitation Cards of Government functions**

Invitation Cards for all Government functions may be issued both in English and Hindi, English being used on one side and Hindi on the other. Regional languages may also be used in them, wherever necessary, in addition to Hindi and English. The manner in which the invitation cards should be printed trilingually has been left to the organizers.

[O.M. No. 12/9/60-OL, dated 21-5-1969]
[O.M. No. 5/56/70-OL, dated 19-5-1970]
[O.M. No. 11015/80/72-OL, dated 10-6-1974]

**2.12.1 अहिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में बोर्डों, नाम-पट्टों आदि में भाषाओं का प्रयोग तथा पदनामों में एकरूपता**

अहिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में बोर्डों, नाम-पट्टों आदि में पदनाम, कार्यालय नाम आदि क्षेत्रीय भाषा में लिखने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित समेकित प्रशासन 'शब्दावली में दिए गए पदनामों और कार्यालय नामों का प्रयोग किया जाए ताकि एकरूपता बनी रहे।

यदि किसी कार्यालय के नाम या पदनाम के लिए संबंधित राज्य सरकार द्वारा क्षेत्रीय भाषा में नाम रखा गया है तो क्षेत्रीय भाषा में कोई नाम या पदनाम लिखते समय उसी नाम/पदनाम का प्रयोग किया जा सकता है। यदि विभाग/ उपक्रम, बैंक आदि चाहे तो संबंधित के अनुसार उसे बदल सकता है।

[का. ज्ञा.सं. 11034/13/87-अ.वि.एकक दिनांक 4-1-1988]

**2.12.2 हिंदी को शासकीय प्रयोजन के लिए प्रथम भाषा के रुप में प्रयोग करने वाले राज्यों में बोर्डों, साइन बोर्डों, नाम पट्टों और दिशा-संकेतकों पर हिंदी और अंग्रेज़ी के अतिरिक्त उन भाषाओं का प्रयोग, जिन्हें इन राज्य सरकारों द्वारा शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग हेतु प्राधिकृत किया गया है।**

हिंदी भाषी राज्यों अर्थात् 'क' क्षेत्र में स्थित राज्यों (जिन राज्यों की राजभाषा हिंदी है) में बोर्डों, साइन बोर्डों, नाम पट्टों और दिशा-संकेतकों पर हिंदी और अंग्रेज़ी के अतिरिक्त उन भाषाओं, जो कि शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग हेतु प्राधिकृत है, के प्रयोग संबंधी प्रकरण पर सभी प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखकर गंभीरता से विचार किया गया है।

2. इन राज्यों में रहने वाली आम जनता की सुविधा और समाज के विशाल वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि केंद्र सरकार के सभी कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक तथा उपक्रम बोर्डों, नाम पट्टों और दिशा-संकेतकों पर हिंदी और अंग्रेज़ी के अतिरिक्त उन भाषाओं जो राज्य सरकारों द्वारा शासकीय प्रयोजनों के प्रयोग हेतु प्राधिकृत की गयी हैं, में सूचना/सामग्री लिखेंगे/मुद्रित करेंगे/पेंट करेंगे/उत्कीर्ण करेंगे/उकेरेंगे। सभी भाषाओं के शब्दों का आकार समान होगा।

3. बोर्ड, साइन बोर्ड नामपट्ट और दिशा-संकेतक सर्वप्रथम हिंदी में लिखे/उकेरे जाएंगे अथवा मुद्रित/पेंट/उत्कीर्ण किए जायेंगे। राज्यों की राजभाषाओं, तथा अंग्रेज़ी भाषा का क्रम संबंधित विभाग या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

4. हिंदीतर भाषी राज्यों अर्थात 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में स्थित राज्यों में बोर्डों, साइन बोर्डों, नाम पट्टों और दिशा-संकेतकों के लिए दिनांक 18.06.1977 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/14013/5/76-रा.भा.(क-1) में निहित निर्देश, जिनके अनुसार क्षेत्रीय भाषा, हिंदी तथा अंग्रेज़ी इसी क्रम में प्रयोग की जानी है, यथावत रहेंगे।

का.ज्ञा.सं. 1/14013/07/2010-रा.भा. (नीति-1) दिनांक 7.4.2011

**2.13 सरकारी समारोहों के लिए निमन्त्रण-पत्र**

सभी सरकारी समारोहों के निमंत्रण-पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किए जाएं। कार्ड के एक ओर अंग्रेजी होनी चाहिए और दूसरी ओर हिंदी। आवश्यकता के अनुसार इनमें हिंदी और अंग्रेजी के अतिरिक्त प्रादेशिक भाषाओं का भी उपयोग किया जा सकता है। त्रिभाषिक निमंत्रण-पत्र किस प्रकार छापे जाएं, यह बात संयोजक पर छोड़ दी गई है।

[का.ज्ञा. सं. 12/9/60-रा.भा.दिनांक 21-5-1960]
[का.ज्ञा सं. 5/56/70-रा.भा.दिनांक 19-5-1970]
[का.ज्ञा. सं. 11015/80/72-रा.भा.दिनांक 10-6-1974]

**2.14 Writing of subjects on file covers in Hindi**

The subjects on the file covers of all files of the following categories in the Ministries/ Departments and their attached and subordinate offices located in Hindi speaking areas may be given in Hindi and English:

(i) Files containing noting and correspondence in Hindi.
(ii) Files opened in sections where 80% or more staff know Hindi.
(iii) Files handled by staff who know Hindi or who have been trained in Hindi.

In other cases also the practice may be followed as far as possible on voluntary basis. As regards the attached and subordinate offices located in Non-Hindi speaking areas, this practice should be followed depending on availability of staff knowing Hindi or trained in Hindi.

[O.M. No. 11015/2/73-OL, dated 19-1-1974]

2.15 **Writing of name on plates on staff cars etc.**

The names of the offices on staff cars of Ministries/Departments and attached and subordinate offices located in Hindi speaking areas should be written in Hindi as well as in English. The Hindi name will be on the top followed by the name in English.

[OM No. 11015/49/72-OL, dated 7-9-1972]

2.**16 Use of Official Language Hindi in international conferences/functions.**

In supersession of all past instructions regarding the use of Official Language Hindi in international conferences/functions etc., new comprehensive guidelines have been issued on this subject. The previous instructions issued by the Department, as referred to, are hereby withdrawn with immediate effect and new guidelines, as per the following paras, be now followed:—

(i) **Conferences/meetings organized by UN Bodies and Bodies affiliated to it**: The leader of Indian delegation will get his speech/address circulated in bilingual (Hindi/English) form and will also deliver his speech/ address in Hindi, if he knows Hindi, provided that services of the interpreter have been arranged as required.

**(ii) Conferences/meetings organized formally by Global or Regional Organisations:** If the conference/meeting is being organized in India and is being hosted by Government of India, the additional steps to be insured, besides those mentioned in para 3(1) supra, are use of both Hindi and English languages in banners, badges, name-plates, notice boards, etc. If there is no formal and legal bar in this respect, the literature, circulars, agenda, minutes, press notes etc. should also be in bilingual (Hindi/English) form.

**(iii) Conferences/meetings of International Associations/Organisations and Bodies in which India is a participating member**: The leader of Indian delegation will get his speech/address circulated in bilingual (Hindi/English) form and will also deliver his speech/address in Hindi, if he knows Hindi, provided that services of interpreter have been arranged as required.

If the conference/meeting is being organised in India and is being hosted by

**2.14 फाइल कवरों पर विषय-हिंदी में**

मंत्रालयों/विभागों और हिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित उनके संबद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों में निम्नलिखित प्रकार की सभी फाइलों के फाइल कवरों पर विषय हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखे जाए :-

(1) जिन फाइलों में टिप्पण तथा पत्र हिंदी में है,
(2) उन अनुभागों की फाइलों पर जिनमें 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा कर्मचारी हिंदी जानते हैं,
(3) हिंदी जानने वाले या हिंदी में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा निपटाई जाने वाली फाइलें।

अन्य मामलों में भी जहाँ तक हो सके स्वैच्छिक रूप से इसी प्रकार की पद्धति अपनाई जाए। अहिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित संबद्ध और वन कार्यालयों में हिंदी जानने वाले या हिंदी सीखे कर्मचारियों को उपलब्धता के आधार पर यह पद्धति अपनाई जाए।

[का.ज्ञा.सं. 11015/2/73 रा. भा., दिनांक 19-1-1974]

**2.15 स्टाफ कार की प्लेटों पर नाम**

मंत्रालयों, विभाग और हिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में स्टाफ कारों की प्लेटों पर कार्यालयों के नाम अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में लिखवाए जाएं। हिंदी में नाम ऊपर हो और अंग्रेजी में उसके नीचे।

[का.ज्ञा.सं.11015/49/72-रा.भा.दिनांक 7-9-1972]

**2.16 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों/समारोहों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग संबंधी-**

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों/समारोहों आदि में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के संबंध में सरकार द्वारा समय-समय जारी सभी पुराने निदेशों का अधिक्रमण करते हुए इस विषय पर नए व्यापक मार्गदर्शी सिद्धांत जारी करते हुए यह निदेश हुआ है कि विभाग द्वारा उपर्युक्त वर्णित पुराने संदर्भों को तत्काल प्रभाव से वापिस लेकर नए मार्गदर्शी सिद्धांतों का निम्नलिखित पैराओं के अनुसार पालन किया जाए:-

(i) **संयुक्त राष्ट्र निकाय तथा इससे सम्बद्ध निकायों द्वारा आयोजित किए जाने वाले सम्मेलन / बैठक:** भारतीय प्रतिनिधिमंडल के नेता द्वारा अपना भाषण / उद्बोधन द्विभाषी भाषण (हिंदी-अंग्रेजी) रूप में परिचालित करवाया जाएगा और अगर वे हिंदी जानते हैं तो अपना भाषण / उद्बोधन, हिंदी में देंगे, इस शर्त के साथ कि दुभाषिए की सेवाएं, मांग के अनुसार उपलब्ध कराई गई हैं।

(ii) **औपचारिक रूप से विश्वव्यापी अथवा क्षेत्रीय संगठनों द्वारा आयोजित सम्मेलन/ बैठक:** अगर सम्मेलन / बैठक भारत में आयोजित होते हैं तथा भारत सरकार इसकी मेजबानी करती है तो उपर्युक्त पैरा 3(1) में वर्णित उपायों के अतिरिक्त बैनरों, बैज, नामपट्टों सूचनापट्टों आदि में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। अगर इस संबंध में कोई औपचारिक तथा विधिक प्रतिबंध नहीं है तो साहित्य, परिपत्र, कार्यसूची, कार्यवृत्त, प्रेसनोट आदि भी द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) रूप में होने चाहिए।

**(iii) अंतरराष्ट्रीय संघ/संगठनों तथा निकाय जिनमें भारत एक भाग लेने वाला सदस्य है, द्वारा आयोजित की जाने वाली सम्मेलन/ बैठके**: भारतीय प्रतिनिधि मंडल के नेता द्वारा अपना भाषण/ उद्बोधन द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) रूप में परिचालित करवाया जाएगा तथा अगर वे हिंदी जानते हैं तो अपना भाषण / उद्बोधन हिंदी में देंगे। इस शर्त के साथ कि द्विभाषिए की सेवाएं मांग के अनुसार उपलब्ध कराई गई है।

Government of India, the additional steps to be ensured are use of both Hindi and English languages in banners, badges, name- plates, notice boards etc.

If there is no formal and legal bar in this respect, the literature, circulars, agenda, minutes, press notes etc. should also be in bilingual (Hindi and English) form.

**(iv) Bilateral meetings/talks/negotiations etc. with other countries:** The instructions as stated in paras 3(i) and 3(ii) supra should be followed, as applicable. Besides this, the bilateral agreements should be prepared and signed in bilingual form (Hindi and English).

The members of Indian delegation should, as far as feasible, use Hindi in conversation with their colleagues and counterparts during such events.

The Press conferences during the conferences/meetings being hosted by India should be addressed in Hindi and English.

All the Ministries/Departments of the Government of India are requested to render all necessary secretarial assistance and make arrangements like translators, interpreters etc. according to the above mentioned guidelines.

[O.M. No. I/14034/7/79-OL (A-1), Dt. 27.07.197]
[O.M. No. I/14034/6/85-OL (A-1), Dt. 28.01.1986]
[O.M. No. I/12024/6/87-OL (B-2), Dt. 20.04.1987]
[O.M. No. I/14013/8/94-OL (A-1), Dt. 24.05.1994]
[O.M. No. I/15016/4/97-O.L. (P-1), dated 9.6.1998]

2.17 **Use of Hindi in Exhibitions**

Whenever exhibitions are organized in Hindi speaking areas or those areas where a large number of people understand Hindi, extensive use of Hindi be made in such exhibitions as a medium of publicity. Publicity material should be made available in Hindi also to the extent possible. The Government Organizations and the Public Sector Undertakings, participating in exhibitions etc. organized by the Trade Fair Authority of India, should make use of Hindi in Exhibition to the appropriate extent and they should make use of Hindi in naming/introducing the articles exhibited.

[O.M. No. 1/14011/1/75-OL (A-1), dated 3-5-1973]
[O.M. No. 1/12021/3/84-OL(A-1), dated 23-8-1984]

2.18 **Use of Hindi in conversation during visits abroad**

Whenever officials and Indian delegations go abroad, if they use Hindi in conversation with their colleagues and counterparts, it will enhance the prestige of the country.

[OM No. 1/14034/6/85-OL (A-1), dated 28-1-1986]
[O.M. No. - 1/14034/2/2000- OL (Policy-1), dated 16.3.2000]
[O.M. No. 1/15016/04/97- OL (Policy-1), dated 09.06.1998]

2.19 **Printing of manuals, forms, codes bilingually (in diglot form)**

All forms, manuals, codes should be printed bilingually both in Hindi and English (in diglot form) Hindi headings should come first followed by English headings on the forms. The type used for Hindi letters should not be smaller in size than that used for English letters.

अगर सम्मेलन / बैठक भारत में आयोजित होते हैं तथा भारत सरकार इनकी मेजबानी करती है तो बैनरों, बैज, नामपट्टों तथा सूचनापट्टों आदि में हिंदी अंग्रेजी दोनों भाषाओं का प्रयोग सुनिश्चित किया जाए।

अगर इस संबंध में कोई औपचारिक तथा विधिक प्रतिबंध नहीं है तो साहित्य, परिपत्र, कार्यसूची, कार्यवृत्त, प्रेसनोट आदि भी द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) रूप में होने चाहिए।

(iv) **दूसरे देशों के साथ द्विपक्षीय बैठक/चर्चा/ समझौते आदि**: उपर्युक्त पैरा 3(i ) तथा 3(ii ) में वर्णित निदेशों का, जहाँ तक लागू हो, पालन किया जाए। इसके अतिरिक्त द्विपक्षीय समझौते द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) रूप में तैयार किए जाएं व हस्ताक्षरित किए जाएं।
भारतीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य जहाँ तक व्यावहारिक हो, अपने साथियों तथा समकक्ष सहयोगियों के साथ ऐसे मौकों पर बातचीत में हिंदी का प्रयोग करें।

भारत द्वारा आयोजित सम्मेलनों/ बैठकों के दौरान हुए पत्रकार सम्मेलन में संबोधन हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में हो।
भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से यह अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार सभी आवश्यक सचिवालयीय सहायता प्रदान की जाए तथा अनुवादकों, दुभाषियों आदि की व्यवस्था की जाए।

[का ज्ञा सं. 1/14034/7/79- रा.भा (क-1), दिनांक 27.7.1979]
[का.ज्ञा.सं. 1/14034/6/85-रा.भा (क-1), दिनांक 28.1.1986]
[का.ज्ञा सं. 1/2024/6/87- रा.भा (ख-2), दिनांक 20.4.1987]
[का.ज्ञा सं. 1/14013/8/94-0- रा.भा (क-1), दिनांक 24.5.1995)]
[का.ज्ञा सं. 1/15016/4/97- रा.भा (नी 1), दिनांक 9.6.1998)]

**2.17 प्रदर्शनियों में हिंदी का प्रयोग**

हिंदी भाषी क्षेत्रों में या उन क्षेत्रों में जहां की अधिकांश जनता हिंदी समझती है, प्रदर्शनियों में प्रचार माध्यम के रूप में हिंदी का अधिकाधिक इस्तेमाल किया जाए। इन क्षेत्रों में प्रदर्शनियों में प्रचार सामग्री भी यथासंभव हिंदी में उपलब्ध कराई जाए। ट्रेड फेयर अथॉरिटी आफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में भाग लेने वाली सरकारी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों द्वारा प्रदर्शनियों आदि में हिंदी का उपयुक्त प्रयोग किया जाए और अपने मंडपों में वस्तुओं के नाम / परिचय आदि देने में हिंदी का समुचित प्रयोग किया आए।

[का.ज्ञा. सं.1/14011/1/75-रा. भा (क-1) दिनांक 3-5-1973]
[का.ज्ञा.सं. 1/12021/3/84-रा. भा (क-1) दिनांक 23-8-1984]

**2.18 विदेश यात्रा के दौरान बातचीत में हिंदी का प्रयोग**

जब भी अधिकारी तथा भारतीय शिष्ट मंडल विदेशों की यात्रा पर जाएं तो अपने साथियों और समकक्ष सहयोगियों के साथ बातचीत में हिंदी का प्रयोग करें तो इससे देश का गौरव बढ़ेगा।

[का.ज्ञा.सं. 1/1403/4/6/85-रा.भा.(क-1) दिनांक 28-1-1986]
[का.ज्ञा.सं. - 1/14034/2/2000- रा.भा. (नीति 1), दिनांक 16.3.2000]
[का.ज्ञा.सं. 1/15016/04/97-रा.भा. (नीति-1), दिनांक 09.06.1998]

**2.19 नियम-पुस्तकों, फार्मों, कोडों आदि की हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी (डिगलॉट रूप में) छपाई**

मैनुअल, फार्म, कोड आदि हिंदी-अंग्रेजी (डिगलॉट रूप में) द्विभाषी छपवाए जाएं। फार्मों आदि के हिंदी शीर्षक पहले दिए जाएं और अंग्रेजी शीर्षक बाद में। हिंदी अक्षरों के टाइप अंग्रेजी से छोटे न हो।

All Ministries/Departments may issue necessary instructions to the presses and other offices under their control that they should not accept any material for printing in English only.

Instructions have been issued by the Ministry of Urban Development to the Directorate of Publication that codes/manuals etc. should be accepted for printing only when they are in bilingual form.

It has been observed that many Ministries/ Departments and their attached / subordinate offices, undertakings, the nationalized banks are using forms printed only in English, which is against the directions of Rule 11 of the Official Language Rules, 1976.

In this connection attention is invited to the Rule 12 of the Official Language Rules, 1976, in which the responsibility of the Administrative Head of each Central Government office exists to ensure that the provisions of the Official Languages Act and Official Language Rules are properly complied with. All Ministries /Deptt. are, therefore, again requested to ensure the availability and use of bilingual forms in their all Attached/Subordinate Offices, Undertakings and banks.

Some government publications are still being published separately in English and Hindi. Therefore, the Ministry of Urban Development and all other Ministries/Departments are requested to ensure that the above-mentioned rules and orders regarding printing of Government publications in bilingual form are fully complied with in the Ministries/Departments, attached and subordinate offices and Banks/Undertakings etc. Kindly send an acknowledgment of this office memorandum and provide a copy of the instructions issued on the subject to your subordinate offices etc. O.M. No.1/14011/01/2012-OL. (Policy/C.T.B.), dated 28.5.2012.

[O.M. No. 12012/5/76-OL(B), dated 31-8-1976]
[O.M. No. 1/14034/8/88-O.L (A-1), dated 31-5-1988]
[O.M. No. 12021/5/95-OL (Imp.2), dated 24-11-95]
[O.M. No. 1/14013/05/2011 OL(Policy) dated 12.4.2012]

**2.19.1 Availability of Rule Books, Procedural Literature etc. in the Official Language of the State**

All Rule Books, Procedural Literature etc. should be provided in Official Language of the State.

2. State Governments/UT Administrations are requested to please taken necessary action to implement the orders.

[O.M. No. 11011/4/2005-O.L. (Research), dated 17.3.2005]

**2.20 Making available bilingual forms**

It should be ensured that no form is printed or issued in one language only. If in any special circumstances any form is printed in Hindi and in English separately in both the languages, in that case both the Hindi and English versions should be made available at all places and it should be ensured that the members of public get the form in either language according to their choice.

Instruction may be issued to the effect that forms to be purchased from outside should be in bilingual form.

[O.M. No. 12015/5/88- O.L. (B-I), dated 20-7-1978]

सभी मंत्रालय/विभाग अपने नियंत्रणाधीन प्रेस तथा अन्य कार्यालयों को आवश्यक अनुदेश जारी करें कि वे कोई भी सामग्री केवल अंग्रेजी में छापने के लिए स्वीकार न करें।

शहरी विकास मंत्रालय की ओर से प्रकाशन निदेशालय को अनुदेश है कि कोड / मैनुअल आदि को छपाई के लिए तभी स्वीकार किया जाए जब वे द्विभाषी रूप में हों।

ऐसा देखने में आया है कि कई मंत्रालयों/विभागों एवं उनके सम्बद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों, उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि द्वारा केवल अंग्रेजी के फार्म ही प्रयोग में लाए जा रहे हैं, जो कि राजभाषा नियम 1976 के नियम 11 के अनुदेशों के प्रतिकूल हैं।

इस सम्बन्ध में राजभाषा नियम, 1976 के नियम 12 की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का उत्तरदायित्व निहित है कि वह राजभाषा अधिनियम और राजभाषा नियम के उपबंधों का समुचित अनुपालन करवाए। अतः सभी मंत्रालयों/विभागों से पुनः अनुरोध है कि वे अपने सभी सम्बद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों आदि में प्रयोग हो रहे सभी फार्म आदि अनिवार्यत: द्विभाषी रूप में उपलब्ध व प्रयोग कराना सुनिश्चित करें।

अभी भी कुछ सरकारी प्रकाशन अंग्रेज़ी और हिंदी में अलग अलग छापे जा रहे हैं। अतः शहरी विकास मंत्रालय तथा अन्य सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि सरकारी प्रकाशनों को द्विभाषी रुप में छपवाने से संबंधित उपर्युक्त नियम और आदेशों का मंत्रालयों/विभागों, संबंद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों तथा बैंकों/उपक्रमों आदि में पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित करें।

[का.ज्ञा.सं. 12012/5/76-रा.भा.(ख), दिनांक 31-8-1976]
[का.ज्ञा.सं. 1/14034/8/88-रा.भा.(क-1) दिनांक 31-5-1988]
[का.ज्ञा.सं. 12021/5/95-रा. भा., (का-2) दिनांक 24-11-1995]
[ का. ज्ञा. सं. 1/14013/05/2011-रा.भा.(नीति) दिनांक 12.4.2012]

### 2.19.1 नियम पुस्तकों, प्रक्रिया साहित्य आदि की राज्य की राजभाषा में उपलब्धता

सभी नियम पुस्तकें, प्रक्रिया साहित्य आदि राज्य की राजभाषा में उपलब्ध हों।

2. राज्य सरकारों केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध है कि आदेशों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें।

[का.ज्ञा.सं. 11011/4/2005- रा.भा.(अनु), दिनांक 17.3.2003]

### 2.20 फार्मों का द्विभाषी उपलब्ध करवाना

यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी फार्म न तो एक भाषा में छपे, न ही एक भाषा में जारी किया जाए। यदि किसी विशेष स्थिति में कोई फार्म हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अलग-अलग छपे तो उस फार्म के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तर सभी जगह उपलब्ध रहने चाहिए और इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि जनता का कोई व्यक्ति इनमें से जिस भाषा का फार्म मांगे वह फार्म उस भाषा में उसे मिल सके।

अनुदेश जारी किया जाए कि बाहर से खरीदे जाने वाले फार्म द्विभाषिक ही हों।

[का.ज्ञा.सं.12013/5/88- रा.भा.(ख-1) दिनांक 20-7-1988]

2.20 (A) **Printing of Money Order forms and other forms meant for the use of Public in regional languages.**

i. Where it is possible without unduly increasing the size of the forms, such forms should be printed in Hindi, English and the regional language, if it is different from Hindi. In such matters, the question of extra expenditure should not be an important consideration.

ii. If any sections in these forms are required to be filled in with in a Central Government office or are required for audit offices, such sections need not be translated into regional languages and should be printed in Hindi / English only.

iii. Longer forms, for example, the income tax and customs, forms, should be printed separately in Hindi-English and the regional language. In these forms also the exception mentioned in (ii) above should apply.

[O.M. No. 12012/11/78-O.L.(B-I), dated 8-9-1978]
[O.M. No. 7/9/65-O.L., dated 25-3-1968]

2.21 **Agenda/Notes on Agenda/Minutes of conferences, meetings in Hindi/English in bilingual form.**

Agenda, notes on the agenda and minutes of Inter-departmental and department meetings and conference of Ministries/Departments and attached & subordinate offices of Central Government located in Hindi speaking areas and companies as well as corporations owned or controlled by them, should be issued both in Hindi and English. Only those subjects could be exceptions which are required to be included in the agenda at the last stage.

[O.M. No. 14-3-69-O.L., dated 13-8-70]
[O.M. No. 11018-9-74-O.L., dated 12-3-74]
[O.M. No. 11018-9-74-O.L., dated 12-3-74]

**2.21 (A) Issue of agenda and minutes of the meetings of the Ministries/Departments/ Offices/ Undertakings etc. situated in Region 'A', only in Hindi.**

Agenda/ minutes etc. and correspondence relating to them, meant for circulation only in Region 'A' may be circulated in Hindi only.

[O.M. No. 1/14034/6/88-O.L., (A-1) dated 20-6-1988]
[O.M. No. 1/20012/3/92-O.L., (A-1) dated 30-7-1992]

**2.21(B) Use of regional language,Hindi and English in forms, of public utility and in notice boards displayed for their information by Central Govt. offices located in Non-Hindi speaking areas.**

As per the Department of Official Language O.M. No. 7/9/65-O.L., dated 25.3.68 wherein, keeping in view the administrative requirement and convenience of the public, instructions have been issued regarding printing in Hindi, English and regional language, if it is different from Hindi, of forms such as money-order forms etc. of public utility by the Central Govt. Ministries/Departments etc. located in non-Hindi speaking areas. Similarly, instructions have also been issued vide Department of Official Language O.M. No. 1/14013/5/76-O.L.(A-1), dated 18.6.77 (Copy enclosed) regarding use of regional language, Hindi and English on notice boards etc. displayed for information of the public,

**2.20 (क) मनीआर्डर फार्म और जनता द्वारा इस्तेमाल में लाए जाने वाले इसी प्रकार के अन्य फार्मों का प्रादेशिक भाषाओं में मुद्रण**

(i) जहां अनावश्यक रूप से फार्मों का आकार बढ़ाए बिना संभव हो वहां ऐसे फार्मों को हिंदी, अंग्रेजी और प्रादेशिक भाषा (यदि वह हिंदी के अलावा हो) में छापा जाए। ऐसे मामलों में होने वाले अतिरिक्त व्यय को महत्व न दिया जाए।

(ii) 'यदि ऐसे फार्मों का कोई खंड सरकारी कार्यालय में भरा जाने वाला हो या उसकी लेखा परीक्षा कार्यालय में आवश्यकता हो तो ऐसे खंडो को प्रादेशिक भाषाओं में अनूदित करना आवश्यक नहीं है और उन्हें केवल हिंदी / अंग्रेजी में छापा जाना चाहिए।

(iii) लम्बे फार्म, जैसे आयकर और सीमा शुल्क के फार्म, हिंदी, अंग्रेजी और प्रादेशिक भाषाओं में अलग-अलग रूप से छापे जाने चाहिए। इन फार्मों के लिए भी उपर्युक्त (ii) में उल्लिखित विकल्प लागू होगा।

[का.ज्ञा.सं. 12012/11/78-रा.भा.(ख-1) दिनांक 8-9-1978 ]
[का.ज्ञा.सं. 7/9/65- रा .भा., दिनांक 25-3-1968, अनुपूरक ]

**2.21 सम्मेलनों, बैठकों की कार्यसूची/कार्यसूची की टिप्पणियाँ/कार्यवृत्त हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप में**

मंत्रालयों/विभागों तथा हिंदी भाषी क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के संबद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों और उनके नियंत्रण में या स्वामित्व में काम करने वाली कंपनियों तथा निगमों की अंतर- विभागीय तथा विभागीय बैठकों व सम्मेलनों की कार्यसूची, कार्यसूची की टिप्पणियों और कार्यवृत्त को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जारी किया जाए। जो विषय बहुत बाद में कार्यसूची में शामिल किए जाने आवश्यक है, उनके लिए अपवाद हो सकता है।

[का.ज्ञा.सं. 14-3-69- रा.भा. दिनांक 13-8-1970 क्रम सं. 46 ]
[का.ज्ञा.सं. 11018/9/74- रा.भा. दिनांक 12-3-1974, कम सं. 47 ]
[का.ज्ञा.सं. 11018/9/74- रा.भा. दिनांक 12-3-1974. क्रम सं० 48 ]

**2.21 (क) 'क' क्षेत्र में स्थित मंत्रालयों/विभागों ओर कार्यालयों/उपक्रमों आदि की बैठकों की कार्यसूची तथा कार्यवृत्त केवल हिंदी में जारी करना**

केवल "क" क्षेत्र में परिचालित होने वाली कार्यसूची, कार्यवृत्त आदि एवं उससे संबंधित पत्राचार केवल हिंदी में परिचालित किए जा सकते हैं।

[का.ज्ञा.सं.1/14034/6/88-रा.भा.(क-1). दिनांक 20-6-1988]
[का.ज्ञा.सं. 1/20012/3/92-रा.भा.(क-1) दिनांक 30-7-1992 ]

**2.21 (ख) हिंदीतर भाषी क्षेत्र में स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों द्वारा जनता के प्रयोग के लिए फार्म तथा उनकी सूचना को क्षेत्रीय भाषा, हिंदी तथा अंग्रेजी में लगाया जाए**

विभाग के दिनांक 25.3.1968 के का.ज्ञा.सं.7/9/65 – रा.भा द्वारा हिंदीतर भाषी क्षेत्रों में स्थित भारत सरकार के मंत्रालयों/ विभागों आदि द्वारा प्रशासनिक अपेक्षाओं और जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, जनता के इस्तेमाल में लाए जाने वाले फॉर्म, जैसे मनीआर्डर फॉर्म आदि हिंदी और प्रादेशिक भाषा में मुद्रित कराए जाने के निर्देश दिए गए है। इसी प्रकार राजभाषा विभाग के दिनांक 18.6.77 के का.ज्ञा. सं. I/14013/5/76-रा.भा(क-1) में हिंदीतर

by the Central Govt. offices located in non-Hindi speaking states.

2. Ministry of Finance etc. are requested to comply with the above orders and also ensure compliance by their Attached/Subordinate offices and Corporations, Undertakings, Banks etc. owned or controlled by them, spread all over the country.

[O.M. No. 13034/34/97-O.L. (P. & C.), dated 4.1.2002]

2.22 **Use of Hindi on badges**

Officers/employees of Central Govt. should wear their service or office badges in Hindi also besides English. Since emblems and service badges to be worn on caps and shoulders are the symbols of organization and service, they may be prepared in Devanagri alone. The names to be embroidered on uniforms should also be embroidered on uniforms should also be embroidered in both the languages. These orders are applicable to all uniform wearing officers/employees of Central Govt. working in all states.

[O.M. No. 1/14011/5/77-O.L., (A-1) dated 15-7-77]
[O.M. No. 1/14011/5/77-O.L., (A-1) dated 29-12-77]
[O.M. No. 1/14011/5/77-O.L., (A-1) dated 22-7-78]

2.23 **Entries in Service-Books/Registers of employees**

Entries in Registers/Services-Books maintained in the Central Govt. offices located in regions 'A' and 'B' should be made in Hindi. Such entries in registers/service-books maintained of offices located in region 'C' may, as far as possible, be made in Hindi.

[O.M. No. 12024/2/92-O.L., (A-1) dated 22-7-78]

2.24 **Entries in Peon-Books**

Entries in the Peon-Books should be recorded in Hindi by the Central Government offices located in Region 'A' and 'B'.

[OM No. 11015/14/74-OL, (A-1) dated 30-10-7-74]

2.25 **Description in Hindi also on the commodities manufactured by Public Undertakings**

The description on the commodities manufactured by various undertakings of the Central Govt. should be given in Hindi also, besides English.

[OM No. 14011/1/76-OL, (A-1) dated 27-2-76,

2.26 **Publication of Reports presented in the annual meetings of Govt. Companies, corporations etc. in Hindi also**

The reports presented by the Chairman etc., at the annual meetings of Shareholders of Govt. Companies/Corporations etc. should be published in Hindi also and where a summary of proceedings of the meeting as well as that of annual reports is published in Newspapers, their Hindi text should also be got published in the Hindi Newspapers.

[O.M. No. 11015/8/73-O.L., dated 8-8-74]

**2.27 Specifying the notified offices for the use of Hindi**

1. In all such Central Govt. Offices, situated in Region 'A' and 'B' of the Official Language Rules, which have been notified under Rule 10 (4), all employees who possess proficiency in Hindi should, with effect from 1-4-1988, submit drafts of the following categories of communications only in Hindi:-

राज्यों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों द्वारा जनता की सूचना के लिए लगाए जाने वाले नोटिस बोर्डों आदि में क्षेत्रीय भाषा हिंदी अंग्रेजी के प्रयोग के निदेश जारी किए गए हैं।

2. वित्त मंत्रालय आदि से अनुरोध है कि स्वयं उपर्युक्त आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा पूरे देश में फैले अपने अधीन कार्यालयों और अपने नियंत्रणाधीन अथवा स्वामित्व वाले निगमों, उपक्रमों, बैंकों आदि द्वारा भी इन आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

(का.ज्ञा.सं. 14034/34/97- रा.भा. (नीति एवं समन्वय) दिनांक 4.1.2002

**2.22 बिल्लों पर हिंदी का प्रयोग**

केंद्रीय सरकार के अधिकारी/कर्मचारी अपनी सेवा अथवा कार्यालय नाम के बिल्ले अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी लगाएं। टोपी और कन्धे पर लगाए जाने वाले प्रतीक चिह्न और सेवा संबंधी बिल्ले, जो संगठन और सेवा के प्रतीक होते हैं, केवल देवनागरी में तैयार किए जा सकते है। वर्दियों पर काढ़े जाने वाले नाम भी दोनों भाषाओं में काढ़े जाएं। ये आदेश सभी राज्यों में काम कर रहे वर्दी पहनने वाले केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों/अधिकारियों पर लागू होते हैं।

[का.ज्ञा.सं. 1/14011/5/77-रा.भा. (क-1) दिनांक 15-7-1977]
[का.ज्ञा.सं. 1/14011/5/77-रा.भा. (क-1) दिनांक 29-12-1977]
[का.ज्ञा.सं. 1/14011/5/77- रा.भा. (क-1) दिनांक 22-7-1978]

**2.23 कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं/रजिस्टरों में प्रविष्टियां**

"क" व "ख" क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में रखे जाने वाले रजिस्टरों/सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में भी की जाएं। "ग" क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में ऐसी प्रविष्टियां यथासंभव हिंदी में की जाएं।

[का.ज्ञा.सं. 12024/2/92-रा.भा.(ख-2), दिनांक 21-7-1992]

**2.24 पियन बुकों में प्रविष्टियां**

"क" और "ख" क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों द्वारा पियन बुक में प्रविष्टियां हिंदी में की जाएं।

[का.ज्ञा.सं. 11015/14/74-1 रा.भा.(-1), दिनांक 30-10-1974]

**2.25 सरकारी उद्यमों द्वारा तैयार किए जाने वाले माल पर विवरण हिंदी में भी देना**

सरकार के विभिन्न उद्यमों द्वारा तैयार किए गए माल पर विवरण अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी दिए जाएं।

[का.ज्ञा.सं. 14011/1/76-रा.भा, (क-1), दिनांक 27-2-1976]

**2.26 सरकारी कंपनियों, निगमों आदि की वार्षिक बैठकों में प्रस्तुत रिपोर्टों का हिंदी में भी प्रकाशन**

सरकारी कंपनियों/निगमों आदि के शेयर होल्डरों की वार्षिक बैठकों में अध्यक्षों आदि द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट हिंदी में भी प्रकाशित की जाएं और जहां बैठक की कार्यवाही तथा वार्षिक रिपोर्ट का सारांश समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है, वहां उनके हिंदी पाठ को हिंदी समाचार पत्रों में भी प्रकाशित कराया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 11015/8/73-रा. भा., दिनांक 8-8-1974]

**2.27 अधिसूचित कार्यालयों को हिंदी का प्रयोग करने के लिए विनिर्दिष्ट करना**

1. "क" और "ख" क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालयों, जो राजभाषा नियम 10(4) के अन्तर्गत अधिसूचित किए गए हैं, में हिंदी में प्रवीणता प्राप्त सभी कर्मचारी 1-4-1988 से निम्नलिखित पत्र आदि का प्रारूप केवल हिंदी में प्रस्तुत करें:-

(1) All communications to State Governments or U.T. Administrations in Region 'A' and 'B' and all offices undertakings etc. of the Central Govt situated in or any person living in these regions.

(2) Replies to all communications received in Hindi.
(3) Reply to any application, appeal or representation from any employee written or signed in Hindi.
(4) Notings on related files.

2. In accordance with the definition of 'Central Govt. Offices' as given in rule 2(b) of Official Language Rules, 1976 these orders shall apply to offices of all Ministries/Departments and their attached and subordinate offices and all Corporations, Companies or Nationalized Banks etc. owned or controlled by the Central Government.
3. Ministries/Departments/Offices of Central Govt. and Undertaking, Banks etc. owned or controlled by Central Govt., may if they so desire issue orders under Rule 8 (4) for use of Hindi only for any purpose other than the purposes mentioned in Para 1, by employees possessing proficiency in Hindi, keeping in view the nature of work and circumstances of their Department/Office etc.
4. All Ministries/Departments and their attached and subordinate offices, Undertakings, Nationalized Banks etc. should organize workshop for training of their employees who possess proficiency in Hindi and those who supervise the work of such employees before 1-4-1988 so that such employees may get necessary practice to submit the drafts in Hindi and to approve such drafts.

[O.M. No. 1/14013/9/87-O.L.,(A-1), dated 23-11-87]
[O.M. No. 1/14013/9/87-O.L., (A-1), dated 5-9-88]

**2.28 Use of Hindi in Training Institutes**

Arrangements for teaching in the training institutes of the Central Government should be made as under:-

1. Teaching material may be got prepared in both the languages and made available to the trainees in either Hindi or English as required by them, in all the Training Institutes of the Central Govt. irrespective of the region in which they are located.

2. If there is an examination at the end of or during the course of training, the question paper for such an examination may be got prepared in both the languages and trainees may be given the option of answering the question either in Hindi or in English.

3. The training may be imparted in Hindi in courses where candidates from Region 'A' and 'B' only participate. But if the trainees, who desire to undergo training in English, are in adequate number, arrangements may be made to impart them training in English also.

4. In the training courses where the trainees come from Region 'C' or from all regions, training may be imparted in English. But if the trainees who desire to undergo training in Hindi, are in adequate number, arrangements may be made to impart them training in Hindi.

(1) "क" तथा "ख" क्षेत्र की राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन और इन क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों आदि और गैर सरकारी व्यक्तियों को जाने वाले सभी पत्रादि।

(2) हिंदी में प्राप्त सभी पत्र आदि के उत्तर।

(3) किसी कर्मचारी द्वारा हिंदी में दिए गए या हस्ताक्षर किए गए आवेदन अपील या अभ्यावेदन का उत्तर।

(4) संबंधित पत्रावलियों पर टिप्पणियां।

2. ये आदेश राजभाषा नियम, 1976 के नियम 2 (ख) में केंद्रीय सरकार के कार्यालय की परिभाषा के अनुसार केंद्रीय सरकार के सभी मंत्रालय विभाग / संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय और केंद्रीय सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण के अधीन सभी निगमों, कम्पनियों या राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि पर लागू होंगे।

3. केंद्रीय सरकार के मंत्रालय/ विभाग/कार्यालय /उपक्रम/बैंक आदि अपने विभाग/कार्यालय आदि के काम और परिस्थिति को देखते हुए यदि ऊपर पैरा 1 में दिए गए प्रयोजनों के अलावा अपने विभाग/कार्यालय आदि में हिंदी प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों द्वारा किसी प्रयोजन के लिए हिंदी में काम करने का निदेश देना चाहें तो इस बारे में आदेश नियम 8(4) के अधीन स्वयं जारी करेंगे।

4. सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/ उपक्रम/राष्ट्रीयकृत बैंक आदि उपरोक्त आदेश को कार्यान्वित करने के लिए अपने कार्यालयों आदि में हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों/अधिकारियों और उनके ऊपर काम देखने वाले अधिकारियों के लिए कार्यशालाओं का दिनांक 1-4-1988 के पहले आयोजन कर लें, जिससे इन कर्मचारियों/अधिकारियों को हिंदी में प्रारूप प्रस्तुत करने और उनका अनुमोदन करने का आवश्यक अभ्यास हो जाए।

[का.ज्ञा.सं. 1/14013/9/87- रा.भा. (-1). दिनांक 23-11-1987]

[का.ज्ञा.सं. 1/14013/9/87- रा. मा. (क-1). दिनांक 5-9-1988]

**2.28 प्रशिक्षण संस्थानों में हिंदी का प्रयोग**

केंद्रीय सरकार के प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ाने की व्यवस्था इस प्रकार की जाए:

(1) केंद्रीय सरकार के सभी प्रशिक्षण संस्थानों में चाहे वे किसी भी क्षेत्र में स्थित हों, प्रशिक्षण सामग्री दोनों भाषाओं में तैयार कराई जाए और प्रशिक्षणार्थियों की मांग के अनुसार हिंदी या अंग्रेजी में उन्हें उपलब्ध कराई जाए।

(2) यदि प्रशिक्षण के दौरान या अंत में परीक्षा ली जाती हो तो ऐसी परीक्षा में प्रश्न पत्र दोनों भाषाओं में तैयार कराए जाएं तथा प्रशिक्षणार्थियों को इस बात की छूट दी जाए कि ये प्रश्नों का उत्तर हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते हैं।

(3) यदि किसी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में केवल "क" तथा "ख" क्षेत्र से प्रशिक्षणार्थी आते हैं तो वहां सामान्यतया हिंदी में प्रशिक्षण दिया जाए। परन्तु यदि पर्याप्त मात्रा में प्रशिक्षणार्थी अंग्रेजी में प्रशिक्षण लेना चाहें तो उनके लिए अंग्रेजी में भी प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाए |

(4) जिन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए "ग" क्षेत्र से या सभी क्षेत्रों से प्रशिक्षणार्थी आते हैं, वहां अंग्रेजी में प्रशिक्षण दिया जा सकता है। परन्तु यदि पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षणार्थी हिंदी में प्रशिक्षण लेना चाहें, तो उनके लिए हिंदी में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाए।

5. Where trainees desirous of getting training in Hindi are not in adequate number, there also, as far as possible, persons having knowledge of both Hindi and English may be called for lectures so that trainees are able to ask questions either in Hindi or in English according to their convenience.

6. The instructors of the training institutes should possess the working knowledge of both Hindi and English languages. The instructors who do not have the working knowledge of Hindi may be imparted training in Hindi language. Arrangements will be made for running short-term intensive training courses in the Kendriya Hindi Prashikshan Sansthan under Department of Official Language for this purpose.

7. If the qualified instructors for imparting training in Hindi are not available in an institute, where training is required to be imparted in Hindi according to the above guidelines, training may be imparted in a mixed language of Hindi and English.

The above directions shall be applicable to the Undertakings & Banks etc. owned or controlled by the Central Government.

These directions shall apply to the training courses beginning after 1st January, 1989. The training institutes may, in the meantime, make necessary arrangements for the implementation of these directions; such as to translate the training material in Hindi and to impart working knowledge of Hindi etc. to the instructors.

[O.M. No. 13034/50/87-O.L.,(C), dated 6-11-87]
[O.M. No. 14012/8/88-O.L.,(C), dated 7-9-88]

2.29 **Collecting of information regarding number of employees having working knowledge of Hindi & notifying offices in the Gazette.**

Statistics regarding employees having working knowledge of Hindi should be collected and the offices, where 80% or more employees (excluding group 'D') are having working knowledge of Hindi should be notified in the Official Gazette under the Official Language Rule 10(4). A copy of the notification should also be sent to the Department of Official Language.

[O.M. No. 1/14011/18/76-O.L.,(A-1), dated 24-1-1977]

2.30 **Publication of the Govt. publications etc. in bilingual form**

The Committee of Parliament on Official Language, constituted in pursuance of section 4 of the Official Languages Act, 1963, have made the following recommendations in their Report (Volume-IV) on the above subject:-

"The Ministries/Departments/Organizations etc. of the Govt of India should not bring out publications in English alone but only in bilingual form. The number of printed Hindi publications should not be, in any way, less than those in English, and the number of pages for Hindi in bilingual publications should not be less than that of English and new original publications may be brought out in Hindi."

2. As per the Resolution No. 12019/10/91-O.L.(Int.) dated 28-1-1992, issued by the Department of Official Language, the recommendation of the Committee has been accepted.

3. In this regard it is mentioned that according to the provision of Rule-11 of the Official Language Rules, 1976 all Procedural Literature is required to be printed, cyclostyled and published as the case may be both in Hindi and English in diglot form. Besides, under the provision of section 3(3) of the Official Language Act, 1963 (as amended, 1967), all administrative and other reports should be brought out positively in both Hindi and English.

(5) जहाँ पर्याप्त संख्या में हिंदी में प्रशिक्षण पाने के इच्छुक प्रशिक्षणार्थी न हो वहां भी, जहां तक संभव हो सके, ऐसे व्यक्तियों को भाषण के लिए बुलाया जाए जो हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं का ज्ञान रखते हों, ताकि प्रशिक्षणार्थी अपनी सुविधानुसार हिंदी या अंग्रेजी में प्रश्न पूछ सकें।

(6) प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षकों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए। जिन प्रशिक्षकों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त न हो, उन्हें हिंदी भाषा का प्रशिक्षण दिलाया जाए। राजभाषा विभाग के अधीन केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान में इसके लिए अल्पकालीन गहन पाठ्यक्रम चलाने की व्यवस्था की जाएगी।

(7) यदि किसी प्रशिक्षण संस्थान में जिसमें उपर्युक्तानुसार हिंदी में प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, हिंदी में प्रशिक्षण देने के लिए योग्य प्रशिक्षक उपलब्ध न हों वहां पर प्रशिक्षण अंग्रेजी व हिंदी की मिलीजुली भाषा में भी दिया जा सकता है।
ये निदेश केंद्रीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन उपक्रमों व बैंकों आदि पर भी लागू होंगे।

ये निदेश 1 जनवरी, 1989 के बाद आरंभ किए जाने वाले प्रशिक्षण कोर्सों पर लागू होंगे। प्रशिक्षण संस्थाएं इस दौरान इन निदेशों के अनुपालन के लिए आवश्यक तैयारी कर लें, जैसे प्रशिक्षण सामग्री का हिंदी में अनुवाद और प्रशिक्षकों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान दिलाना, इत्यादि।

[का.ज्ञा.सं. 13034/50/87- रा. भा.(ग) दिनांक 6-11-1987 ]
[का.ज्ञा.सं. 14012/8/88-रा.भा.(ग), दिनांक 7-9-1988]

**2.29 हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों की संख्या का पता लगाना और कार्यालयों को राजपत्र में अधिसूचित करना**

ऐसे कर्मचारियों के आंकड़े इकट्ठे किए जाएं जिन्हें हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है और ऐसे कार्यालयों को, जहां के 80% या अधिक कर्मचारियों को (समूह "घ को छोड़कर) हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान हो गया है राजपत्र में राजभाषा नियम 10(4) के अन्तर्गत अधिसूचित किया जाए। अधिसूचना की प्रतिलिपि राजभाषा विभाग को भेजी जाए।

[का.ज्ञा.सं. 1/14011/18/76-रा.भा.(क-1) दिनांक 24-1-1977]

**2.30 सरकारी प्रकाशनों आदि का द्विभाषी रूप में प्रकाशन**

राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 4 के अनुसरण में गठित संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन खण्ड-4 में उपर्युक्त विषय में निम्नलिखित संस्तुति की गई हैः-

“भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/संगठनों आदि द्वारा केवल अंग्रेजी में ही नहीं बल्कि द्विभाषी रूप में ही प्रकाशन निकाले जाएं। हिंदी प्रकाशनों की मुद्रित संख्या अंग्रेजी प्रकाशनों की तुलना में कम न हो और द्विभाषिक प्रकाशनों में हिंदी के पृष्ठों की संख्या अंग्रेजी के पृष्ठों की संख्या से कम न हो और हिंदी में नए मौलिक प्रकाशन निकालें जाएं”।

2. राजभाषा विभाग के 28-1-1992 के संकल्प सं.- 12019/10/91- रा.भा.(भा.) के अनुसार समिति की उक्त संस्तुति स्वीकार कर ली गई है।

3. इस संबंध में उल्लेखनीय है कि राजभाषा नियम, 1976 के नियम 11 में किए गए प्रावधान के अनुसार, प्रक्रिया संबंधी सभी साहित्य हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी (डिग्लॉट) रूप में यथास्थिति मुद्रित, साइक्लोस्टाइल और प्रकाशित किया जाना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त राजभाषा अधिनियम, 1963 [यथासंशोधित 1967 की धारा 3(3)] में प्रावधान है कि सभी प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ही निकाले जाएं।

4. In this context, it may kindly be ensured that the decision taken on the recommendation of the Committee of Parliament on Official Language, is fully complied with and the required check-points be devised so that publications mentioned under section 3(3) of the O.L. Act, are published in diglot form only and any other publication is neither published in English alone, nor the number of copies of the Hindi version is less than that of English one.

**2.31 Use of Hindi in disciplinary proceedings in respect of officers/employees in Region 'A'**

Disciplinary proceedings in respect of all officers/employees in region 'A' should be conducted in Hindi. As an exception, if the enquiry officer does not have working knowledge of Hindi or concerned officer/employee so desires, the disciplinary proceedings may be conducted in English.

[O.M. No. 1/14013/15/87-O.L., (A-1), dated 30-10-1987]

2.32 **Notification of Ministries/ Departments under Rule 10(4) of the Official Languages (Use for official purposes of the Union) Rules, 1976 - Clarification regarding**

Action regarding notification of Ministries / Departments under Rule 10(4) of the Rules will be taken by Deptt of Official Language, Ministry of Home Affairs. Notifications in respect of Attached/Subordinate Offices/Undertakings/Corporations/Banks etc. will be issued by the concerned Ministry/Deptt. Prior permission of the Deptt of Official Language is not necessary while issuing such notifications. Only a copy of notification may be sent to the Deptt. of Official Language for information. However in case of de-notification of any Attached/Subordinate Offices / Undertakings / Corporations / Banks etc. under these rules, the prior concurrence of the DOL would be necessary.

[O.M. No. 12014/1/87-O.L.,(B-2), dated 11-3-1988]

**2.33 Optimum utilization of the staff trained in Devanagri typing and Stenography**

All the Departments etc. should make optimum use of the services of employees trained in Hindi typing and Hindi stenography for Hindi work and wherever sufficient number of Devanagri typewriters are not available for these persons, additional Devanagri typewriters should be purchased immediately and if there are any other reasons due to which the services of trained employees are not utilized for Hindi work, these reasons should be immediately addressed to.

All the remaining employees who are yet to be trained in Hindi typing and Hindi stenography should be got trained by the end of 1994-95 under a time bound programme. It may be ensured that the annual training targets are raised by 20% every year.

[O.M. No. 13015/1/90-O.L. (D), dated 17-7-1990]

**2.34 Encouraging the presentation of research papers etc. in Hindi in Scientific and Technical Seminars, conferences etc., and their publication in Scientific Journals.**

Kindly refer to Department of Official Language O.M. No. 20034/5/88-(R&D unit) dated 10 May, 1988 (Circular No. 37/ 88) on the above mentioned subject, wherein it was

4. इस परिप्रेक्ष्य में कृपया संसदीय राजभाषा समिति की संस्तुति पर किए गए निर्णय का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और आवश्यक जांच बिन्दु भी निश्चित कर दिए जाएं ताकि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) में उल्लिखित प्रकाशन डिगलॉट फॉर्म में ही छपे और अन्य कोई भी प्रकाशन न तो केवल अंग्रेजी में प्रकाशित किया जाए और न ही उसके हिंदी रूप की मुद्रण संख्या अंग्रेजी रूप की मुद्रण संख्या से कम हो।

**2.31 'क' क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों से संबंधित अनुशासनात्मक कार्रवाई हिंदी में करना**

"क" क्षेत्र में सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई हिंदी में की जाए। अपवादस्वरूप, यदि जाँच अधिकारी को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान न हो या यदि संबंधित अधिकारी/कर्मचारी माँग करे तो यह कार्रवाई अंग्रेजी में की जा सकती है।

[का.ज्ञा.सं. 1/14013/15/87-रा.भा.(क-1). दिनांक 30-10-1987]

**2.32 राजभाषा (संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम 1976 के नियम 10(4) के अन्तर्गत मंत्रालयों/विभागों को अधिसूचित करना- स्पष्टीकरण**

राजभाषा नियम 10(4) के अन्तर्गत सभी मंत्रालयों/विभागों को अधिसूचित करने की कार्रवाई गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा की जाएगी। मंत्रालयों/विभागों के अधीनस्थ / संबद्ध कार्यालयों, उपक्रमों, निगमों, बैंकों आदि के कार्यालयों को अधिसूचित करने की कार्रवाई उनके संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा ही की जाएगी। ऐसा करते समय राजभाषा विभाग की पूर्वानुमति की आवश्यकता नहीं है केवल अधिसूचना की एक प्रति राजभाषा विभाग को सूचनार्थ भेज देना ही पर्याप्त है। यदि मंत्रालय/विभाग अपने किसी अधिसूचित अधीनस्थ / संबद्ध कार्यालय, उपक्रम, निगम, बैंक आदि के कार्यालय की अधिसूचना को रद्द करें तो इसके लिए उन्हें राजभाषा विभाग की पूर्व सहमति अवश्य ले लेनी चाहिए।

[का.ज्ञा.सं. 12014/1/87-रा.भा.(ख-2), दिनांक 11-3-1988]

**2.33 देवनागरी टंकण व आशुलिपि में प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं का समुचित उपयोग**

देवनागरी टंकण व आशुलिपि में प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं का हिंदी के काम में समुचित उपयोग किया जाए। जहाँ उनकी संख्या के अनुरूप टाइपराइटर उपलब्ध नहीं है वहां तुरन्त देवनागरी टाइपराइटर खरीदे जाएं। यदि किसी अन्य कारण से प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं का हिंदी के काम में उपयोग नहीं हो पा रहा है तो उन कारणों को तुरन्त हटाया जाए।

हिंदी टंकण / आशुलिपि के लिए वर्तमान में शेष रहे सभी प्रशिक्षणार्थी कर्मचारियों को समयबद्ध योजना के अनुसार वर्ष 1994-95 के अंत तक प्रशिक्षित करा लिया जाए. इसके लिए प्रतिवर्ष प्रशिक्षण के लक्ष्य में 20% वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

[का.ज्ञा.सं. 13015/1/90- रा.भा. (घ) दिनांक 17-7-1990]

**2.34 वैज्ञानिक तथा तकनीकी संगोष्ठियों, सम्मेलनों आदि में हिंदी में शोध पत्र आदि प्रस्तुत करने को बढ़ावा दिया जाना और वैज्ञानिक पत्रिकाओं में उनका प्रकाशन।**

कृपया उपर्युक्त विषय पर राजभाषा विभाग का दिनांक 10 मई, 1988 का कार्यालय ज्ञापन संख्या 20034/5/88- अनु- एवं वि. एकक, (परिपत्र संख्या 37/88 देखें)। उसमें यह प्रावधान किया गया था कि भारत सरकार

provided that option to present research papers etc. in Hindi should be given for all types of seminars, discussions, conferences etc. organized by the Ministries/Departments/Offices of the Government of India, Undertakings, Corporations, Commission and Banks etc. and the scientists, technicians and other personnel should be inspired and encouraged to read papers in Hindi in seminars etc. In seminars where papers are to be presented also in Hindi, arrangements for an interpreter (Hindi-English) may be made and a copy of the research paper in Hindi be made available to him/her in advance, so that English translation of the research paper could be simultaneously made available to the participants of the seminar. Efforts should be made also to organize separate seminars in Hindi.

2. Scientific and Technical Departments were further requested vide the said O.M. to make arrangements for publishing the papers in Hindi on scientific and technical subjects in the forthcoming issues of the journals or for bringing out separate scientific journals for them as per recommendations of the seminar. It was also requested that one copy each of the journals should be sent to the Department of Official Language.

3. Thereafter, the instructions, contained in Office Memorandum dated 10 May, 1988 were reiterated vide O.M. No. 20034/5/88 (R&D)-Unit dated 21.12.88 and details of the research papers presented or to be presented in Hindi in scientific and technical seminars and conferences etc., were sought in a prescribed proforma. On the basis of information received, the attention of concerned departments was also invited towards the provisions contained in O.M. dated 10 May, 1988.

4. This has been observed that some of the Technical Departments/Research Laboratories/Laboratories etc. where scientific & technical seminars/conferences are being organized, have not taken steps as desired to encourage preparation of research papers in Hindi. In this connection, it may be mentioned that it is absolutely necessary to ensure meticulous compliance with all the provisions contained in this Department's O.M. dated 10 May, 1988 to popularize science & technology and to make the access of common people to recent techniques. It would also be necessary to identify such scientists, engineers & technicians who should prepare their research papers in Hindi, read them in various seminars & conferences and participate in discussions. It is requested that efforts should be made also to make the maximum and latest information available to the public through Hindi medium so that benefits of progress in various fields and day-to- day new researches could be made accessible to the public. Arrangements should be made to apprise this Department of the measures taken in this respect from time to time.

[O.M. No. 20034/5/88- (R&A), dated 10-5-1988, 21-12-1988 &20-08-1990]
[O.M. No. 20034/23/92- (R&A), dated 31-3-1992]

## 2.35 **Use of Hindi Telephone Directory**

It is desirable that Ministries/Departments/Offices of the Central Govt. located in Delhi should make maximum use of Hindi Telephone Directory.

[O.M. No. 6/57/70- O.L., dated 08-10-1970]
[O.M. No. 1/38/70- O.L., dated 22-07-1971]

## 2.36 **To ensure compliance of provisions of Official Languages Act, 1963 (as amended in 1967)- Obligatory publication of telephone directories in Hindi and English**

It is obligatory that Department of Telecommunications publish Hindi and English versions of telephone directories simultaneously; Telephone offices in different cities in regions ‘A’ and ‘B’ should publish Hindi versions of telephone directories before the

के मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों, उपक्रमों, निगमों, आयोगों और बैंकों आदि द्वारा आयोजित की जाने वाली सभी प्रकार की संगोष्ठियों, परिचर्चाओं, सम्मेलन आदि में न केवल राजभाषा हिंदी में शोधपत्र आदि पढ़ने की छूट दी जाए बल्कि वैज्ञानिकों/ तकनीशियनों और अन्य कार्मिकों को हिंदी में पेपर पढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाए। जिन संगोष्ठियों आदि में हिंदी में भी शोध पत्र पढ़े जाएं, उनमें हिंदी-अंग्रेजी दुभाषिए की व्यवस्था की जाए और हिंदी के शोध पत्र की एक प्रति उसे पढ़ने दी जाए ताकि वह साथ के साथ शोधपत्र का अंग्रेजी अनुवाद संगोष्ठी में भाग लेने वालों को सीधे उपलब्ध करवा सकें। केवल हिंदी में संगोष्ठियां भी आयोजित करने का प्रयत्न किया जाए।

2. उक्त कार्यालय ज्ञापन में वैज्ञानिक तथा तकनीकी विभागों से यह भी अनुरोध किया गया था कि सेमिनार की सिफारिश के अनुसार वे हिंदी में वैज्ञानिक और तकनीकी विषयों पर पेपर छापने के लिए या तो आगे निकलने वाली पत्रिकाओं में ही उन्हें छापने के प्रबन्ध करें या उनके लिए अलहदा वैज्ञानिक पत्रिका निकाले। उन पत्रिकाओं को एक प्रति राजभाषा विभाग को भी सूचना के लिए भेजने का अनुरोध किया गया था।

3. इसके पश्चात् दिनांक 21.12.1988 को कार्यालय ज्ञापन संख्या 20034/5/88- अवि एकक द्वारा पुनः दिनांक 10 मई, 1988 के कार्यालय ज्ञापन में दिए गए अनुदेशों को दोहराते हुए एक निर्धारित प्रोफार्मा में वैज्ञानिक और तकनीकी संगोष्ठियों और सम्मेलनों आदि में पढ़े गए और पढ़े जाने वाले शोध पत्रों का विवरण मांगा गया था। प्राप्त विवरणों के अनुसार, संबंधित विभागों आदि का ध्यान इस विभाग के दिनांक 10 मई, 1988 के कार्यालय ज्ञापन के प्रावधानों की ओर भी आकृष्ट किया था।

4. वह देखने में आया है कि अभी भी कई वैज्ञानिक और तकनीकी विभागों/ अनुसंधानशालाओं / प्रयोगशालाओं आदि में जो वैज्ञानिक और तकनीकी संगोष्ठियां/सम्मेलन आदि किए जा रहे है, उनमें राजभाषा हिंदी में शोधपत्र लेखन को बढ़ावा देने के बारे में वांछित कदम नहीं उठाए गए हैं। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की लोकप्रियता के लिए और नई-नई तकनीकों को जन मानस तक पहुंचाने के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि इस विभाग के दिनांक 10 मई, 1988 के कार्यालय ज्ञापन में दिए गए प्रावधानों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस बारे में यह भी आवश्यक होगा कि ऐसे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों आदि का पता लगाया जाए, जो हिंदी में शोध पत्र तैयार करें, विभिन्न संगोष्ठियों और सम्मेलनों आदि में उन्हें पढ़ें और परिचर्चाओं में भाग लें। अनुरोध है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में दिन प्रतिदिन हो रहे नए-नए अनुसंधानों और विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए उनको अधिकतम और नवीनतम जानकारी हिंदी माध्यम में उपलब्ध कराने के प्रयास भी किए जाएं और उन प्रयासों की जानकारी समय-समय पर इस विभाग को भी देने की व्यवस्था की जाए।

[का.ज्ञा.सं. 20034/5/88 अ.वि. दिनांक 10-5-1988, 21-12-1988 तथा 20-8-1990]
[का.ज्ञा.सं. 20034/23/92-रा.भा.(अ. वि.) दिनांक 31-3-1992]

**2.35 हिंदी टेलीफोन डायरेक्टरी का प्रयोग**

यह वांछनीय है कि दिल्ली में स्थित केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों द्वारा हिंदी टेलीफोन डायरेक्टरी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 6/57/70- रा.भा.दिनांक 7-10-1970]
[का.ज्ञा.सं. 1/38/70-रा.भा.दिनांक 22-7-1971]

**2.36 राजभाषा अधिनियम, 1963 (यथासंशोधित 1967) के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना- टेलीफोन निर्देशिकाओं को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित करने की अनिवार्यता**

दूरसंचार विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली टेलीफोन निर्देशिकाओं के हिंदी संस्करण भी अनिवार्य रूप से साथ ही प्रकाशित किए जाएं। विभिन्न नगरों के दूर-संचार कार्यालय "क" और "ख" क्षेत्रों में टेलीफोन निर्देशिकाओं के हिंदी संस्करण अंग्रेजी संस्करणों से पहले जारी करें। एक कूपन, जैसा कि अब लगाया जाता है, वैसा ही अलग रंग के कागज में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार करके निर्देशिका के दोनों रूपों में लगाया जाए, जिसमें यह पूछा जाए

publication of English versions. A coupon, as it is affixed at present, on a separate paper in different colour, both in Hindi and English languages may be prepared, and affixed on both the versions of directory, wherein it may be asked whether the subscriber would like to obtain the next telephone directory in Hindi or English. From the very beginning in regions 'A' and 'B', both the versions are published in equal numbers or in the ratio of 40:60 in Hindi and English and in the ratio of 30:70 in region 'C' in the beginning (later on, according to the needs, in Region 'C' the number for both the versions may be made equal).

[O.M. No. 14034/4/92-O.L.,(A-1), dated 26-08-1992]

## 2.37 **Letters received in Hindi not to be sent to the Hindi Officer/Section as a matter of routine**

All the letters received in Hindi are sent to the Hindi Officer/Hindi Section by many Officers/Offices without going through the subject/contents of the letters for taking necessary action. Such letters should generally be sent to the officers concerned dealing with the subject; and only when the Hindi/English Translation of the letters be needed, the help of the Hindi Officer be sought for. It has also been observed that in many offices, each of the letters received in Hindi is sent to the Hindi Officer for its English Translation; whereas as per rules in this regard, only such letters should be sent for their English translation which is of technical or legal nature. Efforts should be made that English translation of such Hindi letters is generally not asked for; rather, their replies be prepared directly in Hindi and also sent (to the officers/offices concerned). Demand for English translation of letters can be treated proper only in the condition when the person dealing with those letters does not possess even working knowledge of Hindi.

[O.M. No. 20014/2/80-O.L.,(B-2), dated 14-04-1981]

## 2.38 **Action against violation of instructions issued under O.L. Act and Rules**

It is the responsibility of the Administrative Head of each office to ensure compliance of the instructions issued under the Official Languages Act and the Official Language Rules. In case any officer or employee violates the provisions regarding Official Language intentionally, action can be taken against him/her on the basis of violation of rules and orders in the context thereof.

It is necessary for all the Ministries/Departments and their Attached/Subordinate Offices/ Undertakings etc. that all the documents issued under section 3(3) of the OL Act, 1963, should be issued bilingually i.e. in Hindi and English simultaneously. But in spite of the fact that attention has repeatedly been drawn towards this rule, the aforesaid documents are being issued in English only. Thus, non-compliance of the Act is a serious matter. It is, therefore, directed that all Resolutions. Rules, Acts, Notifications, Contracts, Tender Notices, Licenses, Permits, and Office Memorandums etc. should be issued bilingually by the Ministry/Department/Office.

In this context, it has also been decided that Hindi Section of every Ministry/Department should keep a copy of each paper issued by the Ministry/Department under Section 3(3) and ensure that all the documents issued under Section 3(3) have been issued bilingually.

While issuing such documents, it may be kept in view that the Hindi version is to be placed above/before the English version.

कि उपभोक्ता अगली टेलीफोन डायरेक्टरी हिंदी में अथवा अंग्रेजी में प्राप्त करना चाहेगा। "क" और "ख" क्षेत्रों में प्रारंभ से ही दोनों संस्करण समान संख्या में अथवा हिंदी : अंग्रेजी 40 : 60 के अनुपात में प्रकाशित किए जाएं और "ग" क्षेत्र में प्रारंभ में हिंदी : अंग्रेजी 30 : 70 के अनुपात में प्रकाशित किए जाएं (और बाद में आवश्यकता के अनुसार "ग" क्षेत्र में भी दोनों संस्करणों की संख्या समान की जा सकती हैं।)

[का.ज्ञा.सं. 14034/4/92-रा.भा.(क-1). दिनांक 26-8-1992]

## 2.37 हिंदी में प्राप्त पत्रों को नेमी नोट पर हिंदी अधिकारी, हिंदी/अनुभाग को न भेजा जाना

बहुत से अधिकारियों/कार्यालय द्वारा हिंदी में प्राप्त सभी पत्रों को बिना उनके विषय आदि देखे सीधे हिंदी अधिकारी/हिंदी अनुभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया जाता है। सामान्यतः पहले ऐसे पत्रों को उनके विषय से संबंधित अधिकारी को भेजा जाना चाहिए, बाद में यदि उनके अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद की आवश्यकता हो तो हिंदी अधिकारी की सहायता की जा सकती है। यह भी देखा गया है कि कई कार्यालयों में हिंदी में प्राप्त प्रत्येक पत्र को उसके अंग्रेजी अनुवाद के लिए हिंदी अधिकारी को भेज दिया जाता है। नियमानुसार हिंदी में प्राप्त ऐसे पत्रों को ही अनुवाद के लिए भेजा जाना चाहिए जो तकनीकी या विधिक प्रकृति के हों। प्रयास यह किया जाना चाहिए कि साधारणतया हिंदी पत्रों का अंग्रेजी अनुवाद न मांगा जाए और उनके उत्तर भी सीधे हिंदी में ही तैयार किए और भेजे जाएं। पत्रों का हिंदी अनुवाद उसी स्थिति में मांगा जाना उचित समझा जा सकता है जबकि उन पर आवश्यक कार्रवाई करने वालों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी न हो।

[का.ज्ञा.सं. 20014/2/80-रा.भा.(ख-2) दिनांक 14-4-1981]

## 2.38 राजभाषा अधिनियम और नियमों के अधीन जारी किए गए निदेशों की अवहेलना करने पर कार्रवाई

केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का यह उत्तरदायित्व है कि वह सुनिश्चित करे कि राजभाषा अधिनियम और राजभाषा नियमों के अधीन जारी किए गए निदेशों का समुचित अनुपालन हो। यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी जानबूझकर राजभाषा के बारे में लागू प्रावधानों की अवहेलना करता है तो प्रकरण में संबंधित नियमों एवं आदेशों के उल्लंघन होने के आधार पर कार्रवाई की जा सकती है।

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों तथा उनके संबद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों आदि के लिए यह अनिवार्य है। कि वे राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अन्तर्गत जारी होने वाले सभी कागजात द्विभाषी रूप में अर्थात हिंदी और अंग्रेजी में साथ-साथ जारी करें। परन्तु इस विधान की ओर बार-बार ध्यान दिलाये जाने पर भी कई मंत्रालय/ विभाग/कार्यालय आदि सम्बन्धित आदेश, अधिसूचनाएं, केवल अंग्रेजी में ही जारी कर रहे हैं। अधिनियम अनुपालन की यह त्रुटि गम्भीर बात है। अतः निदेश दिए जाते हैं कि सभी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय आदि सभी संकल्प, नियम, अधिनियम, अधिसूचनाएं करार, संविदाएं लाइसेंस, परमिट, कार्यालय ज्ञापन आदि की अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी प्रति अवश्य तैयार कर जारी करवाएं।

उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में यह भी निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक मंत्रालय/विभाग का हिंदी अनुभाग उस मंत्रालय / विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) में उल्लिखित सभी कागजातों की एक-एक प्रति अपने यहां उपलब्ध रखें और यह सुनिश्चित करें कि इन कागजातों को द्विभाषी जारी किया गया है।

सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से अनुरोध है कि वे कागजात द्विभाषी रूप में जारी कराते समय यह ध्यान रखें कि हिंदी रूपान्तर अंग्रेजी के ऊपर रहे।

The Chairmen of the Department Official Language Implementation Committees (Joint Secretaries) in all Ministries/Departments are requested to ensure compliance of the Section 3(3) in all the Desks/Sections of their Ministry/Department and also direct them to send a copy of all the documents issued under Section 3(3) to the Hindi Officer of the Ministry/Department.

This procedure may also be introduced compulsorily in all Head Quarters of Subordinate Offices under the control of Ministry/Department. In addition, wherever the post of Hindi officer has been created in the Regional/Zonal offices, action may be taken to introduce this procedure.

[OM No. 12019/3/89-OL, (Int.), dated 22-08-1989]
[OM No. 14012/6/92-OL, (C), dated 19-05-1992]
[OM No. 12024/24/95-OL, (Imp. II), dated 27-11-1995]
[OM No. 12021/1/2004- OL, (Imp. II), dated 31.12.04]
[OM No 14011/01/2016- OL, (Policy), dated 29.1.2016]
.

2.39 **Working originally in Hindi**

The documents required to be issued bilingually under the section 3(3) of O.L. Act., 1963 and the letters required to be issued only in Hindi under the O.L. Rules, 1976, must be originally drafted in Hindi by the employees proficient in Hindi and by the employees having working knowledge of Hindi, to the possible extent, in the offices notified under Rule 10(4) of the O.L. Rules, 1976. The English version of the aforesaid documents/letters may be arranged according to the requirements. Also the employees having proficiency in Hindi are required to put up their noting on the above subject originally in Hindi.

[OM No. 12021/1/94-O.L.(B.II), dated 20-7-1994]

2.40 **Preservation of basic records of Official Language Hindi in the National Archives of India**

The Constitution of India has adopted Hindi as the Official Language of the Union. After the commencement of the Constitution, a series of important activities were initiated to establish Hindi as the Official Language. Hindi has acquired a role in different official activities of the Centre and the same is gradually expanding and consolidating. The use of Official Language, viz., Hindi is increasing also in other spheres of activities of the Union. In this entire process; several activities were initiated in principal offices of the Central Government. Some of these activities are enduring and of historical importance.

2. For some time past, the Department of Official Language has been considering the need to preserve old records relating to important activities, decisions etc., regarding the use of Official Language Hindi in Central Government. Suggestions to do so have also been received in this Department. The matter has been considered and it has now been decided that all the important basic documents relating to the use of Official Language in the central Government should be preserved in the National Archives of India. All the Ministries/Departments are accordingly requested that all important/basic records concerning the use of Official Language Hindi (i.e., all important document of Official Language Policy Implementation and executive decisions etc./ related therewith) available with them, may be sent to the National Archives of India. It is also requested that these instructions are brought

सभी मंत्रालयों/विभागों की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्षों (संयुक्त सचिवों) से यह अनुरोध है कि ये अपने मंत्रालय/विभाग के सभी अनुभागों/ डेस्कों आदि में धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित करवाएं और उन्हें यह निदेश दे कि धारा 3(3) के अन्तर्गत जारी किए गए सभी कागजातों की एक-एक प्रति मंत्रालय/विभाग के हिंदी अधिकारी को अनिवार्य रूप से भिजवाएं।

ऐसी ही व्यवस्था मंत्रालयों/विभागों के अधीनस्थ सभी संगठनों के मुख्यालयों में भी कृपया अनिवार्यतः बनवायें। इसके अतिरिक्त जहां-जहां क्षेत्रीय/आंचलिक कार्यालयों में हिंदी अधिकारी का पद सृजित है, वहां भी इसी व्यवस्था को लागू करने की कार्रवाई करें।

[का.ज्ञा.सं.12019/3/89 रा. भा.(भा.) दिनांक 22-8-1989 ]
[का.ज्ञा.सं. 14012/6/92-रा. भा., (ग) दिनांक 19-5-1992 ]
[का.ज्ञा.सं. 12024 / 24/95-रा.भा.(का.-2) दिनांक 27-11-1995]
[का.ज्ञा.सं. 12021/1/2004-रा.भा. (का-2), दिनांक 31.12.04]
[का.ज्ञा.सं. 14011/01/2016-रा.भा.(नीति) दिनांक 29.1.2016]

**2.39 हिंदी में मूल रूप से काम करना**

राजभाषा नियम 1976 के नियम 10(4) के अंतर्गत अधिसूचित किए गए कार्यालयों में हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी अनिवार्यतः और हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारी यथासंभव राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत द्विभाषी रूप से जारी किए जाने वाले दस्तावेजों और राजभाषा नियम 1976 के अंतर्गत केवल हिंदी में जारी किए जाने वाले पत्रों का प्रारूपण मूल रूप से हिंदी में करें और आवश्यकतानुसार उनका अनुवाद अंग्रेजी में कराया जाए साथ ही हिंदी में प्रवीणता प्राप्त सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि उक्त विषयों से संबंधित टिप्पण भी वे मूल रूप में हिंदी में करेंगे।

[का.ज्ञा.सं. 12021/1/94 रा.भा (ख-2) दिनांक 20-7-1995]

**2.40 राजभाषा हिंदी के प्रारंभिक प्रयोग से संबंधित सामग्री को राष्ट्रीय अभिलेखागार में सुरक्षित रखने के विषय में**

भारत के संविधान ने हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया है। जब से भारत का संविधान प्रभावी हुआ है तब से अब तक हिंदी को राजभाषा के स्थान पर पदस्थ करने के लिए अनेकानेक महत्वपूर्ण कार्रवाईयां तथा गतिविधियां हुई हैं। केन्द्र की विभिन्न कार्यालय व्यवस्थाओं में राजभाषा हिंदी का स्थान बना है तथा शुरू से धीरे-धीरे यह स्थान पुष्ट होता रहा है। गत समय से संघ के कार्यकलापों के अन्य क्षेत्रों में भी राजभाषा का व्यवहार बढ़ता रहा है। इस पूरे क्रम में अनेकानेक कार्रवाईयां केन्द्र सरकार के शीर्षस्थ कार्यालयों में हुई हैं। इनमें से कुछ कार्रवाईयां चिरगामी और ऐतिहासिक महत्व की है।

2. कुछ समय से राजभाषा विभाग, राजभाषा हिंदी के प्रतिपादन/प्रारम्भिक प्रयोग एवं तत्संबंधी चिरगामी गतिविधियों/निर्णयों से संबंधित समग्र अभिलेख के संरक्षण करने की आवश्यकता पर विचार कर रहा था। ऐसा करने के लिए इस विभाग को सुझाव भी प्राप्त हुए हैं। इस पूरे मामले पर विचार करते हुए अब यह निर्णय लिया गया है कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग से संबंधित संघ सरकार में सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों और अभिलेखों को सुरक्षित कर लिया जाए। तदनुसार सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे अपने यहां उपलब्ध राजभाषा हिंदी के प्रयोग संबंधी प्रारम्भिक प्रमुख अभिलेखों यथा महत्त्वपूर्ण स्वायत या नीतिगत/ कार्यकारी निर्णयों से संबंधित सभी प्रमुख दस्तावेजों/अभिलेखों को राष्ट्रीय अभिलेखागार को हस्तांतरित कर दें। केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इन आदेशों का

to the notice of all the Attached/Subordinate Offices and undertakings/organizations etc., and that they are suitably advised for compliance.

[O.M. No. 1/14011/1/95-O.L., (P.I), dated 12-2-1996]

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा कार्यालयों के निरीक्षण भी किए जाएंगे, रिपोर्टों की समीक्षा की जाएगी और वे संबंधित क्षेत्र की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में भाग लेंगे।

क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के पते तथा कार्यक्षेत्र इस प्रकार है :-

**राजभाषा विभाग के अंतर्गत स्थापित क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के नाम, पते एवं कार्यक्षेत्र**

| क्रम सं. | क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यक्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | उपनिदेशक (कार्यान्वयन),<br>क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम),<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,<br>केंद्रीय सदन, कमरा नं. 601ए, सेक्टर 10,<br>6वां तल, सीबीडी, बेलापुर, नवी मुम्बई-400614<br>दूरभाष एवं फैक्स- 022-27560225<br>ई-मेल : ddimpol-mum[at]nic[dot]in, ddriomum-dol[at]nic[dot]in | 1) महाराष्ट्र<br>2) गुजरात<br>3) गोवा<br>4) दादरा एवं नगरहवेली<br>5) दमन एवं दीव |
| 2. | उपनिदेशक (कार्यान्वयन),<br>क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व),<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, | 1 पश्चिम बंगाल<br>2 उड़ीसा<br>3 बिहार |

| | | |
|---|---|---|
| | 18th Floor, 234/4,<br>Acharya J.C.Boss Road,<br>Kolkata – 700030 | (v) Andaman and Nicobar |
| 3. | Deputy Director (Implementation),<br>Regional Implementation Office (South),<br>Ministry of Home Affairs,<br>Department of Official Language,<br>Kendriya Sadan, 5th Floor, 'D' wing, Kormangala, Bengaluru - 560034 | (i) Andhra Pradesh<br>(ii) Karnataka |
| 4. | Deputy Director (Implementation),<br>Regional Implementation Office-II (Ghaziabad) ,<br>Ministry of Home Affairs,<br>Department of Official Language,<br>Room No. 302, 3rd Floor,<br>CGO Building, Kamla Nehru Nagar,<br>Ghaziabad - 201001<br>Telephone no. 0120-2719356<br>Email- ddriogzb-dol@nic.in | (i) Uttar Pradesh<br>(ii) Uttrakhand |
| 5. | Deputy Director (Implementation),<br>Regional Implementation Office (North-East),<br>Ministry of Home Affairs,<br>Department of Official Language,<br>Rajgarh Road, Y line no. 1,<br>Post- Shilapukhri,<br>Guwahati -781003<br>Telephone no. 0361-2524686<br>Email- ddrioguw-dol@nic.in | (i) Assam<br>(ii) Tripura<br>(iii) Mizoram<br>(iv)Nagaland<br>(v) Manipur<br>(vi)Meghalaya<br>(vii)Sikkim<br>(viii)Arunachal Pradesh |
| 6. | Deputy Director (Implementation),<br>Regional Implementation Office (South-West),<br>Ministry of Home Affairs,<br>Department of Official Language,<br>Kendriya Bhawan, Block C-I, 7th Floor,<br>Ses P.O, Kochi – 682037<br>E-Mail – ddriokoc-dol@nic.in | (i) Kerala<br>(ii) Tamilnadu<br>(iii)Puducherry<br>(iv) Lakshdweep |
| 7. | Deputy Director (Implementation),<br>Regional Implementation Office (Center),<br>Ministry of Home Affairs,<br>Department of Official Language,<br>Room No. 206, Nirman Sadan,<br>52 A Arera Hills, Bhopal-462011<br>Telephone no. 0755-2553149 / 0755-2553149<br>Email- ddimplbho-mp@nic.in<br>ddriobho-dol@nic.in | (i) Madhya Pradesh<br>(ii) Chhattisgarh |

| | | |
|---|---|---|
| | निजाम पैलेस, 18वां तल,<br>234/4, आचार्य जे. सी. बोस रोड़,<br>कोलकाता-700030<br>दुरभाष-033-22875305 ,फैक्स-033-22800356<br>ई-मेल : ddriokol-dol[at]nic[dot]in | 4 झारखण्ड<br>5 अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| 3. | उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण)<br>गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय सदन, 5वां तल,डी विंग, कोरमंगला,<br>बेंगलूरू-560034<br>दूरभाष/फैक्स 080-25536232<br>ई-मेल : ddriobng-dol[at]nic[dot]in | 1) आंध्र प्रदेश<br>2) कर्नाटक |
| 4. | उपनिदेशक (कार्यान्वयन),<br>क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय –II (गाजियाबाद),<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,<br>कमरा नाम. 302, तृतीय तल,<br>सी.जी.ओ. भवन, कमला नेहरू नगर,<br>गाजियाबाद- 201001 (उ.प्र.)<br>दूरभाष/फैक्स- 0120-2719356<br>ई-मेल : ddriogzb-dol[at]nic[dot]in | 1 उत्तर प्रदेश<br>2 उत्तराखण्ड |
| 5. | उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर)<br>गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, राजगढ़ रोड़, वाई लेन नं 1<br>पोस्ट -शिलपुखरी,गुवाहाटी- 781003<br>दूरभाष व फैक्स 0361-2524686<br>ई-मेल : ddrioguw-dol[at]nic[dot]in | 1 असम<br>2 त्रिपुरा<br>3 मिजोरम<br>4 नागालैण्ड<br>5 मणिपुर<br>6 मेघालय<br>7 सिक्किम<br>8 अरूणाचल प्रदेश |
| 6. | उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण-पश्चिम)<br>गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, केंद्रीय भवन, ब्लॉक सी-I, सातवां तल,<br>सेस पी-ओ, कोच्चि-682037, केरल<br>ई-मेल : ddriokoc-dol[at]nic[dot]in | 1) केरल<br>2) तमिलनाडु<br>3) पांडिचेरी<br>4) लक्षद्वीप |
| 7. | उपनिदेशक (कार्यान्वयन),<br>क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (मध्य),<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, | 1) मध्य प्रदेश<br>2) छत्तीसगढ़ |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | Deputy Director (Implementation),<br>Regional Implementation Office (Delhi),<br>Ministry of Home Affairs,<br>Department of Official Language,<br>3rd Floor, Trikut-2, Bhikaji Kama Place, R.K.Puram, New Delhi – 110066<br>Telephone no. 011-26102445 / 46<br>Email- ddriodel-dol@nic.in | (i) Union Territory Delhi<br>(ii) Punjab<br>(iii) Haryana<br>(iv) Himachal Pradesh<br>(v) Jammu and Kashmir<br>(vi) Chandigarh<br>(vii) Rajasthan |

[O.M. No .12012/6(2)/84- O.L. (B-II) dated 18-1-1985]
[O.M. No .12016/5/87- O.L. (B-II) dated 2-12-1987]
[O.M. No .12011/18/88- O.L. (B-II) dated 6-9-1991]
[O.M. No .12024/7/92- O.L. (B-II) dated 21-7-1992]

| | | |
|---|---|---|
| | कमरा नम्बर 206, निर्माण सदन, 52 ए, अरेरा हिल्स,<br>भोपाल-462011<br>दूरभाष-0755-25531490755-2553149<br>ई-मेल पता - ddimplbho-mp[at]nic[dot]in, ddriobho-dol[at]nic[dot]in | |
| 8. | उपनिदेशक (कार्यान्वयन),<br>क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-I (दिल्ली),<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,<br>तृतीय तल, त्रिकुट-2, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम,<br>नई दिल्ली-110066<br>दूरभाष/फैक्स-011-26102445/46<br>ई-मेल : ddriodel-dol[at]nic[dot]in | 1 दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र<br>2 पंजाब<br>3 हरियाणा<br>4 हिमाचल प्रदेश<br>5 जम्मू व कश्मीर<br>6 चण्डीगढ़<br>7 राजस्थान |

क्षेत्रीय कार्यालय अपने क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों की राजभाषा से संबंधित समस्याओं पर अपने सुझाव देंगे तथा मार्गदर्शन करेंगे।

[का.ज्ञा.सं. 12012/6(2)/84-रा.भा.(ख-1), दिनांक 18-1-1985]
[का.ज्ञा.सं. 12016/5/87-रा.भा.(ख-1), दिनांक 2-12-1987]
[का.ज्ञा.सं. 12011/18/88-रा.भा.(ख-1), दिनांक 6-9-1991]
[का.ज्ञा.सं. 12024/7/92-रा.भा.(ख-2), दिनांक 21-7-1992]

# CHAPTER 6
# USE OF MECHANICAL/ELECTRONIC EQUIPMENTS FOR WORKING IN HINDI

**6.1 Use of machines for writing addresses and preparing bills etc. in Devanagari**

Arrangements may be made for Devanagari Embossing Machines for insurance notices addressed to Hindi speaking area, electricity and water bills, Identity tokens and for writing addresses on envelopes:-

(1) In the offices located in regions ‘ A’ and 'B' Devanagari embossing machines should be installed with the addressographs and as there are many big offices in region ‘C’ which have considerable correspondence with offices located in regions ‘A' and ‘B’. the provision of bilingual addressograph should be made in these offices also.

(2) Arrangements should be made for training the employees working on these machines in both Hindi and English

The employees working on addressographs should have knowledge of Hindi. The companies manufacturing the addressograph machines should be asked to give the necessary training to such employees for working on addressographs in Hindi also.

[O. M. No. 12015/9/76-O. L. (B). dated 16-11-1976 ]
[O. M. No. 12024/4/90-O.L. (B-2). dated 16-5-1990]

**6.2 Minimum proportion of Devanagari Typewriters**

(a) Of the total number of typewriters available in the headquarters of the Ministries/ Departments located in region at least 45% should be Devanagari typewriters.

(b) This proportion should he 70% in the offices. Other than Headquarters of the Ministries/Departments located in region 'A’.

(c) Of the total number of typewriters available with the Ministries/Departments and other Offices located in region ‘B' at least 45% should be Devanagari typewriters.

(d) Of the total number of typewriters available with the Ministries/ Departments of other Offices located in region ‘C’ at least 18% should be Devanagari typewriters.

6.2.1 Till such time as the number of Devanagari typewriters in any Ministry/ Department/Office does not reach the above mentioned proportion the concerned Ministry/ Department/Office should continue to purchase only Devanagari typewriter. No typewriter of Roman script should be purchased. Even in replacement to any condemned Roman script typewriter. Devanagari typewriters should be purchased.

6.2.2 In case a need to procure Devanagari typewriters in excess of this proportion is felt in any office. there would be no objection in purchasing the Devanagari typewriters in excess - of that limit.

6.2.3 It would be the responsibility of the officer placing order for the purchase of typewriters to ensure that till the Devanagari typewriters do not become available in the above specified proportion, only Devanagari typewriters should be purchased.

6.2.4 These instructions will also be applicable to the Public Sector Undertakings/Banks owned or controlled by the Government.

# अध्याय 6
# हिंदी में कार्य करने के लिए यांत्रिक/ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग

### 6.1 देवनागरी में पते लिखने और बिल बनाने आदि की मशीन का प्रयोग

हिंदी भाषी क्षेत्र में जाने वाले बीमा संबंधी नोटिसों, बिजली, पानी के बिलों, पहचान टोकनों और लिफाफों आदि पर पते लिखने के लिए देवनागरी पतालेखी मशीनों का प्रबंध किया जाए।

(1) "क" तथा "ख" क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में पतालेखी मशीन के साथ देवनागरी एम्बॉसिंग मशीनें लगाई जाएं और चूंकि "ग" क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में भी कई बड़े-बड़े कार्यालय ऐसे हैं जिनमें काफी पत्रव्यवहार "क" तथा "ख" क्षेत्रों के कार्यालयों से होता है। अतः "ग" क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में भी द्विभाषी पतालेखी मशीनों का प्रावधान किया जाए।

(2) इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाए। पतालेखी मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों को हिंदी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। अतः ऐसे कर्मचारियों को, पतालेखी मशीनों पर हिंदी भाषा में काम करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए पतालेखी मशीन कम्पनियों से अनुरोध किया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 12015/9/76-रा.भा. (ख) दिनांक 16-11-1976]
[का.ज्ञा.सं. 12024/4/90-रा.भा. (ख-2) दिनांक 16-5-1990]

### 6.2 देवनागरी टाइपराइटरों का न्यूनतम अनुपात

(क) "क" क्षेत्र में स्थित मंत्रालयों तथा विभागों के मुख्यालयों में कुल टाइपराइटरों में से कम से कम 45 प्रतिशत टाइपराइटर देवनागरी में उपलब्ध होने चाहिए।
(ख) "क" क्षेत्र में स्थित मंत्रालयों/विभागों के मुख्यालयों को छोड़कर शेष कार्यालयों में यह अनुपात 70 प्रतिशत होना चाहिए।
(ग) "ख" क्षेत्र में स्थित मंत्रालयों/विभागों तथा अन्य कार्यालयों में उपलब्ध समस्त टाइपराइटरों में कम से कम 45 प्रतिशत टाइपराइटर देवनागरी के होने चाहिए।
(घ) "ग" क्षेत्र में स्थित मंत्रालयों तथा विभागों और दूसरे कार्यालयों में कुल टाइपराइटरों में कम से कम 18 प्रतिशत देवनागरी के टाइपराइटर होने चाहिए।

6.2.1 जब तक किसी मंत्रालय/विभाग/कार्यालय आदि में देवनागरी टाइपराइटरों का अनुपात उपरोक्त अनुपात के बराबर नहीं हो जाता है तब तक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय में केवल देवनागरी के टाइपराइटर ही खरीदे जाएं और रोमन का कोई टाइपराइटर न खरीदा जाए। अगर रोमन का कोई मौजूदा टाइपराइटर नकारा हो जाए तो उसकी जगह भी देवनागरी का टाइपराइटर ही खरीदा जाए।
6.2.2 यदि किसी कार्यालय में इससे अधिक अनुपात में देवनागरी टाइपराटरों की जरूरत महसूस की जाए तो इस अनुपात से अधिक देवनागरी टाइपराइटर खरीदने में कोई आपत्ति नहीं है।
6.2.3. जो अधिकारी टाइपराइटरों की खरीद का आर्डर देता है उसका उत्तरदायित्व है कि यह सुनिश्चित करें कि जब तक ऊपर दर्शाए गए अनुपात में' देवनागरी टाइपराइटर उपलब्ध नहीं हो जाते तब तक केवल देवनागरी के टाइपराइटर ही खरीदे जाएं।

6.2.4 ये निर्देश सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रणाधीन उपक्रमों/बैंकों आदि पर भी लागू होंगे।

6.2.5 It is necessary to ensure that the prescribed percentages of Hindi stenographers/ Typists are achieved. Action should be taken against the officers who violate these orders, as laid down in the Deptt. of Official Language O. M. No. 12019/3/89-O. L. (Int.) dated 22-8-1989 ]

[O. M. No. 1/14013/12/87-O.L. (A-1), dated 27-11-1987]
[O. M. No. 1/14013/9/89-O. L. (A-1), dated 9-2-1990]
[O. M. No. 14012/6/92-O. L. (C), dated 12-2-1992]
[O. M. No. 14012/6/92-O. L. (C), dated 19-5-1992]

**6.3 Conversion of Roman Script typewriters into Devanagari Script typewriters**

The offices should continue indenting for new Devanagari script typewriters in accordance with the policy laid down by the Government. At the same time keyboards of the Roman script typewriters should be got converted into Devanagari Script typewriters so that the shortage of Devanagari script typewriters could be removed.It would be easier to convert typewriters having
46 keys into Devanagari Script typewriters.

[O. M. No. 12015/1/77-O. L. (B). dated 5-9-1977]

**6.4 Use of only bilingual electronic equipments**

In order to ensure the compliance of the provisions of the Official Languages Act. 1963 and rules made thereunder. It is necessary that all electronic equipment to be purchased in the Ministries/Departments of the Government of India and their attached and subordinate offices. Public Undertakings and Nationalised Banks should have the facility to use both Devanagari as well as Roman Script.

Therefore the following instructions may be kept in view while procuring electronic equipments:-

(1) All types of computer systems (including computers. word-processors. Advanced ledger Posting Machines. Data Entry equipment etc.) are to be purchased only in bilingual form.

(2) These orders apply to all Ministries/ Departments. attached and subordinate offices: offices of all companies and corporations owned or controlled by the Central Government hanks or offices of commissions. Committees and tribunals appointed by the Central Government.

(3) Computers etc. would be considered bilingual only when:-

(a) There are facilities for data entry in Hindi along with English.
(b) Any employee can use it in either English or Hindi. For this it is necessary to have such facility in the machine so that the employee can display in either English or Hindi on the monitor at will.

(c) The output of the system (report. letter etc.) could he produced by the person working on the machine either in Hindi or English at will.

(4) While using such equipment. It should be ensured that in accordance with the provisions of the Official Languages Act. 1963. Official Language Rules. 1976 and the instructions issued by the Department of Official Language from time to time. work required to be carried out in Hindi is compulsorily done in Hindi and work required to be carried out bilingually is done in bilingual form.

6.2.5 यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हिंदी आशुलिपिकों / टंककों का निर्धारित प्रतिशत पूरा किया जाए। जो अधिकारी इन आदेशों का उल्लंघन करते हैं उनके विरुद्ध राजभाषा विभाग के दिनांक 22-8-1989 के का.ज्ञा.सं. 12019/3/89- रा.भा. (भा.) के अनुसार कार्रवाई की जाए।

[का.ज्ञा.सं. 1/14013/12/87- रा.भा. (क-1) दिनांक 27-11-1987]
[का.ज्ञा.सं. 1/14013/9/89-रा.भा. (क-1) दिनांक 9-2-1990]
[का.ज्ञा.सं. 141012/6/92-रा.भा. (ग). दिनांक 12-2-1992]
[का.ज्ञा.सं. 14012/6/92- रा.भा. (ग). दिनांक 19-5-1992]

**6.3 रोमन लिपि के टाइपराइटरों को देवनागरी लिपि के टाइपराइटरों में बदलवाना**

कार्यालयों को सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार देवनागरी लिपि के नए टाइपराइटर मंगाते रहना चाहिए। साथ-साथ देवनागरी टाइपराइटरों की कमी दूर करने के लिए रोमन लिपि के टाइपराइटरों के कुंजीपटल भी देवनागरी लिपि में बदलवाए जाएं। 46 कुंजीवाले टाइपराइटरों के कुंजीपटल को देवनागरी में बदलवाना अधिक सुविधाजनक रहेगा।

[का.ज्ञा.सं. 12015/1/77- रा.भा.(ख) दिनांक 5-9-1977]

**6.4 केवल द्विभाषिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग**

राजभाषा अधिनियम 1963 तथा उसके अन्तर्गत जारी किए गए, नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों एवं उसके संबध तथा अधीनस्थ कार्यालयों, सरकारी उपक्रमों तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि में' खरीदे जाने वाले सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में रोमन के साथ-साथ देवनागरी लिपि के प्रयोग की सुविधा प्राप्त हो।

इसलिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को प्राप्त करते समय निम्नलिखित निदेशों को पूरी तरह से ध्यान में रखा जाए :-

(1) इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटर तथा सभी प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियां (जिनमें कम्प्यूटर, वर्ड प्रोसेसर, एडवांस लेजर, पोस्टिंग मशीनें डेटा एन्ट्री उपकरण आदि शामिल हैं) केवल द्विभाषी रूप में खरीदी जाएं।

(2) ये आदेश केंद्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, अधीनस्थ तथा संबद्ध कार्यालयों, केंद्रीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के अधीन सभी निगमों, कम्पनियों या बैंकों आदि के कार्यालयों या केंद्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किसी आयोग, समिति या प्राधिकरण के कार्यालयों पर लागू हैं।

(3) किसी कम्प्यूटर आदि को द्विभाषी तभी माना जाएगा जबकि :-

क. इसमें अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी डेटा एन्ट्री की व्यवस्था हो।

ख. कोई भी कर्मचारी इसको अंग्रेजी या हिंदी, जिस भाषा में प्रयोग करना चाहे कर सके। इसके लिए आवश्यक है कि यंत्र में ऐसा प्रबंध हो जिससे स्क्रीन पर उस कर्मचारी की इच्छानुसार अंग्रेजी या हिंदी में लिखा जा सके।

ग. कम्प्यूटर आदि से तैयार होने वाली सामग्री (विवरण, पत्र, लेख आदि) कम्प्यूटर पर काम करने वाले कर्मचारी की इच्छानुसार हिंदी या अंग्रेजी में प्रिंट हो सके।

(4) इन उपकरणों का प्रयोग करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 और राजभाषा विभाग से समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार जो काम हिंदी में होना चाहिए, वह अनिवार्य तौर पर केवल हिंदी में और जो काम द्विभाषी होना चाहिए वह द्विभाषी ही किया जाए।

(5) If for some special reason any office. undertaking or bank etc. requires any relaxation of the above instructions, special permission from the Department of Official Language should be obtained for this purpose. Proposals of attached and subordinate offices, banks etc. should be routed through the concerned department. The Department of Electronics should be consulted by the concerned department before sending any such proposal to the Department of Official Language. Such proposals should be forwarded only, if the Department of Electronics certifies that the equipment proposal to be purchased cannot be made bilingual and it cannot be substituted by any other available bilingual equipment.

(6) Certain Government Offices under-takings. banks etc., instead of purchasing the computers. procure them on long term lease from various manufacturers and other organizations. It is made clear that all these orders apply in all respects to these computers too.

(7) While importing computers etc. it should be so arranged that the machine can operate in Hindi also.

(8) For full utilization of the electronic equipment with Devanagari facility competent employees should be given suitable training for handling such equipment.

(9) In the offices. where personal computers have been purchased, which are **IBM** compatible and are **MS-DOS or PC-DOS** based and which at present work only in Roman, the key-boards of the computers should be made bilingual and facility of bilingual word processing should be provided within six months from the date of issue of these orders. A number of bilingual word processing packages available in the market. information about which can he obtained from the Department of Electronics or from the Technical Cell of the Department of Official Language Orders regarding conversion of main frame and mini computers already installed into Devanagari form, will be issued separately.

(10) In respect of bilingual computers the following clarification is given :-

"If in an office only word-processing or only data-processing or both types of work is being done on a computer and a facility exists for doing that work in accordance with the Official Language Rules in Hindi or in Hindi/English. either through a software or a hardware(GIST Card/GIST Terminal) or a mix of the two. whichever is considered appropriate. Then such a computer will be considered bilingual one. It is also necessary to have with such a computer a bilingual key-board and a dot-matrix printer or laser printer. as may work with that option for printing"

(11) All the Ministries/Departments etc. are requested to ensure. while purchasing bilingual electronic typewriters. that Devanagari characters are given above the Roman characters on the key-tops and commands are inscribed in the Hindi also on command-keys of their key-boards.

[O. M. No. 12015/12/84-O.L. (B-I). dated 30-5-1985]
[O. M. No 12015/20/87-O.L. (T.C.). dated 15-5-1987]
[O. M. No 12015/12/84-O.L. (T.C.). dated 31-8-1987]
[O. M. No 12015/33/87-O.L.(T.C.). dated 14-9-1987]
[O. M. No2015/12/84-O.L. (T.C.). dated 14-1-1988]
[O. M. No. 12015/15/90-O.L. (T.C.). dated 13-12-1993]
[O. M. No. 12015/41/93-O.L. (T.C.). dated 1-2-1994]

**6.5 Data entry on the National Informatics Centers Network in bilingual form**

Terminals of the Computer network set up by the National Informatics Centre. Lodi Road, New Delhi have been installed in many Ministries/Departments. This network has the

(5) यदि किसी विशेष कारणवश किसी कार्यालय, उपक्रम, बैंक आदि में उपर्युक्त निदेशों में किसी ढील की आवश्यकता हो तो उसके लिए राजभाषा विभाग से विशेष अनुमति प्राप्त की जाए। सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों आदि से ऐसे प्रस्ताव संबंधित विभाग के माध्यम से आने चाहिए। राजभाषा विभाग को प्रस्ताव भेजने से पहले संबंधित विभाग, इलेक्ट्रॉनिकी विभाग से परामर्श कर लेगा और यह प्रस्ताव तभी किया जाए यदि इलेक्ट्रॉनिकी विभाग यह प्रमाणित कर दे कि जो उपकरण खरीदा जा रहा है उसे द्विभाषी बनाना संभव नहीं है और उसकी जगह किसी ऐसे उपकरण के प्रयोग से काम नहीं चलाया जा सकता जो द्विभाषी उपलब्ध है।

(6) कुछ सरकारी कार्यालय, उपक्रम, बैंक, कम्प्यूटर खरीदने की बजाए विभिन्न संस्थाओं एवं निर्माताओं से लम्बी अवधि के लिए किराए पर ले लेते हैं। ये सभी निर्देश उन कम्प्यूटरों पर भी पूरी तरह से लागू होते हैं।

(7) कम्प्यूटर आदि विदेश से आयात करते समय भी ऐसा प्रबन्ध किया जाए कि उन पर हिंदी भाषा में भी काम किया जा सके।

(8) देवनागरी सुविधा वाले यांत्रिक उपकरणों का पूरा-पूरा प्रयोग करने हेतु सक्षम कर्मचारियों को ऐसे उपकरणों को संचालित करने का समुचित प्रशिक्षण दिया जाए।

(9) जिन कार्यालयों में व्यक्तिगत कम्प्यूटर खरीदे गए हैं जो आई बी एम के अनुरूप (कम्पैटिबल) और एमएसडॉस या पीसीडॉस आपरेटिंग सिस्टम पर आधारित है तथा जो इस समय केवल रोमन में काम करते हैं, इस आदेश के जारी होने की तिथि के 6 महीने के अन्दर अन्दर उनके कुंजीपटल को द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) रूप में परिवर्तित कर दिया जाए और उनमें द्विभाषी शब्द संसाधन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। द्विभाषी शब्द संसाधनों के कुछ पैकेज बाजार में उपलब्ध हैं। इनके बारे में जानकारी इलेक्ट्रॉनिकी विभाग या राजभाषा विभाग के तकनीकी कक्ष से प्राप्त की जा सकती है। पहले से लगे मिनी, मेनफ्रेम तथा अन्य कम्प्यूटरों को द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेजी) रूप में परिवर्तित करने के बारे में अलग आदेश जारी किए जाएं।

(10) द्विभाषी कम्प्यूटर के सम्बन्ध में निम्नलिखित स्पष्टीकरण दिया जाता है :-

"यदि किसी कार्यालय में कम्प्यूटर पर मात्र शब्द- संसाधन अथवा मात्र डाटा-संसाधन अथवा दोनों प्रकार का कार्य हो रहा है और यदि उसे किसी साफ्टवेयर अथवा हार्डवेयर ("जिस्ट कार्ड"/"जिस्ट टर्मिनल") अथवा दोनों के मिले-जुले उपायों से, जो भी उपयुक्त समझा जाए राजभाषा नियमों के अनुसार हिंदी अथवा हिंदी / अंग्रेजी में करने की क्षमता उपलब्ध है तो ऐसे कम्प्यूटर को द्विभाषी क्षमता युक्त कम्प्यूटर माना जाएगा। ऐसे कम्प्यूटर के साथ द्विलिपीय कुंजीपटल तथा प्रिंटिंग के लिए उस उपाय के साथ कार्य करने वाला डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर अथवा लेज़र प्रिंटर का होना भी आवश्यक है।"

(11) सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से यह अनुरोध किया जाता है कि द्विभाषी इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटरों की खरीद के समय यह भी सुनिश्चित कर ले कि उनके कुंजीपटलों की कुंजियों पर देवनागरी लिपि के वर्ण ऊपर तथा रोमन लिपि के वर्ण नीचे दिए गए हों तथा कुंजीपटल पर आदेश कुंजियों पर हिंदी में भी आदेश उत्कीर्ण किए गए हों।

[का.ज्ञा.सं. 12015/1/84- रा.भा. (ख-1). दिनांक 30-5-1985]
[का.ज्ञा.सं. 12015/20/87- रा.भा. (त.क.), दिनांक 15-5-1987]
[का.ज्ञा.सं. 12015/12/84 रा.भा. (त.क.). दिनांक 31-8-1987]
[का.ज्ञा.सं. 12015/33/87 - रा.भा. (त.क.) दिनांक 14-9-1987]
[का.ज्ञा.सं. 12015/12/84-रा.भा. (त.क.). दिनांक 14-1-1988]
[का.ज्ञा.सं. 12015/15/90-रा.भा. (त.क.) दिनांक 13-12-1993]
[का.ज्ञा.सं. 12015/41/93- रा.भा. (त.क.) दिनांक 1-2-1994]

### 6.5 राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के नेट वर्क पर आंकड़े द्विभाषी रूप में भरना

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, लोदी रोड, नई दिल्ली द्वारा स्थापित कम्प्यूटर नेटवर्क के टर्मिनल बहुत से मंत्रालयों आदि में लगे है। उस नेटवर्क पर सूचना हिंदी और अंग्रेजी में भरे जाने की सुविधा है। सरकार की राजभाषा नीति के

facility for entry of data in bilingual form. For compliance of the Official Languages policy of Government of India. it is necessary that except numerical data, all other information on this network should be bilingual so that it may be used in Devanagari or Roman as required. Therefore all information on the computer network may be entered in bilingual form only.

[O. M. No. 12015/32/87-O. L. (T.C.), dated 7-10-1987]

**6.6 Training facility for biscriptual use of computers**

In order to use software available in the market to be run on computers biscriptually for word processing/data entry, necessary initial training is given by their producers.Central Government Offices. as users of such a specific software package, should ensure that at the time of purchase of such a software, training for its use may be got arranged through its supplier for one specific officer, along with others, who could later on himself train other officers as a trainer for use of software package as when needed.

2. National Informatics Centre (N.I.C.) has been providing training in Delhi on biscriptual use of computers with the help of hardware solutions (based on GIST technology), N. I. C. can conduct such training programmes outside Delhi. in the State-capitals, on "demand and need basis" for convenience of the Central Government Offices situated outside Delhi.

Interested offices can register their demand with the N. I. C. at the following address:-

National Informatics Centre,
Training Division
A-Block, C. G. O. Complex,
Lodhi Road, New Delhi- 110 003

[O.M. No. 12015/42/90-O. L. (T.C.), dated 12-8-1991]

## 6.6.1 Training to do work in Hindi on computer.

It has been the efforts of Department of Official Language that work in Hindi on computer may be done. In this regard, it is necessary that training facilities may be made available on this subject. Department of Official Language itself has beensponsoring such training programmes through National Informatics Centre.

2. Hindi is the *Lingua Franca* of the country. Hindi is the mother tongue of majority of the people. Therefore, to makeaccessible the knowledge of computer to common man, it is necessary that training on the above subject, facilities to workin Hindi on computer may be provided.

3. If your Department is imparting training on computer and providing assistance and incentives to other Institutes/ Departments for training on computer, then it is necessary that such training given in Hindi. Now, training in Hindi on computers can be imparted in relation to Data Processing, Word Processing and DTP.

4. Your cooperation in this regard will be helpful in compliance of Official Language Rules. Action taken in this regard may please be intimated to this Department.

**O.M. No. 12015/43/95-OL (TC), dated 12.3.1996.**

**6.7 Installation of only bilingual Electronic Teleprinter/Telex in the Ministries/Departments of the Central Government and their attached and subordinate offices, undertakings etc.**

Purchase or take on lease only bilingual Electronic teleprinters. The offices, which at present have Roman teleprinters/telex machines on leases should immediately request the

अनुपालन के लिए आवश्यक है कि कम्प्यूटर नेटवर्क पर आंकड़ों के अलावा सभी सामग्री देवनागरी और रोमन लिपियों में उपलब्ध हो। इसलिए कम्प्यूटर नेटवर्क पर सभी सूचनाएं केवल द्विभाषी रूप में भरी जाएं।

[का.ज्ञा.सं. 12015/32/87- रा.भा. (त.क.). दिनांक 7-10-1987

**6.6 कम्प्यूटरों के द्विलिपीय प्रयोग के लिए प्रशिक्षण की सुविधा**

कम्प्यूटरों पर द्विलिपीय रूप में शब्द संसाधन / डाटा एंट्री के लिए जो साफ्टवेयर बाजार में उपलब्ध हैं उनके प्रयोग के लिए आरम्भिक प्रशिक्षण उनके निर्माता ही देते हैं। ऐसे सॉफ्टवेयर विशेष के प्रयोगकर्ता केंद्रीय सरकार के कार्यालयों को चाहिए कि वे उसकी खरीद के समय उसके निर्माता द्वारा अपने कुछ कर्मचारियों को उसके प्रयोग के लिए प्रशिक्षण दिलाने के अलावा अपने एक ऐसे कर्मचारी को भी प्रशिक्षण दिलवाएं जो कि बाद में आवश्यकता पड़ने पर प्रशिक्षक के रूप में, उस साफ्टवेयर का प्रयोग करने के लिए, अन्य कर्मचारियों को स्वयं प्रशिक्षित कर सके।

2. हार्डवेयर उपायों (जिस्ट तकनीक पर आधारित) के द्वारा कम्प्यूटरों पर द्विलिपीय रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा दिल्ली में दिया जा रहा है। दिल्ली से बाहर स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के कर्मचारियों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र प्रशिक्षण कार्यक्रम 'मांग और आवश्यकता' के आधार पर दिल्ली से बाहर भी विभिन्न राज्यों की राजधानियों में चला सकते हैं। इच्छुक कार्यालय इस संदर्भ में अपनी मांग रा.सू.वि. केन्द्र को निम्न पते पर भेज सकते है :-

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, प्रशिक्षण संभाग,
ए-ब्लॉक, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003.

[का.ज्ञा.सं. 12015/42/90-रा.भा. (त.क.). दिनांक 12-8-1991]

6.6.1 **कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण**

राजभाषा विभाग प्रयास करता रहा है कि कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य किया जाए। इसके लिए आवश्यक है कि इस विषय में प्रशिक्षण की सुविधाएं भी उपलब्ध हों। राजभाषा विभाग स्वयं भी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के माध्यम से इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रायोजित कर रहा है।

देश की संपर्क भाषा हिंदी है। बहुसंख्यक जन की मातृभाषा भी हिंदी है। इसलिए कंप्यूटर का ज्ञान आम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए यह आवश्यक है कि कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने की सुविधाओं के विषय में प्रशिक्षण दिया जाए। यदि आपका विभाग कंप्यूटर पर प्रशिक्षण दे रहा है अथवा अन्य संस्थाओं विभागों को कंप्यूटर पर प्रशिक्षण के लिए सहायता एवं प्रोत्साहन देता है तो यह आवश्यक है कि ऐसे प्रशिक्षण हिंदी में भी दिये जायें। अब डाटा प्रोसेसिंग, वर्ड प्रोसेसिंग, डीटीपी के विषय में कंप्यूटर पर हिंदी में प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

इसमें आपका सहयोग राजभाषा नियमों के अनुपालन में भी सहायक होगा। कृपया इस विषय में की गई कार्रवाई से इस विभाग को अवगत करायें।

12015/43/95-रा.भा. (त.क), दिनांक 12.3.1996

**6.7 केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों, विभागों एवं उनके अधीनस्थ व सम्बद्ध कार्यालयों, उपक्रमों आदि में केवल द्विभाषी इलेक्ट्रॉनिक टेलीप्रिंटर / टैलेक्स लगाना**

केवल द्विभाषी ( हिंदी-अंग्रेजी) टेलीप्रिंटर/टैलेक्स ही खरीदें या वे लीज पर लें। जिन कार्यालयों में इस समय रोमन टेलीप्रिंटर/टेलेक्स लीज पर लिए हुए हैं, या दूरसंचार विभाग को तुरंत इनके बदले द्विभाषी इलेक्ट्रॉनिक टेलीप्रिंटर / टैलेक्स लगाने के लिए अनुरोध करें।

Department of Telecommunications to bilingual electronic teleprinter/telex in place of these machines.

2.The offices where only Devanagari electromechanical teleprinters are installed will not be able to exchange messages with the bilingual electronic teleprinters, if messages are to be sent or received from these teleprinters to bilingual electronic teleprinters, it would be necessary to replace the Devanagari electromechanical teleprinters by bilingual electronic ones. The Department of Telecommunications should be requested to replace the Devanagari electromechanical teleprinters (if they are on lease) by bilingual electronic ones.

[O. M. No. 12015/9/88-O. L. (T.C.), dated 28-3-1988]

**6.8 Training facility for use of electronic teleprinter/telex in devanagari**

Arrangement be made for providing training in Devanagari script to electronic teleprinter/ telex operators by contacting any centre of convenience directly.

[O. M. No. 12015/44/90-O. L. (T.C.), dated 28-11-1990]
[O.M. No. 12015/44/90-O.L .(T.C.), dated 19-3-1991]

**6.9 Selection and use of bilingual software/ hardware for biscriptual use of computers**

All the Central Government offices etc. are requested to make a proper selection of bilingual software/hardware for its use according to the Official Language Rules so that. on the one hand. it could support the use of Official Language on computers and on the other. the various bilingual software/hardware manufacturers could get prompted by the progressive use of their produce to modify it further and come out with its up-dates.
[O. M. No. 12015/26/92-O. L. (T.C.). dated 15-10-1992]

**6.10 Accessibility to various kind of information pertaining to Official Language Hindi through NICNET**

With a view to improve availability of various kind of information issued by this Department from time to time pertaining to Official Language Hindi & making best use of the facilities now available for information storage and retrieval and minimizing the use of paper work. it has been decided to make available information on the following subjects on computer terminals through NICNET:-

1. Central Secretariat Official Language Service seniority list.
2. Annual Programme for implementation of the Official Language Policy of the Union.
3. Manual regarding the use of Official Language Hindi.

This arrangement would enable all the Central Government offices located in all parts of the country to have easy access to this information either in Hindi or in English at NIC Centres. The programme is Menu driven and a copy of the Operation Manual is enclosed for ready reference. One does not have to undergo specific training to operate this system and assistance can even be sought from the NIC Informatics Officers. The information will be updated from time to time by this Department. It is expected that NICNET system for accessing information mentioned above will be utilised adequately by the users.

[O.M. No. 12015/14/92-O. L. (T.C.).dated 20-3-1995]

**6.11 Working in Hindi on computers in the Central Government and their subordinate/affiliated offices and undertakings and in the state language (Official Language) of States**.

The present trend in government offices is towards working in English. Using computers for working in the Official Language of the state will result in encouraging the Official Language. In this context the following action would be required.

2. जिन कार्यालयों में केवल देवनागरी इलैक्ट्रो-मैकेनिकल टेलीप्रिंटर लगे हुए हैं, वे इन द्विभाषी इलेक्ट्रॉनिक टेलीप्रिंटरों के साथ संदेशों के आदान-प्रदान का काम नहीं कर सकेंगे। यदि इन टेलीप्रिंटरों द्वारा द्विभाषिक इलेक्ट्रॉनिक टेलीप्रिंटरों को संदेश दिए जाने हैं या उनके संदेश प्राप्त किए जाने हैं तो इन देवनागरी इलेक्ट्रो- मैकेनिकल टेलीप्रिंटरों को भी, यदि ये लीज़ पर लिए गए हैं, तो, द्विभाषी इलेक्ट्रॉनिक टेलीप्रिंटरों से बदलने के लिए दूरसंचार विभाग से अनुरोध किया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 12015/9/88-रा. भा. (त.क.), दिनांक 28-3-1988]

**6.8 इलेक्ट्रॉनिक टेलीप्रिंटर/टेलेक्स में देवनागरी में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था**

टेलेक्स / टेलीप्रिंटर संचालकों को देवनागरी लिपि में कार्य करने का प्रशिक्षण सुविधानुसार संबंधित केन्द्र से सीधे संपर्क करके दिलवाएं।

[का.ज्ञा.सं. 12015/44/90-रा.भा. (त.क.) दिनांक 28-11-1990]
[का.ज्ञा.सं. 12015/44/90-रा.. भा० (त.क.). दिनांक 19-3-1991]

**6.9 कम्प्यूटरों के द्विलिपीय प्रयोग के लिए द्विभाषी साफ्टवेयर / हार्डवेयर का प्रयोग।**

सभी केंद्रीय सरकार के कार्यालयों आदि से यह अनुरोध है कि वे उपयुक्त द्विभाषी साफ्टवेयर / हार्डवेयर का चयन कर उसका प्रयोग राजभाषा नियमों के अनुसार कार्य करने के लिए तुरन्त करें ताकि जहां एक ओर कम्प्यूटरों पर राजभाषा के प्रयोग को बल मिलेगा, दूसरी ओर विभिन्न द्विभाषी साफ्टवेयर / हार्डवेयर निर्माताओं को उनके उत्पाद के उत्तरोत्तर प्रयोग से प्रोत्साहन मिलेगा तथा वे उसमें और अधिक सुधार करने के लिए प्रेरित होकर उनके विकसित संस्करण उपलब्ध करा सकेंगे।

[का.ज्ञा.सं. 12015/26/92-रा.भा. (त.क.) दिनांक 15-10-1992]

**6.10 राजभाषा हिंदी के बारे में अनेक प्रकार की सूचना की "निक नेट" पर उपलब्धता।**

राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी की गई राजभाषा हिंदी के बारे में अनेक प्रकार की सूचना की उपलब्धता को आसान करने तथा सूचना भंडारण एवं प्राप्ति के क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाओं का समुचित प्रयोग करने तथा कागजों का प्रयोग कम से कम करने के उद्देश्य से निम्न विषयों पर जानकारी "निक-नेट" के कम्प्यूटर 'टर्मिनलों पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है:-

1. केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा की वरीयता सूची।
2. राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वार्षिक कार्यक्रम।
3. राजभाषा हिंदी के प्रयोग संबंधी नियम पुस्तिका।

देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालय एनआईसी के केन्द्रों पर उपरोक्त के संदर्भ में सूचना हिंदी अथवा अंग्रेजी में प्राप्त कर सकेंगे। यह प्रोग्राम मीनू प्रचालित है तथा "ऑपरेशन मैनुअल" की एक प्रति सुलभ संदर्भ के लिए संलग्न है। सिस्टम को चलाने के लिए कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है तथा एन आई सी० केन्द्र के सूचना अधिकारी से भी इस संदर्भ में सहायता ली जा सकती है। इस सूचना को समय- समय पर इस विभाग द्वारा अद्यतित किया जाएगा। अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्त जानकारी को प्राप्त करने के लिए "निक-नेट" सिस्टम का प्रयोक्ताओं द्वारा पर्याप्त उपयोग किया जाएगा।

[का.ज्ञा.सं. 12015/14/92-रा.भा. (त.क.) दिनांक 20-3-1995]

6.11 **केंद्र सरकार एवं उनके अधीनस्थ/सम्बद्ध कार्यालयों एवं उपक्रमों में हिंदी में और राज्यों में राज्य की भाषा (राजभाषा) में कंप्यूटरों पर कार्य करना।**

सरकारी कार्यों में सामान्यत: अभी की प्रवृत्ति अंग्रेज़ी की तरफ है। कंप्यूटरों के माध्यम से राज्य की राजभाषा में कार्य करने में राजभाषा को प्रोत्साहन मिलेगा। हिंदी में काम करने की पूरी व्यवस्था हो ताकि कर्मियों को हिंदी में काम करने में आसानी हो। इस प्रसंग में निम्न कार्रवाई आवश्यक होगी:-

**Unicode Encoding:-**

2. There is a serious problem in working in the Official Language of the state, the fonts used in different softwares are not compatible. Because of this, the files of the Official Language, cannot be easily exchanged from one computer to another as files in English are shared. There is also a problem in merging the text in Official Language with other texts in various softwares, so the Government of India has recognized Unicode encoding, which is an international standard. With Unicode it is easy to work in Hindi and other Indian languages in all programmes such as- word processing, data processing, e-mail website creation etc. Files made in the Official Language can be easily exchanged and searched on the word of the Official Language in Google or any other search engine.

3. Therefore, use only Unicode compliant fonts and use Unicode compliant software. It is very easy to install Unicode. Its information is available on the website of the Department of Official Language (www.rajbhasha.gov.in).

**Inscript keyboard**

4. There are three keyboard options for working in Official Language on computers - Remington, Inscript and Phonetic. Although the Remington keyboard is still in vogue, it is much easier to learn to type in Inscript. Inscript layout is the standard of Government of India and is already present by default in all operating systems. Also, by learning Inscript keyboard in any one language, one can type easily in all Indian languages. Therefore, only the old staff trained on Remington key board, whose service remains only for 2 years, should type in Remington. All the others should only use inscript. Tutor is available for learning Inscript at (http://ildc.in).

5. Only bilingual keyboard should be procured with all computers which must have Inscript keyboard layout.

6. It is worth mentioning that in the phonetic keyboard, officers who are ignorant of Hindi typing can easily type in Hindi using Roman script.

**Bilingual software and website**

7. While purchasing or getting the software developed, ensure that it has full facility to work in the Official Language except in unavoidable circumstances.

8. All the ministries should get their website and the websites of their subordinate offices/undertakings prepared in bilingual form and their updation done in Hindi also in Unicode compliant font.

**LILA Software (Hindi Self Teaching)**

9. LILA-LEARN Indian languages through Artificial intelligence Hindi self-learning package on Internet in multiple languages (English, Kannada, Malayalam, Tamil, Telugu, Bengali, Assamese, Oriya, Manipuri, Marathi, Punjabi, Kashmiri, Gujarati, Nepali and Bodo) are available for free to learn Hindi.

10. Only a multimedia computer and internet connection is required for LILA. Registering for the first time is enough. And internet connection is required. Registering once is enough. The text letters are written using graphics. Record and Compare feature allows the user to match his pronunciation to the standard pronunciation. Revised answers can be obtained through teacher module. There is also the option of free and controlled learning.

**यूनिकोड एनकोडिंग:-**

2. राज्य की राजभाषा में कार्य करने में एक गंभीर समस्या है विभिन्न सॉफ्टवेयरों में प्रयुक्त(used) फौन्टस का कम्पैटिबल (compatilite) न होना। इस कारण राजभाषा की फाइलों को, अंग्रेज़ी की तरह आसानी से एक कंप्यूटर से (used) दूसरे कंप्यूटर पर आदान-प्रदान नहीं कर पाते हैं। **राजभाषा पाठ (font)** को दूसरे सॉफ्टवेयर में जोड़ने (paste करने में) भी समस्या आती है। अत: भारत सरकार ने यूनिकोड एनकोडिंग को मान्यता दी है जो अन्तरराष्ट्रीय मानक है। इससे हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में कंप्यूटर पर अंग्रेज़ी की तरह ही सरलता से सभी कार्य किये जा सकते हैं, जैसे- वर्ड प्रोसेसिंग, डाटा प्रोसेसिंग, ई-मेल, वेबसाइट निर्माण आदि। राजभाषा में बनी फाइलों का आसानी से आदान प्रदान तथा राजभाषा की वर्ड पर गूगल या किसी अन्य सर्च इंजन में सर्च कर सकते हैं।

3. अत: केवल यूनिकोड कम्पलाएन्ट फौन्टस प्रयोग करें एवं यूनिकोड के अनुरूप सॉफ्टवेयर का ही प्रयोग करें। यूनिकोड को इंस्टाल करना बहुत आसान है। इसकी जानकारी राजभाषा विभाग की साइट (www.rajbhasha.gov.in ) पर उपलब्ध है।

**इंस्क्रिप्ट की –बोर्ड**

4. कंप्यूटरों पर राजभाषा में कार्य करने के लिए तीन की-बोर्ड विकल्प हैं-रेमिंग्टन, इंस्क्रिप्ट तथा फोनेटिक हालांकि अभी तक रेमिंग्टन की-बोर्ड पूर्व से प्रचलित होने के कारण popular है, इसकी तुलना में इंस्क्रिप्ट में टंकण सीखना बहुत आसान है। इंस्क्रिप्ट ले-आउट भारत सरकार का मानक होने की वजह से सभी आपरेटिंग सिस्टम में डिफाल्ट में, यानी पहले से मौजूद रहता है। साथ ही किसी भी एक भाषा में इंस्क्रिप्ट की-बोर्ड सीखने पर, सभी भारतीय भाषाओं में आसानी से टंकण कर सकते हैं।अत: मात्र रेमिंग्टन की-बोर्ड पर प्रशिक्षित पुराने कर्मचारी, जिनका सेवाकाल केवल 2 वर्ष बचा हो, रेमिग्टन में टंकण करें। शेष सभी इंस्क्रिप्ट का ही प्रयोग करें। (http://ildc.in ) पर इंस्क्रिप्ट सीखने के लिए ट्यूटर उपलब्ध है।

5.सभी कंप्यूटरों के साथ केवल द्विभाषी की-बोर्ड की ही खरीद की जाए, जिसमें इंस्क्रिप्ट की-बोर्ड ले-आउट अवश्य हो।

6. उल्लेखनीय है कि फोनेटिक की-बोर्ड में, हिंदी टंकण से अनभिज्ञ अधिकारी, रोमन स्रिप्ट का उपयोग करते हुए हिंदी में आसानी से टंकण कर सकते है।

**द्विभाषी सॉफ्टवेयर एवं वेबसाइट**

7. सॉफ्टवेयर खरीदते या विकसित करवाते समय यह सुनिश्चित करें कि अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर उसमें राजभाषा में कार्य करने की पूर्ण सुविधा हो। किन्ही अपरिहार्य कारणों से, जैसे वैज्ञानिक कार्यों के लिए, हिंदी सॉफ्टवेयर उपलब्ध न हो सके तो ऐसे मामले राजभाषा विभाग की जानकारी में लाएं।

8. सभी मंत्रालय अपनी एवं अपने अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों की वेबसाइट द्विभाषी करायें तथा उनका अपडेशन हिंदी में भी यनिकोड कम्पलाएन्ट फौंट में करायें

**लीला सॉफ्टवेयर (हिंदी स्वयं शिक्षण)**

**9.** इंटरनेट पर लीला (LILA-LEARN Indian Languages through Artificial Intelligence) हिंदी स्वयं-शिक्षण पैकेज के पाठ्यक्रम कई भाषाओं (अंग्रेज़ी, कन्नड़, मलयालयम, तमिल, तेलुगु, बंगला, असमी, उड़िया, मणिपुरी, मराठी, पंजाबी, कश्मीरी, गुजराती, नेपाली तथा बोडो) के माध्यम से हिंदी सीखने के लिए, नि:शुल्क उपलब्ध (http://Rajbhasha.gov.in) हैं।

10. लीला से हिंदी सीखने के लिए मात्र एक मल्टीमीडिया कंप्यूटर और इंटरनेट कनैक्शन आवश्यक है। पहली बार रजिस्ट्रेशन कराना पर्याप्त हैं। हिंदी अक्षर लिखने का पाठ ग्राफिक्स के जरिये है। 'रिकार्ड एंड कंपेयर' सुविधा से प्रयोगकर्ता अपना उच्चारण मानक उच्चारण से मिलान कर सकता है। टीचर माड्यूल के जरिये संशोधित उत्तर प्राप्त किए जा सकते हैं। 'फ्री एवं कंट्रोल लर्निंग' का विकल्प भी है।

**Shrutlekhan - Rajbhasha (Dictation in Hindi)**

11. Shrutlekhan - Rajbhasha, is a speaker independent, Hindi speech recognition system that takes spoken language as digitised input (dictation) and outputs it as a stream of text (analog to Unicode). Hindi speaking states should use it and give their feedback.

Mantra Official Language (Translation from English to Hindi)

12. With the help of Mantra - Rajbhasha, circulars, orders, office memorandums, resolutions etc. in the field of administrative, financial, agriculture, small scale industries, health, security, information technology, banking and education can be translated from English to Hindi. Mantra Rajbhasha is available both online (www.rajbhasha.gov.in) and as standalone version. There is also a facility to download the standalone version.

13. According to the feedback received, the level of translation by this package is not up to the expectations. One reason for this is the lack of a wide corpus of words and sentences, so Hindi states should use this package and give feedback so that the mantra software can be improved.

**e-Mahashabdkosh**

14. Dictionaries (Hindi to English and English to Hindi) of Administrative, Financial and Banking, Agriculture, Industry, Health Security, Information Technology, Law, Tourism and Education sector are available free of cost on www.rajbhasha.gov.in. Its main features are meaning and related information, dictionary with bilingual and two-dimensional pronunciation and related information of searched word, Unicode compliant font. Hindi speaking states should use it and give their feedback.

Google Group and Facebook page of Department of Official Language

15. In order to solve the difficulties in using the above mentioned IT tools, the Department of Official Language has created Google Group (http://groups.google.com/group/rajbhashavibhag-itsolution) and Facebook Page of Rajbhasha Vibhag on (http://facebook.com), take advantage of them by becoming a member.

16. All the State / UT Governments are requested to make maximum use of the above IT tools and give feedback from themselves and their affiliated / subordinate offices, undertakings etc. as above so that continuous improvement can be made in them.

No.12015/13/2011-O.L.(Tech.) dated 17.2.2012

**6.12 Regarding bilingual website of the Ministries/Departments.**

The orders of the Hon'ble President on the recommendations of the 9th Section of the Parliamentary Committee on Official Language were issued in the form of resolution on 31.03.2017.

2. The Committee has reported in Recommendation No. 87 that the websites of the Ministries and all the offices under their control should be bilingual and Hindi pages should also be compulsorily uploaded while updating the website. This recommendation has been accepted by the Hon'ble President.

3. The committee had recommended in Recommendation No. 28 that only that material/data related to the website should be allowed to be put on the website by NIC,

**श्रुतलेखन-राजभाषा (हिंदी में डिक्टेशन)**

11. श्रुतलेखन-राजभाषा, एक स्पीकर-एनडिपेंडेंट, हिंदी स्पीच रिकग्निशन सिस्टम है, जो बोली गई भाषा को (dictation) (डिजिटाईज) करके इनपुट के रूप में लेता है और आउटपुट एक 'स्ट्रीम ऑफ टेक्स्ट' (यूनीकोड के अनुरूप) के रुप में देता है। इसका प्रयोग करें एवं फीडबैक दें।

**मंत्र राजभाषा (अंग्रेज़ी से हिंदी में अनुवाद)**

12. मंत्र राजभाषा की सहायता से प्रशासनिक, वित्तीय, कृषि, लघु उद्योग, स्वास्थ्य, सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिग तथा शिक्षा क्षेत्र में अंग्रेज़ी के परिपत्रों, आदेशों, कार्यालय ज्ञापनों, संकल्प आदि का हिंदी अनुवाद कर सकते है। "मंत्र-राजभाषा" इंटरनेट (http://rajbhasha.gov.in ) तथा स्टैडअलोन दोनों वर्जन में उपलब्ध है। स्टैंडअलोन वर्जन को डाउनलोड करने की सुविधा भी है।

13. प्राप्त फीडबैक के अनुसार इस पैकेज द्वारा अनुवाद का स्तर आशा के अनुरूप नहीं है। इसका एक कारण शब्दों एवं वाक्यों का व्यापक कार्पस का न होना है। अत: इस पैकेज को इस्तेमाल करें और फीडबैक दें, ताकि मंत्र को बेहतर बनाया जा सके।

**ई-महाशब्दकोश**

14. प्रशासनिक, वित्तीय एवं बैकिंग, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, विधि, पर्यटन तथा शिक्षा क्षेत्र के शब्दकोश नि:शुल्क http://rajbhasha.gov.in पर उपलब्ध है। इसकी मुख्य विशेषताएँ है-अर्थ एवं संबंधित जानकारी, द्विभाषी एवं द्विआयामी उच्चारण सहित शब्दकोश खोजे गये शब्द का उच्चारण तथा संबंधित जानकारी, यूनीकोड कंप्लायंट फौंट। इसका उपयोग करें एवं फीडबैक दें।

15. राजभाषा विभाग तिमाही रिपोर्ट एवं वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट को ऑनलाइन करने के लिए MIS सॉफ्टवेयर बना रहा है। इससे देशभर के कार्यालयों से ऑनलाइन रिपोर्ट प्राप्त होंगी एवं समय पर MIS मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि कई नराकास (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां) ऐसे MIS स्वयं विकसित कर व्यवहार में ला रही हैं।

16. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि उपर्युक्त के अनुसार त्वरित कार्रवाई करें तथा अपने सम्बद्ध /अधीनस्थ कार्यालयों एवं उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंको आदि द्वारा इनका पालन सुनिश्चित कराएं ताकि उपर्युक्त आई.टी.टूल्स के अधिक उपयोग एवं फीडबैक से, इनमें निरंतर सुधार लाया जा सके। आपकी सुविधा के अनुसार राजभाषा विभाग आपके समक्ष प्रेजेन्टेशन देगा।

सं.12015/13/2011-रा.भा.(तक) दिनांक 17.2.2012

**6.12 - मंत्रालयों/विभागों की वेबसाइट द्विभाषी होने के संबंध में।**

संसदीय राजभाषा समिति की 9 वे खंड की संस्तुतियों पर माननीय राष्ट्रपति जी के आदेश संकल्प के रुप में दिनांक 31.03.2017 को जारी किए गए थे।

2. समिति ने संस्तुति सं. 87 में प्रतिवेदन किया है कि मंत्रालयों और इनके सभी नियंत्रणाधीन कार्यालयों की वेबसाइट द्विभाषी रुप में होनी चाहिए और वेबसाइट को अद्यतन करते समय हिंदी के पृष्ठों को भी अनिवार्य रुप से अपलोड किया जाना चाहिए। यह संस्तुति माननीय राष्ट्रपति जी ने स्वीकार कर ली है।

3. समिति ने संस्तुति सं 28 में सिफारिश की थी कि एन.आई.सी द्वारा वेबसाइट से संबंधित उसी सामग्री /आंकडे को ही वेबसाइट पर डालने के लिए स्वीकृत किया जाए, जिसे द्विभाषी रुप में उन्हें उपलब्ध कराया जाए। माननीय राष्ट्रपति जी ने यह संस्तुति इस संशोधन के साथ स्वीकार की है कि वेबसाइट की सामग्री को द्विभाषी रुप में उपलब्ध कराने और उसे

which is made available to them in bilingual form. Hon'ble President has accepted this recommendation with the modification that the work of making the content of the website available in bilingual form and uploading it will be ensured through web information managers under the direction of Heads of Departments / Heads of Offices of various Ministries / Departments / Offices etc.

4. The above recommendations have been made with a view to promote the use of Hindi in the official work of the Union to be the medium of communication with the common man and the Honourable President has accepted these recommendations and ordered compliance. Therefore, compliance and implementation of the above recommendations is expected to be ensured in Central Government Ministries/Departments, Subordinate Offices and Autonomous Bodies.

O.M. No. 20012/10/2017-O.L.(Policy), dated 9.8.2017

7.3.5 All the Ministries/Deptts. are requested to circulate this scheme immediately among all their officers/employees and introduce it in their Ministries/Deptts. W.e.f 1st April 1988. They may also apprise all of their Attached and Subordinate offices of this scheme and ask them to introduce it in all their offices 1st April 1988. They may also inform the undertaking, corporation etc. under their control about this scheme and encourage them to introduce Incentive Scheme in their offices on the basis of this.

7.3.5.1- Similarly, the guidelines under the Incentive Scheme for officers for giving dictation in Hindi were also issued vide this Deptt's O.M. No. II/12013/1/89-O.L. (Impl-2) dated 6th March, 1989. In the said guidelines, the prize money was increased to Rs.1000/- by the instructions given in the office memorandum No.II/12013/18/93-O.L.(Policy-2) dated September 16, 1998. The amount to be given in this scheme has now been increased to Rs.2000/- which will be deemed to be applicable with immediate effect. All the conditions mentioned in the above guidelines will remain the same.

7.3.6 The information regarding the action taken in this regard may please be sent to the Department of Official Language as early as possible.

[OM No II /12013/3/87- O.L.(A-2), dated 16.02.1988]
[OM No II /12013/01/2011- O.L.(A-2), (Policy/CTB) dated 30.10.2012]

**Proforma**

*Weekly statement of the original work done in Hindi by Shri/Smt./Kum……………… for the week ending……………………….*

| SI.No. | Date | Total No. of files & Registers where in work was done in Hindi | No. of words used in note/draft written in Hindi | Other items of works done in Hindi | | Signature of Senior Officer(once in a week) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Brief description | No. of words | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| | | | | | | |

**7.4 Incentives for doing original official work in Hindi in specialised spheres.**

There are certain areas whose activities do not involve work pertaining to noting/drafting or stenography/typing, but where Hindi is used, such as the type of work being done by the scientists, technicians and operational staff. Suitable incentive schemes may be introduced in those offices also where a considerable number of employees do similar work of specialized nature.

[O.M. No. II/200/5/35/84-O.L.(A-2), dated 20-11-1984
[OM No II/12013/3/87-O.L.(A-2), dated 16-2-88]

7.3.3. इस योजना के चलाने पर होने वाले खर्च का वहन प्रत्येक मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा अपने बजट प्रावधान में किया जाएगा। विभाग/कार्यालय का अध्यक्ष मूल्यांकन समिति की सिफारिशों पर इस परिपत्र के अधिकार से पुरस्कार स्वीकृत कर सकता है। इस पुरस्कार योजना पर वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग ने अपनी सहमति अ.टि.सं.एच-78/ई-II/87, दिनांक 27-1-88] द्वारा दे दी है।

7.3.4 यह योजना 1 अप्रैल, 1988 से लागू है।

7.3.5 समस्त मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इस योजना को अपने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों में तुरन्त परिचालित करें और अपने मंत्रालय/विभाग में इसे 1 अप्रैल, 1988 से लागू करें। अपने सभी सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों को भी इस योजना के बारे में तुरन्त अवगत कराएं और उन्हें भी अपने सभी कार्यालयों में इसे 1 अप्रैल, 1988 से लागू करने के आदेश दें। वे अपने नियंत्रणाधीन उपक्रमों, निगमों आदि को भी इस योजना के बारे में जानकारी दें और उन्हें इस आधार पर अपने कार्यालयों में प्रोत्साहन योजना आरम्भ करने के लिए प्रेरित करें।

7.3.5.1 ठीक इसी प्रकार इस विभाग के दिनांक 06 मार्च, 1989 के कार्यालय ज्ञापन सं. II/12013/1/89-रा.भा.(क-2) के तहत अधिकारियों को हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किए गए थे। उक्त मार्गदर्शी सिद्धांतों में पुरस्कार राशि दिनांक 16 सितम्बर, 1998 के कार्यालय ज्ञापन संख्या II/12013/18/93-रा.भा.(नी.2) में दिए गए निर्देशों द्वारा 1000/- रु. कर दी गई थी। इस योजना में दी जाने वाली राशि अब 2000/- रु. कर दी गई है। जोकि तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। उक्त मार्गदर्शी सिद्धान्त में वर्णित सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

[का.ज्ञा.सं.II/12013/3/87-रा.भ.(क-2) दिनांक 16.02.1988]
[का.ज्ञा.सं.II/12013/01/2011-रा.भ.(नीति/के.अनु.ब्यूरो) दिनांक 30.10.2012]

7.3.6 इस संबंध में की गई कार्रवाई की सूचना राजभाषा विभाग को कृपया शीघ्रातिशीघ्र दी जाए।

प्रपत्र

| श्री/श्रीमती/कुमारी ___________ की _____________ को समाप्त होने वाले सप्ताह में हिंदी के मूल काम की साप्ताहिक विवरणी | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. सं. | तिथि | कुल फाइलों, रजिस्टरों आदि की संख्या जिन में हिंदी में काम किया गया | हिंदी में लिखे गए टिप्पणी और आलेखन के शब्दों की संख्या | हिंदी में किए गए और काम | | उच्च अधिकारी के हस्ताक्षर (सप्ताह में एक बार |
| | | | | संक्षिप्त ब्यौरा | शब्दों की संख्या | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**7.4 विशिष्ट क्षेत्रों में सरकारी काम हिंदी में करने के लिए पुरस्कार**

ऐसे क्षेत्रों में जहाँ टिप्पण/आलेखन, आशुलिपि/टाइपिंग का काम नहीं होता किन्तु हिंदी का प्रयोग किया जाता है जैसे-वैज्ञानिकों, तकनीशियनों और प्रचालन कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्य आदि के लिए भी जिन कार्यालयों में काफी संख्या में कर्मचारी एक ही प्रकार के ऐसे विशिष्ट प्रकृति के कार्य करते हैं, उनके लिए उचित प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जाएं।

[का.ज्ञा.सं.II 200/5/35/84- रा. भा. (क-2) दिनांक 20-11-1984]
[का.ज्ञा.सं.II/12013/3/87-रा.भ.(क-2) दिनांक 16.02.1988]

7.4.1 **Reg review of the Official Language Promotional Awards/Schemes being implemented on national level/large scale in various Ministries/Departments**.

Please refer to the OM of even number dated 11/11/2022 on the subject mentioned above.

According to the Ministry of Home Affairs OM dated 29th September 2022, the Department of Official Language, MHA has been made a Nodal Department for review of the Official Language Promotional Awards/Schemes being implemented on national level/large scale in various Ministries/Departments.

2. In this regard, all the Ministries/Departments are again requested to arrange to send complete details (Name of Scheme, Nature, Periodicity, Numbers and amounts of the awards etc) of the Award Schemes being operative in their organizations on the Original Book Writing in Hindi/Translation on the national level/large scale to the Email: santosh.gupta89@nic.in latest by 14th April 2023. In case no information is received up to the specified period, it will be presumed that no scheme is in vogue in your ministry/department.

3. After review of the Official Language Awards relating to Hindi in all Ministries/Departments, certain schemes may be incorporated into the Rajbhasha Gaurav Puraskar Yojana. It is also to be informed that after review of the above awards relating to the Official Language given away by various Ministries/Departments will be awarded only by the Department of Official Language since 2023 onwards. The Incentive Schemes being organized during the Hindi Month/Fortnight by the Ministries/Departments will continue to operate as before.

OM No 12021/02/2022-OL (Imp-2) dated 03/04/2023

**7.5 Grant of Hindi incentive allowance to stenographers and typists for doing their official work in Hindi in addition to English**

A special allowance of Rs. 240 per month and Rs. 160 per month may be granted to the stenographers and typists respectively who know English typing/shorthand and are actually doing their official work in Hindi in addition to English. Only these English stenographers/typists would be entitled for doing at least 5 drafts/notes every day or at least 300 drafts/notes in a quarter in Hindi. This will not include one or two line drafts/notes. This special allowance will not be treated as pay and no D.A., H.R.A, C.C.A and other allowances would be admissible on this amount.

7.5.1 The employees to whom this allowance is granted will have to produce a certificate in the attached pro forma to prove that the employee was actually doing his work in both the languages. In the case of stenographers this certificate will be given by the officer with whom he is posted and in the case of typist the certificate will be signed by Under Secretary concerned or Head of Office as the case may be. This certificate will be required every month for the first six months when a stenographer/typist starts working bilingually and thereafter once in every three months .

7.5.2 The Scheme under which advance increments in the shape of personal pay are granted for successful training in Hindi stenography and Hindi typewriting shall continue but the benefit of advance increments will cease when the benefit of special allowance under this scheme is granted .

7.5.3 Head of offices as well as the Officer exercising control over the stenographers and typist will have the responsibility to ensure that special allowance is drawn only when the bilingual work is done by the concerned stenographers/typist In case of any misuse of these instruction and drawl of special allowance without actually working will mean misuse of the facility in the same way as an irregularity committed in charging travelling

**7.4.1 विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा हिंदी से संबंधित राष्ट्रीय स्तर/वृहद स्तर पर चल रही राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार योजनाओं की समीक्षा के संबंध में।**

दिनांक 29 सितम्बर 2022 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा हिंदी से संबंधित राष्ट्रीय स्तर / वृहद स्तर पर चल रही राजभाषा प्रोत्साहन पुस्कार योजनाओं की समीक्षा करने के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को नोडल विभाग बनाया गया है।

2. इस संबंध में, सभी मंत्रालयों/विभागों को पुनः सूचित किया जाता है की उनके यहां राष्ट्रीय स्तर वृहद स्तर पर हिंदी मौलिक पुस्तक लेखन/अनुवाद से संबंधित चलने वाली पुरस्कार योजनाओं का संपूर्ण विवरण (योजना का नाम, स्वरूप, अवधि, पुरस्कारों की संख्या एवं राशि आदि) दिनांक 14 अप्रैल, 2023 तक ई-मेल:- Santosh.gupta89@nic.in पर तत्काल भिजवा दें। यदि सूचना निर्धारित अवधि तक नहीं भेजी जाती है तो यह मान लिया जाएगा कि उनके यहाँ हिंदी से संबंधित कोई पुरस्कार योजना नहीं चलाई जा रही है।।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों के हिंदी से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के राजभाषा पुरस्कारों की समीक्षा उपरांत कतिपय योजनाओं को राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना में समाहित किया जा सकता है। यहाँ पर यह भी सूचित करना है की वर्ष 2023 से राजभाषा हिंदी से संबंधित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा दिये जाने वाले उपरोक्त पुरस्कार समीक्षा उपरांत राजभाषा विभाग द्वारा ही दिये जाएंगे। मंत्रालयों/विभागों में हिंदी माह/ पखवाड़े के दौरान चलाई जा रही योजनाएं यथावत जारी रहेंगी।

फा.सं. 12021/02/2022 रा.भा.(का.2)

**7.5 अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में आशुलिपि और टाइपिंग कार्य के लिए प्रोत्साहन भत्ता**

उन आशुलिपिकों और टाइपिस्टों को जो अंग्रेजी टाइप /आशुलिपि जानते हैं और अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में भी अपना सरकारी कार्य करते हैं क्रमश: 240/- रुपए और 160/- रुपए प्रतिमास विशेष भत्ता दिया जाए। केवल वे ही अंग्रेजी आशुलिपिक / टाइपिस्ट इस भत्ते के पात्र होंगे जो हिंदी में औसतन 5 टिप्पणियां/प्रारूप पत्र / प्रतिदिन अथवा लगभग 300 टिप्पणियां/प्रारूप पत्र/प्रति तिमाही टंकित करते हैं। केवल एक या दो पंक्तियों के प्रारूप/टिप्पणियां इसमें शामिल नहीं होगी। यह विशेष भत्ता वेतन नहीं माना जाएगा और इस राशि पर महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता और अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।

7.5.1 जिन कर्मचारियों को यह भत्ता दिया जाए उन्हें यह साबित करने के लिए कि ये अपना सरकारी कार्य दोनों भाषाओं में करते हैं, नीचे दिए गए प्रोफार्मा में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। आशुलिपिकों के लिए यह प्रमाणपत्र उस अधिकारी विशेष द्वारा दिया जाएगा जिसके साथ वह काम करता है और टाइपिस्टों के लिए यह प्रमाण पत्र संबंधित अवर सचिव या कार्यालय अध्यक्ष, जैसी भी स्थिति हो, द्वारा दिया जाएगा। जब आशुलिपिक या टाइपिस्ट दोनों भाषाओं में कार्य करना आरंभ करें तब से पहले 6 महीनों के लिए यह प्रमाणपत्र प्रति मास देना आवश्यक है और उसके पश्चात प्रत्येक तीन महीने में एक बार।

7.5.2 वह योजना जिसके अन्तर्गत हिंदी आशुलिपिक और हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करने पर वैयक्तिक वेतन के रूप में अग्रिम वेतन वृद्धियाँ दी जाती है, जारी रहेगी। परन्तु जब इस योजना के अन्तर्गत विशेष भत्ते का लाभ मिलने लगेगा तब से अग्रिम वेतन वृद्धियों का लाभ समाप्त कर दिया जाएगा।

7.5.3 कार्यालय अध्यक्ष तथा आशुलिपिकों और टाइपिस्टों पर पर्यवेक्षीय नियंत्रण रखने वाले अधिकारियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे यह सुनिश्चित करें कि यह विशेष भत्ता संबंधित आशुलिपिक/ टाइपिस्ट द्वारा द्विभाषी रूप में कार्य करने पर ही प्राप्त हो। इन निदेशों का दुरुपयोग कर वास्तव में कार्य किए बगैर विशेष भत्ते का विनियोग उसी प्रकार का दुरुपयोग माना जाएगा जैसे कि केन्द्रीय सरकार के नियमों के अंतर्गत यात्रा या अन्य भत्तों के विनियोग के संबंध में

or any other allowance under Central Government rules. Head of offices may utilize the services of their Hindi officers to keep watch over this aspect.

7.5.4 The recommendation made in the report (vol.2) of committee of parliament on Official Language and the suggestions received from Ministries/Departments of Central Government to grant the said incentive allowance to the employees working in Hindi in addition to English on Computers and teleprinters has been examined in the Department of Official Language. In this connection, it has been decided in consultation with Department of Expenditure that the Typists/Stenographers would also be entitled to the allowance for doing prescribed quantum of official work on typewriter/computers in Hindi in addition to English.

**Certificate required for grant of Hindi Incentive Allowance**

Certified that Shri/Smt./Kum __________________________

Designation _______________________section________________

did a part of his/her work in Hindi stenography/Hindi typing during the period from

______________to_______________

The quantum of work done by him/her in Hindi was not less than an average of 5 notes/ drafts/letter in Hindi in a day in the aforesaid months/300 notes/drafts/letter in Hindi the aforesaid quarter.

Signature
Full Name of Branch Officer/Head of Office
(with stamp)

Date____________

[O.M No. 14012/55/76-O.L (C), dated 12-8-1983]
[OM No 13034/31/85-O.L(C), dated 11-8-1987]
[OM No 13034/44/90-O.L (C) dated 25-7-1995]
[OM No 13017/4/90- O.L (C) dated 28-7-1998]

**7.6 Financial Incentives on passing Hindi Typewriting and Hindi Stenography Examinations conducted by the Hindi Teaching Scheme by making use of Electronic Typewriters, Computers/Word Processors etc. -Regarding**

The orders issued by the Department of Official Language regarding the Financial Incentives, such as personal pay, cash awards and lump-sum awards payable to the Central Government Employees on passing the Hindi Typewriting and Hindi Stenography examinations conducted by the Hindi Teaching Scheme shall also be applicable to those employees who qualify in the Hindi Typewriting and Stenography examinations conducted by the Hindi Teaching Scheme by making use of Electronic Typewriters, Computers/ Word Processors.

2. All other conditions regarding the payment of Financial Incentive will be the same as contained in the orders issued earlier.

3. This order will become effective from the Hindi Typewriting/Stenography examinations to be conducted in January 1996 onwards.

4. This issues with the concurrence of the Internal Finance. Ministry of Home Affairs vide their U.O. Note No. 185 (II)/95/Finance-II.dated 13-9-95.

[No. 22011/44/95-KHPS/4342. dated 22-11-95]

अनियमितता को समझा जाता है। इस पहलू पर निगरानी रखने के लिए कार्यालय अध्यक्ष यदि चाहें तो अपने हिंदी अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग कर सकते है।

7.5.4 संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन (खंड-2) में की गई सिफारिश तथा केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त सुझाव कि उक्त प्रोत्साहन भत्ते को कम्प्यूटर तथा टेलीप्रिंटरों पर अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी कार्य करने वाले कर्मचारियों को दिया जाए, पर राजभाषा विभाग में विचार किया गया। इस संबंध में व्यय विभाग के परामर्श से यह निर्णय लिया गया है कि वे टंकक/ आशुलिपिक भी उक्त प्रोत्साहन भत्ते के लिए पात्र होंगे जो कि टाइपराइटर/कम्प्यूटर पर अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी में भी उक्त निर्धारित मात्रा में सरकारी कार्य करते हैं।

**हिंदी प्रोत्साहन भत्ता पाने के लिए अपेक्षित प्रमाण पत्र**

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/ कुमारी__________________________________

पदनाम ____________________ अनुभाग ______________________

ने _________से _________ तक की अवधि में अपने काम का कुछ भाग हिंदी आशुलिपि/हिंदी टाइपिंग में किया। हिंदी में किए गए काम की मात्रा, उपर्युक्त मास में औसतन 5 टिप्पणियों/प्रारूप/पत्र प्रतिदिन/उपर्युक्त तिमाही में लगभग 300 टिप्पणियों/प्रारूप/पत्र से कम नहीं थी

हस्ताक्षर

ब्रांच अधिकारी/कार्यालय अध्यक्ष का नाम

तारीख.............

[का.ज्ञा.सं. 14012/55/76-रा.भा.(ग) दिनांक 12-8-1983]

[का.ज्ञा.सं. 13034/31/85-रा.भा.(ग) दिनांक 11-8-1987]

[का.ज्ञा.सं. 13034/44/90-रा.भा.(ग) दिनांक 25-7-1995]

[का.ज्ञा.सं. 13017/4/90-रा.भा.(ग) दिनांक 28-7-1998]

## 7.6 हिंदी शिक्षण योजना द्वारा आयोजित हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि परीक्षाएं इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटर, कंप्यूटर/वर्ड प्रोसेसर आदि का प्रयोग करके उत्तीर्ण करने पर वित्तीय प्रोत्साहन देने के संबंध में

उपर्युक्त विषय पर हिंदी शिक्षण योजना द्वारा आयोजित हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि परीक्षाएं उत्तीर्ण करने पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों को मिलने वाले वित्तीय प्रोत्साहन यथा वैयक्तिक वेतन नकद पुरस्कार एवं एकमुश्त पुरस्कार से संबंधित राजभाषा विभाग द्वारा जारी सभी आदेश उन कर्मचारियों पर भी लागू होंगे, जो हिंदी शिक्षण योजना दारा आयोजित हिंदी टंकण एवं आशुलिपि की परीक्षाएं इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर कंप्यूटर/वर्ड प्रोसेसर का प्रयोग करके उत्तीर्ण करते हैं।

2. वित्तीय प्रोत्साहनों की देयता के संबंध में अन्य सभी शर्ते वही होंगी जो पहले जारी किए गए आदेशों में निहित हैं।

3. यह आदेश जनवरी 1996 से आयोजित होने वाली हिंदी टंकण / आशुलिपि परीक्षाओं से लागू होगा।

4. आन्तरिक वित्त, गृह मंत्रालय को उनके अनौ. टिप्पण सं.185(एच.)/95/वित्त-II, दिनांक 13-9-95 द्वारा दी गई सहमति से जारी किए गए हैं।

[सं. 22011/44/95 केहिप्रसं/4342, दिनांक 22-11-95]

**7.7 Increase in the rates of Cash Rewards on passing the Hindi Language, Hindi Typewriting and Stenography Examinations conducted under the Hindi Teaching Scheme and increase in the rates of Lumpsum rewards on passing Hindi Language, Hindi Typewriting and Stenography examinations of the Hindi Teaching Scheme, through own efforts**.

In partial modification of the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, O.M. No. 21034/34/2007-0.L. (Trg.) dated 16.08.2007 on the above subject, it has been decided to increase the amount of Cash rewards/ Lumpsum rewards as per rates given below :

| I | Hindi Language Examination of Hindi Teaching Scheme | Existing Rate of Cash Reward | Revised Rate of Cash Reward |
|---|---|---|---|
| A | Prabodh | | |
| 1. | For securing 70% or more marks | Rs.800/ | Rs.1600/ |
| 2 | For securing 60% or more marks but less than 70% marks | Rs.400/ | Rs. 800/ |
| 3 | For securing 55% or more marks but less than 60% marks | Rs.200/- | Rs. 400/ |
| B | Praveen | | |
| 1 | For securing 70% or more marks | Rs.1200/ | Rs.1800/ |
| 2 | For securing 60% or more marks but less than 70% marks | Rs.800/ | Rs. 1200/ |
| 3 | For securing 55% or more marks but less than 60% marks | Rs.400/- | Rs. 600/ |
| C | Pragya | | |
| 1 | For securing 70% or more marks | Rs.1200/ | Rs.2400/ |
| 2 | For securing 60% or more marks but less than 70% marks | Rs.800/ | Rs. 1600/ |
| 3 | For securing 55% or more marks but less than 60% marks | Rs.400/- | Rs. 800/ |

| II | Hindi Typing and Stenography Examination of Hindi Teaching Scheme | Existing Rate of Cash Reward | Revised Rate of Cash Reward |
|---|---|---|---|
| A | Hindi Typing | | |
| 1 | For securing 97% or more marks | Rs.1200/ | Rs.2400/ |
| 2 | For securing 95% or more marks but less than 97% marks | Rs. 800/ | Rs.1600/ |
| 3 | For securing 90% or more marks but less than 95% marks | Rs. 400/ | Rs.800/ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| B | Hindi Stenography | | |
| 1 | For securing 95% or more | Rs.1200/ | Rs.2400/ |

**7.7 हिंदी शिक्षण योजना के अधीन हिंदी भाषा, हिंदी टंकण और आशुलिपि परीक्षाएं उत्तीर्ण करने पर मिलने वाले प्रोत्साहन-नकद पुरस्कार की राशि में वृद्धि तथा निजी प्रयत्नों से हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी भाषा, हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि की परीक्षाएं उत्तीर्ण करने पर मिलने वाले एकमुश्त पुरस्कार की राशि में वृद्धि।**

उपर्युक्त विषय पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिनांक 16.08.2007 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 21034/34/2007-रा.भा. (प्रशि0) में आंशिक संशोधन करते हुए नकद पुरस्कारों/एकमुश्त पुरस्कारों की राशि को निम्न दरों से बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:-

| I | हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी भाषा परीक्षा | वर्तमान नकद पुरस्कार की राशि | संशोधित नकद पुरस्कार की राशि |
|---|---|---|---|
| क. | प्रबोध | | |
| 1. | 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | रु. 800/- | रु. 1600/- |
| 2. | 60 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 400/- | रु. 800/- |
| 3. | 55 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 200/- | रु. 400/- |
| ख. | प्रवीण | | |
| 1. | 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | रु. 1200/- | रु. 1800/- |
| 2. | 60 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 800/- | रु. 1200/- |
| 3. | 55 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 400/- | रु. 600/- |
| ग. | प्राज्ञ | | |
| 1. | 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | रु. 1200/- | रु. 2400/- |
| 2. | 60 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 70 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 800/- | रु. 1600/- |
| 3. | 55 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 400/- | रु. 800/- |

| II. | हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी टंकण और आशुलिपि परीक्षाएं | वर्तमान नकद पुरस्कार की राशि | संशोधित नकद पुरस्कार की राशि |
|---|---|---|---|
| क. | हिंदी टंकण | | |
| 1. | 97 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | रु. 1200/- | रु. 2400/- |
| 2. | 95 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 97 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 800/- | रु. 1600/- |
| 3. | 90 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 95 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 400/- | रु. 800/- |
| ख. | हिंदी आशुलिपि | | |
| 1. | 95 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर | रु. 1200/- | रु. 2400/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | marks | | |
| 2 | For securing 92% or more marks but less than 95% marks | Rs.800/ | Rs.1600/ |
| 3 | For securing 88% or more marks but less than 92% marks | Rs.400/ | Rs.800/ |

| III | Hindi Language. Hindi Typewriting and Hindi Stenography examinations of Hindi Teaching Scheme, through own efforts. | Existing rate of Lumpsum Reward | Revised rate of Lumpsum Reward |
|---|---|---|---|
| 1 | Prabodh Examination of the Hindi Teaching Scheme | Rs. 1000/- | Rs.1600/- |
| 2 | Praveen Examination of the Hindi Teaching Scheme | Rs. 1000/- | Rs.1500/- |
| 3 | Pragya Examination of the Hindi Teaching Scheme | Rs.1200/- | Rs.2400/- |
| 4 | Hindi Typewriting Examination of the Hindi Teaching Scheme | Rs.800 | Rs.1600/- |
| 5 | Hindi Stenography Examination of the Hindi Teaching Scheme | Rs.1500/- | Rs.3000/- |
| 6. | Such Hindi examinations conducted by Voluntary Hindi organizations, which have been recognized by Government of India(Ministry of Education) as being equivalent to Matriculation or above. | Rs.1200/- | Rs.1200/- |
| 7. | "Hindi Diploma Course" of Central Hindi Directorate | Rs.1200/- | Rs.1200/- |

Remarks :- The candidates who qualify the Hindi Language, Typewriting and Stenography examinations of the Hindi Teaching Scheme through own efforts will be eligible for the above-mentioned benefits even if they secure 5% less marks than the prescribed percentage, while granting them the Cash Reward in addition to Lumpsum Reward.

2. For admissibility of Cash Reward and Lumpsum Reward, all other terms and conditions will be the same as mentioned in the orders issued earlier.

3. This Office Memorandum issues with the concurrence of Ministry of Finance (Department of Expenditure) vide their I.D. Note No. 14(9)/E.II(A)/2007 dated 29.06.2011

4. This Office Memorandum will come into force from the date of issue.

[O.M. No. 12011/4/8- O.L.. (Trg.) dated 12-7-1989]
[O.M. No. 18-3-94- HTS (Hqrs.), dated 16 -2-1995]
[O.M. No. 21034/34/2007- O.L.. (Trg.) dated 16.08.2007 ]
[O.M. No. 21034/66/2010-O.L. (Trg.), dated 29.07.2011]

7.8 **Revision of the rates of honorarium payable to the overall-in-charge officers appointed at full time/ part time training centres of Hindi Teaching Scheme.**

Partially amending this Department's Office Memorandum No. 21034/21/2003-O.L.(Trg.)/2439 dated July 01, 2003 on the above subject, the undersigned is directed to convey the approval of the President for revising the rates of honorarium payable to those officers of the Central Government, who have been appointed on an honorary basis as an overall officer in charge of full-time / part-time training centres of the Hindi Teaching Scheme,

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | 92 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 95 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 800/- | रु. 1600/- |
| 3. | 88 प्रतिशत या इससे अधिक परन्तु 92 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर | रु. 400/- | रु. 800/- |

| III. | निजी प्रयत्नों से हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी भाषा, हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि की परीक्षाएं | वर्तमान एकमुश्त पुरस्कार की राशि | संशोधित एकमुश्त पुरस्कार की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी शिक्षण योजना की प्रबोध परीक्षा | रु. 1000/- | रु. 1600/- |
| 2. | हिंदी शिक्षण योजना की प्रवीण परीक्षा | रु. 1000/- | रु. 1500/- |
| 3. | हिंदी शिक्षण योजना की प्राज्ञ परीक्षा | रु. 1200/- | रु. 2400/- |
| 4. | हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी टंकण परीक्षा | रु. 800/- | रु. 1600/- |
| 5. | हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी आशुलिपि परीक्षा | रु. 1500/- | रु. 3000/- |
| 6. | स्वैच्छिक हिंदी संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली ऐसी हिंदी परीक्षाएं, जिन्हें भारत सरकार (शिक्षा विभाग) द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष या उससे उच्च परीक्षा के रूप में मान्यता दी गई है। | रु. 1200/- | रु. 1200/- |
| 7. | केंद्रीय हिंदी निदेशालय की "हिंदी डिप्लोमा पाठ्यक्रम" परीक्षा | रु. 1200/- | रु. 1200/- |

**टिप्पणी** – जो प्रशिक्षार्थी निजी प्रयासों से हिंदी शिक्षण योजना की हिंदी भाषा, टंकण और आशुलिपि परीक्षाएं उत्तीर्ण करते हैं, उनको एकमुश्त पुरस्कार के अलावा नकद पुरस्कार प्रदान करते समय निर्धारित किए गए प्रतिशत से 5 प्रतिशत अंक कम प्राप्त करने पर भी नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

2. नकद पुरस्कारों एवं एकमुश्त पुरस्कारों की देयता के संबध में अन्य सभी शर्तें वही होंगी, जो पहले जारी किए गए आदेशों में निहित हैं।

3. यह कार्यालय ज्ञापन वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) की सहमति से उनकी दिनांक 29.06.2011 की अंतर्विभागीय टिप्पणी संख्या 14(9)/ई.II(ए)/2007 के अनुसार जारी किया जा रहा है।

4. यह कार्यालय ज्ञापन जारी होने की तारीख से मान्य होगा।

[का.ज्ञा.सं. 12011/4/8-रा.भा. (प) दिनांक 12-7-1989]
[का.ज्ञा.सं. 18-3-94- हिशियो (मुख्यालय), दिनांक 16 फरवरी, 1995]
[का.ज्ञा.सं. 21034/34/2007-रा.भा. (प्रशि0) दिनांक 16.08.2007]
[का.ज्ञा.सं. 21034/66/2010-रा.भा.(प्रशि0) दिनांक 29.7.2011]

**7.8 हिंदी शिक्षण योजना के पूर्णकालिक / अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्रों पर नियुक्त सर्वकार्यभारी अधिकारियों को देय मानदेय की दरों का संशोधन।**

उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 01 जुलाई, 2003 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 21034/21/2003-रा.भा.(प्रशि.)/2439 में आंशिक संशोधन करते हुए केंद्र सरकार के उन अधिकारियों, जिन्हें अपनी सामान्य ड्यूटी के अतिरिक्त हिंदी शिक्षण योजना के पूर्णकालिक/अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन अर्थात केंद्र सरकार के कर्मचारियों को हिंदी भाषा, हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि के प्रशिक्षण से संबंधित कार्यों की देख-रेख एवं जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु सर्वकार्यभारी अधिकारी के रूप में अवैतनिक तौर पर नियुक्त किया गया है, को देय मानदेय की दरों में संशोधन करने

in addition to their normal duties and are responsible for the work related to the training of Hindi language, Hindi typing and Hindi stenography to the employees of the Central Government. The revised rates of honorarium payable to overall-in-charge officers will be as follows:-

| S.No. | Description | Honorarium approved under the order issued on 01.07.2003 | Revised description | Revised approved Honorarium |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Overall-in-charge officers under whose supervision there are such full-time training centres where 1 to 5 regular Hindi Pradhyapak / Assistant Director (Hindi Typing / Stenography) are posted | 260/- per month | Such overall in charge officers under whose supervision there are such full-time training centres where 1 to 5 regular Hindi Pradhyapak/ Assistant Director (Hindi Typing/ Stenography) are posted | 520/- per month |
| 2 | Overall-in-charge officers under whose supervision there are full-time training centres where 6 to 19 regular Hindi Pradhyapak / Assistant Director (Hindi Typing / Stenography) are posted. | 375/- per month | Such overall-in-charge officers under whose supervision there are such full-time training centres where 6 to 19 regular Hindi Pradhyapak / Assistant Director (Hindi Typing / Stenography) are posted. | 750/- per month |
| 3 | Such officers in overall charge under whose supervision there are such part-time training centres of Hindi Teaching Scheme where there are 10 or more trainees. | 130/- per month | Such officers in overall charge under whose supervision there are such part-time training centres of Hindi teaching scheme where no regular Hindi teacher of Hindi teaching scheme is posted and training is given by part-time Hindi teacher and where 15 or more trainees are enrolled. | 260/- per month |

2. The other conditions in this regard will be applicable as are contained in the above Office Memorandum of this Department.
3. This O.M. is issued with the approval of Finance Division, Ministry of Home Affairs vide their note Diary No. 65243/JS(Fin./Pers)II/2011 dated 15.12.2011.
4. These revised rates of honorarium will be effective from 1st April, 2012.

[No.12032/1.74- Hindi-II dated 16-2-74]
[No.12047/2 73-Hindi-II dated 5-6-73]
[No.12013/23-O.L. (E) dated 12-8-1983]
[O.M.No. 49/1/98 HTS (Hq)/29 dated 8.2.1999]
[O.M.No 21034/21/2003- O.L. (Trg), dated 01-072003]
[O.M. No. 21034/66/2009-O.L.(Trg.) dated4.4.2012]

के लिए राष्ट्रपति की संस्वीकृति सूचित की जाती है। सर्वकार्यभारी अधिकारियों को देय मानदेय की संशोधित दरें निम्न प्रकार होंगीः-

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक 01.07.2003 को जारी आदेश के तहत स्वीकृत मानदेय | संशोधित विवरण | संशोधित स्वीकृत मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सर्वकार्यभारी अधिकारी जिनकी देखरेख में ऐसे पूर्णकालिक प्रशिक्षण केंद्र हैं जहां 1 से 5 तक नियमित हिंदी प्राध्यापक / सहायक निदेशक (हिंदी टंकण/आशु.) तैनात हैं। | 260/- प्रतिमाह | ऐसे सर्वकार्यभारी अधिकारी जिनकी देखरेख में ऐसे पूर्णकालिक प्रशिक्षण केंद्र हैं जहां 1 से 5 तक नियमित हिंदी प्राध्यापक / सहायक निदेशक (हिंदी टंकण/आशु0) तैनात हैं। | 520/- प्रतिमाह |
| 2 | सर्वकार्यभारी अधिकारी जिनकी देखरेख में ऐसे पूर्णकालिक प्रशिक्षण केंद्र हैं जहां 6 से 19 तक नियमित हिंदी प्राध्यापक / सहायक निदेशक (हिंदी टंकण/आशु0) तैनात हैं। | 375/- प्रतिमाह | ऐसे सर्वकार्यभारी अधिकारी जिनकी देखरेख में ऐसे पूर्णकालिक प्रशिक्षण केंद्र हैं जहां 6 से 19 तक नियमित हिंदी प्राध्यापक / सहायक निदेशक (हिंदी टंकण/आशु0) तैनात हैं। | 750/- प्रतिमाह |
| 3 | ऐसे सर्वकार्यभारी अधिकारी जिनकी देखरेख में हिंदी शिक्षण योजना के ऐसे अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्र हैं जहां 10 या इससे अधिक प्रशिक्षार्थी हैं। | 130/- प्रतिमाह | ऐसे सर्वकार्यभारी अधिकारी जिनकी देखरेख में हिंदी शिक्षण योजना के ऐसे अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्र जहां पर हिंदी शिक्षण योजना का कोई नियमित हिंदी प्राध्यापक तैनात नहीं है तथा प्रशिक्षण अंशकालिक हिंदी प्राध्यापक द्वारा दिया जाता है और जहां 15 या इससे अधिक प्रशिक्षार्थी नामांकित हैं। | 260/- प्रतिमाह |

2. इस संबंध में अन्य शर्तें वही लागू होंगी जो शर्तें इस विभाग के उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन में निहित हैं।
3. यह कार्यालय ज्ञापन वित्त प्रभाग, गृह मंत्रालय द्वारा उनकी टिप्पणी डायरी सं. 65243/JS(Fin./Pers)II/2011 दिनांक 15.12.2011 के तहत प्रदान किए गए अनुमोदन से जारी किया गया है।
4. मानदेय की ये संशोधित दरें 1 अप्रैल, 2012 से प्रभावी होंगी।

पत्र सं.12032/1.74- हिंदी-II दिनांक 16-2-74
पत्र सं.12047/2 73-हिंदी-II दिनांक 5-6-73
पत्र सं.12013/23-रा० भा० (ई) दिनांक 12 अगस्त 1983
का.ज्ञा.सं. 49/1/98 हिशियो (मु०)/29 दिनांक 8.2.1999
का.ज्ञा.सं. 21034/21/2003-राभा० (प्रशि०), दिनांक 01 जुलाई, 2003
का.ज्ञा.सं. 21034/66/2009-रा.भा. (प्रशि0) दिनांक 4.4.2012

**7.9 Revision in the rates of Honorarium admissible to part time Hindi Teachers under Hindi Teaching Scheme - reg.**

Referring to the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs' Office Memorandum No. 21034/21/2005-O.L.(Train) dated 30th September, 2005 on the above subject, I am directed to approve the payment of honorarium to the part-time Hindi teachers under the Hindi Teaching Scheme at the following revised rates:-

| S. No. | Description | Honorarium approved under the order issued on 30.09.2005 | Revised description | Revised Sanctioned Honorarium |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Honorarium / Remuneration For alternate day classes** (Only for Government servants) where attendance of trainees is up to 10<br><br>Per additional trainees if the attendance of trainees is more than 10. | 540/- per month<br><br>36/- per month | Honorarium / Remuneration for alternate day classes (Only for Government servants) where attendance of trainees is up to 10<br><br>Per additional trainees if the attendance of trainees is more than 10. | 1080/-per month<br><br>70/-per month |
| 2. | **For daily classes**<br>Honorarium / Remuneration (Only for Government servants ) where attendance of trainees is up to 10<br><br>Per additional trainees if the attendance of trainees is more than 10. | 700/- per month<br><br>45/- per month | Honorarium / Remuneration For daily classes - (Only for Government servants ) where attendance of trainees is up to 10<br><br>Per additional trainees if the attendance of trainees is more than 10. | 1400/- per month<br><br>90/- per month |

Note: -1. In hard areas like North - Eastern areas, Jammu and Kashmir, Leh-Ladakh, The Andaman and Nicobar Islands, Lakshadweep, Dadra and Nagar Haveli, Daman and Diu where adequate number of trainees are not available the minimum number of trainees has been fixed at 5. In such condition,, the part-time teachers deputed at these centres will be paid an honorarium of Rs.1080/- per month for classes alternate days and Rs. 1400/- for classes on daily basis.

2. All conditions contained in department's letter no. 12013/24/83-OL(E) dated 05.08.1985 regarding Honorarium will remain same.

3. This office memorandum issues with the approval of Finance Division, Ministry of Home Affairs accorded vide their note Dy No. 65243/JS (Fin. /Pers.)II/2011 dated 15.12.2011.

4. The revised rates of Honorarium will be effective from 1st April 2012.

5. The maximum limit fixed for Honorarium for Govt. servants will not exceed Rs.5,000/- (five thousands only) per-annum per person including the honorarium of all kinds.

**7.9 हिंदी शिक्षण योजना के अंशकालिक हिंदी प्राध्यापकों को देय मानदेय की दरों में संशोधन के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिनांक 30 सितम्बर, 2005 के कार्यालय ज्ञापन संख्याः- 21034/21/2005-रा.भा.(प्रशि.) का हवाला देते हुए मुझे हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत अंशकालिक हिंदी प्राध्यापकों को निम्नलिखित संशोधित दरों पर मानदेय देने के लिए मंजूरी देने का निदेश हुआ हैः-

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक 30.09.2005 को जारी आदेश के तहत स्वीकृत मानदेय | संशोधित विवरण | संशोधित स्वीकृत मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | <u>**एकांतर दिवस की कक्षाओं के लिए**</u> मानदेय / पारिश्रमिक (केवल सरकारी सेवकों के लिए) जहां प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 10 तक है।<br>यदि प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 10 से अधिक है तो प्रति अतिरिक्त प्रशिक्षार्थी के लिए। | 540/- प्रतिमाह<br>36/- प्रतिमाह | <u>**एकांतर दिवस की कक्षाओं के लिए**</u> मानदेय / पारिश्रमिक (केवल सरकारी सेवकों के लिए) जहां प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 10 तक है)<br>यदि प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 10 से अधिक है तो प्रति अतिरिक्त प्रशिक्षार्थी के लिए। | 1080/- प्रतिमाह<br>70/- प्रतिमाह |
| 2. | <u>**प्रति दिन की कक्षाओं के लिए-**</u><br>मानदेय / पारिश्रमिक (केवल सरकारी सेवकों के लिए) जहां प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 10 तक है)<br>यदि प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 10 से अधिक है तो प्रति अतिरिक्त प्रशिक्षार्थी के लिए। | 700/- प्रतिमाह<br>45/- प्रतिमाह | <u>**प्रति दिन की कक्षाओं के लिए-**</u><br>मानदेय / पारिश्रमिक (केवल सरकारी सेवकों के लिए) जहां प्रशिक्षार्थी की उपस्थिति कम से कम 10 तक है)<br>यदि प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति 10 से अधिक है तो प्रति अतिरिक्त प्रशिक्षार्थी के लिए। | 1400/- प्रतिमाह<br>90/- प्रतिमाह |

**नोटः1-** पूर्वोतर क्षेत्र, जम्मू-कश्मीर, लेह लद्दाख, अण्डमान-निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा व नगर हवेली, दमन व दीव जैसे दुर्गम क्षेत्रों में जहां पर प्रशिक्षण हेतु पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षार्थी नहीं मिलते, वहां पर प्रशिक्षार्थियों की सीमा कम से कम 5 निर्धारित की गयी है। ऐसी स्थिति में इऩ केंद्रों पर कार्यरत अंशकालिक प्राध्यापकों को एकांतर दिवस की कक्षाओं के लिए 1080/- एवं प्रतिदिन की कक्षाओं के लिए 1400/-रु. प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा।

2. मानदेय के संबध में विभाग के पत्र संख्या -12013/24/83-रा.भा.(ई.) दिनांक 05.08.1985 में दी गई शर्ते यथावत लागू रहेंगी।

3. यह कार्यालय ज्ञापन वित्त प्रभाग, गृह मंत्रालय द्वारा उनकी डायरी संख्या-65243/JS(Fin./Pers) II/2011 दिनांक 15.12.2011 के तहत प्रदान किए गए अनुमोदन से जारी किया गया है।

4. मानदेय की ये संशोधित दरें 1 अप्रैल, 2012 से प्रभावी होगी।

5. सरकारी सेवकों के लिए मानदेय की निर्धारित सीमा सभी प्रकार के मानदेय मिलाकर कुल रूपए 5,000/-(रूपए पांच हजार मात्र) प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष से अधिक नहीं होगी।

का.ज्ञा.सं. 21034/66/2009-रा.भा. (प्रशि0) दिनांक 4.4.2012

O.M. No.21034/66/2009-OL (Trg.) Dated 4.4.2012

**7.10 Continuation of the Grant of Lump sum Reward beyond December, 2008 on passing Hindi Language, Hindi Typing and Hindi Stenography Examinations under the Hindi Teaching Scheme through one's own efforts.**

The undersigned is directed to refer to this department's O.M. No. 21034/14/2006 O.L.(Trg.), dated 14.09.2006 on the subject noted above and to convey the sanction of the President to the continuation of grant of Lump Sum Reward beyond 31st December, 2008 upto 31 December, 2015, to those Central Government Employees/Officers who pass the Hindi Language, Hindi Typing and Hindi Stenography Examinations under the Hindi Teaching Scheme through their own efforts. The above extension of the period is applicable equally to the employees/officers of offices located in all the three regions viz. “A”, “B” and “C” and conditions and the prescribed rates for grant of this Lump Sum/Reward will be the same as specified in this Department's O.M.No.12013/3/76-O.L.(D), dated 21.05.1977; O.M.No.12011/5/83-O.L.(D), dated 29.10.1984, O.M.No.18/3/94-H.T.S.(HQ.), dated 16.02.1995 and O.M.No 21034/66/2010-0.L.(Trg), dated 29.07.2011.

2. In so far as the employees serving in Indian Audit and Accounts Department are concerned, these orders issue with the concurrence of the Comptroller and Auditor General of India.

3. This issues with the concurrence of Ministry of Finance, Department of Expenditure, vide their I.D.Note No.175743/2011 dated 14th May, 2013.

O.M. No.21034/62/2009-O.L.(Trg.) Dated 22.8.2013

**7.10.1 Revision in the rates of Honorarium to the Part time Clerks/Peons of the full time/part time training centers ofHindi Teaching Scheme**.

In partial modification of this Department's O.M. No. 49/1/98-HTS(HQ)/125/325, dated 21 April, 1999, the undersigned is directed to convey the sanction of the President to revise the rates of Honorarium to such employees of the Central Government, who are appointed as Part time Clerks/Peons of the full time/part time training Centers of Hindi Teaching Scheme and shoulder additional duties and responsibilities for helping the Officer-in-Overall Charge, in an honorary capacity, in addition to their normal duties. The revised rates of Honorarium payable to such Part time Clerks/Peons, will be as follows:—

| | **Part Time Clerks** | **Rate of Honorarium per month** |
|---|---|---|
| (i) | Part time Clerk engaged at full time Hindi Teaching Centrewhere no whole time clerk is posted. | Rs. 285.00 (Rupees Two hundred andeighty five only) |
| (ii) | Part time Clerk engaged at full time Hindi Teaching Centre havingfull time clerk also. | Rs. 160.00 (Rupees One hundred andsixty only) |
| (iii) | Part time Clerk engaged at part time Hindi Teaching Centrewere 20 to 100 candidates are on roll. | Rs. 135.00 (Rupees One hundred andthirty five only) |
| (iv) | Part time Clerk engaged at part time Hindi Teaching Centrewhere more than 100 candidates are on roll. | Rs. 200.00 (Rupees Two hundred only) |

**7.10 हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत ली जाने वाली हिंदी भाषा, हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि परीक्षाएं निजी प्रयत्नों से उतीर्ण करने पर दिए जाने वाले एकमुश्त पुरस्कार को दिसंबर 2008 से आगे ली जाने वाली परीक्षाओं के लिए जारी रखना।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 14 सिंतबर 2006 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 21034/14/2006 रा.भा.(प्रशि.) का हवाला देते हुए हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत ली जाने वाली हिंदी भाषा, हिंदी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि की परीक्षाएं निजी प्रयत्नों से उतीर्ण करने पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों/अधिकारियों को देय एकमुश्त पुरस्कार को 31 दिसंबर 2008 से आगे 31 दिसम्बर 2015 तक जारी रखने के लिए राष्ट्रपति जी की स्वीकृति सूचित करने का निदेश हुआ है। बढ़ाई गई यह अवधि **'क' 'ख' एव 'ग'** सभी तीनों क्षेत्रों में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों /अधिकारियों के लिए समान रुप से लागू होगी। इस पुरस्कार की पात्रता के लिए शर्ते एवं दरें वही होंगी जो इस विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 112013/3/76-रा.भा.(घ) दिनांक 21.05.1977, कार्यालय ज्ञापन संख्या 12011/5/83-रा.भा.(घ) दिनांक 29.10.1984 कार्यालय ज्ञापन संख्या 18/3/94-हि,शि.यो.(मु.) दिनांक 16.02.1995 एवं कार्यालय ज्ञापन संख्या 21034/66/2010-रा.भा.(प्रशि.) दिनांक 29.07.2011 में दी गई हैं।

2. जहां तक भारतीय लेखा परीक्षा तथा लेखा विभाग के कर्मचारियों का संबंध है, ये आदेश भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक की सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

3. इसे वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग द्वारा उनकी आ.वि.टिप्पणी संख्या 175743/2011 दिनांक 14 मई, 2013 के तहत दी गई सहमति से जारी किया गया है।

4. यह कार्यालय ज्ञापन सभी संबंधितों के ध्यान में ला दिया जाए।

का. ज्ञा. सं. 21034/62/2009-रा.भा.(प्रशि.) दिनांक 22.8.2013

**7.10.1 हिंदी शिक्षण योजना के पूर्णकालिक / अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्रों पर तैनात अंशकालिक लिपिकों व चपरासियों को देय मानदेय की दरों में संशोधन।**

उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 21.4.1999 के का.ज्ञा. सx. 49/1/98 हिशियों (मु)/125-325 में आंशिक संशोधन करते हुए केंद्र सरकार के उन अंशकालिक लिपिकों व चपरासियों को जिन्हें अपनी सामान्य ड्यूटी के अतिरिक्त हिंदी शिक्षण योजना के पूर्णकालिक / अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्रों के सर्वकार्यप्रभारी अधिकारियों की सहायता के लिए अवैतनिक तौर पर तैनात किया गया है, को देय मानदेय (पारिश्रमिक) की दरों में संशोधन करने के लिए राष्ट्रपति की संस्वीकृति, सूचित की जाती है। अंशकालिक लिपिकों व चपरासियों को देय मानदेय (पारिश्रमिक) की संशोधित दरें निम्न प्रकार होंगी:-

| | **अंशकालिक लिपिक** | **मानदेय की दर प्रति माह** |
|---|---|---|
| (i) | ऐसे पूर्णकालिक केंद्र पर अंशकालिक लिपिक, जहाँ हिंदी शिक्षण योजना का पूर्णकालिक लिपिक नहीं है। | 285/- रुपए (रुपये दो सौ पचासी मात्र) |
| (ii) | ऐसे पूर्णकालिक केंद्र पर अंशकालिक लिपिक, जहाँ हिंदी शिक्षण योजना का पूर्णकालिक लिपिक है। | 160/- रुपए (रुपये एक सौ साठ मात्र |
| (iii) | ऐसे अंशकालिक केंद्र पर अंशकालिक लिपिक, जहां 20 से 100 तक प्रशिक्षार्थी नामांकित है। | 135/- रुपए (रुपये एक सौ पैतीस मात्र) |
| (iv) | ऐसे अंशकालिक केंद्र पर अंशकालिक लिपिक, जहां 100 से ज्यादा प्रशिक्षार्थी नामांकित है। | 200/- रुपए (रुपये दो सौ मात्र) |

| | Part Time Peons | Rate of honorarium per month |
|---|---|---|
| (i) | Part time Peon engaged at full time Hindi Teaching Centre whereno whole time clerak is posted. | Rs. 115.00 (Rupees One hudred andfifteen only) |
| (ii) | Part time Peon engaged at full time Hindi Teaching Centrehaving full time clerk also. | Rs. 85.00 (Rupees Eighty five only) |
| (iii) | Part time Peon engaged at part time Hindi Teaching Centrewhere 20 to 100 candidates are on roll. | Rs. 85.00 (Rupees Eighty five only) |
| (iv) | Part time Peon engaged at part time Hindi Teaching Centre wheremore than 100 candidates are on roll. | Rs. 115.00 (Rupees One hundred andfifteen only) |

2. Other terms and conditions, contained in the above O.M., will remain the same.

3. This Office Memorandum issues with the concurrence of the Finance Division of Ministry of Home Affairs, videtheir Note Dy. No. 836/FA(H)./03, dated 18th June, 2003.

4. The revised rates of Honorarium will be applicable with effect from 01st July, 2003

O.M. No. 21034/21/2003-O.L. (Trg.), dated 29.7.2003

**7.10.2 Revision of rates of Honorarium (Remuneration) admissible to part-time Instructors engaged for imparting training in Hindi Typewriting and Hindi Stenography at part-time training Centres set up under Hindi Teaching Scheme/Departmental arrangements.**

The undersigned is directed to refer to this Department O.M. No. 11015/1/79-OL(D), dated 20th November, 1979, O.M. No. 11015/1/86-O.L. (D), dated 19th February, 1987 and O.M. No. 22011/5/95-KHPS/1075 dated 7th March, 1996 on the subject noted above and to convey the sanction of the President to grant of Honorarium (Remuneration) to the part-time Instructors engaged under Hindi Teaching Scheme/Departmental arrangements on the modified rates as follows:—

| Existing Rates | Modified Rates |
|---|---|
| Hindi Typewriting: | |
| Rs. 15/-p.m. for every trainee; | Rs. 45/-p.m. for every trainee; |
| Rs. 150/-p.m. if the number of trainees is from 6 to 10; and | Rs. 450/-p.m. if the number of trainees is from 6 to 10; and |
| Rs. 250/-p.m. if the number of trainees exceeds 10 | Rs. 750/- if the number of trainees is more than 10. |
| Hindi Stenography: | |
| Rs. 30/-p.m. for every trainee; | Rs. 90/-p.m. for every trainee; |
| Rs. 250/-p.m. if the number of trainees is from 6 to 10; and | Rs. 750/-p.m. if the number of trainees is from 6 to 10; and |
| Rs. 350/-p.m. if the number of trainees is more than 10. | Rs. 1050/-p.m. if the number of trainees is more than 10. |

| | अंशकालिक चपरासी | मानदेय की दर प्रति माह |
|---|---|---|
| (i) | ऐसे पूर्णकालिक केंद्र पर अंशकालिक चपरासी, जहां हिंदी शिक्षण योजना का पूर्णकालिक चपरासी नहीं है। | 115/- रुपए (रुपये एक सौ पंद्रह मात्र) |
| (ii) | ऐसे पूर्णकालिक केंद्र पर अंशकालिक चपरासी, जहां हिंदी शिक्षण योजना का पूर्णकालिक चपरासी है। | 85/- रुपए (रुपये पचासी मात्र |
| (iii) | ऐसे अंशकालिक केंद्र पर अंशकालिक चपरासी जहां 20 से 100 तक प्रशिक्षार्थी नामांकित है। | 85/- रुपए (रुपये पचासी मात्र |
| (iv) | ऐसे अंशकालिक केंद्र पर अंशकालिक चपरासी, जहां 100 से ज्यादा प्रशिक्षार्थी नामांकित है। | 115/- रुपए (रुपये एक सौ पंद्रह मात्र) |

2. इस संबंध में अन्य शर्तें वही होंगी जो इस विभाग के उपरोक्त कार्यालय ज्ञापन में निहित है।

3. यह कार्यालय ज्ञापन वित्त प्रभाग गृहमंत्रालय द्वारा उनकी टिप्पणी डायरी सं.836 एफ ए हिंदी/03 दिनांक 18 जून, 2003 के तहत प्रदान किए गए अनुमोदन से जारी किया गया है।

4. मानदेय की संशोधित दरें 01 जुलाई, 2003 से प्रभावी होगी।

का.ज्ञा.सं. 21034/21/2003-रा.भा. (प्रशि.), दिनांक 29 जुलाई, 2003

### 7.10.2 हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि के प्रशिक्षण के लिए हिंदी शिक्षण योजना/विभागीय व्यवस्था के अंतर्गत स्थापित अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्रों पर नियुक्त अंशकालिक अनुदेशकों को देय मानदेय (पारिश्रमिक) की दरों में परिशोधन

उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11015/1/79-रा.भा.(घ), दिनांक 20.11.1979, कार्यालय ज्ञापन संख्या-11015/1/86-रा.भा. (घ), दिनांक 19.2.1987 तथा कार्यालय ज्ञापन संख्या 22011/5/95 के.हि.प्र.सं/1075, दिनांक 7.3.1996 का हवाला देते हुए अधोहस्ताक्षरी को हिंदी शिक्षण योजना/विभागीय व्यवस्थाओं के अंतर्गत नियुक्त हिंदी टंकण और हिंदी आशुलिपि के अंशकालिक अनुदेशकों को निम्नलिखित संशोधित दरों पर मानदेय (पारिश्रमिक) देने के लिए राष्ट्रपति जी की मंजूरी सूचित करने का निर्देश हुआ है:-

| **वर्तमान मानदेय की दरें** | **संशोधित मानदेय की दरें** |
|---|---|
| हिंदी टंकण | |
| 15/- रुपये प्रतिमास प्रति प्रशिक्षार्थी | 45/- रुपये प्रतिमास प्रति प्रशिक्षार्थी, |
| 150/- रुपये प्रतिमास यदि प्रशिक्षार्थियों को संख्या 6 से 10 तक हो; और | 450/- रुपये प्रतिमास यदि प्रशिक्षार्थियों की संख्या 6 से 10 तक हो और |
| 250/- रुपये यदि प्रशिक्षार्थियों की संख्या 10 से अधिक हो। | 750/- रुपये प्रतिमास यदि प्रशिक्षार्थियों की संख्या 10 से अधिक हो |
| हिंदी आशुलिपि | |
| 30/- रुपये प्रतिमास प्रति प्रशिक्षार्थी | 90/- रुपये प्रतिमास प्रति प्रशिक्षार्थी, |
| 250/- रुपये प्रतिमास यदि प्रशिक्षार्थियों की संख्या 6 से 10 तक हो और | 750/- रुपये प्रतिमास यदि प्रशिक्षार्थियों की संख्या 6 से 10 तक हो और |
| 350/- रुपये प्रतिमास यदि प्रशिक्षार्थियों की संख्या 10 से अधिक हो | 1050/- रुपए प्रतिमास यदि प्रशिक्षार्थियों की संख्या 10 से अधिक हो |

2. Other conditions in this regard will remain the same as mentioned in this Department's O.M. No. 12043/56/74H1/OL(D), dated 7.9.1977.
3.The contents of the office Memorandum may be brought to the notice of all concerned.
4. The revision of rates of Honorarium (Remuneration) will be effective from 1st September,2000.
5. This issues with the concurrence of the Finance Division, Ministry of Home Affairs *Vide* their I.D. Note No. H. 116/ 2000/F. II, dated 16th August, 2000.

O.M. No. 14034/29/99-O.L. (Trg.), dated 14.9.2000

**7.10.3 Grant of honorarium/remuneration to the paper setters, examiners, answer book evaluators, etc. for the conduct of Hindi examinations under the Hindi Teaching Scheme.**

The question of revising the rates of honorarium/remuneration payable to the paper setters, examiners, answer book evaluators, etc., for the conduct of Hindi Prabodh, Praveen, Pragya and Hindi Typewriting and Hindi Stenography examinations under the Hindi Teaching Scheme has been under consideration for quite some time. It has now been decided that the rates of honorarium/remuneration payable to the paper setters, examiners, etc., appointed in connection with the conduct of the above examinations will be as detailed below:—

| Sl. No. | Item of work | Rate of honorarium/remuneration |
|---|---|---|
| 1. | Setting of question papers (Hindi Prabodh, Praveen, Pragya) | Rs. 250/- per paper |
| 2. | Setting of question papers (Hindi Typewriting/Stenography | Rs.175/- per paper |
| 3. | Moderation of question papers | Rs.80/- per paper |
| 4. | Proof Reading (Hindi Prabodh, Praveen, Pr Hindi Typewriting/Stenography) | Rs.50/- per paper |
| 5. | Dictation | Rs. 80/- per dictation |
**10.8.1** यदि कुछ ऐसे टाइपिस्ट किसी कार्यालय विशेष में हैं जिन्होंने बहुत समय पहले हिंदी टंकण का प्रशिक्षण लिया था तथा वे अभ्यास की कमी से अपना अर्जित ज्ञान भूल गए हैं तो ऐसी दशा में संबंधित कार्यालय कुछ हिंदी के टाइपराइटर ऐसे कर्मचारियों के लिए अलग से रख लें तथा ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाकर उन्हें 5-6 दिन के निर्धारित समय में हिंदी टंकण का अभ्यास करने के लिए कहें। उसके पश्चात वे हिंदी टंकण का जो काम उन्हें सौंपा जाए उसे करेंगे।

[का.ज्ञा.सं. 21034/23/87- रा.भा. (घ), दिनांक 21-9-1987]

## 10.9 हिंदी अनुवादकों के पदों के भर्ती नियमों में एक क्षेत्रीय भाषा के ज्ञान को वांछनीय अर्हता के रूप में रखना

हिंदी अनुवादकों आदि के पदों पर सीधी भर्ती के लिए किसी एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान "वांछनीय अर्हता" के रूप में रखने के लिए उन पदों की भर्ती नियमों में संशोधन करने के बारे में विचार किया जाए। पदोन्नति द्वारा अथवा विभागीय परीक्षाओं आदि के आधार पर पदों के भरने में ऐसा करना आवश्यक नहीं।

[का.ज्ञा.सं. 11034/11/74- रा.भा. (ग) दिनांक 21-6-1974]
[का.ज्ञा.सं. 11034/11/74- रा.भा. (ग) दिनांक 27-6-1975]

## 10.10 अनुवादकों के लिए भाषा संबंधी न्यूनतम योग्यता

अनुवादक के लिए कम से कम स्नातक स्तर का हिंदी व अंग्रेजी भाषा का ज्ञान अनिवार्य है, ताकि वह अपने पद के कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वाह कर सके। राजभाषा विभाग के परामर्श से हिंदी अनुवादकों व हिंदी अधिकारियों के लिए माडल भर्ती नियम, कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। इनमें भी अनुवादकों के लिए स्नातक स्तर से कम योग्यता का प्रावधान नहीं हैं।

केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग यह सुनिश्चित करें कि उनके संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, उपक्रमों आदि में नियुक्त किए जाने वाले अनुवादकों के पास कम से कम स्नातक स्तर का हिंदी व अंग्रेजी भाषा का ज्ञान हो। हिंदी पदों के भर्ती नियम बनाते समय कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी माडल भर्ती नियमों को ध्यान में रखा जाए।

[का.ज्ञा.सं 13035/2/96- रा.भा. (नीति एवं समन्वय), दिनांक 12.6.1996]

## 10.11 वरिष्ठ अधिकारियों/हिंदी अधिकारियों को सुविधाएं

राजभाषा के रूप में हिंदी की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए वरिष्ठ हिंदी अधिकारियों/ हिंदी अधिकारियों को उनके कार्य की महत्ता को देखते हुए कार्यालय और घर पर टेलीफोन की सुविधा प्रदान करने के लिए सहानुभूतिपूर्वक

provide then with telephone facility at office as well as at residence. Keeping in view that they have to be on duty in late nights during Parliament session it would be appropriate to allot them quarters in a centrally located place. It would also be beneficial if staff car is made available to them at night during Parliament Sessions.

[OM No 19/10/84-O.L.. (Service). dated 21-11-1984]

**10.12 Ratio of Devanagari typewriters (ordinary, pin point, bulletin, portable and electric) Hindi typists and Hindi stenographers (as compared to the total number)**

**Region 'A'**

| | | |
|---|---|---|
| (a) Ministries/Departments | - | 45% |
| (b) Other offices (including portions. banks etc. | - | 75% |

In accordance with the resolution No. 12015/34/87-O.L.(Tech.), dated 29-3-1990 issued by the Deptt. of O.L. the number, at the end of 1991-95 should be-

| | | |
|---|---|---|
| (I) Devanagari typewriters | - | 90% |

2900

| | | |
|---|---|---|
| [-) Hindi typists/stenographers | - | 20% |

**Region 'B'**

Ministries/Departments/Central Offices including corporations, undertakings banks etc.)
In accordance with the resolution No. 12015/34/87-0.1
(Tech.), dated 29-3-1990 issued by the Dept. of O L. the number, at the end of 994-95 should be.

| | | |
|---|---|---|
| (1) Devanagari typewriters | - | 45% |
| (2) Hindi typists/stenographer | - | 66%% |

[-20% increase every year.)

**Region 'C'**

Ministries/Departments/Central Offices (including corporations, undertakings, banks etc.)- 18%

(In accordance with the resolution No. 12015/34/87-O.L. (Tech.), dated 29-3-1990 issued by the Deptt. of O. L. the number, at the end of 1994-95 should be-

| | | |
|---|---|---|
| (1) Devnagari typewriters | - | 25% |
| (2) Hindi typists/stenographers | | (20% increase every year.) |

2. The above proportion of the stenographers knowing Hindi typing/stenography should be achieved by making recruitment of the candidates knowing Hindi typing/stenography and by imparting training in Hindi stenography to the English typists/stenographers. So long as the Hindi knowing typists/stenographers are not available in prescribed number in an office, only Hindi typing/stenography knowing candidates should be recruited on the posts of typists/ stenographers. at the time of new recruitment. provided. such candidates are available.

विचार किया जाए। संसद सत्र में देर रात तक की जाने वाली ड्यूटि को ध्यान में रखते हुए उन्हें केंद्रीय स्थलों में क्वार्टर एलाट करना उचित होगा और संसद सत्रों के दौरान रात के समय स्टाफ कार उपलब्ध कराना भी लाभकारी होगा।

[का.ज्ञा.सं. 19/10/84- रा.भा. (सेवा) दिनांक 21-11-1984]

**10.12 देवनागरी टाइपराइटरों, (साधारण, पिनपाईट, बुलेटिन, पोर्टेबल तथा बिजली चलित) हिंदी टंककों और हिंदी आशुलिपिकों का अनुपात (कुल की तुलना में)**

**'क' क्षेत्र :**

| | | |
|---|---|---|
| (क) मंत्रालय/विभाग | - | 45% |
| (ख) अन्य कार्यालय (निगमों, उपक्रमों, बैंकों आदि सहित) | - | 75% |

(राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिनांक 29-3-1990 के संकल्प सं. 12015/34/87-रा.भा.(त.क.) के अनुसार वर्ष 1994-95 के अंत तक -

| | | |
|---|---|---|
| (1) देवनागरी के टाइपराइटर | - | 90% |
| (2) हिंदी टंककों/ हिंदी आशुलिपिकों की संख्या में 20% वृद्धि प्रति वर्ष होनी है | - | 20% |

**'ख' क्षेत्र :**

| | | |
|---|---|---|
| मंत्रालय/विभाग/केंद्रीय कार्यालय (निगमों, उपक्रमों, बैंकों आदि सहित) | - | 45% |

(रा.भा. विभाग द्वारा जारी दिनांक 29-3-1990 के संकल्प संख्या 12015/34/87-रा.भा.(त.क.) के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 1994-95 के अन्त तक -

| | | |
|---|---|---|
| (1) देवनागरी टाइपराइटरों की संख्या | - | 45% |
| (2) हिंदी टाइपिस्टों/ आशुलिपिकों की संख्या में 20% वृद्धि प्रति वर्ष होती है। | - | 66% |

**'ग' क्षेत्र :**

| | | |
|---|---|---|
| मंत्रालय/विभाग/केंद्रीय कार्यालय (निगमों, उपक्रमों, बैंकों आदि सहित) | - | 18% |

(रा.भा. विभाग द्वारा जारी दिनांक 29-3-1990 के संकल्प संख्या 12015/34/87-रा.भा.(त.क.) के अनुसार वर्ष 1994-95 तक -

| | | |
|---|---|---|
| (1) देवनागरी टाइपराइटरों की संख्या | - | 25% |
| (2) हिंदी टाइपिस्टों/ आशुलिपिकों की संख्या में 20% वृद्धि प्रति वर्ष होती है। | | |

2. हिंदी टंकण/आशुलिपि जानने वाले टंककों/आशुलिपिकों के अनुपात को टंककों/ आशुलिपिकों की नई भर्ती में हिंदी टंकण/आशुलिपि जानने वाले उम्मीदवारों की भर्ती करके और अंग्रेजी टंकण/आशुलिपि जानने वाले टंककों/आशुलिपिकों को हिंदी टंकण/आशुलिपि का प्रशिक्षण दिलाकर पूरा करना होगा। जब तक हिंदी टंकण/आशुलिपि जानने वाले आशुलिपिक किसी कार्यालय में उपरोक्त निर्धारित अनुपात के अनुसार नहीं तो जाते तब तक नई भर्ती में यदि हिंदी टंकण/आशुलिपि जानने वाले टंकण/आशुलिपि उपलब्ध हो तो केवल हिंदी टंकण/आशुलिपि के माध्यम से चुने गए उम्मीदवारों को ही टंकक/आशुलिपि के पद पर नियुक्त किया जाये।

3. The above mentioned proportion of the Hindi Typists/Stenographers is minimum. According to the demand of an office, an increased number of Hindi typists/stenographers (which is more than the prescribed limit) can be appointed by direct recruitment. Even after the completion of the prescribed proportion, the English typing/stenography knowing typists/ stenographers should continue to be trained in Hindi typing/stenography, till all typists/stenographers acquire the knowledge in Hindi typing/ stenography.

4. It is necessary to ensure that the prescribed percentages of the Hindi stenographers/ typists are achieved and it should be taken care of at the time of new recruitment too. Action should please he taken against the officers who violate these orders, as laid down in this Department's OM No 12019/3/89-0.1. (Int.) dated 22-8-1989

[OM No 14012/7/87-O.L. (C), dt. 20-8-1987]
[O.M. No. 14012/7/87-O.L. (C). dt. 28-1-1988]
[O.M. No. 14012/14/87-O.L. (C), di. 1-2-1988]
[Resolution No. 12015/34/87-O.L (Tech.), dt. 29-3-1990]
[O.M. No. 14012/6/92-O.L. (C). dt. 12-2-1992]
[O.M No. 14012/6/92-O.L (C), dt. 19-5-1992]

**10.13 Arranging typists in Hindi Cells of Central Govt. Offices**

As far as possible at least one typist, who can , type in English as well as in Hindi may be posted in Hindi Cell. If this is not possible. some other alternative should be evolved so that Hindi cells may not have to face difficulty in getting their matter typed in English and attached/sub-ordinate offices, undertaking etc. should also be advised to take similar action.

[O.M. No. 13035/7/87-O.L. (C), dt. 23-3-1988]

**10.14 Implementation of the Government's decision taken on the recommendations made by the Committee of Parliament on Official Language in its Report (Part-Il)-Regarding**

The following steps have been ensured by the Central Hindi Training Institute for implementation of the decisions taken in the Resolution relating to further strengthening of the existing arrangements for training in Hindi Typing and Hindi Stenography:

(1) The untrained manpower in various fields is being utilised strengthening the training programmes.

(2) Full-time and Part-time training Centres under the programme for expansion in training are being opened as per demand.

(3) Arrangements exist in few cities for training in Hindi Typing and Hindi Stenography in the State Governments and private institutions.

(4) Crash-Courses for intensive training in Hindi Typing and Hindi Stenography are being run at few selected centres like Bangalore. Hyderabad. Calcutta. Mumbai and New Delhi and this facility is also being extended in Chennai.

2. For training of the Central Government employees in Hindi Stenography and Hindi Typing in private institutions like Private Commercial Institutes and the reimbursement of the expenditure incurred thereon to the employee by the concerned Office. it is clarified that there is a provision for payment of lump sum award on passing the examinations of the Hindi Teaching Scheme after seeking training in Hindi Typing and Hindi Stenography through one's own efforts. This Department's OM No 12016/3/76-OL(D) dated 31-8-1977. also provides for payment of interest free advance out of the lump sum award.

3. निर्धारित अनुपात हिंदी टंकण/आशुलिपि जानने वाले टंककों/आशुलिपिकों के विभिन्न कार्यालयों के लिए न्यूनतम अनुपात है यदि किसी कार्यालय में इनसे ज्यादा हिंदी में प्रशिक्षित टंककों/आशुलिपकों की आवश्यकता हो, तो उस अनुपात से ज्यादा भी हिंदी टंकण/आशुलिपि जानने वाले उम्मीदवारों को सीधी भर्ती द्वारा लिया जा सकता है। उपरोक्त निर्धारित अनुपातों के पूरा हो जाने के बाद भी अंग्रेजी टंकण/आशुलिपि जानने वाले टंककों/आशुलिपिकों को तब तक हिंदी टंकण/आशुलिपि का प्रशिक्षण दिया जाना जारी रखना चाहिए जब तक सभी टंकक/आशुलिपिक हिंदी टंकण/आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त नहीं कर लेते।

4. यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि हिंदी आशुलिपिकों टंककों कि निर्धारित प्रतिशतता प्राप्त की जाए और नई भर्ती के समय इसका समुचित ध्यान रखा जाए। जो अधिकारी इन आदेशों का उल्लंघन करते हैं उनके विरुद्ध रा.भा. विभाग के दिनांक 22-8-1989 के का.ज्ञा. 12019/3/89-रा.भा. (भा.) के अनुसार कार्रवाई की जाए।

[का.ज्ञा.सं. 14012/7/87- रा.भा. (ग), दिनांक 20-8-1987]
[का.ज्ञा.सं. 14012/7/87- रा.भा. (ग), दिनांक 28-1-1988]
[का.ज्ञा.सं. 14012/14/87- रा.भा. (ग), दिनांक 1-2-1988]
[संकल्प सं. 12015/34/87- रा.भा. (त.क.), दिनांक 29-3-1990]
[का.ज्ञा.सं. 14012/6/92- रा.भा. (ग), दिनांक 12-2-1992]
[का.ज्ञा.सं. 14012/6/92- रा.भा. (ग), दिनांक 19-5-1992]

## 10.13 केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में हिंदी कक्षों के लिए टाइपिस्ट उपलब्ध कराना

हिंदी कक्ष में कम से कम एक टंकक ऐसा लगाया जाए जो हिंदी टंकण के साथ अंग्रेजी टंकण का भी काम कर सक। यदि यह संभव न हो तो कोई ऐसा और उपाय किया जाए जिसमें हिंदी कक्ष को अपने अंग्रेजी टंकण का काम करवाने में दिक्कत न हो। सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों, उपक्रमों आदि को भी इसी प्रकार कार्रवाई करने का सुझाव दिया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 13035/7/87- रा.भा. (ग) दिनांक 23-3-1988]

## 10.14 संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट (भाग-2) में की गई सिफारिशों पर सरकार के निर्णय को क्रियान्वित करने के संबंध में

हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षण की वर्तमान व्यवस्था को और सुदृढ़ किये जाने के संबंध में संकल्प में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है :-

(1) विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए बनी कार्मिक शक्ति का प्रशिक्षण कार्यक्रम को सुदृढ़ करते हुए उपयोग किया जा रहा है।

(2) प्रशिक्षण विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्ण-कालिक था अंशकालिक प्रशिक्षण केंद्र मांग के अनुसार खोले जा रहे है।

(3) कुछ नगरों में राज्य सरकार एवं निजी संस्थाओं में हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि के प्रशिक्षण का प्रबंध है।

(4) कुछ चुने हुए केन्द्रों जैसे बेंगलोर, हैदराबाद, कलकत्ता, बम्बई एवं नई दिल्ली में हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि के गहन प्रशिक्षण के क्रेश-कोर्स आयोजित किए जा रहे हैं तथा मद्रास में भी यह व्यवस्था प्रारम्भ की जा रही है।

2. सरकारी कर्मचारियों को हिंदी-आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का प्रशिक्षण निजी संस्थाओं द्वारा जैसे प्राइवेट कमर्शियल इंस्टीट्यूट में कराये जाने तथा इस प्रशिक्षण पर कर्मचारी द्वारा किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधित कार्यालय द्वारा किए जाने के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि निजी प्रयत्नों से हिंदी-टंकण एवं हिंदी आशुलिपि का प्रशिक्षण प्राप्त कर हिंदी शिक्षण योजना की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक मुश्त पुरस्कार राशि दिए जाने का प्रावधान है। विभाग के कार्यालय ज्ञापन

3. All the Ministries/Departments may please ensure that every Office should have at least one-typist trained in Hindi Typing. Wherever it is feasible and it is necessary to do so. the trained typist should be used for training other untrained employees in Hindi Typing and for doing this additional work. the lead of Office should give them honorarium in accordance with this Department's OM No 11015/1/86- OL(D) dated 25-2-1987.

[OM. No. 28/1/94 HITS (Hqs). dt. 13-1-95]
Resolution No. 12015/34/87-OL (TC), dt. 29-3-90]

### 10.14.1 Implementation of Government's decisions taken on the recommendations made by the Committee of Parliament on Official Language in its Report (Part-II)-Regarding

In this connection the following actions have been taken :-

(1) The syllabus for Hindi Typing and Hindi Stenography is reviewed from time to time.

(2) All the Ministries/Departments, etc. can give the training on electronic typewriters to their employees by contacting the concerned Regional Deputy Director. Office of the Hindi Teaching Scheme. For the offices located at Delhi, the Deputy Director (Hindi Typewriting & Stenography), Hindi Teaching Scheme, Janpath 'A' barracks Ist Floor, Janpath, New Delhi-110 001, can be contacted.

(3) Training for telex and teleprompter operators on bilingual (Hindi-English) machines is being run at selected places by the Department of telecommunications. The Department of Telecommunications is responsible for organizing Refresher Courses also. It is not possible to make arrangements for such Refresher Courses by the Central Hindi Training Institute.

[OM No 28/1/94 HTS (Hqrs), dt. 5-1-95]
[Resolution No. 12015/34/87-OL (TC), dt. 5-1-95]

### 10.15 Refixation of proportion of Devanagari typewriters/Hindi typists/Hindi stenographers and consolidation of orders issued so far in this regard

For ensuring compliance of the Official Languages Act, 1963 and the provisions of the Official Language (Use for official purposes of the Union) Rules, 1976, it is necessary that Devanagari typewriters/Hindi typists/Hindi stenographers should be available in adequate number in every office of the Central Government. The Department of Official Language has from time to time made this clear vide various orders issued in this regard as to what should be the proportion of Devanagari typewriters/Hindi typists/Hindi stenographers in every office of the Central Government. This order is being issued by consolidating all the orders* issued so far on this subject. The Devanagari typewriters/Hindi typists/Hindi stenographers in the following minimum proportions should be available in all the offices of Government of India with effect from 1-4-1994 :

(a) All the offices of the Central Government located in "A" region - 90%
(b) All the offices of the Central Government located in "B" region - 66%
(c) All the offices of the Central Government located in “C” region - 25%

2. The following instructions should be kept in view for achieving these proportions :-

(a) At least one typewriter may be purchased in those offices of Government of India where not even a single Devanagari typewriter is available.

संख्या - 12016/3/75-रा.भा., दिनांक 31-8-1977 के अनुसार एक मुश्त पुरस्कार राशि में से बिना ब्याज के अग्रिम दिये जाने का प्रावधान भी है।

3. सभी मंत्रालय/विभाग यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक कार्यालय में कम-से-कम एक टंकक हिंदी-टंकण में प्रशिक्षित अवश्य हो। जहां कहीं आवश्यक तथा सम्भव हो, इस प्रकार के प्रशिक्षित टंकक को अन्य अप्रशिक्षित कर्मचारियों को हिंदी के टंकण के प्रशिक्षण के लिए प्रयोग किया जाये और यह अतिरिक्त कार्य करने के लिए कार्यालय अध्यक्ष उन्हें राजभाषा विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या - 11015/1/66-रा.भा.(घ), दिनांक 25-2-1987 के अनुसार मानदेय का भुगतान करे।

[का.ज्ञा. सं. 28/6/94-हि.शि.यो. (मु.) दि 13-1-95]
[संकल्प संख्या 12015/54-87(रा.भा.)तक दि. 29-3-1990]

**10.14.1 संसदीय राजभाषा समिति की रिपोर्ट (खण्ड-2) में की गई सिफ़ारिशों पर सरकार के निर्णय को क्रियान्वित करने के संबंध में**

इस संबंध में निम्नलिखित कार्रवाई की गयी है-

(1) हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि के पाठ्यक्रमों का समय-समय पर पुनरीक्षण किया जाता है।

(2) मंत्रालय/विभाग आदि संबंधित क्षेत्रीय उपनिदेशक, हिंदी शिक्षण योजना के कार्यालय से सम्पर्क का रैपने कर्मचारियों को इलेक्ट्रोनिक टाइपराइटर पर प्रशिक्षण दिलवा सकते हैं। दिल्ली स्थित कार्यालयों के लिए उप निदेशक (हिंदी टंकण/आशुलिपि), हिंदी शिक्षण योजना, जनपथ 'ए' बैरेक्स प्रथम तल, जनपथ, नई दिल्ली - 110001 से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

(3) दूरसंचार विभाग, चुने हुए केन्द्रों पर टेलेक्स तथा टेलीप्रिंटर प्रचालकों के लिए द्विभाषिक (हिंदी-अंग्रेजी) मशीनों पर कार्य करने का प्रशिक्षण संचालित कर रहा है। पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के आयोजन का दायित्व भी दूरसंचार विभाग का ही है। केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों की व्यवस्था करना संभव नहीं है।

[का.ज्ञा. सं. 28/1/94 हि. शि. यो. (मु.) दि. 5-1-1995]
[संकल्प सं. 12015/34/87-रा.भा.(तक) दि. 29-3-90]

**10.15 देवनागरी टाइपराइटरों/हिंदी टाइपिस्टों/ हिंदी आशुलिपिकों के अनुपात का पुन: निर्धारण तथा इस संबंध में अब तक जारी आदेशों को समेकित करना**

राजभाषा अधिनियम, 1963 तथा उसके अंतर्गत जारी किए गर राजभाषा (संघ के सरकारी प्रयोजनों के लिए प्रयोग) नियम, 1976 के उपबंधों का पालन करने के लिए यह आवश्यक है कि केंद्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय में देवनागरी टाइपराइटर/हिंदी टाइपिस्ट /हिंदी आशुलिपिक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हों। राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर आदेश जारी करके यह स्पष्ट किया जाना रहा है कि केंद्र सरकार के प्रत्येक कार्यालय में किस अनुपात में देवनागरी टाइपराइटर/हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी आशुलिपिक उपलब्ध हों। दिनांक 1-4-94 से केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में कम से कम निम्नलिखित अनुपात में देवनागरी टाइपराइटर/हिंदी टाइपिस्ट/ हिंदी आशुलिपिक होने चाहिए :-

| | |
|---|---|
| (क) "क" क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालय | 90 प्रतिशत |
| (ख) "ख" क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालय | 66 प्रतिशत |
| (ग) "ग" क्षेत्र में स्थित केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालय | 25 प्रतिशत |

2. इन अनुपातों को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित अनुदेश ध्यान में रखे जाएं :-

(क) केंद्र सरकार के जिन कार्यालयों में एक भी देवनागरी टाइपराइटर नहीं है, उनमें कम से कम एक देवनागरी टाइपराइटर खरीद लिया जाए।

(b) Until the above mentioned proportions are fully achieved in any office of the Central Government only Devanagari typewriters should be purchased and only Hindi stenographers and Hindi typists should he appointed.
(c) The officer ordering the purchase of typewriters will be responsible to ensure that only Devanagari typewriters are purchased till the prescribed targets are achieved. Similarly. the officer signing the requisition for filling up the posts of Hindi typists/Hindi stenographers will he responsible to ensure that unless Hindi typists/Hindi stenographers in the aforesaid proportion become available. the requisitions re sent for filling up these posts only from Hindi typists/Hindi Stenographers
(d) Bilingual (Hindi English) electronic typewriters will not be deemed to be included in the total number of typewriters
(e) In case an office feels the need for purchasing Devanagari Typewriters more than the prescribed limit it may purchase them even in excess of the said proportion as per is requirements. Similarly in case an office finds it necessary to have Hindi typists/Hindi stenographers more than the minimum prescribed limits mentioned above. it may do so.
(f) The training in Hindi stenography/ Hindi typing to the English stenographers/English typists and training in English stenography English typing to the Hindi stenographers Hindi typists, as per the requirements of work will continue as before

3. Office of the Central Government means any Ministry/Department of Central Government (2) any Commission appointed by Central Government or (3) any Corporation or any office of Company owned or controlled by Central Government. Hindi typist means Lower Division Clerk working in the offices of Central Government or the posts known by various designations having equivalent pay scales. Similarly, Hindi stenographers means the stenographer known by various grades and different designations and who knows Hindi stenography.

4. All the Ministries/Departments of Central Government are requested to ensure compliance of these instructions and request all their Attached and Subordinate offices, Corporations, Undertakings, Banks etc. to ensure compliance thereof.

[O.M. No. 14012/2/94 O.I.(C). dt. 15-4-94]

**10.16 Presidential order on the recommendation of the Parliamentary Committee on Official Language regarding Hindi Training**

So whereas a Committee on Official Language consisting of twenty members of the House of People and ten members of the Council of States was constituted in accordance with the provisions of section 4 of the Official Languages Act. 1963 (19 of 1963) (hereinafter referred to as the said Act to review the progress made in the use of Hindi for the Official purpose of the Union and submit a report to the President making recommendations thereon:

Whereas the Committee on Official Language submitted Part-3 (Chapter 1 to 18 and annexure) of its report to the President in 1989 inter alia recommending that training in Hindi should be obligatory for such Officers and employees of the industrial establishments who are required to do the desk work:

(ख) अब तक किसी केंद्र सरकार के कार्यालय में उपर्युक्त अनुपात पूरे नहीं हो जाते, तब तक, उनमें केवल देवनागरी टाइपराइटर ही खरीदें जाएं, हिंदी आशुलिपिक व हिंदी टाइपिस्ट ही नियुक्त किए जाएं।

(ग) जो अधिकारी टाइपराइटरों की खरीद का आदेश देता है उसका यह उत्तर दायित्व होगा कि यह सुनिश्चित करे कि जब तक उपर्युक्त निर्धारित लक्ष्य प्राप्त न हो जाए तब तक केवल देवनगरी टाइपराइटर ही खरीदे जाएं। इसी प्रकार जो अधिकारी हिंदी टाइपिस्टों/हिंदी आशुलिपिकों के पदों को भरने के लिए मांग पत्र पर हस्ताक्षर करता है उसका यह उत्तरदायित्व होगा कि वह सुनिश्चित करे कि जब तक ऊपर दर्शाये गए अनुपात में हिंदी टाइपिस्ट/ हिंदी आशुलिपिक उपलब्ध नहीं हो जाते तब तक केवल हिंदी के टाइपिस्टों / आशुलिपिकों से पदों को भरने के लिए मांगपत्र भेजे जाएं।

(घ) कुल टाइपराइटरों कि संख्या में द्विभाषी (अंग्रेजी-हिंदी) इलेक्ट्रोनिक टाइपराइटरों की संख्या को नहीं जोड़ा जाएगा।

(ङ) यदि किसी कार्यालय में उपर्युक्त निर्धारित लक्ष्य से अधिक संख्या में देवनागरी टाइपराइटरों की आवश्यकता महसूस की जाती है तो वे आवश्यकतानुसर उक्त अनुपात से अधिक भी देवनागरी टाइपराइटर खरीद सकते है। इसी प्रकार यदि किसी कार्यालय में उपर्युक्त निर्धारित लक्ष्य से अधिक हिंदी टाइपिस्टों/ हिंदी आशुलिपिकों की आवश्यकता महसूस की जाती है तो वे उक्त अनुपात से अधिक हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी आशुलिपिक के पद भर सकते है।

(च) कार्य की आवश्यकता के अनुसार अंग्रेजी आशुलिपिकों/ टाइपिस्टों को हिंदी आशुलिपि तथा टाइपिंग का तथा हिंदी आशुलिपिकों/ हिंदी टाइपिस्टों को अंग्रेजी आशुलिपि/ अंग्रेजी टाइपिंग का प्रशिक्षण पहले की तरह दिया जाता रहेगा।

3. केंद्रीय सरकार के कार्यालय का आशय है (1) केंद्र सरकार का कोई मंत्रालय/विभाग (2) केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त कोई आयोग, या (3) केंद्र सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रण के अधीन कोई निगम या कम्पनी का कोई कार्यालय। हिंदी टाइपिस्ट का आशय केंद्र सरकार के कार्यालयों में कार्यरत अवर श्रेणी लिपिक या इसके समक्ष वेतनमान वाले विभिन्न पदनामों से पुकारे जाने वाले पदों से है। इसी प्रकार हिंदी आशुलिपिकों का तात्पर्य विभिन्न श्रेणियों व विभिन्न पदनामों से पुकारे जाने वाले उन आशुलिपिकों से है जो हिंदी आशुलिपि जानते हैं।

4. केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इन अनुदेशों का पालन सुनिश्चित करें और अपने सभी सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों, निगमों, उपक्रमों, बैंकों आदि से भी इन अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अनुरोध करें।

[का.ज्ञा. सं. 13012/2/94-रा.भा.(ग) दि. 15-4-94]

**10.16 हिंदी में प्रशिक्षण के लिए संसदीय राजभाषा समिति की संस्तुति पर आदेश**

एक राजभाषा समिति, जिसमें लोक सभा के बीस सदस्य और राज्य सभा के दस सदस्य हैं। राजभाषा अधिनियम, 1963 (1963 का 19) जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है की धारा 4 के उपबंधो के अनुसार संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति के पुनर्विलोकन के लिए और उस पर राष्ट्रपति को एक रिपोर्ट अपनी सिफ़ारिशों सहित प्रस्तुत करने के लिए गठित की गई थी।

राजभाषा समिति ने राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट का भाग 3 (अध्याय 1 से 18 और उपबंध 1989 में प्रस्तुत किया जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह सिफ़ारिश की थी की औद्योगिक स्थापनों के ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जिनसे डेस्क कार्य की अपेक्षा की जाती है हिंदी में प्रशिक्षण प्राप्त करना आवशयक होना चाहिए।

उक्त अधिनियम की धारा 4 की उप धारा (3) के उपबंधों के अनुसार उस रिपोर्ट को क्रमश: 13 अक्तूबर 1969 और 17 दिसंबर 1989 को संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखा गया था और रिपोर्ट की प्रतियां सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

And whereas in accordance with the provision of sub-section (3) of section 4 of the said Act the report was laid before both Houses of Parliament on 13th October and 27th December, 1989 respectively and copies of the report were also sent to all the State/Union Territory Governments. Since the recommendations of the Committee are related to the arrangements to be made for Hindi Training of the Central Government employees and for imparting training through the Hindi medium, opinion of various Ministries/Departments was also obtained;

And whereas the views expressed by the State/Union Territory (governments and various Ministries/Departments in this regard were considered and Resolution accepting this recommendation in principle was issued on the 4thNovember 1991.

Now. therefore in exercise of the powers conferred by sub-section (4) of section 4 of the said Act the President hereby directs that-

(a) training in Hindi may be made compulsory for the employees of the Industrial establishments owned or controlled by the Central Government. This will however not apply to (i) employees below Group C Grade (comparable with the Central Government employees classification). (ii) work-charged staff and (iii) employees for whom no academic qualifications have been prescribed and who are mainly engaged on manual/mechanical work in industrial/commercial establishments and mines:

(b) no penalty shall be imposed for failure to obtain the prescribed standard:

(c) facilities for Hindi training may be provided free of cost to the trainees: and

(d) the concerned industrial establishments owned or controlled by the Central Government will bear the expenses of the training of their employees. However. subject to spare capacity being available in the Hindi classes run under the Hindi Teaching Scheme as well as in the courses run by the Central Hindi Training Institute and in its Sub-Institutes such employees will be admitted to these classes without demanding the reimbursement of the cost of training from the industrial establishment. owned or controlled by the Central Government.

[O.M.No. 11016/5/76-OL(D). dated the 23-3-93]

10.17 **-Regarding granting Modified Assured Career Progression Scheme (MACPS) to the officers of Central Secretariat Official Language Service Cadre.**

Please refer to the Department of Personnel and Training's Office Memorandum No. 35037/3/2008-Estt.(d) dated 19.5.2009 regarding the above concerned subject. Accordingly, the recommendations of the 6th Central Pay Commission of the Central Government have been accepted and the same with further amendments have been accepted with three financial enhancements under MACPS at the interval of continuous regular service of 10, 20 and 30 years. The scheme will be known as Modified Assured Career Progression Scheme (MACPS) of Central Government Civilian Employees. This scheme is in replacement of the previous ACP Scheme and the clarifications issued thereunder and will be applicable to the Civilian Employees of Central Government in A & B & C Services other than the officers of Organized Group A Services.

A Steering Committee will be constituted in each Ministry/Department to consider the matter of providing financial updates under this scheme. This committee will have a chairman and two members. The members of the committee shall be one level above the grade for which MACP is being considered and shall be of the same rank as an Under Secretary to the Government. The Chairman shall ordinarily be one grade above the members of the Committee.

सरकारों को भी भेजी गई थी। चूंकि समिति की ये सिफारिशें, केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को हिंदी प्रशिक्षण देने के लिए किए जाने वाले प्रबंधों से और हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण दिए जाने से संबंधित है, अत: विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की राय भी प्राप्त की गई थी।

राज्य/संघ राज्य सरकारों तथा विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा इस संबंध में व्यक्त मतों पर विचार किया गया है और इस सिफ़ारिश को सिद्धान्त रूप से स्वीकार करते हुए 4 नवंबर, 1991 को संकल्प जारी किया गया।

अत: राष्ट्रपति, उक्त अधिनियम की धारा (4) की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित निदेश देते है :-

(क) केंद्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन औद्योगिक स्थापनों के कर्मचारियों के लिए हिंदी में प्रशिक्षण को अनिवार्य किया जाए। तथापि (i) केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के वर्गीकरण के समतुल्य (समूह 'ग' से नीचे की श्रेणी के कर्मचारियों) (ii) निर्धारित कर्मचारीवृन्द (कार्यप्रभारी कर्मचारी) और (iii) ऐसे कर्मचारी जिनके लिए कोई शैक्षणिक अर्हताएँ विहित नहीं की गई है और जो औद्योगिक/वाणिज्यिक स्थापनों या खानों में मुख्य रूप से शारीरिक/यांत्रिक कर्म में लगे हुए है, लागू नहीं होगा।

(ख) विहित मानक प्राप्त करने में असफल रहने पर कोई शक्ति अधिरोपित नहीं की जाएगी।

(ग) प्रशिक्षणार्थियों को हिंदी प्रशिक्षण की सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएं, और

(घ) केंद्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन संबद्ध औद्योगिक स्थापन अपने कर्मचारियों के प्रशिक्षण के खर्च स्वयं वहन करेंगे। तथापि हिंदी शिक्षण योजना के अधीन चलाई जाने वाली हिंदी कक्षाओं में तथा केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान और उनके उप-संस्थानों द्वारा चलाये जा रहे पाठयक्रमों में उपलब्ध अतिरिक्त स्थानों के होने पर ऐसे कर्मचारियों को ऐसी कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा और केंद्रीय सरकार के स्वामित्वाधीन या नियंत्रणाधीन औद्योगिक स्थापनों से प्रशिक्षण के व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए कोई मांग नहीं की जाएगी।

[सं. 11016/5/76-रा.भा.(घ), दिनांक 23-2-93]

## 10.17 केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों को मोडिफाइड एस्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम (एमएसीपीएस) देने के संबंध में।

उपर्युक्त विषय से संबंधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 19.5.2009 के कार्यालय ज्ञापन सं 35037/3/2008-स्थापना (घ) का अवलोकन करें। इसके अनुसार केंद्रीय सरकार ने छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशें मान ली हैं और उसे और ज्यादा संशोधन के साथ 10,20,30 वर्षों की सतत नियमित सेवा के अंतराल पर एमएसीपीएस के अधीन तीन वित्तीय वृद्धियों के साथ स्वीकार कर लिया है। स्कीम केंद्र सरकार के सिविलियन कर्मचारियों के मोडिफाइड एस्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम(एमएसीपीएस) के नाम से जानी जाएगी। यह स्कीम पिछले एसीपी स्कीम और इसके अधीन जारी स्पष्टीकरण के प्रतिस्थापन में है और संगठित ग्रुप क सेवा के अधिकारियों के अलावा केंद्रीय सरकार के सिविलियन कर्मचारियों 'क' और 'ख' तथा 'ग' सेवा में लागू होगी।

इस स्कीम के अधीन वित्तीय अद्यतन प्रदान करने के मामले में विचार करने के लिए प्रत्येक मंत्रालय/विभाग में एक संचालन समिति गठित की जाएगी। इस समिति में एक अध्यक्ष और दो सदस्य होंगे। समिति के सदस्य जिस ग्रेड के लिए एमएसीपी पर विचार किया जा रहा है उससे एक स्तर ऊपर होंगे और सरकार में अवर सचिव के समान पद के होंगे। अध्यक्ष सामान्यत: समिति के सदस्यों से एक ग्रेड ऊपर का होगा।

The recommendations of this committee will be placed before the secretary for approval or in those cases where a committee will be constituted in the ministry/department, the main/competent officer of the organization. This committee will meet twice in a year in the first week of January and first week of July to take decisions on mature matters.

The Department of Personnel and Training's Office Memorandum No. 35037/3/2008-Estt. (d) dated 19.5.2009 can be accessed on the website of that department at www.persmin.nic.in. The Competent Authority has directed the undersigned to say that all the Ministries/ Departments should dispose themselves of all the matters related to MACPS of the officers of the Central Secretariat Official Language Service Cadre working in their Ministry/ Department and copy of the order issued by the Office be sent to the Department of Official Language.

All Ministries/Departments are requested to bring this scheme to the notice of all officers of Central Secretariat Official Language Service Cadre.

[O.M. No. 5/16/2009-O.L.(Services) dated 29.10.2009]

10.17.1 **Providing financial benefits under the ACP/MACP scheme to the officers of the Central Secretariat Official Language Service Cadre.**

Kindly refer to this Department's Office Memorandum of even number dated 29.10.2009 on the above subject. Taking a policy decision, the Department of Official Language has given the authority to take action on all matters related to ACP/MACP of officers of the Central Secretariat Official Language Cadre to the concerned Ministry/ Department where the officer is posted. Some offices have been seeking clarification from the Department of Official Language from time to time whether old cases related to ACP have to be taken again, along with the MACP of the officers of the Central Secretariat Official Language Service Cadre.

2. All the Ministries/Departments are requested to settle the matters related to ACP/MACP of officers of Official Language Service cadre at their own level. The Ministry/Department should take up the matters related to the ACP/MCP of the officers of the Central Secretariat Official Language Service Cadre before the committee constituted by them on this subject and the Ministry should provide financial benefits to the officials of the Official Language Service Cadre, in the same way as the Ministry provides financial benefits under the ACP/MACP to their other officers/ employees.

[O.M.No. 5/16/2009-O.L.(Services) dated 14.05.2010]

10.18 **Regarding the relieving of the officers/employees of the Central Secretariat Official Language Service Cadre after their resignation..**

It is to be mentioned on the above subject that many Ministries/Departments accept the resignation of the officers/employees of the Central Secretariat Official Language Service cadre and relieve them, without informing this department which is not according to the rules. In this regard, the undersigned is directed to say that the approval of this department should be obtained before accepting the resignation tendered by any officer/employee of the Central Secretariat Official Language Service cadre and relieving him.

[O.M.No. 7/16/2013-O.L.(Services) Dated 9.9.2013]

**10.19 With regard to providing uniformity in the designations and pay scales of various posts related to the Official Language outside the Central Secretariat Official Language Service Cadre.**

The undersigned is directed to say on the subject mentioned above that on the basis of letters received from various Ministries/Departments, the proposal regarding the grant of pay scale to the officers/employees related to the Official Language working in

इस समिति की सिफारिशें सचिव या उन मामलों जहाँ मंत्रालय/विभाग में समिति गठित की जायेंगी, संगठन के प्रमुख अधिकारी के समक्ष अनुमोदन हेतु रखी जायेंगी। यह समिति परिपक्व मामलों पर निर्णय लेने के लिए वर्ष में जनवरी के प्रथम सप्ताह और जुलाई के प्रथम सप्ताह में दो बार बैठक आयोजित करेगी।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 19.5.2009 के कार्यालय ज्ञापन सं 35037/3/2008-स्थापना (घ) की प्राप्ति उस विभाग की वेबसाइट सं www.pers.min.nic.in पर की जा सकती है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि सभी मंत्रालय /विभाग अपने मंत्रालय/विभाग में कार्यरत केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के एमएसीपीएस से संबंधित सभी मामलों का निपटारा स्वयं करें तथा कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेश की प्रति राजभाषा विभाग को भेज दी जाए।

सभी मंत्रालय / विभागों से अनुरोध है कि इस स्कीम को केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारियों की जानकारी में लायें।

का.ज्ञा.सं. 5/16/2009-रा.भा.(सेवा) दिनांक 29.10.2009

10.17.1 **केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों को ए.सी.पी./एमएसीपी स्कीम के तहत वित्तीय लाभ प्रदान करना।**

उपर्युक्त विषय़ पर इस विभाग के दिनांक 29.10.2009 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन का संदर्भ लें। राजभाषा विभाग ने नीतिगत निर्णय लेते हुए केंद्रीय सचिवालय राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों के एसीपी/एमएसीपी से संबंधित सभी मामलों पर कार्रवाई का अधिकार संबंधित मंत्रालय/विभाग को दे दिया है जहां अधिकारी की तैनाती है। कुछ कार्यालय समय-समय पर राजभाषा विभाग से स्पष्टीकरण मांगते रहे हैं कि केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के एमएसीपी के साथ -साथ क्या एसीपी से संबंधित पुराने मामलों पर भी पुन: कार्रवाई करनी है।

2. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वह राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के एसीपी/एमएसीपी से संबंधित मामलों का निपटारा अपने स्तर से करें। केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के एसीपी/एमएसीपी से संबंधित मामलों को मंत्रालय/विभाग इस विषय पर अपने यहां गठित समिति के समक्ष रखें और जैसे मंत्रालय के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के एसीपी/एमएसीपी के तहत वित्तीय लाभ प्रदान करता है उसी तरह से केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों को भी वित्तीय लाभ प्रदान करें।

का.ज्ञा.सं. 5/16/2009-रा.भा.(सेवा) दिनांक 14.05.2010

**10.18 केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा दिए गए त्यागपत्र के तहत उन्हें कार्यमुक्त किए जाने के संबंध में ।**

उपरोक्त विषय पर उल्लेख किया जाना है कि कई मंत्रालय/विभाग इस विभाग को सूचित किए बिना केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों के त्यागपत्र को स्वयं स्वीकृत करते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर देते हैं जो नियमानुसार नहीं है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा दिए गए त्यागपत्र को स्वीकार करने एवं उसे कार्यमुक्त करने से पूर्व इस विभाग की स्वीकृति प्राप्त करें।

का.ज्ञा.सं. 7/16/2013-रा.भा.(सेवा) दिनांक 9.9.2013

**10.19 केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के बाहर के राजभाषा संबंधित विभिन्न पदों के पदनामों तथा वेतनमानों में एकरूपता प्रदान करने के संबध में।**

उपर्युक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि विभिन्न मंत्रालय/विभागों से प्राप्त पत्रों के आधार पर उनके अधीनस्थ स्वायत्तशासी निकायों में कार्यरत राजभाषा से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को केंद्रीय

the autonomous bodies subordinate to them at the same level as the Central Secretariat Official Language Service Cadre, was sent to the Department of Expenditure, Ministry of Finance. The Department of Expenditure, Ministry of Finance has mentioned on the relevant subject that the Office Memorandum issued by them on 24.11.2008 does not directly and automatically apply to autonomous bodies (copy attached). Therefore, the concerned Department may take necessary action according to the guidelines issued by the Department of Expenditure, Ministry of Finance.

[No.13/63/2013-O.L.(Service) dated the 10.2.2014]

**10.20 With reference to the application for transfer deputation/direct recruitment of officers/personnel of Central Secretariat Official Language Service Cadre.**

The undersigned is directed to say on the subject mentioned above that Central Secretariat Official Language Service Officers/Personnel usually send their applications for transfer/deputation/direct recruitment directly to the Department of Official Language, which is not proper. All officers / personnel working in various Ministries / Departments of the Central Secretariat Official Language Service Cadre are directed to send their applications for transfer / deputation / direct recruitment to the Department of Official Language through proper channel in future. Only those applications will be accepted in the Department of Official Language which are received through proper channel.

Disciplinary action under CCS(Conduct) Rule 6(14) may be taken against officers/personnel who correspond directly or send correspondence through political interference to the Department of Official Language and not through their office where they have been posted.

[O.M.No. 05/5/2019-O.L.(Services) Part 1 Dated 16.1.2020]

**10.21 Opportunities for promotion on the posts of the OL cadre**

All the Ministries/Deptts. may immediately initiate forming their respective cadres of the posts relating to the Official Language in their Subordinate Deptts/Offices/Organisations and Corporations. In this exercise, not only the requirements and the nature of work relating to the Official Language should be kept in view, but it should be seen that opportunities for promotion on the posts of the cadre are also available

You are, therefore, requested to take immediate action on the above decision of the Central Hindi Implementation Committee and intimate this Department about the action taken in this regard

D.O. Letter No. 9/2/97-O.L. (S), dated 15.4.1997

**10.22 The opportunities for promotion to the officers/employees working on Hindi posts in the subordinate offices/ undertakings under the control of various Ministries/Deptts. of Govt. of India-steps/measures regarding.**

Instructions had been issued vide this Department's O.M. dt. 13th Nov., 1990 and 25th Apr. 1991 and D.O. letter of 15th April, 1997, that all the Ministries/Deptts. should consider forming separate cadre for the Officers/Employees working on Hindi posts in subordinate offices/undertakings etc. and wherever the formation of cadre is possible, it may be formed and where there are less opportunities for the promotion of staff and it is not possible to form a cadre, the promotion avenues of the staff may be examined and if found inadequate; steps may be taken to increase such avenues.

The Ministries/Deptts. which have not yet initiated any action in this regard, may also do so at the earliest and inform this Department accordingly.

O.M. No. 9/2/97-O.L. (S), dated 23.3.1999

सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के समान वेतनमान दिए जाने के संबंध में प्रस्ताव व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय को भेजा गया था। व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय ने प्रासंगिक विषय पर उल्लेख किया है कि उनके द्वारा दिनांक 24.11.2008 को जारी कार्यालय ज्ञापन स्वायत्त निकायों पर प्रत्यक्ष रुप में एवं स्वयंमेय लागू नहीं होता (प्रतिलिपि संलग्न) अत: संबंधित वि भाग व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय जारी दिशा निर्देशों के अनुसार अपेक्षित कार्रवाई करें।

सं.13/63/2013-रा.भा.(सेवा) दिनांक 10.2.2014

### 10.20 केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कार्मिकों के स्थानांतरण प्रतिनियुक्त /सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र के संदर्भ में।

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा अधिकारी/कार्मिक प्राय: अपने स्थानांतरण /प्रतिनियुक्ति/सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र स्वयं ही सीधे राजभाषा विभाग को भेज देते हैं जो कि उचित नही है। केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के विभिन्न मंत्रालयों /विभागों में कार्यरत सभी अधिकारियों/कार्मिकों को निदेश दिया जाता है कि भविष्य में वे अपने स्थानांतरण /प्रतिनियुक्ति /सीधी भर्ती हेतु आवेदन उचित माध्यम से ही राजभाषा विभाग को भेजें। राजभाषा विभाग में वही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे जो उचित माध्यम से प्राप्त होंगे।

राजभाषा विभाग से किसी भी प्रकार का पत्राचार अपने कार्यालय जहां पर तैनाती की गई है उनके माध्यम से न करके सीधे पत्राचार करने व राजनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से पत्राचार करने पर अधिकारियों /कार्मिकों के विरुद्ध सीसीएस(कंडक्ट) रूल 6(14) के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

का.ज्ञा.सं. 05/5/2019-रा.भा .(सेवा) पार्ट 1 दिनांक 16.1.2020

### 10.21 राजभाषा संबंधी पदों पर पदोन्नति के अवसर

"सभी मंत्रालय/विभाग अपने अधीनस्थ विभागों कार्यालयों/संगठनों तथा निगम में राजभाषा संबंधी पदों का समास्थिति संवर्गीकरण का कार्य तुरन्त प्रारम्भ करें। इस कार्य में न केवल राजभाषा संबंधी कार्य आवश्यकताओं एवं कार्यस्वरूप को ध्यान में रखा जाए अपितु संवर्गीकृत पदों पर पदोन्नति के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाएं।"
अतः अनुरोध है कि आप केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपरोक्त निर्णय पर आवश्यक कार्रवाई कृपया शीघ्र करवाने का कष्ट करें।

अ.शा. पत्र सं 9/2/97-रा.भा. (सेवा), दिनांक 15.4.1997

### 10.22 भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालयों व उपक्रमों में हिंदी पदों पर कार्यरत कर्मचारियों/ अधिकारियों को पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास/उपाय करना।

इस विभाग के दिनांक 13 नवम्बर, 1990 एवं 25 अप्रैल, 1991 के कार्यालय ज्ञापन एवं 15 अप्रैल, 1997 के अश पत्र द्वारा अनुदेश जारी किए गए थे कि सभी मंत्रालय/विभाग अपने अधीनस्थ कार्यालयों व उपक्रमों आदि में हिंदी पदों पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के अलग-अलग संवर्ग गठित करने के बारे में विचार करें तथा जहां-जहां संवर्ग का गठन संभव हो वहां संवर्ग बनाया जाए तथा जहां स्टाफ की पदोन्नति के लिए अवसर कम हो और संवर्ग बनाना संभव न हो वहां स्टाफ की पदोन्नति के लिए अवसरों की जांच की जाए यदि वे अपर्याप्त पाए जाएं तो उन्हें बढ़ाने के उपाय किए जायें। जिन मंत्रालयों/विभागों द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक आरम्भ नहीं की गई है, वे इस विषय पर कार्यवाही जल्द आरम्भ करके इस विभाग को अवगत कराने का कष्ट करें। I

का.ज्ञा.सं. 9/2/97 रा.भा. (सेवा), दिनांक 23.3.1999

### 10.23 Forming cadre for the post relating to the Official Language in the Departments / Offices / Organizations and Corporations—regarding.

It is necessary to form separate cadres for various Ministries/Deptts. so that adequate avenues for promotion are made for the Officers/Employees working in the subordinate offices.

It is, therefore, again requested that the formation of cadre may be initiated without any further delay and this Department may be informed about the action taken in this regard.

[O.M. No. 9/2/97-OL (S), dated 14.8.1997]

### 10.24 Forwarding of applications of the personnel belonging to Central Secretariat Official Language Service for ex-cadre posts—instructions regarding.

The cadre units of the Central Secretariat Official Language Service *viz* Ministries/Departments and the attached offices themselves shall, henceforth forward applications of the personnel belonging to Central Secretariat Official Language Service for ex-cadre post after ascertaining eligibility etc. Thereafter a copy of the application may be forwarded to this Department for cadre clearance.

[No. 7/97/98-OL (S), dated 23.2. 2000]

### 10.25 Minimum Hindi Posts in Ministries/Departments/Offices.

In the meeting of Screening Committee held on 27.1.2005 following decision was taken:

"So far as minimum Hindi Posts are concerned respective Ministries/ Departments/Offices may consider these posts in their respective Screening Committee meetings. These minimum posts are of utmost necessity for the implementation of Official Language policy of the Union, hence these should be saved from cut, as far as possible."

All Ministries/Departments are requested to consider filling up of minimum Hindi posts in their respective Screening Committee meetings and these posts should be saved from cut enforced vide DOPT's above Office Memorandum, as far as possible, since these posts have been created to meet out constitutional requirements for implementation of Official Language policy of the Union. This procedure should also be followed by Ministries/Departments for their attached/ subordinate offices including undertakings, banks and institutions.

[O.M. No. 15/4/2005-O.L. (S), dated 22.2.2005]

### 10.26 Provision of Rajbhasha Cadre in subordinate/attached offices/undertakings/establishments for promotion.

The Committee of Parliament on Official Language in 6th part of its report recommended the following:—

"Recommendation No. 11.10.14: Official Language Cadre has been formed at the level of Ministries of the Central Govt. as a result of which a Junior Hindi Translator may reach upto the post of Director (O.L.), but there is no provision of Official Language Cadre in the Subordinate/Attached/Undertakings/Institutes/Offices of the Govt. of India. As a result, the Officers/Employees working in the Official Language Section are deprived of the departmental promotion because they are doing the work of

10.23 **विभागों/कार्यालयों/संगठनों तथा निगमों में राजभाषा संबंधी पदों का संवर्गीकरण करने के संबंध में।**

विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के अधीनस्थ कार्यालयों में कार्य कर रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को पदोन्नति के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने हेतु उनके अलग-अलग संवर्ग का गठन करना आवश्यक है।

अतः पुनः संवर्गीकरण का कार्य बिना और किसी विलम्ब के आरंभ किया जाए तथा की गई कार्रवाई से इस विभाग को अवगत कराया जाए।

का.ज्ञा.सं. 9/2/97-रा.भा. (सेवा), दिनांक 14.8.1997

**10.24 केंद्रीय सचिवालय, राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/कर्मचारियों के सवंर्ग बाह्य पदों हेतु आवेदन पत्र अग्रेषित करने के संबंध में।**

संबंधित मंत्रालय/ विभाग और संबद्ध कार्यालय जो केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा में शामिल हैं, केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के सवंर्ग बाह्य पदों हेतु आवेदन पत्रों की पात्रता इत्यादि की जाँच करके स्वयं अग्रेषित करें, तत्पश्चात राजभाषा विभाग को क्लीयरेंस के लिए प्रति अग्रेषित करें।

का.ज्ञा.सं. 7/97/98-रा.भा. (सेवा), दिनांक 23.2.2000

**10.25 मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के न्यूनतम हिंदी पद**

इस विभाग को स्क्रीनिंग कमेटी 27.1.2005 की बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिया गया:-

"जहां तक न्यूनतम हिंदी पदों का संबंध है, संबंधित मंत्रालय /विभाग /कार्यालय अपनी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में इन पदों की गणना करें जहां तक संभव हो उन्हें कटौती से बचायें क्योंकि ये न्यूनतम हिंदी पद है जोकि राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए नितांत आवश्यक है।

तदनुसार मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि न्यूनतम हिंदी पदों को भरने के बारे में संबंधित मंत्रालयों इत्यादि की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में विचार किया जाए और जहाँ तक संभव हो इन पदों को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन के अन्तर्गत होने वाली कटौती से बचाया जाए क्योंकि ये पद राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए संवैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाये गए है। यह प्रक्रिया मंत्रालय/ विभाग उनके संबद्ध अधीनस्थ कार्यालय, उपक्रम, बैंक संस्थान सहित सभी कार्यालयों के लिए अपनाई जाए। यह कार्यालय ज्ञापन राजभाषा विभाग की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

का.ज्ञा.सं. 15/4/2005-रा.भा. (सेवा), दिनांक 22.2.2005

**10.26 अधीनस्थ संबद्ध उपक्रमों/प्रतिष्ठानों में पदोन्नति के लिए राजभाषा संवर्ग की व्यवस्था।**

संसदीय राजभाषा समिति ने अपने प्रतिवेदन के छठे खंड में निम्नलिखित सिफारिश की है :-

"संस्तुति सं. 11.10.14 केंद्रीय सरकार के मंत्रालय स्तर के लिए तो राजभाषा कैडर बना है जिसके कारण एक कनिष्ठ अनुवादक निदेशक (रा.भा) के पद तक पहुंच जाता है, किन्तु भारत सरकार के अधीनस्थ संबद्ध / उपक्रमों/प्रतिष्ठानों में राजभाषा कैडर की व्यवस्था नहीं है। इस कारण राजभाषा अनुभाग में कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी विभागीय पदोन्नति से इस कारण वंचित रह जाते हैं कि वह राजभाषा हिंदी में कार्य कर रहा है। अतः उक्त कार्यालय में राजभाषा कैडर के आधार पर पदोन्नति होनी चाहिए अथवा उनके विभाग में उनकी वरीयता के आधार पर पदोन्नति की जानी चाहिए। एक मंत्रालय के अधीन जितने उपक्रम/ प्रतिष्ठान अधीनस्थ संबद्ध कार्यालय है उनका राजभाषा कैडर बनाया जाए।"

Official Language Hindi. Therefore, in the above offices, the promotion should be made on the basis of Official Language Cadre or they may be promoted on the basis of seniority in their Department. Formation of a separate cadre of Official Language Service in the Undertakings/ Institutes/Subordinate/Attached offices falling under one Ministry should be considered."

2. This recommendation of the Committee has been accepted vide Resolution No. 12021/02/2003-II O.L. (Service), Dt. 17.09.2004 of this Department. Following orders have also been issued in this regard earlier.

1. O.M. No. 17/5/88-O.L. (Service), Dt. 6.4.1988
2. O.M. No. 9/5/90-O.L. (Service), Dt. 13.11.1990 and 25.4.1991
3. O.M. No. 9/2/97-O.L. (Service), Dt. 14.8.1997 and 23.3.1999
4. O.M. No. 9/5/99-O.L. (Service), Dt. 28.9.1999

All Ministries/Departments were requested to take necessary action along with their Attached/Subordinate Offices and undertakings under their control.

3. All Ministries/Departments are again requested to take necessary action regarding constitution of Cadre for Hindi Officers/Employees working in their subordinate offices/undertakings and organizations etc. so that they may be provided sufficient avenues of promotion.

4. Action taken in this regard may also be intimated to the Department of Official Language.

[O.M. No. 15/6/2005-OL (S), dated 07.04.2005]

2. समिति की यह संस्तुति इस विभाग कोs संकल्प सं 12021/02/2003-11 राभा (सेवा), दिनांक 17.9.2004 के अन्तर्गत स्वीकार्य कर ली गई है। इस बारे में पहले भी निम्नलिखित कार्यालय ज्ञापन जारी किए गए थे:-

1. कार्यालय ज्ञापन सं. 17/5/88- रा.भा.(सेवा) दिनांक 6.4.1988
2. का.ज्ञा.सं. 9/5/1990- रा.भा.(सेवा) दिनांक 13.11.1990 और 25.4.1991
3. का.ज्ञा.सं. 9/2/97-रा.भा. (सेवा) दिनांक 14.8.1997 और 23.3.1999
4. का.ज्ञा.सं. 9/5-99-रा.भा. (सेवा) दिनांक 28.9.1999

सभी मंत्रालयों/विभागों/संबंध व अधीनस्थ कार्यालय व उनके नियंत्रणाधीन उपक्रमों से आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया था।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से पुनः अनुरोध है कि वे अपने नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों और संगठनों आदि में कार्यरत हिंदी- अधिकारियों/कर्मचारियों के संवर्ग गठित करने के लिए कार्यवाही करें, ताकि राजभाषा से जुड़े कर्मियों को पदोन्नति के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सके।

4. इस विषय में की गई कार्यवाही से राजभाषा विभाग को भी अवगत कराया जाए।

का.ज्ञा.सं. 15/6/2005- रा.भा. (सेवा) दिनांक 7.4.2005

# CHAPTER 11
# MAGAZINES AND JOURNALS

## 11.1 Publication of Government Magazines & Journals in Hindi

In cases where magazines or journals are brought out by the Central Government offices in English only. It is incumbent on them that they bring out these magazines or journals in Hindi also. In case it is not possible to bring out such magazines in Hindi and English separately, then articles in both Hindi and English languages should be published in one single publication. In such cases it should be ensured that proportion of pages containing Hindi articles is in no way less than those of English articles.

**11.1.1** In cases where magazines and journals are brought out in Indian languages other than Hindi and English. Hindi version of such publications should also be brought out. Number of copies of such publications can be determined on the basis of requirement.

**11.1.2** All Ministries Departments and Government Undertakings should invariably send a copy each of the magazine published by them to Secretary/ Joint Secretary Department of Official Language.

[OM No E-11015/43/73-O.L. dated 27-8-1973]
[OM No 20034/3/79-Patrika Unit dated 18-7-1985]

## 11.2 Publication of Statistical Pocket Books bilingually (Diglot).

Pocket Books containing Statistical information should be published bilingually (Diglot). The descriptive portions could be printed in diglot forms that is the Hindi and English versions should face each other and the tables may have the headings in English and Hindi so that the bulk of the pocket books does not increase unnecessarily and there is economy in paper also. If the size of these pocket books are likely to become bulky, separate Hindi and English versions may be published.

[O.M. No. 11020/18/73-O.L. dated 3-10-1973]

## 11.3 Use of Standard alphabets and spellings in newspapers and magazines published in Hindi

All Ministry/Departments should use in there publications alphabets and spellings etc. given in. "Devanagari Lipi Tatha Hindi Vartani Ka Manakikaran" published by Central Hindi Directorate. West Block 7. Ramakrishana Puram, New Delhi.
Government Presses and Foundaries should be instructed to arrange new Type Phases of standard alphabets and to make use of them only in their publications.

[OM No 11034/7/77-R & A Unit. dated 13-12-1978]
[O M. No. 11034/11/87-R & A Unit, dated 19-10-1987]

# अध्याय 11
# पत्र-पत्रिकाएँ

## 11.1 सरकारी पत्र-पत्रिकाओं का हिंदी में प्रकाशन

केंद्रीय सरकार के कार्यालयों द्वारा यदि केवल अंग्रेजी में पत्र या पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाता है तो यह आवश्यक है कि हिंदी में भी पत्र या पत्रिका का प्रकाशन किया जाए। यदि किसी कारण से ऐसी पत्रिका का प्रकाशन हिंदी तथा अंग्रेजी में अलग-अलग संभव न हो तो वहां एक ही प्रकाशन में हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लेख आदि का प्रकाशन किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इस प्रकार हिंदी में प्रकाशित लेखों या रचनाओं की पृष्ठ संख्या का अनुपात अंग्रेजी के लेखों या रचनाओं से किसी प्रकार कम न हो।

**11.1.1** जहां हिंदी या अंग्रेजी के सिवाय किसी दूसरी भारतीय भाषाओं में पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन किया जाता है तो उसका हिंदी रूपान्तर भी प्रकाशित किया जाए। इस प्रकार प्रकाशित रूपान्तर की प्रतियों की संख्या आवश्यकतानुसार तय की जा सकती है।

**11.1.2** सभी मंत्रालय, विभाग एवं सरकारी उपक्रम छप रही पत्रिकाओं की एक प्रति सचिव/संयुक्त सचिव राजभाषा विभाग को अवश्य भेजें।

[का.ज्ञा.सं. ई. 11015/43/73-रा.भा., दिनांक 27-8-1973]
[का.ज्ञा.सं. 20034/13/79- पत्रिका एकक, दिनांक 18-7-1985]

## 11.2 सांख्यिकीय जेबी पुस्तकों का द्विभाषिक (डिगलाट) रूप में प्रकाशन

सांख्यिकीय सूचना वाली जेबी पुस्तकें द्विभाषिक (डिगलाट) रूप में प्रकाशित की जाएं। वर्णन संबंधी अंक द्विभाषिक रूप (डिगलाट फार्म) में छापे जा सकते है जिसमें हिंदी तथा अंग्रेजी रूपांतर एक दूसरे के आमने-सामने हों और सारणियों के शीर्षक अंग्रेजी तथा हिंदी में हों ताकि ये जेबी पुस्तकें (पॉकेट बुक्स) अनावश्यक रूप में बोझिल न होने पाए और साथ ही कागज की भी बचत हो सके। यदि इन जेबी पुस्तकों का आकार ज्यादा बडा हो जाने की आशंका हो तो हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तर अलग-अलग पुस्तिकाओं के रूप में प्रकाशित किये जा सकते हैं।

[का.ज्ञा.सं. 11020/18/73 - रा.भा., दिनांक 3-10-1973]

## 11.3 हिंदी में प्रकाशित की जाने वाली पत्र-पत्रिकाओं में मानक वर्णमाला और वर्तनी का प्रयोग

सभी मंत्रालय/विभाग अपने प्रकाशनों में केंद्रीय हिंदी निदेशालय, पश्चिमी खंड 7, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित "देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी का मनकीकरण" पुस्तिका में दी गई वर्णमाला और वर्तनी आदि का ही प्रयोग करें।

सरकारी प्रेसों और फाउन्ड्री वालों को निर्देश दिए जाएं कि वे मानक वर्णमाला के अनुसार ही नए टाइप फेस बनवाएँ और प्रकाशनों में उन्हीं का इस्तेमाल करें।

[का.ज्ञा.सं. 11034/7/77- रा.भा. एकक, दिनांक 13-12-1978]
[का.ज्ञा.सं. 11034/11/87 - रा.वि. एकक, दिनांक 19-10-1987]

**11.4 Providing adequate staff for Journals in Hindi and other Indian Languages and granting them Pay-scales similar to those admissible to staff engaged for Journals in English**

There should be no discrimination in the pay-scales designation and other conditions of service of the staff engaged for the editorial work in Hindi and other Indian Languages as compared to the staff engaged on the same or similar type of work in English and necessary steps may be taken to bring about uniformity in this regard. Staff provided should be same as provided for the similar journals in English.

[O.M. No .11034/15/79-Patrika Unit, dated 20-7-1978]

**11.5 Material for quarterly Magazine and monthly Bulletin published by the Deptt, of Official Language**

Statements of important decisions and activities relating to the use and development of Hindi may be sent for publication in the Quarterly magazine "Raj Bhasha Bharati" published by the Department of Official Language.
(Now Monthly Bulletin named "Raj Bhasha-Pushp Mala" has also been started.)

[OM No 11034/15/78-Parika Unit, dated 20-7-1978]

**11.6 Making magazines and journals brought out in Hindi more useful and effective**

The magazines/journals brought out for the propagation of Hindi should include articles on the following topics or the same should be highlighted in editorial:--

(1) Summary of important orders issued by the Department of Official Language or complete orders.
(2) Information about important decisions of Hindi Salahkar Samiti of concerned Ministry Official Language implementation committees of concerned offices.
(3) Noting, Drafting. Inspection reports, Scientific/Technical reports pertaining to the concerned office.
(4) Inspiring articles. depicting the importance of Hindi especially as Official Language and highlighting its role in the context of national integration.
(5) In magazines and journals relating to Official Language, published from a particular state. material including the similarity and proximity of Hindi and the regional language.
(6) Review of the use of Hindi in recruitment/promotional examinations & interviews.
(7) Information regarding use of Hindi in higher training/refresher courses.
(8) Details of progress made in the implementation of Hindi as Official Language and the work being done in Hindi.
(9) Details of the Award & Incentive schemes and mention of names of award winning employees etc.
(10) Original articles written by the officers working in the offices on technical/ scientific/industrial/financial subjects.
(11) Photo specimen of practical work being done in the concerned Department (excluding confidential and Secret material).
(12) Other useful material considered appropriate.

[OM No 20034/13/88-O. L. (Patrika),dated 15-2-1988
]

**11.7 Scientific and Technical periodicals and magazines published in Hindi**

Comprehensive efforts be made to encourage the publicity and spread of all available scientific and technical literature published in Hindi. Arrangements may be made to purchase scientific and technical magazines/journals published in Hindi for the libraries according to need.

[O. M. No. 20034/2/87-O. L. Patrika, dated 22-6-1987]
[O. M. No. 20034/6/88-O.L. Patrika, dated 19-7-1988]

**11.4 हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं की पत्र-पत्रिकाओं के लिए समुचित स्टाफ उपलब्ध कराना और अंग्रेजी पत्रिकाओं के समान वेतनमान देना**

विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के संपादकीय विभागों में हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाओं का जो स्टाफ काम करता है उसके तथा समान प्रकार के अंग्रेजी में काम करने वाले स्टाफ के वेतनमन, पदनाम तथा अन्य सेवा शर्तों में कोई भेदभाव न किया जाए, और इस बारे में एकरूपता लाने के लिए आवश्यक उपाय किए जाए। स्टाफ भी उतना अवश्य रखा जाए जितना समकक्ष अंग्रेजी की पत्र-पत्रिकाओं के लिए रखा गया हो।

[का.ज्ञा.सं. 11034/15/79- पत्रिका एकक, दिनांक 20-7-1978]

**11.5 राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका और मासिक बुलेटिन के लिए सामग्री**

हिंदी के प्रयोग और विकास से संबंधित प्रमुख निर्णयों तथा कार्यकलापों का विवरण राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित की जाने वाली त्रैमासिक पत्रिका "राजभाषा भारती" में प्रकाशन के लिए भेजा जाए।

(अब मासिक बुलेटिन भी "राजभाषा पुष्पमाला" नाम से शुरू किया गया है)।

[का.ज्ञा.सं. 11034/15/78-पत्रिका एकक, दिनांक 20-7-1978]

**11.6 हिंदी में प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं को और अधिक उपयोगी और प्रभावशाली बनाना**

प्राप्त सुझावों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु प्रकाशित पत्र-पत्रिकाओं में निम्नलिखित विषयों में भी लेख हों अथवा संपादकीय में प्रधानता दी जाए -

(1) राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए महत्त्वपूर्ण आदेशों का सारांश या पूरा आदेश।
(2) संबंधित मंत्रालय को हिंदी सलाहकार समितियों और संबंधित कार्यालयों की राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की सूचनाएं।
(3) संबंधित कार्यालय विषयक टिप्पणियाँ, प्रारूप लेखन, निरीक्षण रिपोर्ट वैज्ञानिक/तकनीकी रिपोर्ट।
(4) हिंदी के महत्व को विशेष रूप से उसके राजभाषा के रूप में महत्व और राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में भूमिका विषयक प्रेरणा देने वाले लेख।
(5) प्रदेश विशेष से प्रकाशित होने वाली राजभाषा संबंधी पत्र-पत्रिका में हिंदी और क्षेत्रीय भाषा की साम्यता और निकटता दर्शाने वाली सामग्री।
(6) भर्ती/प्रोन्नति परीक्षाओं तथा साक्षात्कारों में हिंदी प्रयोग की समीक्षा।
(7) उच्च प्रशिक्षण/पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में हिंदी प्रयोग संबंधी सूचनाएं।
(8) राजभाषा के रूप में हिंदी के कार्यान्वयन की प्रगति, हिंदी में हो रहे कामकाज का विवरण आदि।
(9) पुरस्कार और प्रोत्साहन योजनाओं का विवरण तथा समय-समय पर पुरस्कृत कर्मचारियों का नामोल्लेख आदि।
(10) कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों द्वारा लिखित तकनीकी/वैज्ञानिक / औद्योगिक/ आर्थिक विषयों पर मौलिक लेख।
(11) संबंधित विभाग में हो रहे व्यावहारिक कामकाज के फोटो नमूने। (गोपनीय और गुप्त सामग्री को छोड़कर)।
(12) अन्य उपयोगी सामग्री जो उचित समझी जाए।

[का.ज्ञा.सं. 20034/13/1988-रा.भा. (पत्रिका),दिनांक 15-2-1988]

**11.7 हिंदी में प्रकाशित वैज्ञानिक और तकनीकी पत्र-पत्रिकाएँ**

हिंदी में उपलब्ध वैज्ञानिक तथा तकनीकी साहित्य के प्रचार-प्रसार को हर संभव प्रोत्साहन दिया जाए।
पुस्तकालयों के लिए हिंदी में प्रकाशित वैज्ञानिक, तकनीकी पत्र/पत्रिकाओं को आवश्यकता के अनुसार मंगवाने की व्यवस्था की जाए।

[का.ज्ञा.सं. 20034/2/87- पत्रिका एकक, दिनांक 22-6-1987]
[का.ज्ञा.सं. 20034/6/88-रा.भा. (पत्रिका), दिनांक 19-7-1988]

## 11.8 Suggestions for improving the quality and maintaining high standard of Official Language In-House magazines

Main objective of the in-house magazines, published by various offices/ organizations of the Central Government, is to enable and encourage the employees to work in Hindi and to increase the knowledge of their officers/employees about the activities of their organization.

The Department of Official Language suggests that while publishing the in-house magazines, the following points should be kept in mind to achieve this purpose -
i. Articles related to the work area of the organization should be included in maximum number in the magazine so that the officers /employees can become more and more familiar with the terminology related to the work of the organization.
ii. Preference should be given to those articles in the magazine which are helpful in increasing the knowledge of Hindi being used in the office.
iii. More and more articles of the internal officers/employees should be included in the magazine
iv. Efforts made by Non-Hindi speakers in writing articles for the magazine should be promoted.
v. Articles related to literature of other Indian languages should also be included.
vi. To make the magazine interesting, contemporary articles in simple language, literature, health, tourism, travelogue etc. should be included.
vii. To make the magazine classy and attractive, attention should be paid to the design and quality of the magazine
viii. Efforts should be made to make the magazine available on the website of the institute so that it is available widely.

**[OM No. 11014/34/2014-RS(P) dated 21.1.2015]**

## 11.9 Honorarium for the articles published in Rajbhasha Bharti, the magazine of the Department of the Official Language.

The Office Memorandum No. 11014/32/93-O.L.(Magazine) dated June 16, 1994 and O.M. No. 11015/32/99-O.L.( magazine) dated 16th August 1999 related to the the amount of honorarium for the articles published in Rajbhasha Bharati, the magazine of the Department of Official Language has been modified to increase the honorarium payable to the authors, to maintain the quality of articles published in the department's quarterly magazine "Rajbhasha Bharati", The new rates of honorarium have been fixed as under:

1. Regular article published in the magazine - Rs 3000 / - (Three thousand only)
2. Articles published in the special issue - Rs 5000 / - (Rs. Five thousand only)

New rates will be effective from 01 July 2016. This office memo is being issued with the concurrence of Internal Finance Division (Home) vide their Diary No. 335370/ A. S. & F. A. (H)/2016 dated 27-05-2016. These rates will be valid only for articles published in Rajbhasha Bharti

O.M. No. 11014/32/2015-O.L.(P) Date 17.6.2016

## 11.10 Publication of In-House magazines in the form of e-magazine.

In continuation to the office memorandum of even number dated 21.07.2020 issued by the Department of Official Language regarding publication of Hindi in-house magazines

**11.8 राजभाषा गृह पत्रिकाओं की गुणवत्ता में उच्च स्तर को बनाने के लिए सुझाव**

केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों /संगठनों द्वारा प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका का प्रमुख उद्देश्य कार्मिकों को हिंदी में काम करने के लिए सक्षम बनाना व प्रोत्साहित करना तथा अपने संगठन की गतिविधियों से अपने अधिकारियों/कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन करना है।

राजभाषा विभाग का सुझाव है कि इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए गृह पत्रिका में प्रकाशित करते समय निम्न बिंदुओं पर ध्यान में रखा जाए-

i. पत्रिका में संगठन के कार्यक्षेत्र संबंधी लेख अधिकाधिक मात्रा में शामिल किए जाएं ताकि अधिकारी /कर्मचारी संगठन के कार्य से एवं उससे संबंधित शब्दावली से अधिक से अधिक परिचित हो सकें।

ii. पत्रिका में उन लेखों को प्राथमिकता दी जाए जो कार्यालय में प्रयोग में लाई जा रही हिंदी के ज्ञानवर्धन में सहायक हो।

iii. पत्रिका में अधिक से अधिक लेख आंतरिक अधिकारियों /कर्मचारियों के शामिल किए जाएं।

iv. पत्रिका में लेख लिखने में हिंदीतर भाषियों द्वारा किए गए प्रयासों को बढ़ावा दिया जाए।

v. अन्य भारतीय भाषाओं के साहित्य संबंधी लेख भी शामिल किए जाएं।

vi. पत्रिका को रुचिकर बनाने के लिए सरल भाषा में सामयिक लेख, साहित्य, स्वास्थ्य, पर्यटन, यात्रा वृतांत आदि को शामिल किया जाए।

vii. पत्रिका को स्तरीय और आकर्षक बनाने के लिए पत्रिका की साजसज्जा एवं गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए।

viii. पत्रिका को संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने पर प्रयास किए जाए ताकि इसकी उपलब्धता व्यापक हो सके।

का.ज्ञा.सं. 11014/34/2014-रा.भा.(प) दिनांक 21.1.2015

**11.9 राजभाषा विभाग की पत्रिका राजभाषा भारती में प्रकाशित लेखों के लिए मानदेय**

राजभाषा विभाग की पत्रिका राजभाषा भारती में प्रकाशित लेखों के लिए मानदेय से संबंधित राजभाषा विभाग के दिनांक 16 जून 1994 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11014/32/93-राभा(प) दिनांक 16 अगस्त 1999 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 11015/32/99-राभा.(प) में संशोधन करते हुए विभाग की त्रैमासिक पत्रिका राजभाषा भारती में प्रकाशित लेखों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए लेखकों को दी जाने वाली मानदेय की राशि बढ़ा दी गई है। मानदेय की नई दरें निम्नानुसार निर्धारित की गई हैं :

1. पत्रिका में प्रकाशित नियमित लेख ₹ 3,000 (रु तीन हजार मात्र)
2. विशेषांक में प्रकाशित लेख ₹ 5,000 (रु पांच हजार मात्र)

नई दरें 1 जुलाई 2016 से प्रभावी होंगी। यह कार्यालय ज्ञापन आंतरिक वित्त विभाग (गृह) के डायरी संख्या 3353704 ए.एस.एवं एफ.ए. (एच)/ 2016 दिनांक 27/05/2016 की सहमति से जारी किया जा रहा है। यह दरें केवल राजभाषा भारती में प्रकाशित लेखों के लिए मान्य होंगी ।

का.ज्ञा.संख्या 11014/32/2015-रा.भा.(प) दिनांक 17.6.2016

**11.10 गृह पत्रिकाओं का ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशन।**

हिंदी गृह पत्रिकाओं को डिजिटल/ ई-पत्रिका के रूप में उपलब्ध कराए जाने से संबंधित विषय पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिनांक 21.07.2020 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन के अनुक्रम में उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के 16 संस्थानों (कार्यालयों/उपक्रमों/नराकास/बैंक आदि) ने अपनी गृह पत्रिकाओं को ई पत्रिका के रूप में अपलोड किया है। सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान युग में ऐसा करना अत्यंत आवश्यक है। इससे न सिर्फ कार्यालयों द्वारा अपलोड की गई हिंदी पत्रिकाओं के पाठकों की संख्या में वृद्धि होगी बल्कि इंटरनेट पर हिंदी की विषय-वस्तु भी बढ़ेगी। कुछ संस्थानों द्वारा पत्रिका का सीधा लिंक न देते हुए नराकास/ब्लॉग/गूगल लिंक दर्शाया गया है तथा इस लिंक पर जाने पर भी पत्रिका पढ़ने

digital / e-magazine format, it is noteworthy that 16 organizations (Offices / Undertakings / TOLICS / Banks) etc.) have uploaded their home magazines as e-magazines. It is very essential in the present age of information technology. This will not only increase the readership of Hindi magazines uploaded by the offices but also increase the content of Hindi on the Internet. Some organisations have not provided direct link to the magazine, but have displayed TOLIC/ Blog / Google link where the magazine has not been made available for reading. All the organizations are requested to provide direct link of the magazine only in order to enable the readers a direct access to the magazine for reading.

2. The Department of Official Language is soon making available a link/tab named “e-magazine library” on the main page of its website, on which all these e-magazines will be displayed.

3. Please read 'Rajbhasha Gaurav Puraskar' as 'Rajbhasha Kirti Puraskar' mentioned at serial number 7 of Office Memorandum of even number dated 21.07.2020.

4. In order to and spread Hindi through Information, Communication and Technology (ICT), it is requested that more and more in-house magazines should be published in the form of e-magazine.

O.M.. No. 12024/01/2020-O.L.(Impl.2) , dated 7.9.2020

हेतु उपलब्ध नहीं कराई गई है। सभी संस्थानों से अनुरोध है कि केवल पत्रिका का ही लिंक दें ताकि पाठक सीधा लिंक के माध्यम से पत्रिका देख कर पढ़ पाएं।

2. राजभाषा विभाग द्वारा शीघ्र ही अपनी वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर “ई-पत्रिका पुस्तकालय” नामक लिंक/टैब उपलब्ध कराया जा रहा है जिस पर इन सभी ई-पत्रिकाओं को दर्शाया जाएगा।

3. कृपया दिनांक 21.07.2020 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन के क्रम सं 7 में उल्लिखित 'राजभाषा गौरव पुरस्कार' को 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' पढ़ें।

4. सूचना, सम्प्रेषण एवं प्रौद्योगिकी (ICT) के माध्यम से राजभाषा हिंदी का प्रयोग एवं प्रसार करने के उद्देश्य से अनुरोध है कि गृह पत्रिकाओं का ई-पत्रिका के रूप में अधिकाधिक प्रकाशन करना सुनिश्चित करें।

का.ज्ञा. सं. 12024/01/2020-रा.भा. (का.2) दिनांक : 7.9.2020

# CHAPTER 12
# PURCHASE OF LITERATURE, HINDI BOOKS RELATING TO OFFICIAL LANGUAGE AND PRICE FIXATION OF HINDI PUBLICATIONS

**12.1 Arrangement for Hindi reference literature and books in libraries**

Adequate reference literature in Hindi should be made available in libraries. At least 25% of library grant should be spent for the purchase of Hindi books and if possible this should be raised to 50% when suitable books in Hindi on various subjects are available in the market. Hindi Officer may be co-opted as a Member Secretary of the selection/purchase committees of the libraries.

Maximum benefit should be taken out of the funds spent on purchase of Hindi books for the implementation of Official Language policy of the Govt. keeping this in view. the purchase of following types of books will generally be useful:-

(1) Reference books such as dictionaries, glossaries for doing work in Hindi and Hindi books etc. relating to the subject concerning the work of the department/ office.

(2) Books written on interesting subjects in simple language or simple and popular newspapers, magazines, journals etc. so as to inspire the employees to read and write Hindi and so that they could also perform their official work in simple Hindi without any hesitation.

(3) Books, magazines, journals etc. written in simple and interesting language, so that by reading them the employees having working knowledge of Hindi could maintain their knowledge and they might not become out of touch with the passage of time.

(4) In the Ministries/Departments, Scientific and Technical offices where books in scientific and technical subjects are not available in sufficient number, glossaries, Karyalaya Sahayika, reference books should be purchased in those offices to achieve the prescribed target.

(5) Awarded and published books under the schemes for writing original books. in Hindi being run by various Ministries/Departments.

[O. M. No. 11020/21/73-O. L. dated 19-6-1974]
[O. M. No. 20034/6/85-O. L. Patrika, dated 4-5-1988]

**12.2 Arrangement for the reference literature and dictionaries**

Good Hindi-English and English-Hindi dictionaries, glossaries and other allied literature should be procured and provided to the employees. Only those dictionaries should be purchased in which the terminology approved by ne Commission for Scientific and Technical Terminology has been used. Dictionaries should be selected by the Ministry/Department itself. But if necessary, Department of Official Language may be consulted. "Samekit Prashasan Shabdavali" published by the Commission for Scientific and Technical Terminology and "Karyalaya Sahayika" published by Kendriya Sachivalaya Hindi Parishad and its publications on noting and drafting and other literature which is useful for the concerned offices should be procured in adequate number and kept in the libraries of the offices and provided to the employees doing work in Hindi

Following arrangements should be made in order to increase the use of Hindi:-

(1) Standard dictionaries of Hindi-English and English-Hindi glossaries and allied literature be procured for the libraries and the same should be made available to the employees for appropriate use.

(2) The decision regarding purchase of dictionaries etc. may be taken by the Ministries/Departments themselves.

# अध्याय 12
# राजभाषा संबंधी साहित्य, हिंदी पुस्तकों की खरीद और हिंदी प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण

### 12.1 पुस्तकालयों में हिंदी संदर्भ साहित्य और पुस्तकें उपलब्ध कराना

पुस्तकालयों में हिंदी संदर्भ साहित्य काफी मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। पुस्तकालय अनुदान का कम से कम 25% भाग हिंदी की पुस्तकों की खरीद पर व्यय किया जाए और बाजार में विभिन्न विषयों पर हिंदी में उपयुक्त पुस्तक उपलब्ध होने पर हो सके तो यह रकम बढ़ाकर 50% कर देनी चाहिए। हिंदी अधिकारी को पुस्तकालयों की चयन और क्रय समितियों में सदस्य सचिव के रूप में सहयोजित किया जाए।

हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किए जाने वाले खर्च से भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए पूरा लाभ उठाया जाना चाहिए। इस दृष्टिकोण से आम तौर पर निम्नलिखित प्रकार की पुस्तकें खरीदना उपयोगी होगा :-

(1) हिंदी में काम करने के लिए संदर्भ ग्रंथ जैसे शब्दकोश, शब्दावली, विभाग/कार्यालय के काम से संबधित विषयों पर हिंदी में पुस्तकें आदि।

(2) ऐसी पुस्तकें जो सरल भाषा में और रोचक विषयों पर लिखी हो या सरल और लोकप्रिय समाचार पत्र, पत्रिकाएँ आदि जिनसे कर्मचारियों को हिंदी में पढ़ने-लिखने की रुचि पैदा हो और वे सरल भाषा में बिना झिझक सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रयोग कर सकें।

(3) सरल और रोचक भाषा में लिखी पुस्तकें, पत्रिकाएँ, रसाले आदि जिन्हें पढ़कर हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का ज्ञान बना रहे और वे समय के साथ इसे भूल न जाएँ।

(4) मंत्रालयों/विभागों, वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यालयों में जहां वैज्ञानिक और तकनीकी प्रकार की हिंदी में पर्याप्त संख्या में पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, वे निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए हिंदी की शब्दावलियों/ कार्यालय सहायिका/ संदर्भ ग्रंध आदि को खरीदें।

(5) विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा चलाई जा रही मौलिक पुस्तक लेखन योजनाओं के अंतर्गत पुरस्कृत और प्रकाशित पुस्तकें।

[का.ज्ञा.सं. 11020/21/73- रा.भा., दिनांक 19-6-1974]
[का.ज्ञा.सं. 20034/6/85-रा.भा. (पत्रिका), दिनांक 4-5-1988]

### 12.2 संदर्भ साहित्य और शब्दकोशों की व्यवस्था

हिंदी-अंग्रेजी और अंग्रेजी-हिंदी के अच्छे शब्दकोश, शब्दावलियां और सहायक साहित्य मंगाकर कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाए। ऐसे शब्दकोश ही खरीदे जाएँ जिनमें वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा अनुमोदित शब्दावली हो। कोशों का चयन मंत्रालय/विभाग स्वयं करें, पर यदि आवश्यकता हो तो राजभाषा विभाग से परामर्श कर लिया जाए। वैज्ञानिक व तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित "समेकित प्रशासन शब्दावली" और केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद द्वारा प्रकाशित "कार्यालय सहायिका" संबंधित कार्यालयों के लिए उपयोगी टिप्पणियों और प्ररूपों के प्रकाशन और अन्य साहित्य भी पर्याप्त संख्या में मंगाकर कार्यालयों के पुस्तकालयों में रखे जाएं और हिंदी में काम करने वाले कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाएं।

हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए निम्नलिखित व्यवस्था की जाए -

(1)पुस्तकालयों में हिंदी-अंग्रेजी और अंग्रेजी-हिंदी के अच्छे शब्दकोश, शब्दावलियां और संबंधित साहित्य मंगाकर रखा जाए और कर्मचारियों को समुचित उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाए।

(2)शब्कोश आदि खरीदने के बारे में निर्णय मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा स्वयं लिया जाए।

(3) For the purpose of bringing uniformity in the Language, such dictionaries should be purchased which contain the terminologies approved by the Commission for Scientific and Technical Terminology.

[O. M. No. 12015/9/75-O. L. (B), dated 20-4-1976]
[O. M. No. 11015/48/72-O. L., dated 5-6-197]
[O. M. No. 20034/6/88-O. L., (Patrika) dated 26-8-1988]
[O. M. No. 20034/53/92-O. L. (R & A).dated 17-7-1992]

### 12.2.1 Purchase of latest dictionaries

All Ministries/Department are, requested to purchase latest and modern dictionaries and glossaries for their Libraries. They may also review and update their departmental glossaries from time to time by way of coining new words for current concepts. The Commission for Scientific and Technical Terminology may be consulted before coining the meanings of new words so that new Hindi words/concepts could be standardized. Further, with a view to encouraging the officers/employees to work in Hindi and enhancing their knowledge of Hindi language some new English words (say 50) relating to the subjects allotted to the Ministries/Departments along with their Hindi meaning and about 10-15 concepts with their Hindi meaning and definitions, may be published in each issue of their in-house Hindi magazine. A copy of the in-house magazine may be sent regularly to the Director, Central Translation Bureau, 8th Floor, Paryavaran Bhavan, CGO, Complex, Lodi Road, New Delhi - 110 003.

2. All Ministries/Departments are requested to bring the contents of this Office Memorandum to the notice of their Attached/Subordinate Offices/PSUs/Autonomous bodies/Bank etc. so that they may purchase latest/modern Hindi-English, English-Hindi dictionaries and glossaries and ensure making them available to their employees for doing Hindi work as per requirement.

O.M. No. 13011/8/2001-O.L (Policy & Coord.), dated 1.5.2001

### 12.2.2 Purchase of Dictionaries, Glossaries and reference literature

Out of the total funds made available to the libraries, 50% of the money left after the purchase of journals and reference literature may be spent on the purchase of Hindi books. It is obligatory to purchase all the books mentioned in the list of Standard Hindi books circulated by the Department of Official Language. A list of Standard Hindi books will be made available to all Ministries/Departments from time to time by the Department of Official Language.

O.M. No. 11011/14/2005-O.L.(Research), dated 16.3.2005

## 12.3 Price Fixation of Hindi Publications

Hindi publications should have the same price as their English versions. The manuscript of both the languages should be sent simultaneously for publication. The publications to be brought out in diglot form would contain the Hindi and English material in the same volume. There would, therefore, be no problem in fixation of price in their case. In respect of other publications, the following procedure would be adopted :-

(1) In case the Hindi and English manuscripts of publications are to be printed in the same press, their price will be worked out and fixed by the press by dividing the total expenditure by the total number of books.
(2) In case the publications are allotted to two different presses for printing, the Directorate of Printing will direct either of the two presses to jointly fix the price thereof. That press will accordingly ascertain the cost of printing from the other press and then will fix their

(3)भाषा में एकरूपता लाने की दृष्टि से ऐसे शब्दकोश खरीदे जाएं जिनमें भारत सरकार के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा अनुमोदित शब्दावलियों का इस्तेमाल किया गया हो।

[का.ज्ञा.सं. 12015/9/75-रा.भा. (ख), दिनांक 20-4-1976]
[का.ज्ञा.सं. 11015/48/72-रा.भा., दिनांक 5-6-1973]
[का.ज्ञा.सं. 20034/6/88-रा.भा. (पत्रिका), दिनांक 26-8-1988]
[का.ज्ञा.सं.20034/53/92-रा.भा. (आ.वि.), दिनांक 17-7-1992]

12.2.1 **शब्दकोशों की खरीद**

सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से अनुरोध है कि वे अपने-अपने पुस्तकालयों में अद्यतन और आधुनिक शब्दकोशों की खरीद करवाएं। अपनी विभागीय शब्दावलियों की भी समय-समय पर समीक्षा करें और उनमें आवश्यक परिवर्तन करते हुए नई संकल्पनाओं के लिए नए शब्दों का समावेश करें। ऐसा करने से पहले वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली से संपर्क अवश्य कर लिया जाए ताकि हिंदी में नए शब्दों संकल्पनाओं का मानकीकरण हो सके। इसके अतिरिक्त अधिकारियों कर्मचारियों के हिंदी भाषा के ज्ञान में वृद्धि के लिए तथा उन्हें विभागीय कार्य हिंदी में करने में सुविधा प्रदान करने के लिए प्रत्येक मंत्रालय/विभाग द्वारा निकाली जा रही हिंदी पत्रिका के प्रत्येक अंक में अपने मंत्रालय/विभाग से संबंधित विषयों के कुछ (यथा 50 ) अंग्रेजी के नए शब्द उनके हिंदी पर्यायों सहित प्रकाशित करें। साथ ही 10-15 संकल्पनाओं के हिंदी पर्याय और उनकी परिभाषा भी प्रकाशित करें। प्रकाशित पत्रिकाओं की एक-एक प्रति निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, 8वां तल, पर्यावरण भवन, सी-जी-ओ- कॉप्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली को नियमित रूप से भिजवाएं।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से यह भी अनुरोध है कि वे अपने संबद्ध/ अधीनस्थ कार्यालयों/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों/बैंकों को भी समुचित निदेश भिजवा दें ताकि वे भी आवश्यकतानुसार अपने कार्यालयों में आधुनिक / अद्यतन शब्दकोशों की खरीद करें और यह सुनिश्चित करें कि हिंदी कार्य के लिए तैनात हर कर्मचारी अधिकारी को अंग्रेजी हिंदी हिंदी-अंग्रेजी शब्दकोष और शब्दावलियां उपलब्ध हों।

का.ज्ञा.सं. 13011/8/2001 [रा.भा (नीति एवं समन्वय), दिनांक 1.5.2001

**12.2.2 शब्दकोश, शब्दावली, सहायक तथा संदर्भ साहित्य और अन्य हिंदी पुस्तकों की खरीद**

पुस्तकालयों के लिए उपलब्ध धनराशि में से जर्नल व संदर्भ साहित्य की खरीद किए जाने के बाद बची राशि का 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद पर खर्च किया जाए। राजभाषा विभाग द्वारा परिचालित हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की सूची में उल्लिखित सभी पुस्तकों को खरीदना आवश्यक है। राजभाषा विभाग समय-समय पर हिंदी की स्तरीय पुस्तकों की एक सूची सभी मंत्रालयों/विभागों को उपलब्ध करवाएगा।

का.ज्ञा.सं. 11011/4/2005- रा.भा.(अनु), दिनांक 16.3.2005

**12.3 हिंदी प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण**

हिंदी प्रकाशनों का वही मूल्य होना चाहिए जो अंग्रेजी रूपांतरों का हो। दोनों भाषाओं की पांडुलिपियाँ एक साथ ही प्रकाशन के लिए भेजी जाएं। जो प्रकाशन डिगलाट रूप में छपवाए जाएं उनमें हिंदी और अंग्रेजी की सामग्री एक ही जिल्द में होगी। इसलिए उनके मूल्य निर्धारण में कोई समस्या नहीं होगी। अन्य प्रकाशनों के बारे में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जाए।

(1) जिन प्रकाशनों की हिंदी और अंग्रेजी पांडुलिपियां साथ-साथ एक ही प्रेस में छपने वाली हों तो उसी प्रेस द्वारा दोनों रूपों पर होने वाले व्यय को सभी पुस्तकों पर समान रूप से बांटकर मूल्य तय कर दिया जाए।

(2) जो प्रकाशन दो भिन्न-भिन्न प्रेसों में छपेंगे उनके लिए मुद्रण निदेशालय किसी एक प्रेस को आदेश देगा कि उन प्रकाशनों का मूल्य निर्धारण संयुक्त रूप से करे। वह प्रेस दूसरे प्रेस से छपाई का व्यय पूछ कर दोनों प्रकाशनों के लिए जोड़कर उसे दोनों भाषाओं पर समान रूप से बांटकर मूल्य तय करेगा।

price by pooling together the costs of both the versions and dividing the same by the total number of books of both the languages.
(3) For printing in both the languages, the manuscripts of both the languages will generally be sent simultaneously to the Directorate of Printing. If these are sent one after the other the particulars of the date etc. of the manuscript earlier sent, would positively be intimated in the requisition form and, if possible the No. and date of the reference of the Directorate of Printing under which the job was earlier assigned to a press, would be mentioned.

[O. M. No. 11015/114/73-O.L. (B), dated 4-4-1977]

**12.4 Purchase of Hindi books in the libraries of Central Govt. offices**

So far as the question of purchase of literature is concerned, it has been decided that lists of books will be supplied to the Ministries/Departments/Offices etc. for purchase of standard books and that the purchase of literature should be restricted to those lists only. Department of Official Language have constituted a committee for this purpose, consisting of members of various departments/institutions connected with books publishing and literary figures. The lists of books selected by said committee will be made available to all the Ministries/ Departments etc. as early as possible.
Standard works of other modern literary figures and writers may be purchased besides literary works of authors mentioned in the memo. dated 5-3-1990 till the lists of books, are prepared by the selection committee. But it should please be ensured that none of the books purchased should be of low standard.

Regarding purchase of Hindi books, a minimum 50% of the total library grant allocated for purchasing of books, is required to be spent on purchase of Hindi books. This target has also been reflected in the Annual Programmes. However, inspite of these orders, proposal are being received from Ministries/Departments and Central Govt. Offices to seek relaxation from these orders. It is again reiterated, that as clarified earlier, there is no scope of giving relaxation from these orders.

[O. M. No. 20034/6/90-O. L. (Patrika), dated 5-3-1990]
[O. M. No. 20034/6/90-O.L. (Patrika), dated 30-11-1990]
[O.M. No. 11011/15/2002-O.L.(Research), dated 14.11.2003]
[O.M. No. 11011/14/2005-O.L.(Research), dated 16.3.2005]

**12.5 Purchase of books in other Indian languages alongwith Hindi books-clarification regarding**

A fifty percent of the total budgetary grant allocated for the purchase of books for libraries of Ministries/Departments etc. is required to be spent on purchase of Hindi books and a status quo therein may be maintained. There is, however, no objection in the remaining amount being spent on purchasing books in other Indian languages specified in the Eighth Scheduled of Indian Constitution alongwith books in English language. The Ministries/Departments etc. are themselves competent to purchase books in English as also the books in other Indian languages.

[O. M. No. II/20015/21/94-O. L. (Policy 2),dated 6-1-1995]

(3) दोनों भाषाओं में छपने के लिए पांडुलिपि मुद्रण निदेशालय को आम तौर पर दोनों भाषाओं में साथ-साथ भेजी जाए। एक दूसरे के बाद भेजे जाने पर हस्तलिपि (पांडुलिपि) के साथ ही मांग-पत्र में पहले भेजी गई सामग्री की तारीख आदि की सूचना अवश्य दो जाए और हो सके तो मुद्रण निदेशालय का नम्बर और तारीख जिसके द्वारा जॉब पहले किसी प्रेस को सौंपा गया है, दिया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 11015/114/73-रा.भा. (ख), दिनांक 4-4-1977]

**12.4 सरकारी कार्यालयों के पुस्तकालयों में हिंदी पुस्तकों की खरीद**

जहां तक ललित साहित्य की खरीद का प्रश्न है, राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि को स्तरीय पुस्तकों की खरीद हेतु सूचियां उपलब्ध करवाई जाएंगी तथा ललित साहित्य की खरीद उन्हीं पुस्तक सूचियों तक सीमित रखी जाए। इस विषय में राजभाषा विभाग द्वारा पुस्तक प्रकाशन से सम्बद्ध विभागों, संस्थाओं, साहित्यकारों की समिति गठित की गई है। उक्त समिति द्वारा चयनित पुस्तकों की सूची यथा-समय सभी मंत्रालयों/विभागों आदि को भिजवा दी जाएंगी।

चयन समिति द्वारा पुस्तक सूचियां बनाने तक, दिनांक 5 मार्च, 1990 के कार्यालय ज्ञापन में उल्लिखित साहित्यकारों की कृतियों के साथ-साथ अन्य आधुनिक साहित्यकारों/लेखकों की भी अच्छी कृतियाँ खरीदी जा सकती हैं, परंतु यह सुनिश्चित किया जाए कि इनमें से कोई भी पुस्तक घटिया स्तर की न हो।

पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों की खरीद हेतु निर्धारित कुल अनुदान राशि का कम से कम 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद पर व्यय किया जाना अपेक्षित है। वार्षिक कार्यक्रमों में भी यह लक्ष्य स्पष्ट किया गया है। किंतु इन आदेशों के बावजूद मंत्रालयों/विभागों/केंद्र सरकार के कार्यालयों से इन आदेशों में छूट के प्रस्ताव यदा-कदा प्राप्त होते रहते हैं। जैसा कि पूर्व में स्पष्ट किया जा चुका है इन आदेशों में किसी प्रकार की छूट की गुंजाइश नहीं है।

[का.ज्ञा.सं. 20034/6/90-रा.भा. (पत्रिका), दिनांक 5-3-1990]
[का.ज्ञा.सं.20034/6/90-रा.भा.(पत्रिका), दिनांक 30-11-1990]
का.ज्ञा.सं. 11011/15/2002- का.ज्ञा.सं. (अनु), दिनांक 14.11.2003
का.ज्ञा.सं. 11011/14/2005- रा.भा.(अनु), दिनांक 16.3.2005

**12.5 सरकारी कार्यालयों के पुस्तकालयों में हिंदी पुस्तकों के साथ अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकें खरीदने के संबंध में स्पष्टीकरण**

मंत्रालयों/विभागों आदि के बजट में पुस्तकालयों के लिए पुस्तकों की खरीद हेतु निर्धारित कुल अनुदान राशि का 50 प्रतिशत हिंदी पुस्तकों की खरीद पर व्यय किया जाना अपेक्षित है और उसे यथावत रखा जाए। परंतु शेष 50 प्रतिशत अंग्रेजी पुस्तकों के साथ-साथ भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में निर्दिष्ट अन्य भारतीय भाषाओं की पुस्तकों की खरीद पर खर्च करने पर कोई आपत्ति नहीं है। पुस्तक खरीद के समय अंग्रेजी के साथ-साथ अन्य भाषाओं की पुस्तकें खरीदने के लिए मंत्रालय/विभाग स्वयं सक्षम हैं।

[का.ज्ञा.सं. II/20015/21/94-रा.भा.(क-2), दिनांक 6-1-1995]

# CHAPTER 13
# HINDI/INDIAN NAMES OF ORGANISATIONS/OFFICES/POSTS

## 13.1 Naming of Govt. Offices/Organizations/ Institutions in Hindi in Indian form

A beginning may be made in giving Hindi names to the existing Central Govt. Offices/ Organizations/Institutions in addition to the present English names. New offices of Central Govt. should be given Hindi/Indian names from the very beginning.

Commission for Scientific and Technical Terminology (Deptt. of Education) Block-VII, Ramakrishna Puram, New Delhi, should be consulted while selecting a name.

[O. M. No. 12/23/61-O. L., dated 27-3-196]
[O. M. No. 5/1/65-O. L., dated 1-1-1965, No. 165]
[O. M. No. 12021/4/83-O. L. (B-1). dated 1-12-1986]
[O. M. No. 12021/4/1983-O L. (B-1) dated 12-3-1991]

### 13.1.1 Naming of Central Govt. owned Companies in Hindi

New companies to be set up by the Govt. should be given Hindi or Indian names from the very beginning and these names should be transliterated in English. In case, names of companies are already in English. it should be left to them whether they desire to change their names in Hindi. If they desire to change their English names, action should be taken under clause 21 of the Companies Act, 1956. If an existing company desires to change it's name due to some reason new name must be given in Hindi.

[O. M. No. 5/34/64-O. L. dated 11-4-1965]
[O. M. No. 1/14013/14/87-O. L. (A-1). dated 5-1-1988]

### 13.1.2 Naming of new Govt. buildings & their complexes, Govt. programmes and projects etc.in Hindi or in Indian languages

New Government buildings and their newly created complexes should be given Hindi or Indian names from the very beginning. Indian words should be selected for places like "industrial Area" etc. various Govt. programmes and projects etc. may also be given Hindi or Indian names from the very beginning because Indian names are easily understood by the general public.

[O. M. No. 1/14034/3/85-O. L. (A-1), dated 29-10-1985]

## 13.2 Procedure of writing Hindi names of Central Govt. offices and designations of officers in Hindi

Hindi names of Central Govt. offices and designations of officers working therein may be used in notes, correspondence and official papers. When used in English documents these will be written in Roman script. The designations of Ministers and the names of Ministries/ Departments etc. would be first written in English followed by Hindi in Roman Script within parenthesis. Thus the designation of the Minister of External Affairs and the Ministry of External Affairs, would for example, be shown as under

(a) Minister of, External Affairs (Videsh Mantri)
(b) Ministry of External Affairs (Videsh Mantralaya).

[O. M No. 16/11/69-O. L. dated 8-10-1969]
[O. M. No. 74/2/71-C. F, dated 28-5-1971]

# अध्याय 13
# संगठनों/कार्यालयों/पदों आदि के हिंदी/भारतीय नाम

## 13.1 सरकारी कार्यालयों/सगठनों/संस्थाओं का हिंदी में भारतीय रूप में नामकरण

मौजूदा केंद्रीय सरकारी कार्यालयों/संगठनों/संस्थानों आदि के प्रचलित अंग्रेजी नामों के अतिरिक्त हिंदी में/भारतीय भाषाओं में नाम देने की शुरुआत की जाए/ नए कार्यालयों आदि के नाम प्रारम्भ से ही हिंदी में/ भारतीय रूप में रखें जाएं। नाम चुनते समय वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग (शिक्षा विभाग), पश्चिमी खंड-7, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली से परामर्श किया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 12/23/61-रा.भा. दिनांक 27-3-1962]
[का.ज्ञा.सं. 5/1/65-रा.भा. दिनांक 1-1-1965,]
[का.ज्ञा.सं. 12021/4/83-रा.भा. (ख-1), दिनांक 1-12-1986]
[का.ज्ञा.सं. 12021/4/83-रा.भा. (ख-1), दिनांक 12-3-1991]

### 13.1.1 केंद्रीय सरकार की कंपनियों का हिंदी में नामकरण

सरकार द्वारा स्थापित की जाने वाली नई कंपनियों के नाम आरंभ से ही हिंदी में रखे जाएं और अंग्रेजी में उनका लिप्यंतरण किया जाए। जिन कंपनियों के नाम पहले से ही अंग्रेजी में रखे गए हैं, उनके नाम हिंदी में बदलने का प्रश्न संबंधित कंपनी पर छोड़ दिया जाए। यदि वे अंग्रेजी के नाम को बदलना चाहते है तो उसके लिए कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 21 के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। यदि पहले स्थापित की गई कोई कंपनी किसी कारण से अपना नाम बदलना चाहती है तो नया नाम अवश्य हिंदी में रखा जाए।

[का.ज्ञा.सं. 5/34/64-रा.भा।, दिनांक 11-4-1965]
[का.ज्ञा.सं. I/14013/14/87-रा.भा.(क-1), दिनांक 5-1-1988]

### 13.1.2 नए सरकारी भवनों, उनके परिसरों, सरकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं आदि का हिंदी या भारतीय भाषाओं
### में नामकरण

नए सरकारी भवनों तथा उन भवनों के लिए बने नए परिसरों का नामकरण शुरू से ही हिंदी तथा भारतीय भाषाओं में किया जाए। जिन स्थानों के नाम "इंडस्ट्रियल एरिया" इत्यादि दिए गए है उनके लिए भारतीय शब्दों का चयन किया जाना चाहिए। विभिन्न प्रकार के सरकारी कार्यक्रमों, परियोजनाओं आदि के लिए भी प्रारम्भ से ही हिंदी या भारतीय नाम रखे जाएं, क्योंकि भारतीय नाम आम जनता की समझ में आसानी से आते हैं।

[का.ज्ञा.सं. I/14034/3/85-रा.भा.(क-1), दिनांक 29-10-1985]

## 13.2 केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/अधिकारियों के हिंदी पदनाम लिखने और पद्धति

कार्यालयों के नाम और अधिकारियों के पदनामों के हिंदी नाम, टिप्पण, पत्र व्यवहार और सरकारी कागजों में प्रयोग किए जाए। जब अंग्रेजी कागजात में इनका प्रयोग किया जाए तो ये रोमन लिपि में लिखे जाएंगे। मंत्रियों के पदनाम और मंत्रालयों/विभागों आदि के नाम पहले अंग्रेजी में और उसके बाद कोष्ठकों के बीच हिंदी भाषा में लिखे जाएंगे। उदाहरण के लिए विदेश मंत्री का पदनाम और विदेश मंत्रालय का नाम इस प्रकार लिया जाएगा -

(क) Minister of External Affairs (Videsh Mantri)
(ख) Ministry of External Affairs (Videsh Mantralay)

[का.ज्ञा.सं. 16/11/69-रा.भा., दिनांक 18-10-1969]
[का.ज्ञा.सं. 74/2/71-सी.एफ़., दिनांक 28-5-1971]

## 13.3 Registration of telegraphic addresses of Central Government offices in Hindi

Telegraphic addresses of various Ministries and offices of the Govt. of India may be registered in Hindi also Hindi telegraphic addresses should either be taken from a list circulated by Central Hindi Directorate or that Directorate be consulted about the suitability of the Hindi telegraphic addresses for adoption.

[O.M. No 11/1/62-O. L. dated 20-3-1962]

**13.3 कार्यालयों के तार-पत्रों का हिंदी में पंजीयन**

विभिन्न मंत्रालयों और कार्यालयों के तारों के पते का हिंदी में भी पंजीयन किया जाए। तारों के हिंदी पते या तो केंद्रीय निदेशालय द्वारा परिचालित सूची से लिए जाएं या उनकी उपयुक्तता के बारे में इस निदेशालय से परामर्श कर लिया जाए।

[का.ज्ञा.सं. 711/1/62-रा.भा., दिनांक 20-3-1962]

# CHAPTER 14
# MISCELLANEOUS SUBJECTS – HINDI DAY / WEEK

## 14.1 Organizing HINDI DAY /WEEK

All offices organize Hindi week day every year on 14th September and Hindi week beginning from that day in accordance with the guideline issued by the department of Official Language. If 14th September happens to be a holiday, next working day may be observed as Hindi Day and Hindi Week may be organized beginning from that day. Voluntary organization engaged in the propagation end spread of Hindi should also be associated with these function. Various Ministries /Department /Attached offices /subordinate offices /Undertakings /Banks /Corporation etc. can organize Hindi Day /Hindi week on the basis of the programmes mentioned below and such other programmes as they may deem suitable according to their particular circumstances:-

i. To acquaint the employees with the Official languages Act, 1963 .the Official Language Rules. 1976 , the Official Languages resolution ,1968 and instruction issued by the Department of Official Language from time to time regarding Official Language policy .
ii. To organise programmes for practicing Hindi noting drafting, typewriting and shorthand in connection with the official work :
iii. To issue appeal by the higher officers in a meeting of the employees /officers for the purpose of inspiring, them to work in Hindi. Problem encountered in implementation of the instruction regarding progressive use of Hindi may also be discussed in the meeting.
iv. To distribute and exhibit publicity material with a view to increasing the use of Hindi in the official work.
v. To organize exhibitions of books, glossaries and magazines published in Hindi relating to official matters. In these exhibitions. specimens of the work done or being done in Hindi viz. cheques, drawing, nothing, charts etc. in Hindi can also be exhibited. Use of bilingual electronic typewriters, word processors, computers etc. can also be exhibited
vi. To organize competition for officers and employees in drafting noting, typing stenography, declamation debates essays. Poetry etc. in Hindi.
vii. To organize progrmmes of plays dramas. Songs etc. of good taste in Hindi.
viii. To organize programmes of giving necessary information to officers and employees regarding periodical reports relating to use of Hindi as Official Language.
ix. To give awards. Certificates etc. to officers and employees who do commendable work in conducting their official work in Hindi.
x. Displaying the use of bilingual mechanical/electronic equipment like typewriter word processor, computers etc.

**14.1.1** Various steps taken to ensure progressive use of Hindi in official work are parts of the normal official work. Expenditure involved in various activities for progressive use of Hindi in official work will, therefore, be managed by the concerned ministries/ departments/officers / undertaking etc. in the same manner as they do for their other activities.

[O M No.1/14034/2/87-O. L. (A-1), dated 21-4-1987]
[O M. No. 1/14034/2/87-O.L. (A- 1) dated 23-9-1987]

## अध्याय 14
## विविध विषय - हिंदी दिवस/सप्ताह

### 14.1 हिंदी दिवस/सप्ताह का आयोजन

सभी कार्यालय राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शी रूपरेखा के अनुसार हर वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस तथा उस दिन से शुरू करके हिंदी सप्ताह मनाएं। यदि 14 सितम्बर को छुट्टी हो तो उसके अगले दिन हिंदी दिवस मनाया जाए या हिंदी सप्ताह आरंभ किया जाए। तत्संबंधी आयोजनों में हिंदी के प्रचार-प्रसर में लगी स्वयंसेवी संस्थाओं को भी शामिल किया जाए। विभिन्न मंत्रालय/विभाग/संबद्ध कार्यालय/अधीनस्थ कार्यालय/उपक्रम/बैंक/निगम आदि नीचे लिखे कार्यक्रमों के अलावा अपनी विशेष परिस्थितियों के अनुसार और कार्यक्रमों के आधार पर हिंदी दिवस/हिंदी सप्ताह आयोजित कर सकते है :-

(i) राजभाषा अधिनियम, 1963 : राजभाषा नियम, 1976 : राजभाषा संकल्प, 1968 तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए राजभाषा नीति संबंधी अनुदेशों से कर्मचारियों को परिचित कराना।

(ii) सरकारी कार्य से संबंधित हिंदी में टिप्पण, आलेखन, टंकण और आशुलिपि के अभ्यास के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।

(iii) हिंदी में काम करने के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से उच्च पदाधिकारियों द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक में अपील जारी करना। हिंदी के उत्तरोतर प्रयोग संबंधी निदेशों के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों पर भी इस बैठक में विचार-विमर्श किया जा सकता है।

(iv) हिंदी में काम बढ़ाने की दृष्टि से प्रचार सामग्री का वितरण तथा प्रदर्शन।

(v) हिंदी में प्रकाशित कार्यालयीन विषयों से संबंधित पुस्तकों, शब्दवलियों और पत्रिकाओं आदि की प्रदर्शनी आयोजित करना। इन प्रदर्शनियों में हिंदी में हुए या हो रहे कामकाज के नमूनों जैसे हिंदी में चैकों, ड्राइंगों, नोटिंग चार्टों आदि का भी प्रदर्शन किया जा सकता है। द्विभाषी इलेक्ट्रानिक टाइपराइटर, वर्ड-प्रोसेसर, कम्प्यूटर आदि के प्रयोग का भी प्रदर्शन किया जा सकता है।

(vi) अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए हिंदी में आलेखन, टिप्पण, टंकण, आशुलिपि, भाषण, वादविवाद, निबन्ध, कवितापाठ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करना।

(vii) हिंदी में सुरुचिपूर्ण अभिनय, नाट्य, गीत आदि कार्यक्रम आयोजित करना।

(viii) राजभाषा हिंदी से संबंधित आवधिक रिपोर्टों के संबंध में अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना।

(ix) हिंदी में सराहनीय शासकीय कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुरस्कार, प्रमाणपत्र आदि प्रदान किया जाना।

(x) द्विभाषी यांत्रिक/इलैक्ट्रोनिक उपकरणों जैसे टाइपराइटर, वर्ड-प्रोसेसर, कम्प्यूटर आदि के प्रयोग का प्रदर्शन।

**14.1.1** राजभाषा हिंदी में शासकीय कार्य को बढ़ावा देने से संबंधित कार्य कार्यालयीन कार्यों के ही अंग हैं। इसलिए जिस प्रकार मंत्रालय/विभाग/कार्यालय/उपक्रम आदि द्वारा अन्य कार्यालयीन कार्यों के लिए खर्च की व्यवस्था की जाती है उसी प्रकार हिंदी के राजभाषा के तौर पर उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित कार्यों के लिए भी वे खर्चे की व्यवस्था करेंगे।

[का.ज्ञा.सं. I/14034/2/87-रा.भा.(क-1), दिनांक 21-4-1987]
[का.ज्ञा.सं. I/14034/2/87-रा.भा.(क-1), दिनांक 23-9-1987]

### 14.1.2 Organizing of Hindi fortnight

Department of Official Language issued detailed guidelines on the subject vide their OM NO 1/14034/2/87-OL(A-1), dated the 21-041987 and 23-09-1987. All the Ministries/ Departments are again requested to organize the following programmes in their Ministry/Department/Offices during Hindi fortnight (14 September to 28 September), in addition to the programs enumerated in the above mentioned office memoranda :-

1. Hindi fortnight celebrations may start from 14 September and culminate on 29 September.
2. On 14 September, the message of Hon'ble Prime Minister/ Minister of Home Affairs must be read out in all the Ministries/Department/offices which will be sent to them in due course by the Department of Official Language.
3. Hindi Day should be given importance as a day of developing harmony amongst Indian Languages.
4. As far as possible, on 14$^{th}$September cent per cent attendance in offices may be ensured.
5. All the Ministries/Department must ensure that by 14 September. The prescribed number of the meeting of the Hindi Salahkar Samitis and of Official Language Implementation committees are completed and pendency is cleared.
6. "In House magazine "etc. to be published during the fortnight, may be brought out as special issue on Official Language and its copy may also be sent to the department of Official Language.
7. Emphasis may be laid on the contribution made by Hindi scholars and that made by non-Hindi speaking people in the development of Hindi and other Indian Languages. Programmes, seminars etc. may be organized for this purpose. Competitions. Pertaining to Official Language may be organized and Official Language Awards br distributed the fortnight.
8. All these programmes should not be restricted to one day only but these should be celebrated throughout the fortnight and it should be ensured that the Ministers and senior officers of the ministries/department must be associated with these programmes.
9. All personnel should be made aware of the constitutional provisions related to Official Language, Official Languages Act, 1963, Official Language, Rules, 1976, Official Language Resolution, 1968 and the guidelines issued from time to time by the Official Language Department related to Official Language Policy. Along with this, special emphasis should be laid on the use of simple and easy Hindi in official work. The Official Language Policy, which is based on inspiration, encouragement and goodwill, should be discussed in the meeting of senior officials. Officers/personnel should be encouraged for maximum use of indigenous software Kanthastha 2.0.

[O.M.NO.1/14034/5/94-OL(A-1), dated 20-7-94]
D.O.No.-11034/07/2021-O.L.(Policy) dated : 10.8.2021
D.O.No.-11034/06/2023- O.L.(Policy) dated: 01.6.2023

### 14.2 Organising Hindi Workshops.

Instructions have been issued to organize Hindi Workshops to overcome the difficulties faced by various offices in doing the official work in Hindi. The main objective of these workshops is to overcome the hesitation of those government employees who have knowledge of Hindi Language in doing their work in Hindi. In these workshops, the main

**14.1.2 हिंदी पखवाड़ा का आयोजन**

इस विषय पर राजभाषा विभाग द्वारा कार्यालय ज्ञापन सं. I/14034/2/87-रा.भा. (क-1) दिनांक 21-4-1987 तथा 23-9-1987 के अंतर्गत विस्तृत मार्गदर्शी निदेश जारी किए गए थे। पुन: सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापनों में वर्णित कार्यक्रमों के अतिरिक्त हिंदी पखवाड़े (14 सितम्बर से 28 सितम्बर) के दौरान अपने मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित कराएं :-

(1) हिंदी दिवस का शुभारंभ 14 सितम्बर को और समापन 29 सितंबर को हो।
(2) 14 सितम्बर को माननीय प्रधान मंत्री जी/गृह मंत्री जी का संदेश सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में पढ़ा जाए जो उन्हें राजभाषा विभाग द्वारा यथा समय भेजा जाएगा।
(3) हिंदी दिवस को भारतीय भाषाओं के सौहार्द दिवस के रूप में महत्व दें।
(4) 14 सितम्बर को कार्यालयों में हाजिरी यथासंभव शत प्रतिशत हो।
(5) सभी मंत्रालय/विभाग यह सुनिश्चित करें कि 14 सितम्बर तक उनके यहां हिंदी सलाहकार समिति तथा राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की कोई बैठक बाकी न रहे।
(6) इस पखवाड़े के दौरान प्रकाशित की जाने वाली "इन हाउस मैगजीन" आदि को राजभाषा विशेषांक का रूप दिया जाए और उसकी प्रति राजभाषा विभाग को भी भेजी जाए।
(7) हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के विकास में योगदान देने वाले हिंदी व हिंदीत्तर लोगों के योगदान पर जोर दिया जाए। इसके लिए प्रोग्राम, चर्चा आदि करें। पखवाड़े के दौरान राजभाषा संबंधी प्रतियोगिताएँ करवाई जाएं तथा राजभाषा पुरस्कार वितरित किए जाएं।
(8) ये सब कार्यक्रम एक दिन मनाकर संतुष्ट न हों अपितु पूरे पखवाड़े के दौरान इन्हें मनाया जाए और इन कार्यक्रमों के आयोजन में मंत्रालयों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा मंत्रियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
(9) सभी मंत्रालयों विभागों द्वारा सभी कार्मिकों को राजभाषा से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा, नियम, 1976, राजभाषा संकल्प, 1968 और समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा नीति से संबंधित जारी दिशानिर्देशों से अवगत करवाया जाए। साथ ही सरकारी कार्य में सरल और सहज हिंदी के प्रयोग पर विशेष बल दिया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में राजभाषा नीति, जो कि प्रेरणा, प्रोत्साहन और सद्भावना पर आधारित है, के संबंध में चर्चा की जाए। अधिकारियों/कार्मिकों को स्वदेशी सॉफ्टवेयर कंठस्थ 2.0 के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

[का.ज्ञा. सं. I/14034/5/94 रा.भा. (क-1), दिनांक 20-7-94]
अ.शा.पत्र सं.-11034/07/2021-रा.भा.(नीति) दिनांक : 10.8.2021
अ.शा.पत्र सं.-11034/06/2023-रा.भा.(नीति) दिनांक : 01.6.2023

14.2 **हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन**

राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यालयों को हिंदी में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा का ज्ञान रखने वाले सरकारी कार्मिकों की हिंदी में काम करने की झिझक को दूर करना है। इन कार्यशालाओं में मुख्य रुप से सरकारी काम हिंदी में किए जाने का अभ्यास करवाया जाना चाहिए। यह अभ्यास संबंधित कार्मिकों के रोजमर्रा के कार्य से संबंधित होना चाहिए।

emphasis should be on actual practice of doing the official work in Hindi. The exercises should be related to the routine work of the concerned employees.

2. Instructions were issued by the department on this subject on 01.10.1973 and 29.10.1984. Now the following guidelines will come into effect forthwith, in supersession of all the office memoranda/guidelines regarding the organisation of Hindi Workshops.

i. The duration of the workshop should be minimum of one working day. Minimum two third of the time of the workshop shall be devoted to the actual practice of doing the official work in Hindi on the subjects related to that office.

ii. The "Karyashala Sandarshika" prepared by the Department of Official Language is now available on the website. The headquarters of Ministries/Departments Banks/Undertakings are requested to use this to prepare their own "Karyashala Sandarshika" as per their requirements. To facilitate the employees to work in Hindi after the training, the subjects related to their own domain may be added and it should be ensured that the work of each and every division/section / vertical etc. has been incorporated in it.

iii. The workshop should be conducted by competent officers, having expertise in their subjects. The guest faculty may also be invited as per the requirement.

iv. These workshops should be so arranged as to ensure that every employee is able to participate at least once in two years and the number of workshops in a year may be fixed accordingly. Special emphasis should be given to the participation of higher officers in these workshops. Post training assessment of the work being done in Hindi by the employees trained in these workshops should be done and if needed the employee can be nominated again.

v. Feedback, regarding the utility of workshop, may be obtained from the trained officers/employees at the end of the workshop.

vi. Small offices, which are not able to conduct workshops individually, may organize the workshops jointly with other offices. In this regard, necessary co-ordination shall be done by the Town Official Language Implementation Committees.

vii. Honorarium to be paid to officers imparting training to government personnel in workshops is fixed as per following rules:

(a) Serving officers/officials of Central/State government will be paid Rs. 500/- per session of 75 minutes as honorarium/remuneration. In no case honorarium/remuneration of more than Rs. 5000/- will be given to any lecturer in a financial year.

(b) Guest lecturers other than serving officers/officials of Central/State government will be paid Rs. 1000/- per session of 75 minutes as honorarium/remuneration. The limit of Rs. 5000/- in a financial year will not be applicable to this category.

The head of offices will ensure that the workshops are organized as per the above guidelines.

[O.M. No. 12019/81/2015-O.L.(Impl-2) Part 2 Dated 29.2.2016]
[O.M. No. 12019/81/2015-O.L.(Impl-2) Part 2 Dated 16.6.2016]

2. विभाग द्वारा 01.10.1973 तथा 29.10.1984 में इस संबंध में इसी विषय पर निर्देश जारी किए गए थे। कार्यशालाओं का आयोजन करने के संबंध में विभाग द्वारा अब तक जारी किए गए सभी कार्यालय ज्ञापनों/दिशा-निर्देशों का अधिक्रमण करते हुए तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित दिशा-निर्देश प्रभावी होंगें।

i. कार्यशाला की न्यूनतम अवधि 1 कार्य दिवस की होगी। कार्यशाला में न्यूनतम दो तिहाई समय कार्यालय से संबंधित विषयों पर हिंदी में कार्य करने का अभ्यास करवाने में लगाया जाए।

ii. राजभाषा विभाग द्वारा कार्यशाला में प्रयोग हेतु कार्यशाला संदर्शिका वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई है। प्रत्येक मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम आदि के मुख्यालय इस संदर्शिका का उपयोग करते हुए अपनी आवश्यकता के अनुसार नई कार्यशाला संदर्शिका का निर्माण करें। इसमें अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित विषयों का समावेश करें तथा कार्यालय के विभिन्न अनुभागों/प्रभागों आदि के कामकाज को ध्यान में रखते हुए उपयोगी सामग्री तैयार की जाए ताकि प्रशिक्षण के पश्चात कार्मिकों को अपना कामकाज हिंदी में करना सुविधाजनक हो।

iii. कार्यशाला में प्रशिक्षण सक्षम अधिकारियों द्वारा दिया जाए जो अपने विषय के विशेषज्ञ हों। आवश्यकतानुसार बाहरी विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जा सकता है।

iv. हर कार्मिक को प्रत्येक 2 वर्ष में कम से कम एक बार कार्यशाला में भाग लेने का अवसर अवश्य प्रदान किया जाए और तदनुसार ही वर्ष में होने वाली कार्यशालाओं की संख्या निर्धारित की जाए। कार्यशालाओं में उच्च अधिकारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जाए। प्रशिक्षण के उपरांत समय-समय पर कार्यशालाओं में प्रशिक्षित कार्मिकों द्वारा हिंदी में किए गए कार्य का मूल्यांकन किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कार्यशाला में पुनः नामित किया जाए।

v. कार्यशाला के उपरांत प्रशिक्षित अधिकारियों /कर्मचारियों से कार्यशाला की उपयोगिता पर फीडबैक भी लिया जाए।

vi. जिन छोटे-छोटे कार्यालयों में कार्यशाला का आयोजन संभव नहीं हो पाता है वहां अन्य कार्यालयों के साथ संयुक्त रुप से कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। इस संबंध में समुचित समन्वयन नगर राजभाषा कार्यान्वियन समितियों द्वारा किया जाएगा।

vii. सरकारी कार्मिकों के हिंदी में कार्य करने के लिए आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं में प्रशिक्षण देने वाले अधिकारियों के लिए मानदेय राशि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है।

क. केंद्र/राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियो के लिए 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 500/- रुपए का पारिश्रमिक /मानदेय देय होगा। किसी भी वक्ता को एक वर्ष में पारिश्रमिक /मानदेय के रूप में देय राशि 5000/- रुपए से अधिक नहीं होगी।

ख. केंद्र/राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों /कर्मचारियों को छोड़कर अन्य अतिथि वक्ताओं को 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 1000/- रुपए का पारिश्रमिक /मानदेय देय होगा। 5000 रुपए प्रति वर्ष देय पारिश्रमिक /मानदेय की सीमा इस श्रेणी पर लागू नही होगी।

कार्यालय प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि हिंदी कार्यशालाएं उपर्युक्त निर्देशों के अनुसार आयोजित हों।

का.ज्ञा. सं. 12019/81/2015-रा.भा. (का-2) पार्ट 2 दिनांक 29.2.2016
का.ज्ञा.सं. 12019/81/2015-रा.भा.( का.) पार्ट -2 दिनांक 16.6.2016

### 14.2.1 Organisation of Hindi Language Workshops for capacity-building of officers and officials by CHTI – increase in the amount of remuneration per session.

Consequent upon the implementation of the Sixth Central Pay Commission's recommendations, it has been decided to increase the amount of remuneration to be paid to the Guest Speakers and Central Government Officers/Officials for delivering lectures in Hindi workshops organized by the Central Hindi Training Institute (CHTI), as per the rates given below:

a) A remuneration of Rs.500/- (Rupees five hundred only) per session of seventy-five minutes will be payable to serving Central/State Government Officers/Officials. The amount payable to a single speaker by way of remuneration in a year will not exceed Rs.5000/-.

b) A remuneration of Rs.1000/- (Rupees One thousand only) per session of seventy-five minutes will be payable to the Guest Speakers other than the serving Central/State Government Officers/Officials. The ceiling of payable remuneration of Rs.5000/ per annum will not be applicable to this category.

O.M. No.21034/11/2010-OL(Trg.) Dated: 22.7.2011

### 14.2.2 Organizing Hindi workshops: Clarification regarding honorarium.

The Department of Official Language had issued an Office Memorandum of even number dated 29th February, 2016 regarding organizing Hindi Workshops. It is mentioned in Para 2(6) of the said memorandum that honorarium will be given as per DoPT OM. No. 13024/01/2009-Training dated 23.09.2014. In continuation of the same, on the basis of approval obtained from the Ministry of Finance (Department of Expenditure) (Diary No. 331763, dated 14/06/2016) honorarium to be paid to officers imparting training to government personnel in workshops is fixed as per following rules:

(a) Serving officers/officials of Central/State government will be paid Rs. 500/- per session of 75 minutes as honorarium/remuneration. In no case honorarium/remuneration of more than Rs. 5000/- will be given to any lecturer in a financial year.

(b) Guest lecturers other than serving officers/officials of Central/State government will be paid Rs. 1000/- per session of 75 minutes as honorarium/remuneration. The limit of Rs. 5000/- in a financial year will not be applicable to this category.

O.M.No. 12019/81/2015-O.L.(Impl-2) Part-2, dated 16.6.2016

### 14.3 Extension of facility of various training programmes to officer of the central secretariat official Language service

It has been observed that the Official Language service are often deputed to training only in programmes relating to the art of translation and this practice restricts their knowledge to officers do not become alone. Consequently these officers do not become familiar with the emerging trends in disciplines of modern knowledge and are deprived of making use of that knowledge in increasing their work efficiency. Computer Appreciation, Advanced course on Financial Management, Structured systems Analysis and design effective use of computers in administration. Appreciation course in parliamentary processes and procedures and management in government are some of the

14.2.1 **केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अधिकारियों तथा कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए हिंदी भाषा कार्यशालाओं का आयोजन- प्रति सत्र पारिश्रमिक की राशि में वृद्धि।**

छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशालाओं में व्याख्यान देने के लिए अतिथि वक्ताओं तथा केंद्र सरकार के अधिकारियों/कर्मचारियों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक की राशि को निम्नलिखित दरों के अनुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया हैः-

(क) केंद्र/राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 500/- (पांच सौ रुपए मात्र) का पारिश्रमिक देय होगा। किसी भी वक्ता को एक वर्ष में पारिश्रमिक के रूप में देय राशि 5000/- रुपए से अधिक नहीं होगी।

(ख) केंद्र/राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियों से भिन्न अन्य अतिथि वक्ताओं को 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 1,000/- रुपए (एक हजार रुपए मात्र) का पारिश्रमिक देय होगा। 5,000/-रुपए प्रति वर्ष के देय पारिश्रमिक की सीमा इस श्रेणी पर लागू नहीं होगी।

कार्यालय ज्ञापन संख्या 21034/11/2010-रा.भा.(प्रशि0) दिनांक 22.7.2011

**14.2.2 हिंदी कार्यशालाओं का आय़ोजन: मानदेय के संबंध में स्पष्टीकरण।**

राजभाषा विभाग द्वारा कार्यशालाओं के आयोजन के संबंध में दिनांक 29 फरवरी, 2016 को एक समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया था। उक्त कार्यालय ज्ञापन के पैरा 2 (6) में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 23.09.2014 के कार्यालय ज्ञापन सं 13024/01/2009 प्रशिक्षण के अनुसार मानदेय दिए जाने का उल्लेख किया गया है। इसी क्रम में वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) से प्राप्त अनुमोदन (डायरी संख्या 3317673 दिनांक 14.6.2016) के आधार पर सरकारी कार्मिकों के हिंदी में कार्य करने के लिए आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं में प्रशिक्षण देने वाले अधिकारियों के लिए मानदेय राशि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है।

क. केंद्र/राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों/कर्मचारियो के लिए 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 500/- रुपए का पारिश्रमिक /मानदेय देय होगा। किसी भी वक्ता को एक वर्ष में पारिश्रमिक /मानदेय के रूप में देय राशि 5000/- रुपए से अधिक नहीं होगी।

ख. केंद्र/राज्य सरकार के सेवारत अधिकारियों /कर्मचारियों को छोड़कर अन्य अतिथि वक्ताओं को 75 मिनट के प्रति सत्र के लिए 1000/- रुपए का पारिश्रमिक /मानदेय देय होगा। 5000 रुपए प्रति वर्ष देय पारिश्रमिक /मानदेय की सीमा इस श्रेणी पर लागू नही होगी।

का.ज्ञा.सं. 12019/81/2015-रा.भा.( का.) पार्ट -2 दिनांक 16.6.2016

**14.3 केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के अधिकारियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ दिलाना**

ऐसा देखने में आया है कि केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण संस्थानों में केवल अनुवाद कला से संबंधित कार्यक्रमों में ही नामित किया जाता है और इससे उनका ज्ञान एक विशिष्ट क्षेत्र तक ही सीमित रह जाता है। परिणाम यह होता है ये अधिकारी आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के उभरते नए आयामों से परिचित नहीं हो पाते और अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए उस ज्ञान के उपयोग करने से वंचित रह जाते हैं। कंप्यूटर एप्रिशिएशन, वित्तीय प्रबंध पर

training programmes in which Officers at the level of Director, Deputy Director and Assistant Director the of Central Secretariat Official Language Service can also be nominated.

2. The ministry of Agriculture etc. are requested to keep in view the officers of Central Secretariat Official Language Service also while nominating officers for training in various programmes in training institutes and relieve them for training if selected so that they are also exposed to the training programmes for refinement of their personality.

[O.M.No. 12/2/90-O.L.(S), dated 26-2-92]

### 14.4 Working in Hindi by the officers who are on deputation to the Central Government offices from region 'A'

Orders issued in behalf from time to time by this department stipulate that ministries /Departments should provide support and facilities by organizing workshops etc. and implementing various incentive schemes in order to facilitate and encourage officers desirous of doing their work in Hindi. All Ministry /department are once again requested to take adequate effective step to ensure that the above mentioned officers do their work in Hindi.

[O.M.NO.1/14013/7/94-O.L.(A-1). Dated 18-5-94]

### 14.5 Assistance by members of central secretariat Official Language service to other official in their work in Rajbhasha Hindi

1. The implementation of Official Language related provisions of the Constitution of India, Official Languages Act,1963, Official Languages Rules, 1976 AND orders issued there under from time to time is of utmost importance. According to Official Language policy, substantial amount of work in Union Government offices is required to be transacted only in Hindi and quite a bit bilingually (in Hindi and English ). For work requiring bilingually, papers are often prepared first in English and are subsequently translated in Hindi. Under the influence of translated Hindi, the language in papers originally written in Hindi at times lack ease and spontaneity. yet it is important that Hindi in official use is kept simple and natural and easy to read and understand.

2. Sufficient number of officers of officers/official of central secretariat Official Language service have been posted in Ministries/Departments and attached offices. Similary. Hindi officers and translators as needed, are also available in subordinate offices, Public Sector Banks and Govt. Corporations/Autonomous bodies. All these officers/officials have capacity to help in bringing about ease of working in Hindi without neglecting their normal work disposal and responsibilities of increasing the use of Hindi in official work quantitatively. On the other hand, a sufficient number of employees in Organisation/ offices are unable to take initiative to commence their work in Hindi either due to some hesitation or minor difficulties that they have with Hindi language. The members of central Secretariat Official Language Service can play an important role in helping these employees to overcome their hesitation, in resolving their Hindi related difficulties that they have with Hindi language. The members of central Secretariat Official Language Service can play an important role in helping these employees to overcome their Hindi related difficulties and in encouraging them to do official work in Hindi. Acting thus, if all Hindi officers and translators become a source of help for those inquisitive and keen towards Hindi, the use of Hindi in official work will expand and Hindi used in official

उन्नत पाठ्यक्रम, सरंचना पद्धति विश्लेषण तथा डिजाइन, प्रशासन में कंप्यूटर का प्रभावी प्रयोग, संसदीय प्रक्रिया और पद्धति का एप्रिशिएशन कार्यक्रम और सरकार में प्रबंध व्यवस्था कुछ ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं जिनमें केंद्रीय ,चिवालय राजभाषा सेवा के निदेशक, उप निदेशक और सहायक निदेशक स्तर के अधिकारियों को भी नामित किया जा सकता है।

2. कृषि मंत्रालय इत्यादि से अनुरोध है कि वे प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिकारियों को नामित करते समय केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के अधिकारियों को भी नामित करने हेतु ध्यान में रखें और चयन होने पर उन्हें प्रशिक्षण के लिए भेजें ताकि उन्हें भी अपने व्यक्तित्व को परिकृष्त करने में प्रशिक्षणों का लाभ मिल सके।

[का.ज्ञा. सं 12/2/90-रा.भा. (सं.) दिनांक 26-2-92]

### 14.4 "क" क्षेत्र से केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर आने वाले अधिकारियों द्वारा हिंदी में कार्य किया जाना

राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर आदेश जारी करके मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध किया जाता रहा है कि वे अपने यहां अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने में सुविधा प्रदान करने के लिए अपने यहां हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन करें तथा प्रोत्साहन योजनाएँ लागू करें। सभी मंत्रालयों/विभागों से पुन: अनुरोध किया जाता है कि इस दिशा में प्रभावकारी कदम उठायें और उपरिलिखित श्रेणी के अधिकारियों द्वारा हिंदी में काम कराने के लिए विशेष रूप से ध्यान दें।

[का.ज्ञा. सं 14013/7/94-रा.भा. (क-1), दिनांक 18-5-94]

### 14.5 केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के सदस्यों द्वारा अपने कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने में सहयोग देना

राजभाषा संबंधी सांविधानिक उपबंधों, राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम-1976 तथा समय-समय पर इनके अंतर्गत जारी आदेशों का अनुपालन आवश्यक है। राजभाषाई व्यवस्था के अनुसार केंद्रीय सरकार के कार्यालयों में कई कार्य केवल हिंदी में तथा कई द्विभाषी रूप में किये जाने अपेक्षित हैं। द्विभाषी कार्यों में अक्सर पहले कागजात अंग्रेजी में तैयार किये जाते हैं और बाद में उनका हिंदी अनुवाद किया जाता है। अनुवादी हिंदी के प्रभाव से हिंदी भाषायी मूल लेखन भी कई बार सहज नहीं बन पाता। यह आवश्यक है कि कार्यालयीन हिंदी सरल तथा स्वाभाविक हो ताकि वह पढ़ने व समझने के लिए आसान हो।

2. केंद्रीय सरकार के हर मंत्रालय/विभाग तथा सम्बद्ध कार्यालय में पर्याप्त मात्रा में केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के कर्मचारी/अधिकारी तैनात है। सरकार के अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों तथा सरकारी निगमों/स्वायत्व संस्थाओं में भी आवश्यकतानुसार राजभाषा अधिकारी तथा अनुवादक उपलब्ध हैं। ये सभी अधिकारी/कर्मचारी राजभाषा हिंदी में कार्य को निपटने तथा बढ़ाने के साथ-साथ इसी कार्य में सुगमता लाने में महत्वपूर्ण योगदान देने का सामर्थ्य रखते हैं। दूसरी ओर देखने में आया है कि संगठनों/कार्यालयों में ऐसे बहुत से कर्मचारी हैं जो चाहते हुए भी झिझक या कुछेक भाषाई नुक्तों की कठिनाइयों के कारण राजभाषा हिंदी में काम करने की पहल नहीं कर पाते। कर्मचारियों के इस समूह को अपनी झिझक से निपटने, छोटे-मोटे भाषाई नुक्तों को समझने तथा राजभाषा हिंदी में काम शुरू करने के लिए प्रेरित करने के लिए राजभाषा अधिकारी/अनुवादक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। यदि सभी राजभाषा अधिकारी एवं अनुवादक हिंदी के प्रति जिज्ञासा तथा रुझान रखने वाले कर्मचारियों के लिए प्रेरणा एवं सहायता का स्त्रोत बन जाएं तो केवल राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में बढ़ोतरी होगी अपितु सरल कार्यालयी भाषा का प्रयोग व प्रसार भी होगा और हिंदी में मूलत: कार्य करने का माहौल सुधरेगा।

work will also become natural and easy .The environment for doing official work originally in Hindi will also improve.

3. Therefore, it is suggested to all Ministries/Department that for purpose mentioned above. above. they should consider utilizing service of Officers/officials of Rajbhasha Service and issue necessary orders appropriate to their requirements/ circumstance. These officers can perhaps provide assistances to other during pre-determined hours everyday or thrice a week. Also, the Hindi officers can themselves take initiative, as convenient to lend help and instructions related to use of Hindi Language to those employees who are keen on using Hindi in their official work. The aim of arrangement made in this behalf should be to establish informal relationship between Hindi Officers/translators and the other employees so that they are able to get help and co-operation for their work in Hindi. It is also requested that such arrangement be set up in all attached and subordinate organization.

[O.M No. 13034/25/95-OL(P&C), dt. 24-4-1995]

### 14.6 **Making the use of Official Language Hindi compulsory by Government of India in Social Media**

It has come to notice that only English is being used in official accounts maintained by the officials of all the Ministries/Departments/Subordinate Offices/ Undertakings/ Corporations/ Banks of the Government of India on social media such as Twitter, Facebook, Blogs, Google, YouTube etc. and the Official Language Hindi is being completely disregarded.

The undersigned is directed to say that Official Language Hindi or bilingual form (Hindi and English) should be used in official accounts maintained by all the Ministries/ Departments/ Subordinate Offices/ Undertakings/ Corporations/ Banks and Officials of the Government of India on social media such as Twitter, Facebook, Blogs, Google, YouTube etc. in which Hindi should be placed on top/first.

Therefore, all the Ministries/Departments of the Central Government are requested to issue necessary instructions regarding all their attached subordinate offices/ undertakings etc. located in the region A.

[O.M. No. 12019 /03/2014 O.L. (Complaint) Date – 10.3.2014]

### 14.7 Regarding complaints received in the grievance cell of the Department of Official Language.

In the Department of Official Language, 20% to 25% of the complaints are being received related to the publication of advertisements in English in Hindi newspapers.

2. For the implementation of the provisions relating to the Official Language in the Constitution, the provisions of the Official Languages Act 1963 and the Official Languages Rules, 1976, the use of Hindi as the Official Language of the Union is required. Letters in the defined area 'A' are to be answered in Hindi only.

3. Therefore, all the Ministries and Departments are advised to advertise in Hindi, in Hindi newspaper and English in English newspaper. When an English advertisement is given in an English newspaper, it must be mentioned at the end of the advertisement that the Hindi version of the notification/advertisement/vacancy circular is available on the website (full link to be given)

O.M. No. 12019/35/2013-O.L.(Complaint) dated 17.7.2014

3. अत: केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों को सुझाव दिया जाता है कि वे ऊपरकथित प्रयोजन के लिए राजभाषा सेवा के अधिकारियों से कार्य लेने के बारे में विचार कर आवश्यकतानुसार निदेश दें। कदाचित ये अधिकारी प्रतिदिन या सप्ताह में तीन बार एक पूर्व निर्धारित समयावधि में अन्य कर्मचारियों को हिंदी संबंधी सहायता दे सकते हैं। राजभाषा अधिकारी स्वयं पहल करते हुए राजभाषा के प्रति रुझान रखने वाले कर्मचारियों को सुविधानुसर यथावश्यक भाषाई जानकारी भी दे सकते हैं। इ कार्रवाई को प्रयोजन मात्र यह होना चाहिए कि कर्मचारियों एवं राजभाषा अधिकारियों/अनुवादकों के बीच आदान-प्रदानमुखी अनौपचारिक सम्पर्क बना रहे ताकि राजभाषा हिंदी में कार्य करने के लिए सभी कर्मचारियों को सहयोग व सहायता मिलते रहे। यह भी अनुरोध है कि ऐसी व्यवस्था अपने सभी सम्बद्ध एवं अधीनस्थ संगठनों में लाने की कृपा की जाए।

[का.ज्ञा. सं. 13034/25/95- रा.भा.(जी.व स.) दिनांक 24-4-95]

**14.6 भारत सरकार द्वारा सोशल मीडिया में प्रयोग में राजभाषा हिंदी का प्रयोग अनिवार्य किया जाना**

ऐसा विदित हुआ है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों /विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/ उपक्रमों /निगमों/बैंक के पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक माध्यमों जैसे कि ट्विटर, फेसबुक ब्लॉग, गूगल, यूट्यूब आदि पर बनाए गए आधिकारिक खातों में केवल अंग्रेज़ी का प्रयोग ही किया जा रहा है और राजभाषा हिंदी की सर्वथा अवहेलना की जा रही है

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों/ अधीनस्थ कार्यालयों /उपक्रमों / बैंकों और पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक माध्यमों जैसे कि ट्विटर, फेसबुक, ब्लॉग, गूगल, यूट्यूब आदि पर बनाए गए आधिकारिक खातों में राजभाषा हिंदी अथवा द्विभाषी ( हिंदी व अंग्रेज़ी) का प्रयोग किया जाए जिसमें हिंदी को ऊपर पहले रखा जाए।

अतः केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों विभागों से अनुरोध है कि वह ‘क’ क्षेत्र में स्थित अपने सभी संबंद्ध अधीनस्थ कार्यालयों /उपक्रमों आदि को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी करें

[का.ज्ञा. सं. 12019 /03/2014-रा.भा.(शिका.) दिनांक 10.03.2014

**14.7 राजभाषा विभाग के शिकायत कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में**

राजभाषा विभाग में प्राप्त होने वाली शिकायतों में 20% से 25% शिकायतें हिंदी के समाचार पत्रों में अंग्रेज़ी में विज्ञापन प्रकाशन से संबंधित प्राप्त हो रही हैं।

2. संविधान में राजभाषा से संबंधित उपबंधों, राजभाषा अधिनियम, 1963 के उपबंधों तथा राजभाषा नियम, 1976 के कार्यान्वयन के लिए संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग करना अपेक्षित है। परिभाषित ‘क’ क्षेत्र में केवल हिंदी में ही पत्रोत्तर करना है।

3. अतः सभी मंत्रालयों /विभागों को सलाह दी जाती है कि हिंदी के अखबार में हिंदी का विज्ञापन तथा अंग्रेज़ी के अखबार में अंग्रेज़ी का विज्ञापन दें। जब अंग्रेज़ी के अखबार में अंग्रेज़ी में विज्ञापन दिया जाए तो विज्ञापन के अंत में यह अवश्य उल्लेख कर दें कि “अधिसूचना/विज्ञापन/रिक्ति संबंधी परिपत्र का हिंदी रूपांतर वेबसाइट पर उपलब्ध है” (पूर्ण लिंक दी जाए)

[का.ज्ञा. सं. 12019 /35/2013-रा.भा.(शिका.) दिनांक 17.7.2014

**14.8:- Public Grievances Published in Newspaper Columns- Need to take prompt action**

An effective grievance redressal mechanism is the priority of the government. It is the responsibility of the government to make the administration more responsive and establish an institutional mechanism for prompt and sympathetic attention to public grievances.

2. It is, therefore, reiterated that all the Ministries/Departments should regularly check the complaints column of newspapers to see the matters falling under their jurisdiction and take prompt action to redress the grievances in a time bound manner. The citizen should be immediately informed about the action taken for redressal of the grievance within the time limit of 2 months. Where redressal of the complaint is likely to take longer, an interim reply should be sent to the citizen mentioning the steps taken and an assurance that further action is being taken in the matter.

3. In addition to the above, it is further requested that the names of the Director Public Grievances of the concerned Ministry/Department may also be kept updated on report.gov.in.

OM No. 12019/03/2016-O.L.(Complaint) Dated the 11.2.2016

## 14.9 Violation of Official Language Rules

All the complaints received in the year 2015 have been analysed and, it has come to the fore that the following Official Language rules are being violated.

1. Advertisement in Hindi newspapers in English.
2. Website not bilingual.
3. Answering Hindi letters in English.
4. Non-achievement of targets of Annual Programme set by Department of Official Language.
5. Neglecting Hindi in the work of government offices.
6. Banks / Insurance /Companies not having bilingual form.

It is the duty of the Chief Administrative Officer of every Ministry/Department to ensure that the rules of Official Language are followed, so everyone is requested to take interest and get the work done in Hindi as per rules.

O.M.No. 12019/03/2016-O.L.(Complaint) Misc.-1 Dated the 29.2.2016

## 14.10 Regarding advertisement in newspapers

All the Ministries/Departments/Offices of the Government of India are expected to ensure strict compliance of the orders/ instructions issued by the Department of Official Language from time to time. An analysis of the complaints received in the Grievances Section has revealed that most of the cases are related to the advertisement of English in Hindi newspapers.

According to the circular no. 12019/35/2013-O.L.(Complaint) dated 22.07.2014 issued by the Department of Official Language, advertisements should be given in Hindi newspapers only in Hindi and not in English. But it has come to notice that this requirement is not given enough attention and advertisements in Hindi newspapers are

**14.8 समाचार पत्रों के कॉलम में प्रकाशित लोक शिकायत में शीघ्र कार्यवाही करने की आवश्यकता**

एक कारगर शिकायत निवारण तंत्र सरकार की प्राथमिकता है। यह सरकार का दायित्व है कि प्रशासन को और अधिक अनुक्रियाशील बनाएं तथा लोक शिकायतों पर शीघ्र और सहानुभूति पूर्ण रुप से ध्यान देने के लिए संस्थागत व्यवस्था स्थापित करे।

2. अतः यह दोहराया जाता है कि सभी मंत्रालयों/विभागों को उनके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मामलों को देखने के लिए समाचार पत्रों के शिकायत कॉलम की नियमित रूप से जांच करनी चाहिए और समयबद्ध तरीके से शिकायतों का निवारण करने के लिए शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। नागरिक को 2 माह की समय सीमा के अंदर शिकायत के निवारण हेतु की गई कार्रवाई के बारे में अविलंब सूचित किया जाना चाहिए। जहां शिकायत का निवारण करने में अधिक समय लगने की संभावना हो तो नागरिक को उठाए गए कदमों के बारे में उल्लेख करते हुए एक अंतरिम जवाब भेजा जाना चाहिए तथा यह आश्वासन देना चाहिए कि इस मामले में आगे कार्रवाई की जा रही है।

3. उपर्युक्त के अतिरिक्त, आगे यह अनुरोध किया जाता है कि संबंधित मंत्रालय/विभाग के निदेशक लोक शिकायत के नाम भी report.gov.in पर अद्यतन रखा जाए।

[का.ज्ञा. सं. 11019/4/2015-(शिका.) दिनांक 11.2.2016

**14.9 राजभाषा नियमों का उल्लंघन**

वर्ष 2015 में प्राप्त सभी शिकायतों का विश्लेषण किया गया है। विश्लेषण से यह स्थिति सामने आई है कि प्रायः निम्नलिखित राजभाषा संबंधी नियमों का उल्लंघन हो रहा है :

1. हिंदी के समाचार पत्रों में विज्ञापन अंग्रेज़ी में देना।
2. वेबसाइट द्विभाषी नहीं होना
3. हिंदी पत्रों के उत्तर अंग्रेज़ी में देना।
4. राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्यक्रमों के लक्ष्यों को प्राप्त नहीं करना।
5. सरकारी कार्यालयों के कार्यों में हिंदी की उपेक्षा।
6. बैंकों /बीमा कंपनियों के फार्म द्विभाषी नहीं होना।

राजभाषा के नियमों का पालन सुनिश्चित करवाना प्रत्येक मंत्रालय/विभाग के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी का कार्य है। अतः सभी से अनुरोध है कि रुचि लेकर हिंदी में कार्य नियमानुसार करवाएं

फा.सं. 12019/03/2016-रा.भा.(शिका.)विविध-1 दिनांक 29.2.2016

**14.10 समाचार पत्रों में विज्ञापन दिए जाने के संबंध में**

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों/ कार्यालयों से यह अपेक्षा है कि वे राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों /अनुदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। शिकायत अनुभाग से प्राप्त होने वाली शिकायतों के विश्लेषण से यह स्थिति सामने आई है कि अधिकांश मामले हिंदी समाचार पत्रों में अंग्रेज़ी के विज्ञापन दिए जाने से संबंधित हैं।

राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिनांक 22.07.2014 के परिपत्र संख्या 12019/35/2013 –रा.भा.(शिकायत) के अनुसार हिंदी के समाचार पत्रों में हिंदी में ही विज्ञापन दिए जाने चाहिए न कि अंग्रेज़ी में। परंतु यह देखने में आया है कि इस अपेक्षा की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है और हिंदी समाचार पत्रों में विज्ञापन अंग्रेज़ी में दिए जा रहे हैं। इस राजभाषायी आदेशों की अवहेलना की जा रही है

being given in English. In this way the orders of the Official Language are being disregarded.

With a view to sensitize the officers/employees to the Official Language orders, it is necessary that this point should be included in the agenda of the meetings of the Official Language Implementation Committee to be held by the administrative head of the Ministries/Departments/Offices and it should be discussed and strict compliance instructions should also be given.

Therefore, it is again advised that advertisements in Hindi newspapers should be given in Hindi only and English advertisements should be given in English newspapers. When English advertisements are given in English newspapers, it must be mentioned at the end of the advertisement that the Hindi version of the Notification / Advertisement / Vacancy circular is available on the website. Full link should also be given for this.

All the Ministries/Departments of the Union Government are requested to issue necessary instructions in this regard to all their Attached/ Subordinate Offices/Undertakings etc. at the earliest.

[OM No. 12019/03/2016-O.L.(complaint)Miscellaneous 18.5.2016]

### 14.11 On-line demand and distribution of Official Language publicity material.

In pursuance of the Official Language Policy of the Union, the Department of Official Language creates various types of promotional materials so as to increase the use of Official Language in the offices of the Central Government, and encourage more and more officials to use Official Language Hindi in day to day government work through the inspiration and encouragement. In order to distribute the publicity material smoothly, it has been decided that the concerned Head of the Department will get the publicity material, deemed necessary by his department, in the requisition slip available on the website of the Department of Official Language and send the verified printout of the requisition slip through his authorized representative to the Department of Official Language.

The time and date fixed by the Department of Official Language for receiving the publicity material will be given to them on the e-mail provided by them in the requisition slip. The purpose is to provide speedy dissemination and publicity material as per the requisition slip. URL of indent http://pracharsamagri.rajbhasha.nic.in

[O.M. No. 11011/06/2016- O.L.(Research) Dated 17.4.2017]

### 14.12 Entries in Annual Confidential Report of the officers of the Central Secretariat Official Language Service Cadre— regarding their knowledge of modern electronic equipment.

Keeping in view the use/importance of modern Devanagri electronic equipment in implementation of Official Language Policy of the Government of India, it has been decided to add a new column in the existing A.C.R. proforma of Director (O.L.), Deputy Director (O.L.) & Asst. Director (O.L.) of the Central Secretariat Official Language service regarding their knowledge of modern Devanagari electronic equipment. Accordingly, in existing ACR proforma of the officers of the said category the following entry may be added in column 11 under the column of training in Reporting Officer's part:—

राजभाषाई आदेशों के प्रति अधिकारियों/कर्मचारियों को सुग्राही बनाने की दृष्टि से यह आवश्यक है कि मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के प्रशासनिक प्रधान द्वारा ली जाने वाली राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों की कार्यसूची में इस बिंदु को शामिल किया जाए और इस पर चर्चा की जाए एवं दृढ़तापूर्वक अनुपालन के निर्देश भी दिए जाएं

अतः पुनः सलाह दी जाती है कि हिंदी के समाचार पत्रों में हिंदी में ही विज्ञापन दिए जाएं तथा अंग्रेजी समाचार पत्रों में अंग्रेज़ी में विज्ञापन दिए जाएं। जब अंग्रेज़ी समाचार पत्रों में अंग्रेज़ी के विज्ञापन दिए जाते हैं तो विज्ञापन के अंत में यह अवश्य उल्लेख कर दिया जाए कि अधिसूचना /विज्ञापन/ रिक्ति संबंधी परिपत्र का हिंदी रूपांतर वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस हेतु पूर्ण लिंक भी दिया जाए।

संघ सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों से अनुरोध है कि वे सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों /उपक्रमों आदि को इस संबंध में अपनी तरफ से आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी करें।

का.ज्ञा.सं. 12019/03/2016-रा.भा.(शिका.)/विविध 2 दिनांक 18.5.2016

### 14.11 राजभाषा प्रचार सामग्री की ऑनलाइन मांग एवं वितरण

संघ की राजभाषा नीति के अनुसरण में केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन के माध्यम से अधिकाधिक कार्मिकों को रोजमर्रा के सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रचार सामग्री का सृजन राजभाषा विभाग द्वारा किया जाता है। प्रचार सामग्री का वितरण सुचारू रूप से करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि संबंधित विभाग अध्यक्ष अपने विभाग द्वारा आवश्यक समझी गई प्रचार सामग्री को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध मांग पत्र में दर्ज करवा कर अपने अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा मांग पत्र का सत्यापित प्रिंट आउट राजभाषा विभाग को भेजें।

राजभाषा विभाग द्वारा उन्हें सामग्री लेने के लिए निर्धारित समय और तिथि की सूचना उनके द्वारा मांग पत्र में दिए गए ई मेल पर दी जाएगी। इसका उद्देश्य मांग पत्रानुसार शीघ्र प्रसार एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध कराना है। मांग पत्र का यूआरएल http://pracharsamagri.rajbhasha.nic.in

का.ज्ञा.सं. 11011/06/2016-रा.भा.(अनुसंधान) दिनांक 17.4.2017

### 14.12 केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के एसी-आर में आधुनिक इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों के ज्ञान के संबंध में प्रविष्टि

